माघ शुक्ल पक्ष, चतुर्थी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 13 फरवरी 2024
वर्ष 34, अंक 19, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



सूर्य के समाप्त होने के बाद भी सुरक्षित रहेगा बृहस्पति 16

राजामौली की फिल्म में महेश संग विदेशी अदाकारा 15

## एक नजर

### खुदरा महंगाई तीन महीने के निचले स्तर 5.1% पर आई

**नई दिल्ली।** खाद्य पदार्थों की कीमतों में नरमी आने के कारण इस वर्ष जनवरी में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित खुदरा महंगाई तीन महीने के निचले स्तर 5.10 प्रतिशत पर आ गई। सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार दिसंबर 2023 में खुदरा महंगाई 5.69 प्रतिशत रही है, जबकि जनवरी 2023 में यह 6.52 प्रतिशत पर रही थी। अगस्त 2023 में यह महंगाई 6.83 प्रतिशत के उच्चतम स्तर पर रही थी। केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार जनवरी 2024 में खाद्य पदार्थों की महंगाई 8.3 प्रतिशत रही, जबकि दिसंबर 2023 में यह 9.53 प्रतिशत और जनवरी 2023 में यह 6.0 प्रतिशत रही थी।

### सिसोदिया को तीन दिन की अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली।** आबकारी नीति घोटाले में गिरफ्तार आप के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया को भतीजी की शादी में शामिल होने के लिए दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को तीन दिन की जमानत दे दी। विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल ने क्रमश: केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जांच किए जा रहे भ्रष्टाचार और धनशोधन के मामलों में 13 से 15 फरवरी तक सिसोदिया को राहत दी। सीबीआई ने अब निरस्त की जा चुकी दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 को बनाने एवं क्रियान्वयन में कथित भ्रष्टाचार को लेकर 26 फरवरी, 2023 को पूर्व उपमुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया था।

### अब एम्स में स्मार्ट कार्ड से होंगे सभी भुगतान

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में अब मरीज या उनके तीमारदारों के साथ लूटपाट की घटनाएं नहीं हो पाएंगी। दरअसल, एम्स ने स्टेट बैंक की सहायता से एम्स ने एक स्मार्ट कार्ड विकसित किया है, जिससे सभी तरह का भुगतान किया जा सकेगा। इस स्मार्ट कार्ड के जरिए न सिर्फ मरीज और उनके तीमारदार किसी भी मद में भुगतान कर सकेंगे, बल्कि दूर दराज से पैसा भी ऑनलाइन मंगवा सकेंगे। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने स्टेट बैंक द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड जारी किया। इस अवसर पर उनके साथ एम्स निदेशक डॉ. एम. श्रीनिवास और स्टेट बैंक के उप महाप्रबंधक मनजीत सिंह सहित कई अधिकारी एवं मरीज के तीमारदार भी थे।

## सोनिया हो सकती हैं कांग्रेस से राज्यसभा उम्मीदवार

▶▶ हिमाचल या राजस्थान से उच्च सदन भेजे जाने की चर्चा



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के प्रमुख नेताओं ने लोकसभा चुनाव के लिए विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक दलों के साथ सीट बंटवारे और राज्यसभा चुनाव के लिए पार्टी के संभावित उम्मीदवारों के नामों पर सोमवार को चर्चा की। सूत्रों ने कहा कि कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी व पार्टी कोषाध्यक्ष अजय माकन के नाम संभावित उम्मीदवारों में प्रमुख हैं।

पार्टी सूत्रों का कहना है कि सोनिया गांधी को राजस्थान या हिमाचल प्रदेश से उम्मीदवार बनाए जाने की संभावना है। संख्या बल के हिसाब से दोनों प्रदेशों से कांग्रेस को राज्यसभा की एक-एक सीट मिलेगी। सोनिया गांधी के इस बार लोकसभा लड़ने की संभावना नहीं है। उन्होंने 2019 के लोकसभा चुनाव में कहा था कि यह आखिरी बार है, जब वह आम चुनाव लड़ रही हैं। अगर सोनिया गांधी को राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया जाता है, तो उनके संसदीय जीवन में पहली बार होगा कि वह उच्च सदन में जाएंगी। सोनिया गांधी 1999 से लोकसभा सदस्य रही हैं।

## कतर की जेल में बंद भारतीय नौसेना के आठ पूर्व अधिकारी रिहा

नई दिल्ली, एजेंसी

कतर ने जेल में बंद भारतीय नौसेना के उन आठ पूर्व कर्मियों को रिहा कर दिया है, जिन्हें कथित रूप से जासूसी के एक मामले में पिछले साल अक्टूबर में मौत की सजा सुनाई गई थी। इनमें से सात भारत लौट आए हैं। रिहाई से 46 दिन पहले उनकी मौत की सजा को अलग अलग अवधि की कारावास सजा में तब्दील किया गया था।

विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूएई की अपनी यात्रा के बाद 14 फरवरी को कतर की यात्रा करेंगे। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने कहा कि रिहा किए गए आठ भारतीय नागरिकों में से सात



▶▶ सात भारत लौटे, अगस्त 2022 में जासूसी के आरोप में किया गया था गिरफ्तार

भारत लौट आए हैं और देश अपने नागरिकों की रिहाई तथा उनकी घर वापसी को संभव बनाने के लिए कतर के अमीर के फैसले की सराहना करता है। विदेश मंत्रालय ने कहा, 'भारत सरकार कतर में हिरासत में लिए गए दहरा ग्लोबल कंपनी के लिए काम करने वाले आठ भारतीय नागरिकों की रिहाई का स्वागत करती है।'

मंत्रालय ने कहा, 'रिहा किए गए आठ भारतीयों में से सात भारत लौट आए हैं। हम इनकी रिहाई और घर वापसी को संभव बनाने के लिए कतर के अमीर के फैसले की सराहना करते हैं।' कैप्टन (सेवानिवृत्त) नवतेज गिल और सौरभ वशिष्ठ, कमांडर (सेवानिवृत्त) पूर्णेंदु तिवारी, अमित नागपाल, एसके गुप्ता, बीके वर्मा, और सुगुनाकर पकाला और नाविक (सेवानिवृत्त) रागेश को सजा सुनाई गई थी। तिवारी दोहा में ही रुके हैं।

### रिहाई में डोभाल ने निभाई अहम भूमिका

नौसेना के पूर्व कर्मियों को 26 अक्टूबर को कतर की एक अदालत ने मौत की सजा सुनाई थी। अपीलीय अदालत ने 28 दिसंबर को मृत्युदंड को कम कर दिया था और पूर्व नौसैन्य कर्मियों को अलग-अलग अवधि के लिए जेल की सजा सुनाई थी। भारतीय नागरिकों को जासूसी के एक कथित मामले में अगस्त 2022 में गिरफ्तार किया गया था। अपीलीय अदालत ने मौत की सजा को कम करने के बाद उन्हें उनकी जेल की सजा के आदेश के खिलाफ अपील करने के लिए 60 दिन का समय दिया था। यह पता चला है कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने भारतीय नागरिकों की रिहाई सुनिश्चित करने में कतर के अधिकारियों के साथ बातचीत में भूमिका निभाई थी।

### केंद्रीय मंत्रियों ने बताई कूटनीतिक जीत

पूर्व नौसैनिकों की रिहाई को केंद्रीय मंत्रियों ने भारत के लिए बड़ी कूटनीतिक जीत बताया। स्मृति ईरानी ने पूर्व नौसैनिकों का स्वागत करते हुए कहा, 'जैसे ही हमारे नौसेना के दिग्गज भारतीय धरती पर लौटे तो उन्होंने इसे संभव बनाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त किया। उनके शब्द प्रधानमंत्री के प्रभावशाली नेतृत्व में वैश्विक मंच पर भारत के राजनयिक कौशल को रेखांकित करते हैं।' अनुराग ठाकुर ने 'एक्स' पर लिखा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मतलब दुनिया भर में भारत के लोगों के जीवन और स्वतंत्रता की गारंटी है।'

# मंत्रियों के साथ बैठक बेनतीजा आज दिल्ली कूच करेंगे किसान

### करीब 5 घंटे की बैठक में नहीं बनी बात, किसान नेता बोले- हमारा आंदोलन जारी रहेगा

चंडीगढ़, एजेंसी

अपनी मांगों को लेकर अडिग पंजाब के किसानों और केंद्रीय मंत्रियों के बीच बैठक बेनतीजा रही। किसान पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत 13 फरवरी को दिल्ली कूच करेंगे। सोमवार देर शाम हुई बैठक में किसान आंदोलन के दौरान किसानों पर दर्ज हुई एफआईआर और अन्य मामले वापस लेने पर सहमति बन गई थी, लेकिन किसानों के सभी प्रकार की कर्ज माफी पर पेंच फंसा हुआ था।

बैठक चंडीगढ़ के सेक्टर-26 स्थित महात्मा गांधी राज्य लोक प्रशासन संस्थान परिसर में हुई। केंद्र की तरफ से बैठक में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, पीयूष गोयल और नित्यानंद राय शामिल रहे। करीब साढ़े पांच घंटे चली बैठक के बाद बाहर निकले किसान नेता सरवण सिंह पंढेर ने कहा कि उनकी मुख्य तीन मांगें- एमएसपी की गारंटी, किसानों के कर्ज माफ करने और 60 से अधिक उम्र



केंद्रीय मंत्रियों के साथ बैठक के बाद बाहर आते किसान नेता।

> अधिकांश मुद्दों पर सहमति बन गई है। हमने कुछ मुद्दों पर समिति बनाने का प्रस्ताव रखा है। सरकार हमेशा हर मुद्दे को बातचीत के जरिए हल करना चाहती है। हम अब भी आशान्वित हैं। -**अर्जुन मुंडा**, केंद्रीय मंत्री

के किसानों को पेंशन देने पर सहमति नहीं बन सकी। हालांकि किसानों पर दर्ज मामले वापस लिए जाने पर केंद्रीय नेताओं ने सहमति जताई थी।

पंढेर ने कहा कि किसान बातचीत के लिए तैयार हैं। केंद्र सरकार जब भी बातचीत के लिए बुलाएगी, हम जरूर जाएंगे। आधी रात से ठीक पहले बैठक समाप्त होने के बाद पंढेर ने कहा कि किसान मंगलवार को 'दिल्ली चलो' मार्च शुरू करेंगे। उन्होंने कहा कि हमने पूरी कोशिश की और मंत्रियों से लंबी बातचीत की, लेकिन कोई निर्णय नहीं निकल सका।

### देखते ही गिरफ्तारी

**नई दिल्ली।** अपनी मांगों को लेकर कई राज्यों के किसान दिल्ली की तरफ बढ़ चुके हैं, लेकिन दिल्ली पुलिस ने सभी तरह के धरना, प्रदर्शन, जुलूस व जनसभा पर रोक लगा दी है। सभी सीमाएं सील कर दी गई है और किसानों को देखते ही गिरफ्तार करने का आदेश भी जारी किया गया है। पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने बताया कि किसान आंदोलन सहित सभी तरह की आंदोलनकारी गतिविधियों जैसे धरना, प्रदर्शन, जुलूस, रेलियों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है और धारा 144 पूरी दिल्ली में लागू कर दी गई है।

### पुलिस ने बॉर्डर पर बैरिकेड्स, सड़कों पर कीलें ठुकवाईं

आंदोलन को रोकने के लिए गृह मंत्रालय ने यूपी, हरियाणा, मध्य प्रदेश, पंजाब, हिमाचल एवं दिल्ली को लेकर एक रणनीति बनाई है, जिसके तहत किसानों को दिल्ली आने से पहले ही उनको उनके गृह राज्य में ही रोका जाएगा। गुरुग्राम, फरीदाबाद, पानीपत, गाजियाबाद, नोएडा, सिंधु बॉर्डर पर भी पुलिस ने कंक्रीट के बैरिकेड्स एवं सड़कों पर कीलें ठुकवा दी है।

## नीतीश सरकार शक्ति परीक्षण में पास, विपक्ष ने किया वॉकआउट

पटना, एजेंसी

▶▶ समर्थन में 129 वोट पड़े, राजद में टूट, तीन सदस्यों चेतन आनंद, नीलम देवी और प्रह्लाद यादव ने सरकार के पक्ष में की वोटिंग

बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने विधानसभा में मुख्य विपक्षी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के तीन सदस्यों के साथ से विश्वास मत शून्य के मुकाबले 129 से जीत लिया।

विधानसभा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने करीब डेढ़ बजे विश्वास मत का प्रस्ताव पेश किया, जिस पर 2 घंटे से अधिक हुई चर्चा के बाद मतदान कराया गया, लेकिन मतदान से पहले ही राजद, कांग्रेस और वामपंथी दलों के सदस्य सदन से बहिर्गमन कर गए। प्रस्ताव के पक्ष समर्थन में 129 मत पड़े।

इससे पहले सभाध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव 125 के मुकाबले 112 मत से पारित हो जाने के कारण आसन पर उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी बैठे थे। इसलिए वह मतदान नहीं कर सके। हजारी जदयू के विधायक हैं। सरकार के पक्ष में राजद के तीन विधायक चेतन आनंद, नीलम देवी और प्रह्लाद यादव ने भी मतदान किया। वहीं सत्ता पक्ष के एक विधायक दिलीप राय सदन में अनुपस्थित थे।

गौरतलब है कि 243 सदस्यीय बिहार विधान सभा में राजग के 128 विधायक हैं। इनमें भाजपा के 78, जदयू के 45, हम के 04 और 01 निर्दलीय शामिल हैं। वहीं महागठबंधन के 114 विधायकों में राजद के 79, कांग्रेस के 19, वामदलों के 16 हैं। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) का भी एक विधायक है।



शक्ति परीक्षण से पहले विधानसभा पहुंचे नीतीश कुमार अभिवादन स्वीकारते हुए।

### राजद के लोग सत्ता में रहकर कमाई कर रहे थे: नीतीश

विश्वास मत पर हुई चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश ने उनके मंत्रिमंडल में रहे राजद कोटे से रहे मंत्रियों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा, "जब राजद के साथ हम सरकार बनाए थे तो शुरू में सब ठीक था, लेकिन बाद में पता चला कि वो लोग सरकार में रहकर कमाई कर रहे हैं। आज तक मेरी सरकार में ऐसा कभी नहीं हुआ।" उन्होंने कहा कि राजद ने सरकार में बहुत गलत काम किया। वह इसकी जांच कराएंगे।

## आरओ/एआरओ पेपर लीक मामले की जांच करेगी एसटीएफ

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी (आरओ/एआरओ) प्री परीक्षा-2023 का पेपर लीक होने का मामला सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसके बाद आयोग ने इस परीक्षा की जांच एसटीएफ से कराने का फैसला लिया है। सूत्रों के मुताबिक परीक्षा की जांच के लिए एक आंतरिक समिति का भी गठन किया है। यह समिति जांच करने के बाद अपनी रिपोर्ट आयोग को सौंपेगी। मालूम हो कि प्रदेश के 58 जिलों के 387 केंद्रों पर रविवार को समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी प्री परीक्षा-2023 हुई थी। इसमें प्रतापगढ़ जिले के राम अंजोर मिश्र इंटर कॉलेज में एक अभ्यर्थी नकल करते रंगे हाथ पकड़ा गया था। इसी मामले में गाजीपुर के एक परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों ने पेपर आउट का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा काटा था। इस परीक्षा में पेपर लीक होने के मामले को लेकर पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने भी एक वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था।




## महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चह्वाण ने कांग्रेस से इस्तीफा दिया

मुंबई, एजेंसी

▶▶ पार्टी के कई नेताओं के साथ भाजपा में हो सकते हैं शामिल



महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने सोमवार को कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उनके भाजपा में शामिल होने की संभावना है। चव्हाण ने इस संबंध में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले को एक पत्र लिखा है और राज्य विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को विधानसभा की सदस्यता से अपना इस्तीफा भी भेजा है।

हाल के वर्षों में महाराष्ट्र की राजनीति में कांग्रेस पार्टी को एक के बाद एक कई झटके लगे हैं, क्योंकि पार्टी के प्रमुख नेताओं मिलिंद देवड़ा, बाबा सिद्दीकी और उल्हास पाटिल सहित कई प्रमुख नेता पार्टी छोड़कर भाजपा, एनसीपी और शिवसेना के शिंदे गुट में शामिल हो गए। सूत्रों के मुताबिक चव्हाण वर्तमान विधायकों समेत कुछ बड़े नेताओं के साथ भाजपा में शामिल हो सकते हैं।

### नेकां की पूर्व नेता शहनाज गनई भाजपा में शामिल



**नई दिल्ली।** नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) की पूर्व नेता और विधान परिषद की पूर्व सदस्य शहनाज गनई सोमवार को भाजपा में शामिल हो गईं। केंद्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह और भाजपा महासचिव तरुण चुघ की मौजूदगी में गनई ने भाजपा की सदस्यता ली।

## राजस्थान से भाजपा ने गरासिया और मदन राठौर को बनाया रास उम्मीदवार

**जयपुर।** भाजपा ने राज्यसभा के लिए राजस्थान से दो उम्मीदवारों के नाम के ऐलान किया है। पार्टी ने चुन्नी लाल गरासिया और मदन राठौर को उम्मीदवार बनाया है। केंद्रीय चुनाव समिति ने दोनों के नामों पर मुहर लगाई है। राज्यसभा की सीटों के लिए 27 फरवरी को चुनाव होने हैं। आदिवासी समुदाय से आने वाले गरासिया राज्य सरकार के पूर्व मंत्री हैं, जबकि राठौड़ पूर्व विधायक हैं। मदन राठौड़ पाली की सुमेरपुर विधानसभा सीट से दो बार विधायक रहे हैं। वह 2003 में पहली बार विधायक बने थे। वहीं 2013 में दूसरी बार विधायक बनकर विधानसभा पहुंचे थे। चुन्नीलाल गरासिया पूर्व मंत्री और संगठन में कई पदों पर रहे है। गरासिया वर्तमान में भाजपा में प्रदेश उपाध्यक्ष है। राज्यसभा की तीन सीटों के लिए राजस्थान विधानसभा में 27 फरवरी को मतदान होना है। भाजपा, कांग्रेस, निर्दलीय और अन्य दलों के प्रत्याशियों की संख्या के हिसाब से राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी के दो और कांग्रेस के एक प्रत्याशी की जीत तय मानी जा रही है।

## रालोद प्रमुख जयंत चौधरी ने राजग में शामिल होने का किया ऐलान

नई दिल्ली, एजेंसी

▶▶ जाट नेता के इस फैसले से पश्चिमी यूपी में बदलेंगे चुनावी समीकरण



राष्ट्रीय लोकदल प्रमुख जयंत चौधरी ने सोमवार को भाजपा की अगुवाई वाले गठबंधन राजग में शामिल होने का ऐलान कर दिया। हालांकि जयंत का एनडीए में शामिल होना कई दिनों से तय माना रहा था, लेकिन आधिकारिक पुष्टि का इंतजार था। अब जयंत के राजग में जाने से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में चुनावी समीकरण भी पूरी तरह बदल जाएंगे।

जयंत चौधरी ने राजग में जाने के सवाल पर पत्रकारों से बात भी की। जब उनसे पूछा गया कि खबर आ रही है कि आप राजग में जा रहे हैं, लेकिन खबर ये भी आ रही हैं कि आपके विधायक नाराज हैं। इस सवाल के जवाब में जयंत चौधरी ने कहा कि मैंने दल के सभी विधायकों, कार्यकर्ताओं से बात की है और फिर यह फैसला लिया है। इस फैसले के पीछे कोई बड़ी प्लानिंग नहीं रही है या बहुत समय से हम यही सोचे बैठे हों। बहुत कम समय में यह फैसला हमें लेना पड़ा। परिस्थितियों के कारण हमें यह फैसला लेना पड़ा।


बता दें कि बीते दिनों चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न सम्मान देने का केंद्र सरकार ने ऐलान किया था। इसका जिक्र करते हुए जयंत चौधरी ने कहा, 'जब भारत रत्न से नवाजा गया है तो यह सिर्फ मेरे परिवार के लिए नहीं, देश के किसानों, गरीबों के लिए सम्मान की बात है।'

## राज्यों में उपमुख्यमंत्री की नियुक्ति असंवैधानिक नहीं: शीर्ष अदालत

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों में उपमुख्यमंत्रियों की नियुक्ति की परंपरा पर सवाल उठाने वाली एक जनहित याचिका सोमवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने 'पब्लिक पॉलिटिकल पार्टी' की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि उप-मुख्यमंत्री सिर्फ एक पदवी है, जो किसी भी संवैधानिक प्रावधान का उल्लंघन नहीं करती है।

पीठ ने याचिकाकर्ता का पक्ष रख रहे वकील से कहा कि उपमुख्यमंत्रियों को केवल दूसरे मंत्रियों से वरिष्ठ



▶▶ सुप्रीम कोर्ट ने कहा- यह सिर्फ एक ओहदा, कोई अतिरिक्त लाभ भी नहीं मिलता

माना जाता, लेकिन वे उनसे अधिक वेतन नहीं लेते हैं। इसके बाद वकील ने दलील दी कि उपमुख्यमंत्री की नियुक्ति सरकारी विभाग में अन्य अधिकारियों के लिए गलत उदाहरण स्थापित कर रही है। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा, 'उनकी नियुक्ति का आधार क्या है। आधार केवल धर्म और समाज का विशेष संप्रदाय है। ऐसे उप मुख्यमंत्री के पद पर नियुक्ति का कोई अन्य आधार नहीं है।' पीठ ने हालांकि कहा कि एक उप मुख्यमंत्री एक विधायक और एक मंत्री होता है।

### अभी 14 राज्यों में 26 उपमुख्यमंत्री

देशभर के 14 राज्यों में इस समय 26 उपमुख्यमंत्री नियुक्त हैं। 'पब्लिक पॉलिटिकल पार्टी' की ओर से अधिवक्ता मोहनलाल शर्मा द्वारा दायर जनहित याचिका में कहा गया है कि उपमुख्यमंत्रियों की नियुक्ति का राज्य के नागरिकों से कोई लेना-देना नहीं है, बल्कि उपमुख्यमंत्रियों की नियुक्ति से बड़े पैमाने पर जनता में भ्रम पैदा होता है और राजनीतिक दलों द्वारा काल्पनिक पोर्टफोलियो बनाकर गलत और अवैध उदाहरण स्थापित किए जा रहे हैं।

## अब न दंगा होता है, न सरकारी नौकरी में वसूली: मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को मुजफ्फरनगर जिले के शुकतीर्थ बांगर से भाजपा की ग्राम परिक्रमा यात्रा शुरू करते हुए कहा कि पहले की सरकारों में आए दिन दंगा होते थे। सरकारी नौकरियों में डाका डाला जाता था। मगर अब न कहीं दंगा होता है, न ही सरकारी नौकरी में वसूली।

मुख्यमंत्री ने सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र और धनराशि का चेक देते हुए कहा कि पिछले वर्ष का 99 प्रतिशत से ज्यादा गन्ना मूल्य का भुगतान किया जा चुका है। प्रदेश में क्रियाशील 119 चीनी मिल में से 105 चीनी मिलें 10 दिन से कम समय में गन्ना किसानों का भुगतान कर रही हैं। बाकी बची मिलों पर दबाव बनाया जा रहा है। डबल इंजन की सरकार अन्नदाता किसान की मेहनत का पैसा दिलाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। प्रदेश में भाजपा सरकार बनने की बड़ी वजह अन्नदाता किसान हैं। हमारे एजेंडे में किसान सबसे पहले हैं।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मुजफ्फरनगर का दंगा कई महीनों तक चला था। उसे कोई नहीं भूल सकता है। 2017 में हमने आपसे सुरक्षा वादा किया था। आज पूरा प्रदेश सुरक्षित है और समृद्धि की ओर बढ़ रहा है। कहा कि पहले की सरकारें सरकारी नौकरियों में डाका डालती थी। अपने भाई, भतीजों और परिवार के लोगों को सरकारी नौकरियों में भरते थे। प्रदेश का नौजवान ठगा रह जाता था। आज प्रदेश में लगभग 60 हजार नागरिक पुलिस आरक्षियों की बिना भेदभाव के भर्ती हो रही है। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, केंद्रीय पशुपालन राज्य मंत्री संजीव कुमार बलियान, प्रदेश के व्यवसायिक शिक्षा राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ वीरपाल निर्वाल, फतेहपुर सीकरी के सांसद राजकुमार चाहर, विधान परिषद सदस्य वंदना वर्मा आदि शामिल रहे।



मुजफ्फरनगर के शुकतीर्थ बांगर में संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी। ● अमृत विचार

▶▶ भाजपा की ग्राम परिक्रमा यात्रा का मुजफ्फरनगर के शुकतीर्थ बांगर से मुख्यमंत्री ने की शुरुआत

▶▶ कहा, 119 चीनी मिलों में 105 मिलें 10 दिन से कम समय में कर रहीं बकाया भुगतान

### नौ संकल्पों को लेकर चल रही ग्राम परिक्रमा यात्रा

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा किसान मोर्चा द्वारा निकाली जा रही ग्राम परिक्रमा यात्रा 9 संकल्पों को लेकर चल रही है। ये संकल्प जल संरक्षण, डिजीटल भुगतान, स्वच्छता अभियान, वोकल फॉर लोकल, घरेलू पर्यटन, जैविक खेती, मिलेट्स, ग्रामीण खेल, स्वास्थ्य और आर्थिक रूप से वंचित किसानों की मदद है। यात्रा के माध्यम से किसानों और ग्रामीणों को सभी 9 संकल्पों के बारे में जागरूक किया जाएगा।

## एक नजर

### कांस्टेबल भर्ती परीक्षा का आज से डाउनलोड कर सकेंगे एडमिट कार्ड

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा के एडमिट कार्ड का बेसब्री से इंतजार कर रहे अभ्यर्थियों के लिए अच्छी खबर है। अभ्यर्थी उप्र. पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड (यूपीपीआरपीबी) की वेबसाइट पर जाकर मंगलवार 13 फरवरी से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। इससे पहले, बोर्ड ने 10 फरवरी को विभिन्न जिलों के परीक्षा केन्द्रों की सूची जारी की थी। परीक्षा 17 और 18 फरवरी को आयोजित कराई जाएगी। उप्र. पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड (यूपीपीआरपीबी) की अध्यक्ष डीजी रेणुका मिश्रा ने बताया कि यूपी पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा के लिए अभ्यर्थी बोर्ड की वेबसाइट uppbpb.gov.in पर जाकर 13 फरवरी से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। अब तक की सबसे बड़ी भर्ती के लिए लगभग 50 लाख उम्मीदवारों ने आवेदन किया था। परीक्षा के लिए विभिन्न जिलों में 6484 से अधिक परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 35 लाख से अधिक अभ्यर्थी अपनी परीक्षा देंगे।

# मुआवजे से छूटे साढ़े तीन लाख से अधिक किसानों के बीच 177 करोड़ बांटेगी सरकार

## तकनीकी कारणों की वजह से किसानों को नहीं मिल पाया था मुआवजे का लाभ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश के साढ़े तीन लाख से अधिक किसानों के बीच 1 अरब 77 करोड़ से अधिक धनराशि जल्द बांट दी जाएगी। धनराशि उन किसानों के सीधे खातों में ट्रांसफर होगी जो वित्तीय वर्ष 2021-22 और वर्ष 2022-23 में मुआवजे से वंचित रह गए थे। इन किसानों को पिछले दो सालों में आपदाओं से क्षतिग्रस्त फसलों के नुकसान का मुआवजा किन्हीं तकनीकी कारणों से नहीं मिल सका था। हालांकि, मौजूदा वित्तीय वर्ष में जनवरी तक 1,87,845 से अधिक किसानों को 80,88,68,299 रुपये से अधिक की सहायता धनराशि दी जा चुकी है।

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, वित्तीय वर्ष 2021-22 में मुआवजे से सबसे अधिक सीतापुर के 27,836 किसान छूट गये थे, जिन्हें 10,72,51,397 रुपये की धनराशि का भुगतान किया जा रहा है। वहीं, दूसरे नंबर पर बरेली के 22,661 किसानों और तीसरे नंबर पर ललितपुर के 19,420 किसानों को मुआवजे का भुगतान किया जा रहा है।

इसी तरह, वित्तीय वर्ष 2022-23 में मुआवजे से सबसे अधिक सिद्धार्थनगर के 21,002 किसान छूट गये थे, जिन्हें 10,07,53,392 रुपये की धनराशि का भुगतान किया जा रहा है। वहीं, दूसरे नंबर पर झांसी के 17,296 किसानों और तीसरे नंबर पर बलरामपुर के 12,933 किसानों को मुआवजे का भुगतान किया जा रहा है। बाढ़, ओलावृष्टि और बेमौसम बारिश से 33 प्रतिशत से अधिक क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित किसानों को मुआवजा दिया जाता है।



- लापरवाही पर योगी ने जताई थी नाराजगी, लगाई थी फटकार
- सबसे अधिक सीतापुर के 27,836 किसानों को होगा मुआवजे का भुगतान

### मुख्यमंत्री ने दिखायी थी सख्ती

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में आपदाओं से क्षतिग्रस्त हुई फसलों के मुआवजे और अन्य राहत को लेकर समीक्षा बैठक की थी। इस दौरान उन्होंने त्रुटियों के कारण फसलों के नुकसान के दोबारा सत्यापन में लापरवाही और मुआवजा जारी नहीं होने पर नाराजगी जताते हुए 17 जिलों के एडीएम एफआर से जवाब तलब किया था। साथ ही, अधिकारियों को ऐसे मामलों में तत्काल सत्यापन कराकर किसानों को मुआवजा राशि प्रदान करने के स्पष्ट निर्देश दिये थे।

‘ मुख्यमंत्री के निर्देश पर मुआवजे से छूटे किसानों को सहायता धनराशि देने के लिए प्रदेश के सभी जिलों में दोबारा सर्वे कराया गया है।

–सुधीर गर्ग, अपर मुख्य सचिव

‘ आपदाओं से क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित बड़ी तादाद में किसानों के डाटा फिडिंग के दौरान आधार, खाता संख्या में गलती और डुप्लीकेसी के कारण मुआवजे का भुगतान नहीं हो पाया। जिलास्तर पर पिछले दो साल में लापरवाही हुई।

–जीएस नवीन, राहत आयुक्त

# ...वे-इन-मोशन के सामने आया ओवरलोड ट्रक तो समझो पकड़ा गया

नीरज मिश्र, लखनऊ

**अमृत विचार :** करोड़ों रुपये खर्च कर बनवाए जा रहे मार्ग और पुलों को बर्बाद कर रहे ओवरलोड ट्रकों पर शासन अब सीधी चोट करने की तैयारी में है। बालू, मौरंग, गिट्टी, मिट्टी समेत नदियों से निकाले गए विभिन्न तरह के खनिज और अन्य चीजें लेकर चलने वाले ओवरलोड वाहनों को ‘इंट्री प्वाइंट’ पर ही रोका जाएगा। इसके लिए परिवहन विभाग यूपी डेस्को के माध्यम से विभिन्न जिलों में बने चेकगेट पर ‘वे-इन-मोशन’ लगाने जा रहा है।

आधा दर्जन जिलों का चयन किया गया है जहां आगामी तीन माह के अंदर इन्हें स्थापित कर दिया जाएगा। इस पर 496.77 लाख रुपये का व्यय होगा। रोड सेफ्टी फंड से इन्हें लगवाया जा रहा है। धनराशि इसी माह मिल जाएगी।

### ये होगी मशीन की खूबी

जैसे ही कोई ओवरलोड ट्रक चेकगेट पर लगे ‘वे-इन-मोशन’ से गुजरेंगे, वाहनों का स्वत: ही वजन हो जाएगा। मानकों से ज्यादा माल या भार लदा होने पर ओवरलोड गाड़ी का ऑटोमेटिक चालान हो जाएगा। इसके बाद वाहन रोक लिया जाएगा और उसे आगे नहीं जाने दिया जाएगा।

### इन जिलों में लगाए जाएंगे ‘वे-इन-मोशन’

- जालौन (कालपी)
- आगरा (सैंया)
- महोबा (सुनैचा)
- बांदा (गिरवा चौक और नरैनी करतल रोड)
- सोनभद्र (कालपी)
- प्रयागराज (नैनी)

‘ क्षमता से अधिक माल लेकर चलने वाले वाहनों को प्रदेश के जिलों में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। चेक गेट पर लगे ‘वे-इन-मोशन’ इन्हें न केवल रोक देगा बल्कि भारी ऑटोमेटिक चालान करेगा। मशीनों के स्थापित करने के लिए सड़क सुरक्षा फंड से तय की गई धनराशि इसी माह मिल जाएगी।

–पुष्पसेन सत्यार्थी, अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा

‘ ओवरलोड वाहनों को रोकने के लिए चिह्नित छह जिलों के चेकगेट पर ‘वे-इन-मोशन’ लगाए जा रहे हैं। मंशा है कि जहां से तय मानकों से अधिक माल लेकर ट्रक निकल रहे हैं उन्हें मौके पर ही रोक लिया जाए और ठोस कार्रवाई की जाए। यूपी डेस्को इन मशीनों को इंस्टाल कराएगा। अधिकतम दो से तीन माह में इन्हें शुरू करा दिया जाएगा।

–चंद्रभूषण सिंह, परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश

## भारत जोड़ो यात्रा के साथ नजर आएंगी प्रियंका

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में अगले सप्ताह कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा प्रवेश करेगी। उप्र. में कांग्रेस की महासचिव और राहुल गांधी की बहन प्रियंका गांधी भी इस यात्रा में नजर आएंगी। राहुल की यात्रा अब लखनऊ और वहां से कानपुर होते हुए झांसी के रास्ते मध्य प्रवेश में प्रवेश करेगी। कांग्रेस की उप्र. इकाई के प्रवक्ता अंशु अवस्थी ने सोमवार को यहां जारी एक बयान में बताया कि राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश की बोर्ड परीक्षाओं और छात्र-छात्राओं के हितों को देखते हुए राज्य में अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा का समय घटा दिया है। प्रवक्ता ने बताया कि यात्रा 22 फरवरी से शुरू हो रही है।

## एलाइड एंड हेल्थ केयर काउंसिल के अध्यक्ष पद के लिए मांगे गए आवेदन

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में उप्र. एलाइड एंड हेल्थ केयर काउंसिल के अध्यक्ष के सोमवार को दोबारा आवेदन मांगे गए हैं। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने दोबारा आवेदन मांगते हुए स्पष्ट किया कि कि पूर्व में 30 अक्टूबर 2023 को मांगे गए आवेदन के सापेक्ष आवेदक संख्या बहुत कम थी, जिसकी वजह से पूर्व का विज्ञापन रद्द कर दिया गया है। पूर्व के आवेदन करने वालों को पुन: आवेदन करना होगा।

# कांग्रेस ने भ्रष्टाचार की राजनीति से किया देश को खोखला : केशव मौर्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा आयोजित युवा संवाद सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा परिवारवाद व भ्रष्टाचार की राजनीति करके देश को खोखला करती रही है। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 वर्षों में देश की अर्थव्यवस्था और विकास को चरम पर पहुंचाया है।

विश्वेश्वरैया हॉल में आयोजित युवा संवाद में मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की बधाई देते हुए पिछड़े वर्ग के नौजवानों का आह्वान किया कि 2027 तक विकसित भारत बनाने के लिए मोदी की सरकार बनाएं।

भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष व सरकार में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप ने बताया कि लोकसभा चुनावों में प्रदेश की सभी 80 सीटें जीतने के लिए मोर्चा सामाजिक सम्मेलन करेगा। सभी 18 मंडलों में मंडल स्तरीय सामाजिक सम्मेलन और 17 नगर निगमों में महासम्मेलन होगा। समाज के युवाओं को भाजपा के समर्थन में जोड़ने के लिए सभी 75 जिलों में युवा संवाद कार्यक्रम होगा। सम्मेलन में मोर्चे के प्रदेश महामंत्री रामचन्द्र प्रधान, युवा संवाद कार्यक्रम के सह-संचालक ऋषि चौरसिया, प्रदेश महामंत्री विनोद यादव, संजय भाई पटेल, क्षेत्रीय अध्यक्ष शिवनायक वर्मा, विजय गुप्ता आदि अनेक वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।



भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के युवा संवाद सम्मेलन को संबोधित करते उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य।

## सार-संक्षेप

### राज्यसभा के लिए अलोक रंजन का नाम सबसे आगे

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्यसभा चुनाव के लिए सपा की तरफ से जिन दो प्रत्याशियों का नाम सामने आ रहा है, उसमें मौजूदा राज्यसभा सदस्य जया बच्चन और सपा मुखिया अखिलेश यादव के करीबी व सेवानिवृत आईएएस अफसर, पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन का नाम सबसे आगे है। जया बच्चन पहली बार 2004 में राज्यसभा गई थीं। तब से अब तक वह कुल चार बार राज्यसभा की सदस्य रह चुकी हैं और अब उम्मीद है की पांचवीं बार फिर से पार्टी उन्हें राज्यसभा भेज सकती है। वहीं उप्र. के पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन को भी राज्यसभा भेजने की चर्चा सपा खेमे में ही चल रही है। अखिलेश सरकार के दौरान आलोक रंजन मुख्य सचिव के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। वह तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के बतौर मुख्य सलाहकार भी कार्य कर चुके हैं।

### मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड की कार्यकारिणी का गठन

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकसभा चुनाव की तैयारियां करते हुए समाजवादी पार्टी ने अपने युवा संगठनों में पदाधिकारियों की नियुक्ति शुरु कर दी है। सोमवार को मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड की कार्यकारिणी का गठन किया गया है। सपा के सोशल मीडिया अकाउंट पर जानकारी देते हुए कहा गया है कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की संस्तुति से मुलायम सिंह यूथ ब्रिग्रेड, उत्तर प्रदेश की कार्यकारिणी में निम्नलिखित प्रमुख महासचिव, उपाध्यक्ष, सचिव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य और विशेष आमंत्रित सदस्य नामित किए जाते हैं। पदाधिकारियों की सूची उनके जिले और मोबाइल नंबर के साथ जारी की गई है।

### रालोद के अलग हो जाने के बाद कांग्रेस का लालच बढ़ा


**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में विपक्षी दलों के गठबंधन से रालोद के अलग हो जाने के बाद कांग्रेस का लालच बढ़ा दिख रहा है। दरअसल, उप्र. में विपक्षी दलों की सबसे बड़ी पार्टी होने के नाते सपा ने निर्णायक भूमिका में आते हुए रालोद के लिए जहां सात सीटें तय कीं वहीं कांग्रेस को 11 सीटें प्रस्तावित कीं। रालोद के अलग होने के बाद कांग्रेस को और सीटें मिलने की संभावना नजर आ रही है। इस बीच उप्र. में लोकसभा चुनाव के लिए इंडिया गठबंधन के तहत सपा और कांग्रेस के बीच बातचीत जारी है। कांग्रेस के ओर से उप्र. में 20 लोकसभा सीटों की मांग सपा के सामने रखी गई है। सूत्रों के मुताबिक, भारत जोड़ो न्याय यात्रा के उप्र. पहुंचने से पहले इस गठबंधन की घोषणा हो सकती है।

### बरेली में जिला अस्पताल का होगा कायाकल्प

**अमृत विचार, लखनऊ :** बरेली में जिला अस्पताल और मानसिक रोग अस्पताल का जीर्णोद्धार होगा। भवन मरम्मत के साथ ही मरीजों के लिए उपयोगी संसाधन जुटाएं जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव शिव सहाय अवस्थी ने स्वास्थ्य महानिदेशक को 3.12 करोड़ का बजट जारी करते हुए, अस्पतालों के मरम्मत करने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.ब्रजेश राठौर ने बताया कि बरेली के महिला व पुरुष जिला अस्पतालों के साथ ही मानसिक रोग अस्पताल में नए वार्डो के निर्माण का प्रस्ताव आया था। जिसके लिए शासन द्वारा बजट प्राप्त हो चुका है, शीघ्र ही निर्माण एजेंसी द्वारा निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। निर्माण कार्य के बाद मरीजों की सुविधाओं के लिए संसाधन जुटाएं जाएंगे।

### आवास विकास मुख्यालय में बनेगी चार मंजिला इमारत

**अमृत विचार, लखनऊ :** महात्मा गांधी मार्ग स्थित आवास विकास मुख्यालय में खाली जमीन पर चार मंजिला नई बिल्डिंग बनेगी। इसमें परिषद के कई अधिकारियों और स्टाफ के बैठने के लिए कार्यालय बनाया जाएगा। यह बिल्डिंग पीछे की ओर खाली लगभग 4,000 वर्ग फिट भूमि पर बनाई जाएगी। इस प्रस्ताव को पिछली बोर्ड बैठक में मंजूरी मिल चुकी है।



SOC SHIVENDRA'S ORTHO CLINIC
शिवेन्द्र ऑर्थो क्लीनिक
A UNIT OF HAMATE POLYCLINIC
जोड़ प्रत्यारोपड़ सर्जरी, स्पोर्ट्स इंजरी, फ्रेक्चर उपचार, ट्रामा सर्जरी, स्पाइन सर्जरी और कंधे का जाम हो जाना, फिजिओथेरपी, अस्थि ट्यूमर उपचार, समस्त हड्डी और जोड़ रोग उपचार
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व पंडित दीनदयाल योजना के अंतर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा
हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | पूर्व (AIIMS) जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
अत्याधुनिक विधि द्वारा दर्द रहित इलाज
क्या आप जोड़ों के दर्द से हैं परेशान?
आज ही सम्पर्क करें हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ


8,000 से अधिक जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी का अनुभव
20 वर्षों से अधिक अनुभव
डॉ. शिवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
MBBS, M.S, Mch (Ortho)
Joint Replacement & ADV. trauma Surgeon
Fellow in Primary & Revision Joint Replacement (USA)

ए-733, कन्वेंशन सेंटर के पास, इंदिरा नगर लखनऊ,
फोन: 0522-3545321, 9839330666
Timings:-
Morning : 11am-2pm,
Evening : 5pm-8:30pm
24x7 Emergency

## शहर में आज



- गोमती तट स्थित पं. गोविन्द बल्लभ पंत स्मृति उपवन में मुनाल महोत्सव के 7वें दिन उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड की संस्कृति को दर्शाते कार्यक्रमों का आयोजन - 2,00 बजे।
- गोमती नगर के विजयंत खंड स्थित मो. शाहिद हॉकी स्टेडियम में राम औतार मिश्रा राज्य स्तरीय पुरुष हॉकी प्रतियोगिता के मुकाबले - 2:30 बजे।
- संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में फूलों की होली और नाटक दुर्गा भाभी का मंचन - 5.00 बजे।

## एक नजर

### बिना सामग्री कैसे हुनरमंद बनेंगे युवा

अमृत विचार, लखनऊ : कौशल विकास मिशन के तहत प्रशिक्षण की सामग्री व अन्य प्रक्रिया लंबित है। इस कारण प्रशिक्षण प्रभावित है और जिले की प्रगति खराब है। जिले में कौशल विकास मिशन के तहत युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाना है। इसका लक्ष्य मिला है और प्रशिक्षण के लिए केंद्र संचालित किए गए हैं। मिशन निदेशक रमेश रंजन ने समीक्षा की तो जिले में 34 पढ़ाई सामग्री, 29 ड्रेस, 51 असेसमेंट व 40 परिणाम की प्रक्रिया लंबित मिली। सुधार के लिए सीडीओ को पत्र लिखकर निर्देश दिए हैं।

### इंजीनियर्स एसोसिएशन करेगा प्रदेश व्यापी आंदोलन

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश के अभियंत्रण विभागों एवं प्राधिकरण में अभियंताओं एवं अधिकारियों के साथ किए जा रहे अमर्यादित व्यवहार से नाराज उत्तर प्रदेश इंजीनियर्स एसोसिएशन प्रदेश व्यापी आंदोलन करेगा। इस संबंध में एसोसिएशन के महासचिव आशीष यादव ने प्रदेश के समस्त जिलाधिकारियों को पत्र भेज दिया है। उन्होंने लिखा है कि सरकार की मंशा के अनुरूप अभियंता प्रदेश के विकास में मेहनत और निष्ठा के साथ योगदान दे रहे हैं। 6 फरवरी को राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के सहायक और अवर अभियंता को जिलाधिकारी ने विभागीय बैठक से पुलिस हिरासत में भेज दिया। यह कृत्य संविधान में प्रावधानित व्यवस्था के विपरीत है। ऐसी घटनाओं से अधिकारियों और अभियंताओं का मनोबल गिरता है और विकास कार्य प्रभावित होता है।

# 23 होटलों में मेहमानों के लिए कमरे आरक्षित

## ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी : 19 से 21 तक इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होगा आयोजन, दो दिवसीय प्रदर्शनी की जाएगी आयोजित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारी तेज कर दी है। सेरेमनी में करीब चार हजार मेहमानों के आने की संभावना है और इनके लिए 23 होटलों में कमरे आरक्षित कर लिए गए हैं। अधिकतर कमरे गोमती नगर क्षेत्र के होटलों में आरक्षित किए गए हैं।

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 19 से 21 फरवरी तक होना है। सेरेमनी में देश के बड़े उद्योगपति प्रतिभाग करेंगे। सेरेमनी में करीब चार हजार मेहमानों के आने की संभावना है। 20 और 21 फरवरी को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इसमें लगभग पांच सौ स्टॉल लगाए जाएंगे। प्रदर्शनी में क्रेता-विक्रेता सम्मेलन भी आयोजित किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही आयोजन को भव्य बनाने के लिए थ्री डी लाइट शो भी होगा। शो में मेक इन इंडिया को प्रदर्शित किया जाएगा। होटलों में मेहमानों को रुकवाने की व्यवस्था को लेकर पुलिस-प्रशासन आपसी समन्वय के साथ काम कर रहे हैं।

**नगर निगम, एलडीए और लोनिवि कर्मियों की लगेगी ड्यूटी :** इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होने वाली ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में नगर निगम, लोक निर्माण विभाग और लखनऊ विकास प्राधिकरण के कर्मियों की ड्यूटी भी लगेगी। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रशासनिक अधिकारी तीनों विभागों के विभागाध्यक्ष को पत्र लिखकर कर्मियों की सूची मांगेंगे। सूची आने के बाद सभी के पास जारी किए जाएंगे। जिन कर्मियों को पास जारी होंगे वे ही प्रतिष्ठान तक पहुंच सकेंगे। नगर निगम की ओर से सफाई कार्य के लिए भी वही कर्मी जाएंगे, जिनके पास प्रशासन की ओर से जारी होंगे। पास जारी करने के लिए कलेक्ट्रेट में कवायद शुरू हो गई है।

### आयोजन स्थल के आसपास की सड़कों को कराएं दुरुस्त

- मंडलायुक्त और डीएम ने ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी को लेकर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान और उसके आसपास की सड़कों एवं फुटपाथ को ठीक कराने के निर्देश दिए हैं। मंडलायुक्त डॉ. जैकब और जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी को लेकर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में साफ-सफाई, रंगाई-पुताई, सड़क मरम्मत, बिजली और अनुरक्षण के काम समय से पूरे कर लिए जाएं। साथ ही उद्यान और शौचालय की नियमित सफाई कराई जाए। साइनेजेज संबंधी कामों को ठीक से कराया जाए। कहा कि लेसा और नगर निगम मार्ग प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करा लें। उन्होंने कहा कि अधिकारी पार्किंग के लिए रेकी कराना शुरू कर दें। इस दौरान नगर आयुक्त श्री इंद्रजीत सिंह सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।



ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की तैयारी का जायजा लेतीं मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब व अन्य।

### एयरपोर्ट पर बनाए जा रहे हैं काउंटर

**अमृत विचार :** ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में आने वाले अतिथियों का एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत किया जाएगा। अतिथियों के लिए एयरपोर्ट पर अलग से पंजीकरण काउंटर खोला जाएगा। अतिथियों को पंजीकरण कार्ड, बैग और किट उपलब्ध कराई जाएगी। एयरपोर्ट पर अतिथियों के स्वागत के लिए एडीएम की अध्यक्षता में टीम गठित की जाएगी। साथ ही, वीआईपी लाउंज में उनकी सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जाएगा।

# जीबीसी की कार्य योजना तैयार प्रदर्शनी के साथ होंगे सेक्टोरल सेशंस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**आयोजन**

- प्रदर्शनी के जरिए 'बदलते उत्तर प्रदेश' की तस्वीर पेश करेगी सरकार

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) के जरिए नया इतिहास रचने जा रही है। लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित होने वाली सेरेमनी को लेकर विस्तृत कार्ययोजना की रूपरेखा तय कर ली गई है। 19 फरवरी को पीएम नरेंद्र मोदी जीबीसी का उद्घाटन करेंगे, जबकि 21 फरवरी तक भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 9 से ज्यादा विशेष सेक्टर्स को फोकस किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 में 10 से 12 फरवरी के बीच आयोजित हुए उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के जरिए जो 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए थे, उनमें से 10 लाख करोड़ रुपये की 14 हजार से अधिक परियोजनाओं को लागू किया जाएगा। इससे 33 .50 लाख नौकरियों से रोजगार सृजन होगा। सरकार ने जीबीसी के विधिवत आयोजन की विस्तृत कार्ययोजना की रूपरेखा तय कर ली है। सेक्टोरल सेशंस का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट (एफडीआई) व कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के क्षेत्र में प्रदेश की वर्तमान स्थिति और भविष्य की रूपरेखा को दर्शाया जाएगा। कार्यक्रम में सेक्टोरल सेशंस के दूसरे सेशन में 'एफडीआई एण्ड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) - अनलॉकिंग अपॉरचुनीटीज़ इन उत्तर प्रदेश' संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे।

## कम राजस्व के लिए एमडी ने लगाई फटकार

**अमृत विचार, लखनऊ :** परिवहन निगम में कम राजस्व आने पर प्रबंधक निदेशक मासूम अली सरवर ने संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों को फटकार लगाई। वह सोमवार को निगम मुख्यालय सभागार में समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने बैठक के दौरान अलीगढ़ और सहारनपुर के आरएम को खराब काम करने पर नाराजगी जाहिर की। देवीपाटन और मुरादाबाद में बेहतर काम के लिए सराहना भी की। वहीं, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक सहारनपुर, मुजफ्फरनगर व बाह डिपो को चेतावनी दी है। अगर काम में सुधार नहीं होगा तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अपर प्रबंध निदेशक ने ऑन लाइन रिजर्वेश्यान सिस्टम को ठीक करने, बस रिजर्वेशन किसी भी दशा में रद न किए जाएं और हेल्पलाइन पर मिलने वाली शिकायतों को एसओपी के तहत निस्तारण करने का निर्देश दिया। बसों को समय-सारिणी में हर 15 मिनट के अन्तराल पर वाहन संचालित होने और एमआईएस पोर्टल को दैनिक रूप से भरने का सभी क्षेत्रीय प्रबंधकों को निर्देश दिया। बैठक में अपर प्रबंध निदेशक प्रणता ऐश्वर्या, अपर प्रबंध निदेशक राम सिंह वर्मा, मुख्य प्रधान प्रबंधक प्रशासन मनोज पुन्डीर सहित निगम के कई अधिकारी मौजूद रहे।

# चढ़ा पारा, राजधानी में बारिश को लेकर अलर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 24 घंटे में न्यूनतम पारा 8 से बढ़कर 11 डिग्री हुआ
- मौसम विभाग की ओर से जताई गई बारिश की संभावना

**अमृत विचार :** धूप का असर रहा कि 24 घण्टे के भीतर तापमान तेजी से बढ़ गया। वहीं मौसम विभाग की ओर से एक बार फिर बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। आकाशीय बिजली गिरने की भी संभावनाएं जताई गई है।

शनिवार को लखनऊ का न्यूनतम तापमान 8 डिग्री के करीब दर्ज किया गया था। 24 घण्टे के भीतर धूप के असर से तापमान में बढ़ोतरी देखी गई। रविवार को न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आने वाले दिनों में तापमान में फिर गिरावट आ सकती है। क्योंकि पश्चिमी विक्षोभ के चलते पश्चिम और मध्य क्षेत्र में बादल बन रहे हैं। मौसम वैज्ञानिक एके सिंह के अनुसार, दो दिनों में गरज और चमक के साथ बारिश की संभावना है। आकाशीय बिजली भी गिर सकती है। वहीं, लखनऊ के आसपास के जनपदों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया है। हरदोई में पारा 9 डिग्री दर्ज किया गया।

# 1.42 करोड़ गृहकर बकाये पर सरोज इंस्टीट्यूट सील

**अमृत विचार, लखनऊ :** गृहकर के बड़े बकायेदारों पर अब नगर निगम ने सख्ती शुरू कर दी है। सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए नगर निगम ने सरोज इंस्टीट्यूट का कार्यालय सील कर दिया। इंस्टीट्यूट पर वर्तमान वित्तीय वर्ष का लगभग 1.42 करोड़ रुपये गृहकर बकाया था। जोनल अधिकारी जोन चार संजय यादव के नेतृत्व में सीलिंग की कार्रवाई की गयी। उन्होंने बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष में इंस्टीट्यूट ने 17 लाख रुपये गृहकर जमा किया था, लेकिन इस वित्तीय वर्ष में गृहकर जमा करने में रुचि नहीं दिखा रहे थे। कई बार कहने पर भी गृहकर जमा नहीं किया जा रहा था।

# पेयजल आपूर्ति में कटौती से 5 हजार की आबादी परेशान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- ऑपरेटर मिलता नहीं, किससे करें शिकायत, 15 दिनों से हो रही समस्या, स्थानीय लोगों में आक्रोश
- वृंदावन योजना के सेक्टर दो में दो घंटे हो रही आपूर्ति

**अमृत विचार :** गर्मी से पहले ही जलकल विभाग ने पेयजल आपूर्ति में कटौती शुरू कर दी है। इस अघोषित कटौती से वृंदावन योजना की करीब 5 हजार की आबादी 15 दिनों से परेशान है। उनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है।

वृंदावन योजना के सेक्टर दो में स्थित जलकल विभाग के पम्प से सुबह दो घंटे पेयजल आपूर्ति की जा रही है। जबकि आपूर्ति का समय सुबह 6:30 बजे से 10 बजे तक और शाम को 5 से 8 बजे तक निर्धारित है। कभी 8 तो कभी 9 बजे ही आपूर्ति बंद कर दी जाती है। क्षेत्रीय निवासी जब पम्पिंग स्टेशन पर शिकायत करने जाते हैं तो ऑपरेटर नहीं मिलता। 15 दिनों से यह समस्या हो रही है, जिससे क्षेत्रीय निवासियों में आक्रोश है। उनका कहना है कि यदि पेयजल आपूर्ति की समस्या दूर नहीं की गयी तो सड़क पर प्रदर्शन करेंगे।



वृंदावन योजना के सेक्टर 2 में स्थित पम्प के बाहर लगा आवास विकास के अभियंताओं का बोर्ड। अमृत विचार

> समस्या की जानकारी अभी संज्ञान में आयी है। पेयजल आपूर्ति सही कराई जाएगी। जलकल जोन आठ का कैम्प कार्यालय सेक्टर 9 में आवास विकास कार्यालय के पास है। पेयजल और सीवर संबंधी शिकायत यहां दर्ज करा सकते हैं।
>
> -सचिन यादव, अधिशासी अभियंता, जलकल जोन आठ

### बाहर आवास विकास के अभियंताओं का लगा है बोर्ड

आवास विकास सेक्टर 10 तक अपनी योजना नगर निगम को अक्टूबर 2018 में ही हैंडओवर कर चुका है। पेयजल आपूर्ति का जिम्मा अब जलकल विभाग के पास है, लेकिन पम्प के बाहर आज भी आवास विकास के अभियंताओं और कर्मचारियों के नाम का बोर्ड लगा है। क्षेत्रीय निवासी जलकल विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से शिकायत नहीं कर पा रहे हैं।

# जल्द होगा दुकानों के पट्टे का नवीनीकरण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मुख्य अधिशासी अधिकारी ने सदर बाजार का किया निरीक्षण
- रंगाई, पुताई के साथ दुकानों के बाहर नाली निर्माण के निर्देश

**अमृत विचार :** सदर बाजार का छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी अभिषेक राठौर ने निरीक्षण कर समस्याएं देखीं और निस्तारण के निर्देश दिए। आश्वासन दिया कि व्यापारियों का नुकसान नहीं होगा। जल्द उनकी दुकानों के पट्टा का नवीनीकरण कराएंगे।

सोमवार को मुख्य अधिशासी अधिकारी अभिषेक राठौर ने व्यापार मंडल के अध्यक्ष सतवीर सिंह राजू के साथ सदर बाजार का निरीक्षण किया। कैंटोनमेंट हॉस्पिटल के पास दीवारों की पुताई करवाने के साथ सफाई के निर्देश दिए। नेहरू रोड स्थित 24 और 14 दुकानों का निरीक्षण किया। व्यापारियों की समस्याएं सुनीं और आश्वासन दिया की उनका नुकसान नहीं होगा। कहा, पट्टा नवीनीकरण की प्रक्रिया करेंगे। बारिश का पानी दुकानों के अंदर न जाए इसके लिए नाली बनेंगी। नेहरू रोड के शॉपिंग काम्प्लेक्स की 72 दुकानों के प्रथम तल का निर्माण जल्द शुरू होगा। नाइम खां के हाते के बगल में कई साल से बंद शौचालय पिंक बनाकर महिलाओं के लिए चालू कराया जाए। उन्होंने जवाहर सिंह के हाते में अधूरा शौचालय जल्द तैयार करने के साथ पानी और बिजली कनेक्शन लगवाने के अधिकारियों को निर्देश दिए।

कहा, रमजान से पहले बगल में महिलाओं के लिए स्नानघर भी बनाएं। सदर चौराहे पर बने सुलभ शौचालय देखकर नाराजगी जताई और नाले की सफाई करवाकर ढकवाने को कहा। इस दौरान रतन सिंघानिया, सुनील वैश, विपिन दयाल, योगेश वर्मा, सतेंद्र सिंह, इंदरपाल, मनीष पटेल, मनीष त्यागी, पवन राय, उमंग प्रसाद, आशीष दीक्षित आदि मौजूद रहे।



व्यापारियों के साथ सदर बाजार का निरीक्षण करते छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी अभिषेक राठौर, साथ में अन्य। अमृत विचार

# बोर्ड परीक्षाएं सिर पर, घंटों बिजली गुल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अभिभावक परेशान, कर रहे वैकल्पिक व्यवस्था, अधिकारी कर रहे हैं दावा, जारी है सुचारू विद्युत आपूर्ति

**अमृत विचार :** बोर्ड परीक्षाएं सिर पर हैं और राजधानी के अधिकांश इलाकों में घंटों बिजली गायब है। जिसके चलते अभिवावक काफी परेशान हैं। बिजली गुल होने की दशा में बच्चों को पढ़ाई के नुकसान से बचाने के लिए अब लोगों ने वैकल्पिक व्यवस्था करनी शुरू कर दी है।

लेसा अधिकारियों के अनुसार बोर्ड परीक्षा के दौरान 24 घंटे राजधानी में निर्बाध बिजली की आपूर्ति की जायेगी। अगर कोई फॉल्ट होती भी है, तो उसे जल्द से जल्द सही कराने के लिए हर एक उपकेंद्र पर कर्मचारियों के एक दल को रिजर्व रखा जायेगा। इससे क्षेत्र में घंटों बिजली गुल रहने की समस्याओं से उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी।

> पूरी कोशिश की जा रही है कि 24 घंटे उपभोक्ताओं को सुचारू बिजली आपूर्ति की जा सके। बोर्ड की परीक्षाओं के दौरान हर एक उपकेंद्र अधिकारी को क्षेत्र का जायजा लेने को भी कहा गया है। कर्मचारियों का एक दल हर वक्त रिजर्व रखने का निर्देश भी जारी किया गया है।
>
> -सुनील कपूर, मुख्य अभियंता ट्रांसगोमती

फरवरी बच्चों के भविष्य को तय करने वाला माह होता है। जिसमें साल भर की मेहनत उनके कॅरियर को दिशा देती है। ऐसे में राजधानी में बिजली आपूर्ति को लेकर सवाल उठ रहे हैं। निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए पावर कारपोरेशन लगातार अनुरक्षण कार्य करा रहा है। बावजूद इसके राजधानी में घंटों बिजली गुल रहती हैं। क्षेत्र में लगे उपकेंद्रों पर ट्रांसफार्मर, एबीसी लाइन, पेटी बॉक्स और अन्य समस्याओं से होने वाली दिक्कतों को दूर करने के लिए रिपेयरिंग समेत फीडरों के मेंटीनेंस का कार्य महीनों से किया जा रहा है। फिर भी आए दिन कहीं न कहीं केबिल फॉल्ट, ट्रांसफार्मर के फुंकने और पेटी बॉक्स में फॉल्ट की घटनाएं लगातार हो रही हैं। इससे लोगों को आशंका है कि मेंटीनेंस का जो भी कार्य किया गया है, वह सिर्फ कागजों पर ही हुआ है। महानगर निवासी राजीव अग्रवाल ने बताया कि उनकी बेटी 10वीं की बोर्ड परीक्षा दे रही है, लेकिन इलाके में हर समय बिजली की आपूर्ति बंद ही रहती है। बिजली विभाग पूरे साल अनुरक्षण कार्य कराता है।

## मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के एमडी ने किया औचक निरीक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक ने सोमवार को अमीनाबाद खंड के अंतर्गत आने वाले इलाकों का जायजा लिया। इस दौरान बाहर से लगाये जा रहे आर्मर्ड केबल और मीटरों का जायजा लिया। साथ ही जिन क्षेत्रों में बिजली चोरी के मामले अधिक हैं। वहां जल्द से जल्द आर्मर्ड केबल से बदलकर मीटर को बाहर लगाने के लिए दिशा निर्देश जारी किये। इसके अलावा परिवर्तकों और लाइनों की चेंकिग करते हुए जिन लाइनों पर सबसे ज्यादा चोरी हो रही है उसको बंद कराने के लिए कड़े उपाय करने के निर्देश भी दिए।

**तैयारी** ग्रीन कॉरिडोर के लैंड स्केपिंग पर 300 मीटर में पौधे लगाकर लिखा राष्ट्र प्रेरणा स्थल

# सजकर तैयार होने लगा राष्ट्र प्रेरणा स्थल

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- हरियाली से भरा नजर आएगा राष्ट्र प्रेरणा स्थल
- स्थल पर बिछायी गई हरी घास, फूल-पौधों से सजाया गया

**अमृत विचार :** बसंतकुंज योजना में निर्माणाधीन राष्ट्र प्रेरणा स्थल में तीन दिन पहले धूल उड़ रही थी। अब वहां पर हरियाली नजर आने लगी है। तैयार हो चुके हेलीपैड के चारों तरफ हरे घास की कालीन बिछाने का काम तेजी से हो रहा है। पास में ग्रीन कॉरिडोर के लैंड स्केपिंग पर 300 मीटर की दूरी तक हरे पौधे लगाकर राष्ट्र प्रेरणा स्थल लिखवाया जा रहा है। पूरे परिसर को हरा-भरा किया जा रहा है। प्रधानमंत्री के स्वागत में रंग-बिरंगे फूलों की क्यारियां सजाई जा रही हैं।

19 फरवरी को राजधानी में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्र प्रेरणा स्थल के लोकार्पण कार्यक्रम को देखते हुए लखनऊ विकास प्राधिकरण ने राष्ट्र प्रेरणा स्थल और आस-पास औद्यानिक कार्य युद्धस्तर पर शुरू कर दिया है। कारपेट घास बिछाने के साथ लैंड स्केपिंग की जा रही है। एलडीए ने ग्रीन कॉरिडोर की दीवार पर 300 मीटर में पौधे लगाकर राष्ट्र प्रेरणा स्थल लिखा है। जो दूर से साफ नजर आएगा। उद्यान विभाग ने डिवाइडर को फूलों से सजा दिया है। स्थल में छाया के लिए पीपल, मौलश्री, रॉयल पाम, फॉक्सटेल पाम के पेड़ लगाए गए हैं। यही नहीं खूबसूरती के लिए सीजनल फूलों से सजा दिया है।



बसंतकुंज योजना के तहत निर्माणाधीन स्थल पर लिखा राष्ट्र प्रेरणा स्थल।



हैलीपैड के आसपास बिछी कार्पेट घास। अमृत विचार

### दीन दयाल उपाध्याय की प्रतिमा के हिस्से पहुंचे

राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी की कांस्य की 65 फिट ऊंची प्रतिमाएं लगायी जाएंगी। इन्हें संस्कृति विभाग नोएडा में तैयार करा रहा है। रविवार को दीन दयाल उपाध्याय की कांस्य की प्रतिमा के हिस्से स्थल पर पहुंच गए। प्रतिमा को जोड़ने का काम शुरू हो गया है। मंगलवार को एक और प्रतिमा प्रेरणा स्थल आ जाएगी। इन्हें लगाने का काम 15 फरवरी तक पूरा हो जाएगा।

# प्रेरणा स्थल के विकास में बाधा बन रहे निर्माण पर चला एलडीए का बुलडोजर

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- बसंतकुंज योजना के सेक्टर आई में खाली करायी 100 करोड़ की जमीन

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने सोमवार को हरदोई रोड स्थित बसन्तकुंज योजना के सेक्टर आई में अर्जित भूमि पर किए गए अवैध निर्माण ध्वस्त कर दिए। एक दर्जन से अधिक दुकानें, गोदाम, बाउंड्रीवाल व भवन ध्वस्त करके एक लाख वर्ग फिट जमीन खाली करायी। जमीन की कीमत लगभग 100 करोड़ रुपये है।

उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि बसंतकुंज योजना के सेक्टर जे में लगभग 65 एकड़ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल का निर्माण कराया जा रहा है। आस-पास के क्षेत्रों में विकास एवं सौन्दर्यीकरण के विभिन्न कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि बसन्तकुंज योजना के सेक्टर आई में प्राधिकरण की अर्जित भूमि पर कुछ लोगों ने कब्जा करके दुकान, गोदाम, बाउन्ड्रीवॉल व भवन आदि का निर्माण करा लिया गया था। इससे विकास कार्य प्रभावित हो रहा था।

अभियान चलाकर अवैध निर्माण ध्वस्त करके कब्जा खाली कराने के आदेश दिये गये थे। जोनल अधिकारी शशिभूषण पाठक व अधिशासी अभियंता मनोज सागर के नेतृत्व में प्रवर्तन, अर्जन व अभियंत्रण अनुभाग की संयुक्त टीम ने पुलिस व पीएसी बल के सहयोग से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करायी।



# 13 आईटीआई कॉलेज सौर ऊर्जा से होंगे रौशन

## राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को मिली प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर 13 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को सौर ऊर्जा से लैस करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

शासन ने 3.10 करोड़ रुपये की धनराशि को प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए धनराशि जारी की है। इसके जरिए हरदोई, पीलीभीत, कुशीनगर, बाराबंकी, मथुरा, महाराजगंज, कन्नौज, देवरिया व आगरा के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को सौर ऊर्जा संयंत्र युक्त बनाने की प्रक्रिया को गति देने में मदद मिलेगी।



▸▸ हरदोई, पीलीभीत, कुशीनगर, बाराबंकी, मथुरा, महाराजगंज, कन्नौज, देवरिया व आगरा के आईटीआई कॉलेज को मिलेगा लाभ

प्रदेश के अयोध्या व वाराणसी में मॉडल सोलर सिटी बन रही है। सरकारी विभागों की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए भी रूफटॉप सोलर पैनल इंपैनलमेंट प्रोजेक्ट के लिए धनावंटन के बाद अब 13 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को सौर ऊर्जा संयंत्रों से युक्त करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। इनकी क्षमता 40 किलोवॉट होगी। इसमें प्रत्येक राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान को 23.88 लाख रुपये से रूफटॉप इनेबल्ड सोलर पैनल इंपैनलमेंट व सोलर पावर प्लांट की स्थापना, क्रियान्वयन व संचालन के कार्यों को पूर्ण किया जाएगा।

जिन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में इस प्रक्रिया को पूर्ण किया जाएगा। उनमें हरदोई का पिहानी, पीलीभीत का बरखेड़ा, कुशीनगर का नौरंगिया व हाटा, बाराबंकी का फतेहपुर, मथुरा का गोवर्धन, महाराजगंज का माधोनगर, निचलौल व नौतनवा, कन्नौज का छिबरामऊ व तिर्वा, देवरिया का बरहज तथा आगरा का एत्मादपुर प्रमुख हैं।

### सभी प्रक्रियाओं को रूलबुक अनुसार किया जाएगा पूरा

उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय उर्जा अभिकरण (यूपीनेडा) द्वारा सभी 13 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को सौर ऊर्जा युक्त करने का कार्य प्रशिक्षण एवं सेवायोजन के निदेशक की देखरेख में होगा। इन सभी क्रय व संचालन कार्यों को उत्तर प्रदेश शासन की रूलबुक अनुसार पूरा किया जाएगा। उच्च गुणवत्ता समेत तमाम मानकों को सुनिश्चित किया जाएगा। इस कार्य को पूरा करने के लिए अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग के साथ समन्वय भी स्थापित किया जाएगा।



जनेश्वर मिश्र पार्क में निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय निषाद के पुत्र (विधायक) श्रवण निषाद के संग नेहा की शादी में आशीर्वाद देने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, साथ में अन्य। अमृत विचार

## कैबिनेट मंत्री डॉ.संजय निषाद के पुत्र श्रवण व नेहा परिणय सूत्र में बंधे

**अमृत विचार, लखनऊ** : निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश के कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद के सबसे छोटे पुत्र व चौरीचौरा से विधायक इंजीनियर श्रवण निषाद का विवाह नेहा निषाद के साथ रविवार को जनेश्वर मिश्र पार्क में सम्पन्न हुआ। वर-वधु को आशीर्वाद देने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, यूपी सरकार के कई मंत्री व विधायक के अलावा कई सांसद भी शामिल हुए। वैवाहिक कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र और बड़ी संख्या में गणमान्य लोग भी जनेश्वर मिश्र पार्क में वर-वधु को शुभकामनाएं देने पहुंचे। विवाह समारोह में डॉ. संजय निषाद, उनकी पत्नी मालती देवी, डॉ. अमित निषाद और संत कबीरनगर के सांसद इंजीनियर प्रवीण कुमार निषाद अतिथियों का स्वागत करते देखे गए। इस अवसर पर जनेश्वर मिश्र पार्क में भव्य सजावट की गई थी। बारातियों के मनोरंजन के लिए गीत-संगीत की शानदार महफिल भी सजाई गई थी।



लखनऊ के बिजनौर स्थित सीआरपीएफ कैंप में रोजगार मेले में अभ्यार्थियों को नियुक्ति पत्र देते आईजी सतपाल रावत व अन्य। अमृत विचार

## हाथ में नियुक्त पत्र थामते ही खिले अभ्यर्थियों के चेहरे

**अमृत विचार, लखनऊ** : रोजगार के लिये भागदौड़ कर रहे 500 बेरोजगारों का इंतजार सोमवार को बिजनौर के सीआरपीएफ कैंप में समाप्त हुआ। यहां आयोजित रोजगार मेले में चयिनत अभ्यर्थियों को आईजी सतपाल रावत ने नियुक्ति पत्र प्रदान किये। नियुक्ति- पत्र हाथ में थामते ही अभ्यर्थियों के चेहरे खिल उठे। आईजी ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेरोजगारों के लिये दो वर्ष पहले रोजगार मेले की पहल की थी। बताया इस तरह के आयोजन से लगातार बेरोजगारों को रोजगार प्रदान किया जा रहा है। कहा आज के आयोजन में करीब 5 सौ अभ्यर्थियों का चयन कर नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये हैं। उन्होंने नियुक्ति पत्र पाने वाले लोगों से मेहनत व लगन से नौकरी करने की अपील की।

# बंद लिफाफे में छिपे हैं नियुक्तियों के दाग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में 16 शिक्षकों की नियुक्ति का मामला

▸▸ 14 शिक्षकों पर गिर सकती है गाज, प्रवक्ताओं के साथ संविदा पर नियुक्ति वाले भी सम्मलित

**अमृत विचार** : ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में 16 शिक्षकों की नियुक्ति के मामले में लिफाफा तैयार हो गया है। विवि की कार्य परिषद जल्द ही अपना अंतिम निर्णय ले लेगी। ऐसे में कुल 16 शिक्षकों में से 14 पर गाज गिरनी तय मानी जा रही है।

भाषा विवि के ये वो शिक्षक हैं, जिनकी नियुक्ति पूर्व कुलपति फारूख मिर्जा के कार्यकाल में हुई थी। प्रवक्ताओं के अलावा संविदा पर नियुक्त किये गए शिक्षक भी शामिल हैं। बताते हैं कि नियुक्ति को लेकर सवाल उठाए गए थे। जिस पर खुलासा लेखा परीक्षा विभाग प्रयागराज की एक जांच रिपोर्ट में हुआ। तूल पकड़ते प्रकरण में विवि के कुलपति प्रोफेसर नरेन्द्र बहादुर सिंह ने कमेटी गठित की, जिसमें रजिस्ट्रार डॉ. भावना मिश्रा सहित अन्य जिम्मेदारों को रखा गया। कई बिन्दुओं पर सिलसिलेवार जांच हुई। इसी के बाद लिफाफे को बंद करते हुए कार्यपरिषद को अवगत कराया गया।

सूत्र बताते हैं कि कार्य परिषद ने अंतिम निर्णय ले लिया है। ऐसे में 14 शिक्षकों की तैनाती में घालमेल होने की बात प्रकाश में आई है। विवि की रजिस्ट्रार डॉ. भावना मिश्रा का कहना है कि आडिट के आधार पर रिपोर्ट तैयार कर ली गई है। जल्द ही निष्कर्ष सामने आ जाएंगे।

### मानक से इतर हैं नियुक्तियां

जानकारों की मानें तो कार्यपरिषद की जांच के दौरान शैक्षणिक योग्यता और पूर्व में हुए आवेदन में नियमों इतर व्यवस्था देखी गई है। इसको लेकर कुलपति द्वारा निर्णय को लेकर मंथन किया जा रहा है।

### दो शिक्षकों को मिल चुकी है राहत

भाषा विवि में नियुक्ति का प्रकरण पहला नहीं है। इससे पहले भी नियुक्ति को लेकर जांच बिठाई गई थी लेकिन कागजी लिखापढ़ी में फंसते पेंच के बीच दो शिक्षकों को अंतिम क्षणों में राहत मिल गई थी।

## भाषा में नैक पहलुओं पर चर्चा

**अमृत विचार, लखनऊ** : ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग में नैक से संबंधित विद्यार्थी संतोष सर्वे पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभाग की विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर तनवीर खदीजा ने की।

प्रोफेसर खदीजा ने छात्र एवं छात्राओं को नैक के विभिन्न पहलुओं के बारे में अवगत कराया एवं छात्र एवं छात्राओं को संबंधित प्रोफार्मा की संपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई। कार्यक्रम में विभाग के अन्य शिक्षक डॉ. हारून रशीद, डॉ. शिप्रा, शिखा सिंह, सदफ फातिमा, यूसुफ अयाज सहित अन्य उपस्थित रहे।

बच्चों का चश्मा हटाए
GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें
जन कल्याण ऑंख का अस्पताल
ए- 1040, इन्दिरा नगर लखनऊ
मायोपिया विभाग के रिसर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में
स्टॉकिस्ट - जे० वी० फार्मा, मो0: 9452245400, के० एस० फार्मा, मो0: 9453028384, अमीनाबाद लखनऊ

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सूचित किया जाता है शादी से पहले मेरा नाम ममता भुजवानी था। अब मेरा नाम रिधी मंगलानी हो गया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जायें। **रिधी मंगलानी A–1, कृष्णानगर, कानपुर रोड, लखनऊ**

**सूचना**
मैंने अपना नाम जिन्नत बीबी से बदलकर जिन्नत रख लिया है। अब मुझे जिन्नत के नाम से जाना पहचाना जाये। **जिन्नत पत्नी निजामुद्दीन निवासी ग्राम पोस्ट – कम्हरिया, तहसील मौदहा, जिला हमीरपुर।**

**सूचना**
सूचित हो कि AWADHESH KUMAR BHARTI पुत्र RAM BRICHHA निवासी निबिहाँ गोंठा, पोस्ट गोंठा, जिला मऊ का रहने वाला हूँ। अब मैंने अपना नाम बदलकर AWDHESH KUMAR रख लिया है। अब भविष्य में मुझे मेरे बदले हुए नाम से जाना व पहचाना जाये।


**सूचना**
सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र विकास की बेजा हरकतों व गतिविधियों से तंग एवं परेशान होकर उसे अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उक्त पुत्र से मेरा व मेरे परिवार के किसी सदस्य से कोई वास्ता व सरोकार नहीं है। **राकेश रावत पुत्र राम प्रसाद निवासी– 141, चन्द्रिका देवी रोड, ग्राम रामपुर, जिला लखनऊ।**

**सूचना**
सूचित हो कि आधार कार्ड में मेरा नाम त्रुटिवश इसरा पत्नी कालेन्द्र कुमार अंकित हो गया है, जबकि मेरा सही नाम उषा पत्नी कालेन्द्र कुमार है। यही सही व वास्तविक नाम है। – **उषा पत्नी कालेन्द्र कुमार, निवासी बेलसर, परगना डिक्सिर, तहसील–तरबगंज , जिला गोंडा**

**सूचना**
मेरी हाईस्कूल यू.पी. बोर्ड वर्ष 2018 अनुक्रमांक 2146896 व इंटरमीडिएट 2020 अनुक्रमांक 1576918 अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र वास्तव में कही खो गया है। **गुड़िया पुत्री विनोद कुमार निवासी तारापुर गुमान थाना व तहसील रामनगर जिला बाराबंकी।**

**सार्वजनिक सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे भवन सं0 6AKH No- 11,62,78 लखनऊ का मूल विक्रय विलेख जो कि पूर्णागिरी, सहकारी आवास समिति लखनऊ द्वारा श्रीरामबली कश्यप के पक्ष में किया गया, जो की पुस्तक संख्या 1031 के पृष्ठ संख्या 239/254 क्रम संख्या 2897 को उपनिबन्धक लखनऊ के यहाँ दिनाँक – 11/02/2003 के यहाँ पंजीकृत है, कहीं खो गया है, जो किसी सज्जन को प्राप्त हो, या कोई अपना दावा करें, तो मेरे से सम्पर्क करें। अन्यथा उचित कार्यवाही की जाएगी। –(**श्रीमती बबिता श्रीवास्तव**), **पता – भवन सं0–** 6AKH No- 11,62,78 **नौबस्ता खुर्द, मेला मैदान, जानकीपुरम, लखनऊ**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं आर्मी मेडिकल कोर विभाग में हवलदार रैंक के पद पर कार्यरत हूँ। मेरी सर्विस बुक में मेरी माता का नाम उर्मिला पाण्डेय पत्नी रामकेवल पाण्डेय अंकित है। जबकि उनके आधार कार्ड सं. 788826972809 में सुरति देवी पत्नी स्व0 रामकेवल पाण्डेय जन्मतिथि 01/01/1961 अंकित है। अतः मेरे सर्विस बुक में सही नाम सुरति देवी पत्नी स्व0 रामकेवल पाण्डेय जन्मतिथि 01/01/1961 दर्ज किया जाये। **प्रभात कुमार पाण्डेय पुत्र स्व0 रामकेवल पाण्डेय ग्राम पछियाना परगना पश्चिम राठ तहसील बीकापुर जनपद फैजाबाद/अयोध्या**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित हो कि मैं **मो. इसरार पुत्र मो. आरिफ, नि. ग्राम जेठू मवई पो. धानीजलालपुर, थाना व तह. गौरीगंज, जनपद–अमेठी** का निवासी हूं। मेरे पिता मो. आरिफ पुत्र वली मोहम्मद 21.5.2015 को बहराइच मेले से गायब हो गए थे काफी खोजबीन के बाद भी उनका आज तक कहीं पता नहीं चल सका है।

## सार-संक्षेप

### राजधानी में जल नीतिकारों का होगा सबसे बड़ा जमावड़ा

**अमृत विचार, लखनऊ** : राजधानी में 16 व 17 फरवरी को देश के जलनीतिकारों का जमावड़ा होगा। पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय की सचिव विनी महाजन के नेतृत्व में सभी राज्यों के जलशक्ति विभाग के प्रमुख सचिव और निदेशक यहां मौजूद होंगे। वे अपने-अपने प्रदेशों में किए जा रहे कामों के बारे में चर्चा करेंगे। इस चर्चा के दौरान जीवनस्रोत जल के संरक्षण के लिए नीति तैयार की जाएगी, जिससे ताकि आने वाली पीढ़ियों को साफ जल मिले और जल के भंडार की कमी न रहे। दो दिवसीय इस अधिवेशन में अलग-अलग विषयों पर जलशक्ति विभाग की नीतियों के वाहक अपने विचार रखेंगे। वे बताएंगे कि जल जीवन मिशन के तहत उन्होंने अपने-अपने प्रदेश में क्या किया है। इसके अलावा परियोजनाओं को जमीन पर उतारने के दौरान जो चुनौतियां सामने आईं, उन पर भी बात होगी। वहीं, राज्य सरकार भी इस अधिवेशन में घर तक नल से जल पहुंचाने की प्रक्रिया और उसके प्रबंधन के बारे में अपना प्रस्तुतिकरण देगी।

### एक हजार बेटियों के विवाह में आशीर्वाद देने जाएंगे योगी

**अमृत विचार, लखनऊ** : मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत बुधवार को दोपहर बाद तीन बजे से खाद कारखाना परिसर में आयोजित भव्य समारोह में एक हजार गरीब बेटियों का विवाह संपन्न होगा। इस आयोजन में वैवाहिक जीवन में प्रवेश करने वाले जोड़ों को आशीर्वाद देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं उपस्थित रहेंगे। समाज कल्याण विभाग से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को होने वाले मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से प्राप्त आवेदनों के सत्यापन के बाद करीब एक हजार जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न कराया जाना प्रस्तावित है। प्रति विवाह पर सरकार की तरफ से 51 हजार रुपये खर्च किए जाएंगे। इसमें से 35 हजार रुपये विवाह बंधन में बंधने जा रही कन्या के बैंक खाते में अंतरित कर दिए जाते हैं। 10 हजार रुपये उपहार व शेष राशि अन्य खर्चों के मद में है।



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सम्मानित छात्र व अतिथि। अमृत विचार

### भाषा विवि में पंच प्रणों पर संवाद

**अमृत विचार, लखनऊ** : ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में पंच प्रणों को लेकर संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की राज्य नोडल अधिकारी ने विषयवार जानकारियां साझा कीं। भाषा विवि में पांच प्राण एक युवा परिचय विषय पर युवा संवाद इंडिया 2047 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधान परिषद सदस्य अंगद कुमार सिंह सम्मिलित हुए। उन्होंने युवाओं को समाज के तथा राष्ट्र के विकास में योगदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। कुलपति प्रो. एनबी सिंह ने छात्रों को प्रेरित करते हुए उनके शैक्षिक, नैतिक तथा सामाजिक विकास में राष्ट्रीय सेवा योजना की भूमिका के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम का संचालन कुलानुशासक डॉ. नीरज शुक्ला द्वारा किया गया।



तैयारी का जायजा लेते लविवि के कुलपति आलोक कुमार राय, साथ में अन्य। अमृत विचार

### समागम की तैयारियों को लेकर लविवि में बैठक

**अमृत विचार, लखनऊ** : अखिल भारतीय संस्थागत नेतृत्व में समागम की तैयारियों को लेकर लखनऊ विश्वविद्यालय में एक आवश्यक बैठक आयोजित हुई। इस दौरान तैयारियों की समीक्षा की गई। 15 फरवरी से शुरू होने वाले कार्यक्रम को लेकर विभागाध्यक्षों से कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने तमाम सी जानकारी हासिल कीं, फिर दिशा निर्देश भी दिये। बाद में कला संकाय सहित अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। बता दें कि 15 से 17 फरवरी तक आयोजित होने वाले कार्यक्रम में विभिन्न प्रदेशों के विश्वविद्यालयों के कुलपति, विशेषज्ञ, प्रवक्ता और शोधार्थी सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित अन्य सम्मिलित होंगे।

# स्मार्टफोन के सहारे करें लक्ष्य का निर्धारण : पाठक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार** : प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया को मुट्ठी में कर आगे बढ़ने के लिए शासन आपको स्मार्टफोन उपलब्ध करा रहा है। इसके सहारे लक्ष्य निर्धारित किये जा सकते हैं।

नेशनल पीजी कॉलेज में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत निशुल्क स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम के आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक छात्रों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि तकनीकी नवाचार एवं सारी जानकारी क्षण भर में आपको उपलब्ध कराने के लिए स्मार्टफोन दिये जा रहे हैं। आप ऊर्जावान हैं, अपना लक्ष्य निर्धारित करें।



नेशनल पीजी कॉलेज में योजना के तहत विद्यार्थियों को निशुल्क स्मार्ट फोन वितरित करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, साथ में कॉलेज प्रबंधक उज्जवल रमण सिंह, प्रचार्य देवेन्द्र कुमार सिंह व अन्य। अमृत विचार

▸▸ मुख्य अतिथि ने छात्रों को वितरित किए 1440 स्मार्टफोन

कार्यक्रम के दौरान 1440 स्मार्टफोन योजना के अंतर्गत वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. देवेंद्र कुमार सिंह, राजेश सिंह, प्रो. रामकृष्ण सहित समस्त शिक्षक तथा गैर शैक्षणिक कर्मचारी एवं छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

**नोडल अधिकारी ने दी विस्तृत जानकारी** : 50वीं वर्षगाठ पर आयोजित कार्यक्रम में नोडल अधिकारी प्रो. राकेश जैन ने छात्रों से संबंधित शासन की योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया गया कि ये फोन न तो किसी को दिया जा सकता है और न ही किसी से लिया जा सकता है। क्योंकि फोन का पंजीकरण छात्र के नाम से जुड़ा हुआ होता है।

# कार्बनिक पदार्थों की भूमिका पर व्याख्यान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार** : लखनऊ विश्वविद्यालय के भू- विज्ञान विभाग की ओर से कार्बनिक पदार्थों की भूमिका पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भू वैज्ञानिकों ने विषय संबंधित अपने विचार रखे। शोधार्थियों द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किये गए।

लविवि के भू विज्ञान विभाग द्वारा व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें बीएसआईपी, जीएसआई, आरएसएसी के वैज्ञानिक सम्मिलित हुए। बीएसआईपी की पूर्व निदेशक डॉ. वंदना प्रसाद द्वारा समुद्र स्तर के उतार-चढ़ाव को समझने में उथले समुद्री अनुक्रमों में तलछटी कार्बनिक पदार्थों की भूमिका विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किये। विभाग प्रमुख प्रोफेसर ध्रुव सेन सिंह ने पृथ्वी विज्ञान से जुड़े प्रमुख विषयों का सार साझा किया गया। इस अवसर पर शोधार्थियों द्वारा विषयवार प्रस्तुतियां भी कीं। इस अवसर पर प्रो. विभूति राय, प्रो. रामेश्वर बाली सहित काफी संख्या में शोधार्थी उपस्थित रहे।

### पूर्व विभाग प्रमुख की जानकारियां हुईं साझा

भूविज्ञान विभागाध्यक्ष प्रोफेसर ध्रुव सेन सिंह ने बताया कि पूर्व विभाग प्रमुख प्रो. आईबी सिंह ने भारत के हर हिस्से और विभिन्न युगों की सभी चट्टानों पर काम किया है। इन दिनों गंगा के मैदान के बारे में जो भी जानकारी हमारे पास प्राप्त है, उसका श्रेय प्रो. सिंह को जाता है।

### नदी, समुद्री सीमांत और अपतटीय द्वीप सम्मलित

पंजाब विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अशोक साहनी ने प्राकृतिक प्रक्रियाओं नदी, समुद्री सीमांत और अपतटीय द्वीपों को जोड़कर गंगा मैदान में कराये जा रहे कार्यों का उल्लेख किया। शोधार्थियों द्वारा पूछे गए तार्किक प्रश्नों के आधार पर उल्टी धारा के बारे में जानकारी दी।

## कुलपति ने की समीक्षा बैठक

**अमृत विचार, लखनऊ** : ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. नरेन्द्र बहादुर सिंह ने नैक के क्राइटेरिया के संबंध में समीक्षा बैठक की। जिसमें प्रवक्ता सम्मिलित हुए। बैठक के दौरान प्रो. सौबान सईद, डॉ. रुचिता सुजय चौधरी, डॉ. राम दास, डॉ. जफरून नकी, डॉ. आफरीन फातिमा, डॉ. तसलीम जमाल और डॉ. अभय कृष्ण सहित अन्य शिक्षकों ने अपने विचार साझा किये।

# मेधा को मिला सम्मान तो खिल उठे चेहरे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार** : हीरालाल यादव ग्रुप ऑफ कॉलेज में आयोजित वार्षिकोत्सव में महाविद्यालय के विभिन्न संकायों में सर्वोच्च अंक पाने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। जिसमें उन्हें मेडल, प्रमाण पत्र के अलावा साइकिल भी प्रदान की गई।

वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शिवपाल सिंह यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने महाविद्यालय के विभिन्न संकायों में सर्वोच्च अंक पाने वाली छात्राओं को प्रोत्साहित किया। इन्हें मेडल, प्रमाण पत्र के साथ साइकिल देकर सम्मानित किया। पुरस्कृत छात्राओं में प्रज्ञा गोयल, मिर्जा आमरीन बेग, वैष्णवी रस्तोगी, मुस्कान दीवान, आकांक्षा विमल, रिशिता सिंह, एमन निशा, शैलजा वर्मा, विवेक सिंह यादव, फातिमा जोहरा हसन, कोमल अवस्थी, शिवानी श्रीवास्तव, कोमल अवस्थी, श्रद्धा तिवारी, आयुष यादव सम्मिलित रहे। कार्यक्रम में डॉ. एपी सिंह, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. चित्रा त्रिपाठी सहित अन्य उपस्थित रहे। शिक्षा संकाय द्वारा गुजराती लोकनृत्य प्रस्तुत किया गया। इण्टर कॉलेज की छात्राओं द्वारा महिला सशक्तीकरण पर नाटक प्रस्तुत किया गया।



हीरालाल यादव ग्रुप ऑफ कालेजेज के स्थापना दिवस एवं वार्षिकोत्सव में छात्राओं को पुरस्कृत करते सपा नेता शिवपाल यादव, साथ में अन्य। अमृत विचार

▸▸ मेधावी छात्राओं को मेडल, प्रमाण पत्र और साइकिल देकर किया गया सम्मानित

lemon tree HOTELS

**TENDER NOTICE**

Sealed quotations are invited for the supply of the following items for annual rate contract from **01.04.2024 to 31.03.2025** for our **Lemon Tree Hotel, Lucknow.**

1. Charcoal
2. Fuel Gel
3. Poultry Products
4. Dairy Products, Cheese (Local & IMP)
5. Frozen Meat Products
6. Grocery Products (Pulses / Spices / Flour & Rice) & Organic Grocery
7. LMP Thai & Tin Products
8. Mutton Products
9. Seafood Products (Fresh & Frozen)
10. Sweet & Snacks
11. Vegetable & Fruits (English & Local Micro Green & Editable Flowers)
12. Eggs (Regular)
13. Bakery Ready To Eat Product
14. General Stationery
15. Cleaning Items
16. Garbage Bag
17. Laundry Services (Linen & Uniform)
18. Marble Polish
19. Pest Control
20. Facade Cleaning
21. Horticulture
22. HK Manpower Supplying Agencies
23. Upholstery Work
24. Packaging Material

Specifications & tender forms for each item can be obtained from the Materials Department in our **Lemon Tree Hotel, Lucknow** a unit of **Grand City Hospitality Private Limited**, **Shaeed Path, Lucknow** on any working day from **10.02.2024 to 28.02.2024** on cash payment of **Rs.1000/-** for each set (non-refundable). **All Tenderers Proposing to apply should be compliant with FSSAI Act / Rules and Regulations. Please attach copies of FSSAI License & GST registration.** Sealed tenders are to be received by 15.03.2024 till 17:00 hrs and addressed to the Materials Department. ( Management reserves the right to accept or reject any tender, in part or whole, without assigning any reason thereof.)

**Hotel Team: 9151788848, 6390003060, 6390003360**

## एक नजर

### यहियागंज समेत कई इलाकों में घंटों गुल रही बिजली

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी के सिस गोमती के यहियागंज के शास्त्री नगर, खजुहा, ऐशबाग, राम नगर और धोबी घाट सहित आसपास के इलाके में सोमवार को करीब 8 घंटे बिजली गायब रही। इस दौरान स्थानीय निवासी पानी की समस्या से दिनभर जूझते रहे। उपखंड अधिकारी ऐशबाग ने बताया कि आरडीएसएस योजना के तहत ऐशबाग फीडर से पोषित दो फीडरों पर कार्य किया गया। जिसमें एबीसी लाइनों को डालने और फीडरों के मेंटीनेंस कार्य के चलते इन इलाकों की बिजली सप्लाई को बंद किया गया। इससे करीब 50 हजार की आबादी प्रभावित रही।

# 509 परीक्षा केन्द्रों पर मदरसा बोर्ड परीक्षाएं आज से

## प्रदेश के 73 जनपदों में आयोजित की जा रही हैं परीक्षाएं, 1 लाख 41 हजार 115 परीक्षार्थी होंगे सम्मलित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा मंगलवार से बोर्ड परीक्षाओं के आयोजन किये जा रहे हैं। दो पालियों में आयोजित परीक्षाओं में 1 लाख 41 हजार 115 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की निदेशक का कहना है कि कंट्रोल रूम और सीसीटीवी के सहारे परीक्षाओं पर निगरानी रखी जाएगी।

मंगलवार से आरंभ हो रही मदरसा बोर्ड परीक्षा प्रदेश के 73 जनपदों में आयोजित होगी। जिसमें मुंशी, मौलवी, आलिम,



लखनऊ के चौपटिया स्थित इर मॉडल निस्वां स्कूल। अमृत विचार

कामिल और फाजिल की परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। कुल 1 लाख 41 हजार 115 परीक्षार्थियों में छात्रों की संख्या 71 हजार 702 रहेगी। जबकि छात्राएं 69 हजार 413 सम्मिलित होंगी। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की निदेशक जे. रीभा का कहना है कि मुख्यालय पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसके सहारे 73 जनपदों में स्थापित 509 परीक्षा केन्द्रों को निगरानी में रखा जाएगा।

**डिवाइस का रिकॉर्ड रखा जाएगा सुरक्षित :** सभी परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी लगाए गए हैं। जिनमें डिवाइस लगी है। बोर्ड रजिस्ट्रार प्रियंका अवस्थी का कहना है कि परीक्षा केन्द्र प्रभारी को सीसीटीवी की फुटेज डिवाइस के सहारे सुरक्षित रखनी होगी। इसका अवलोकन परीक्षा उपरांत किया जाएगा, ताकि पारदर्शिता बनी रहे।

### लखनऊ में सात सेंटरों पर आयोजित होंगी परीक्षाएं

लखनऊ में सात परीक्षा केन्द्र स्थापित किये गए हैं। सभी में हर विषयों से जुड़ी परीक्षाओं के आयोजन किये जा रहे हैं। एकल परीक्षा को भी इन केन्द्रों में कराया जाएगा। मदरसा अलफिरदौस रहमानी स्कूल, मदरसा सुल्तानुल मदारिस, मदरसा इरम मॉडल निस्वां स्कूल चौपटिया, मदरसा इरम मॉडल निस्वां स्कूल बारूदखाना, फातिमा गर्ल्स इण्टर कॉलेज, मदरसा इरम मॉडल स्कूल गोमतीनगर, मदरसा दारुल उलूम वारसिया में परीक्षाएं आयोजित की जाएगी।

# बिना जांच हलाल का लोगो देकर वसूली करने वाले चार गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मुंबई में बैठकर पूरे देश में जारी करते थे हलाल प्रमाण पत्र
- हलाल काउंसिल के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मंत्री व कोषाध्यक्ष को एसटीएफ ने पकड़ा
- हजरतगंज कोतवाली में तीन महीने पहले दर्ज हुई थी रिपोर्ट

**अमृत विचार :** बिना किसी जांच के उत्पादों पर हलाल का लोगो लगाने और प्रमाण पत्र जारी करने वाले हलाल काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष सहित चार पदाधिकारियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। चारों को एसटीएफ की टीम ने सोमवार को गिरफ्तार किया। इन सभी के खिलाफ तीन महीने पहले हजरतगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की गई थी।

एसटीएफ के एडीजी अमिताभ यश ने कहा कि हलाल इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड चेन्नई, जीमयत उलेमा हिन्द हलाल ट्रस्ट दिल्ली, हलाल काउंसिल ऑफ इण्डिया मुम्बई ने विभिन्न उत्पादों की ब्रिकी बढ़ाने की मंशा से आर्थिक लाभ लेकर विभिन्न उत्पादन के लिए हलाल प्रमाण पत्र जारी किए थे। मामले में पिछले वर्ष नवंबर में मोतीझील निवासी शैलेंद्र कुमार शर्मा की तहरीर पर हजरतगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की गयी थी। संवेदनशील मामला होने के कारण विशेष पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था ने 20 नवंबर को एसटीएफ को विवेचना स्थानांतरित कर दी। विवेचना एसटीएफ में तैनात डिप्टी एसपी दीपक कुमार सिंह की टीम कर रही थी।

डिप्टी एसपी दीपक कुमार सिंह के मुताबिक सोमवार को हलाल काउंसिल ऑफ इण्डिया मुम्बई के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष को बयान दर्ज कराने के लिए एसटीएफ कार्यालय लखनऊ बुलाया गया। बयान में कई कम्पनियों को हलाल सम्बन्धी प्रमाण-पत्र जारी करने की पुष्टि होने पर चारों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में हलाल काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मौलाना हबीब युसुफ पटेल, उपाध्यक्ष मौलाना मुइदशीर सपाडिआ, जनरल सेक्रेटरी मो. ताहिर जाकिर हुसैन चौहान और कोषाध्यक्ष मो. अनवर शामिल हैं। सभी आरोपी मुम्बई के रहने वाले हैं। आरोपियों के पास से 21,820 रुपये नकद व पहचान संबंधी दस्तावेज बरामद हुए हैं।

### हलाल का लोगो लगाकर की जा रही थी वसूली

एडीजी एसटीएफ ने बताया कि हलाल काउन्सिल आफ इण्डिया (मुम्बई) द्वारा जारी हलाल प्रमाण पत्र धारी कम्पनियों के मालिक व कर्मचारियों से पूछताछ की गयी। इसमें खुलासा हुआ कि काउन्सिल द्वारा हलाल प्रमाण पत्र जारी करने से पहले किसी भी प्रोडक्ट का लैब टेस्ट नहीं कराया गया था। 'हलाल' का लोगो लगा जबरन वसूली की जा रही है। इनके द्वारा जारी हलाल प्रमाण पत्र से यह भी जानकारी मिली कि रेस्टोरेन्ट इत्यादि को भी उक्त ने हलाल प्रमाण पत्र दिया है। जबकि रेस्टोरेन्ट द्वारा परोसी जाने वाली खाद्य सामग्री के बनने के तरीके और उपलब्ध सामानों पर इनका नियंत्रण नहीं है।

### एक हजार रुपये प्रति उत्पाद करते थे वसूली

पूछताछ में आरोपियों ने कुबूल किया कि मनमाने तरीके से रुपये कमाने के लिए ही हलाल प्रमाण पत्र जारी करते थे। प्रति वर्ष प्रमाण पत्र व प्रति उत्पाद अलग-अलग कंपनी से वसूली करते थे। कंपनी टर्नओवर पर उनके दाम तय होते थे। इसमें करीब 10 हजार रुपये प्रमाण पत्र और एक हजार रुपये प्रति उत्पाद के नाम पर वसूला जाता था। इसके बाद उत्पाद पर हलाल का लोगो लगाने की अनुमति का प्रमाण पत्र जारी किया जाता था।

**आय-व्यय का नहीं दे सके ब्योरा :** एसटीएफ की पूछताछ में खुलासा हुआ कि हलाल काउंसिल ऑफ इण्डिया मुम्बई द्वारा मीट प्रोडक्ट के अतिरिक्त अन्य खाद्य पदार्थों को लेकर भी अवैध रूप से हलाल प्रमाण पत्र जारी किये जा रहे हैं। बताया हलाल काउंसिल ऑफ इण्डिया (मुम्बई) द्वारा विभिन्न कम्पनियों को देश व विदेश में अपने प्रोडक्ट बेचने के लिए हलाल प्रमाण पत्र जारी किया जाता है। गिरफ्तार आरोपी आय-व्यय का ब्योरा नहीं दे सके। आरोपियों पर हजरतगंज कोतवाली में दर्ज रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। मंगलवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

# पीएचसी पर गंदगी देख भड़के ए-सीएमओ, डॉक्टर नदारत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पीएचसी पर ठुमके लगाते हुए नर्स का वीडियो वायरल होने के मामले की जांच करने पहुंचे थे सीएमओ, सीएमओ को सौंपी रिपोर्ट

**अमृत विचार :** गणेशगंज स्थित कसाईबाड़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) का ए-सीएमओ डॉ. आरएन सिंह टीम के साथ सोमवार को निरीक्षण करने पहुंचे। मौके पर डॉक्टर सहित काफी स्टॉफ नदारद मिला। साथ ही परिसर में जगह-जगह गंदगी थी। गंदगी देख ए-सीएमओ भड़क गए। उन्होंने लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदारों को जमकर फटकार लगाई।

नाराज ए-सीएमओ ने निरीक्षण की रिपोर्ट सीएमओ को देने के साथ ही ठुमके लगाने संबंधी वीडियो के मामले में जांच कमेटी गठित कर दी है। कसाईबाड़ा पीएचसी का एक वीडियो चार दिन पहले वायरल हुआ था। इस वीडियो में स्टॉफ नर्स लेबर रूम में भोजपुरी गाने पर ठुमके लगाकर नृत्य करती दिख रही थी। वीडियो वायरल होने के बाद सीएमओ कार्यालय के अफसरों ने मामले को संज्ञान में लिया। ए-सीएमओ डॉ. आरएन सिंह का कहना है कि सोमवार को निरीक्षण किया गया है। काफी स्टाफ नहीं था। रिपोर्ट बनाकर सीएमओ को सौंप दी गई है।

# भारतीय दूरसंचार दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा टेलीकॉम नेटवर्क

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : दूरसंचार सेवा और बुनियादी ढांचा प्रदाताओं की सक्रिय भागीदारी ने देश में डिजिटल अर्थव्यवस्था को वर्तमान स्तर तक संभव बना दिया है। इसी कारण भारतीय दूरसंचार दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा टेलीकॉम नेटवर्क है। ये बातें नई दिल्ली ट्राई की सदस्य मीनाक्षी गुप्ता ने कहीं।

वह गोमती नगर स्थित एक होटल में 'डिजिटल अर्थव्यवस्थाः प्रचलन और विकास' विषय पर सेमिनार को संबोधित कर रही थीं। इसका आयोजन भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) क्षेत्रीय कार्यालय और ट्राई भोपाल ने संयुक्त रूप से किया था। उन्होंने कहा कि भारतीय



कार्यक्रम में शामिल ट्राई के सदस्य व अन्य। अमृत विचार

दूरसंचार 1.17 बिलियन वायरलेस और फिक्स्ड-लाइन ग्राहकों के साथ दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा टेलीकॉम नेटवर्क है। पिछले 10 वर्षों में डाटा के उपयोग के पैटर्न में काफी बदलाव आया है। 140 एमबी प्रति उपयोगकर्ता प्रति माह से यह 18000 एमबी प्रति उपयोगकर्ता प्रति माह तक पहुंच गया है। हमारी मोबाइल डाटा खपत दुनिया में सबसे ज्यादा है। देश में 10 वर्षों में डाटा की दरें 269 रुपये प्रति जीबी से घटाकर 10 रुपये प्रति जीबी हो गई हैं। सेमिनार में डिजिटल अर्थव्यवस्था से संबंधित विभिन्न विषयों पर ट्राई, डीओटी, आईआईएम, आईआईआईटी, नोकिया, आरबीआई, नाबार्ड, पुलिस विभाग और शिक्षा जगत के विभिन्न विषय विशेषज्ञों ने अपने विचार रखे।



केजीएमयू में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान उपस्थित चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा, कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद, रेस्पीरेटरी मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. सूर्यकांत व अन्य। अमृत विचार

# पढ़ाई में अब धनराशि का नहीं लगेगा अड़ंगा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** जोखिमपूर्ण परिस्थितियों में जीवन यापन करने वाले परिवारों के बच्चों की पढ़ाई में अब कोई अड़ंगा नहीं लगेगा। स्पॉन्सरशिप योजना के तहत 80 बच्चों का सत्यापन किया गया और चार हजार रुपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता के लिए प्रस्ताव अनुमोदन के लिए डीएम के पास भेजा गया है।

स्पॉन्सरशिप योजना के तहत चार हजार रुपये प्रतिमाह के हिसाब से बच्चों को पढ़ाई के लिए दिया जाता है। योजना का लाभ देने के लिए पात्रों का चयन किया जा रहा है। साथ ही, वार्ड स्तर पर योजना का प्रचार-प्रसार कराया जा रहा है। अभी तक एक हजार बच्चों ने आवेदन किया है और 80 का सत्यापन कराया जा चुका है।

इनको धनराशि देने के लिए पत्रावली डीएम के पास भेजी गई है। जबकि अन्य का सत्यापन टीम से कराया जा रहा है। जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास सिंह ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में 72 हजार और शहरी क्षेत्रों में 96 हजार रुपये वार्षिक आय सीमा रखी गई है। ऐसे बच्चे जिनके माता-पिता और वैध संरक्षक की मौत हो चुकी है, उन बच्चों पर आय सीमा का मानक लागू नहीं होगा।



- महिला कल्याण विभाग की ओर से संचालित की जाती है स्पान्सरशिप योजना
- योजना के तहत चार हजार रुपये प्रतिमाह पढ़ाई के लिए दिए जाते हैं
- अभी तक एक हजार लोगों ने इस योजना में किया आवेदन
- 80 बच्चों का सत्यापन कर धनराशि अनुमोदन के लिए भेजा प्रस्ताव

# एक टीबी मरीज 15 को करता है संक्रमित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- केजीएमयू में राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत आयोजित हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम

**अमृत विचार :** एक टीबी का मरीज साल भर में 15 सेहतमंद लोगों को संक्रमित कर सकता है। लिहाजा समय पर जांच व इलाज अवश्य कराएं। पूरे इलाज से टीबी का खात्मा संभव है।

यह कहना है किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के रेस्पीरेटरी मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. सूर्यकांत का। वह सोमवार को केजीएमयू के कलाम सेंटर में राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत आयोजित हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि टीबी संक्रमण की समय पर पहचान जरूरी है। अभी भी लोग टीबी के लक्षणों को नजरअंदाज कर रहे हैं। इसका खामियाजा सेहतमंद लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

डॉ. सूर्यकांत के मुताबिकए हर साल करीब 22 लाख टीबी मरीजों की मौत हो रही है। करीब हर डेढ़ मिनट में एक टीबी मरीज की मौत हो रही है। मौत के इस ग्राफ को पूर्ण इलाज से कम या फिर पूरी तरह से खत्म कर सकते हैं। क्योंकि इलाज से टीबी पूरी तरह से ठीक हो सकती है। उन्होंने कहा कि केजीएमयू को देश में ड्रग रेजीस्टेन्ट टीबी के लिए सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स चुना है। देश में पांच सेंटर हैं।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने कहा कि समय पर टीबी की पहचान जरूरी है। ताकि समय पर इलाज शुरू किया जा सके। कार्यक्रम में प्रदेश के 31 मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने भाग लिया।

### लक्ष्य से ज्यादा टीबी मरीजों की पहचान

कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद ने कहा कि टीबी का इलाज, टीचिंग, ट्रेनिंग, रिसर्च और जागरूकता से टीबी का खात्मा मुमकिन है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद मास्टर ट्रेनर के रूप में अपने मेडिकल कॉलेज व जिलों के डॉक्टरों को प्रशिक्षित करेंगे। कर्मचारी और छात्रों को भी टीबी की पहचान, लक्षण और बारीकियां बताएंगे। इससे काफी हद तक संक्रमण पर रोक लगाने में कामयाबी मिल सकती है। स्टेट टीबी ऑफिसर डॉ. शैलेन्द्र भटनागर ने कहा कि वर्ष 2023 में यूपी में टीबी रोगियों की लक्ष्य से अधिक पहचान कर ली है।

# सूने आंगन में किलकारियां सुनने के लिए अभी करना होगा इंतजार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- डोनर सीमेन उपलब्ध न होने से शुरू नहीं हो पा रही क्वीनमेरी की आईवीएफ यूनिट
- नियमों में बदलाव के कारण हो रही दिक्कत, आईवीएफ के लिए पांच दंपतियों ने कराया था पंजीकरण

**अमृत विचार :** निःसंतान दंपतियों को अपने आंगन में किलकारियां सुनने के लिए अभी और इंतजार करना पड़ेगा। क्योंकि किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग (क्वीनमेरी) ने जिस डोनर कंपनी से करार किया था, उसका भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) में पंजीकरण न होने के कारण योजना खटाई में पड़ गई है। केजीएमयू अब योजना को धरातल पर उतारने के लिए नए सिरे से कंपनी की तलाश कर रहा है।

> डोनर सीमेन के लिए प्रस्ताव किया जा चुका है, इस पर काम तेजी से हो रहा है जल्द ही डोनर सीमेन से आईवीएफ प्रोसेज शुरू कर दिया जाएगा, फिलहाल ऐसी महिलाओं का पंजीकरण नहीं किया जा रहा है।
>
> -प्रो. एसपी जैसवार, सीएमएस, क्वीनमेरी महिला अस्पताल

निःसंतान दंपति के लिए आईवीएफ प्रक्रिया काफी कारगर साबित हो रही है। इसको लेकर शहर में निजी सेंटरों की भरमार हो गई है, लेकिन इन सेंटरों पर आईवीएफ प्रोसेज के लिए तीन से चार लाख रुपये तक का खर्च आता है, जो आम दंपति के लिए आसान नहीं है। सबसे बड़ी बात प्रक्रिया फेल होने पर दोबारा इतनी ही रकम खर्च करनी पड़ती है।

ऐसे में क्वीनमेरी में शुरू हो रही आईवीएफ यूनिट आर्थिक तौर पर कमजोर दंपतियों के लिए आशा की किरण है। यहां निजी सेंटरों की अपेक्षा 70 फीसदी कम खर्च पर प्रक्रिया पूरी होने की उम्मीद है। इसको लेकर गत दिसंबर महीने में विभागाध्यक्ष प्रो.एसपी जैसवार ने क्वीनमेरी में आईवीएफ सेंटर शुरू होने का ऐलान किया था। इसके लिए पांच महिलाओं ने पंजीकरण भी करवा लिया था। लेकिन अब उन्हें इंतजार करना पड़ेगा।

### नियमों में बदलाव से आई दिक्कत

क्वीनमेरी अस्पताल की एमएस प्रो. अंजू अग्रवाल ने बताया कि जिस डोनर कंपनी के साथ अनुबंध किया गया था, वह आईसीएमआर के द्वारा प्रमाणित नहीं है। इसके साथ ही सरोगेसी के नियमों में बदलाव किया गया है कि एक डोनर के सीमेन से केवल एक ही संतान हो सकेगी। पहले एक डोनर सीमेन से 15 जोड़ों का आईवीएफ प्रोसीजर किया जाता था। इसलिए अब नए नियम से अनुबंध किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अब तक पांच महिलाओं को पंजीकृत कर उनका ट्रीटमेंट शुरू कर दिया गया है, लेकिन डोनर के लिए उन्हें अभी इंतजार करना होगा।

### नए नियम से बढ़ जाएगा खर्च

जानकारों का कहना है कि अभी तक चल रहे नियमों से एक डोनर के सीमेन से 15 महिलाओं में प्रोसीजर किया जा सकता था। नियमों में बदलाव के बाद अब सिर्फ एक ही महिला को संतान हो सकेगी। लिहाजा अब यह काफी महंगा हो जाएगा।

### क्या है आईवीएफ

यह प्राकृतिक रूप से गर्भधारण में विफल दंपतियों के लिए गर्भधारण करने का माध्यम है। आईवीएफ प्रोसीजर में महिला के शरीर में होने वाली निषेचन प्रक्रिया को बाहर लैब में किया जाता है। लैब में बने भ्रूण को महिला के गर्भाशय में प्रत्यारोपित किया जाता है।

## आयोजन

### शक्ति वंदन अभियान के तहत भाजपा लखनऊ महानगर ने किया महिलाओं का सम्मान

# 10 वर्षों में बदल गया महिलाओं का जीवन स्तर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** केंद्र सरकार ने पिछले 10 वर्षों में महिलाओं के हितों को ध्यान में रखकर काम किया है। 10 वर्षों में महिलाओं के जीवन स्तर में बदलाव आया है। आयुष्मान और उज्जवला योजना के साथ ही तीन तलाक जैसे निर्णय इसका उदाहरण हैं। ये बातें उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सोमवार को निराला नगर स्थित माधव सभागार में आयोजित नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में कहीं।

उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी के तहत योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए गाड़ी घर-घर पहुंच रही है। मोदी जैसे भाई को आप सभी महिलाओं का साथ जरूर मिलना चाहिए। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने उत्तर विधान सभा में और विधान परिषद सदस्य अवनीश पटेल ने




शक्ति वंदन अभियान के तहत महिला को प्रमाण पत्र देते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, साथ में महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी। अमृत विचार

पश्चिमी विधान सभा में राजाजीपुरम में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं को प्रशस्ति पत्र और अंग वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने शक्ति वंदन अभियान और पार्टी के कार्यक्रमों की चर्चा की। मोदी सरकार ने हर दिन महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की योजना पर काम किया है। विधायक डॉ. नीरज बोरा ने कहा कि महिलाओं को सशक्त और समृद्ध बनाने का जो काम वर्तमान सरकार ने किया है वह अभूतपूर्व है। इससे पूर्व दीनदयाल अन्त्योदय योजना और राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं समेत विभिन्न योजनाओं की लाभार्थियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग, भाजपा महानगर महामंत्री रामऔतार कनौजिया, उपाध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल, महानगर महामंत्री रामवतार कन्नौजिया, राजधानी सहकारी बैंक के चेयरमैन हरशरण लाल गुप्ता, महिला मोर्चा महानगर अध्यक्ष सीता नेगी आदि मौजूद रहे।

### बलरामपुर अस्पताल में नहीं हो पा रही सीटी स्कैन जांच

**अमृत विचार, लखनऊ :** बलरामपुर अस्पताल के सीटी स्कैन केंद्र पर लगा एसी कई दिनों से खराब है। जिसके कारण मशीन ओवरहीट होकर बंद हो जा रही है। दोबारा से चालू होने में समय लग रहा है। इसके कारण यहां जांच कराने आने वाले मरीजों को वापस लौटना पड़ रहा है। इससे वोटिंग बढ़ रही है। डॉक्टरों ने इसकी लिखित शिकायत करके मशीन ठीक कराए जाने की मांग की है। बलरामपुर अस्पताल की ओपीडी में रोजाना करीब साढ़े तीन हजार मरीज आते हैं। हर दिन करीब 40-50 मरीजों की सीटी स्कैन जांच होती है। इसमें गरीब मरीज व आयुष्मान मरीजों की मुफ्त जांच होती है। दिन का तापमान बढ़ने से इसका असर अब मशीन पर आने लगा है। केंद्र में लगा एसी भी कई दिन से खराब पड़ा है। इससे मशीन शुरू होने बाद ओवरहीट होकर बंद हो जा रही है। इससे मरीजों की जांच में दिक्कत आ रही है। टेक्नीशियनों का कहना है मशीन ओवरहीट होने की वजह से केंद्र के द्वार भी खुलवाए गए ताकि मशीन जल्द ठंडी हो। जिसके बाद दूसरे मरीजों की जांच हो सके। अस्पताल चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हिमांशु के मुताबिक, मशीन में किसी तरह की गड़बड़ी नहीं है। वहां पर लगे एसी को ठीक कराने के निर्देश दिए गए हैं।

# फार्मासिस्ट और नर्स के भरोसे चल रही राजेंद्र नगर पीएचसी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कई महीने से डॉक्टर छुट्टी पर, दूसरे डॉक्टर की भी नहीं लगाई गई ड्यूटी

**अमृत विचार :** राजेंद्र नगर का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) फार्मासिस्ट और नर्स के भरोसे चल रहा है। यहां पर तैनात महिला डॉक्टर अक्टूबर महीने में छुट्टी पर गई थीं जो अभी तक वापस नहीं लौटी हैं। इतना ही नहीं, विभाग ने भी दूसरे डॉक्टर की तैनाती करना जरूरी नहीं समझा। ऐसे में यहां आने वाले लोगों को समुचित इलाज नहीं मिल पा रहा है।

सूत्रों का कहना है कि पीएचसी पर किसी जिम्मेदार डॉक्टर की नियुक्ति न होने के कारण केंद्र निर्धारित समय से पहले बंद हो जा रहा था। वहीं, अधिकारियों ने इसको लेकर कड़े निर्देश जारी किए हैं। लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई की भी तलवार लटक रही है। वहीं, सूत्रों की मानें तो पीएचसी राजेंद्र नगर पर सारे काम फार्मासिस्ट, नर्स के भरोसे ही चल रहे हैं। नियम है कि पीएचसी पर पहुंचकर डॉक्टर ऑनलाइन हाजिरी सीएमओ कार्यालय व नोडल को एप पर भेजेंगे, लेकिन यहां की डॉक्टर की ड्यूटी करते हुए फोटो भी करीब तीन माह से अपलोड नहीं हुई है।

> डॉक्टर के लंबे समय से गायब होने की जानकारी नहीं है। मामला संज्ञान में आया है। ऑनलाइन हाजिरी की जांच कर मामले में उचित कार्रवाई की जाएगी। ऐशबाग सीएचसी की अधीक्षक से जानकारी हुई है कि पीएचसी राजेंद्र नगर की डॉक्टर ने तीन दिन छुट्टी ले रखी है।
>
> -डॉ. आरएन सिंह, ए-सीएमओ व नोडल पीएचसी

### पंचायत भवन से करें भुगतान, वर्ना कार्रवाई

**अमृत विचार, लखनऊ:** ग्राम पंचायतों के विकास संबंधी सभी भुगतान पंचायत भवन के अंदर से करने हैं। यदि बाहर से भुगतान किया तो सचिवों की सेवाएं समाप्त करने के साथ निजी व्यक्ति पर एफआईआर कराई जाएगी। यह निर्देश जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशू शेखर ठाकुर ने सभी सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) को जारी किए हैं। गांव में बने पंचायत भवनों पर सभी काम करने के साथ विकास संबंधी भुगतान भी वहीं पर लगे कम्प्यूटर से गेटवे पोर्टल पर करने का आदेश पूर्व में जारी हुआ था। फिर भी चित्रकूट में बाहर से सचिवों द्वारा भुगतान के प्रकरण सामने आने पर जिले में निर्देश जारी कर कार्रवाई की चेतावनी दी है। जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि सभी पंचायत में पंचायत भवन तैयार कर कामकाज हो रहे हैं। भुगतान वहीं से करना है। बाहर से सचिवों ने भुगतान किया तो सेवा समाप्त की जाएगी। साथ ही जिन्हें भुगतान किया गया संबंधित फर्म व व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर कराएंगे।

## एक नजर

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवती लापता

**अमृत विचार, लखनऊ:** ठाकुरगंज थानाक्षेत्र अन्तर्गत मुसाहिबगंज से एक युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। खोजीबीन के बाद भी युवती का सुराग नहीं मिला। तब उसकी मां ने एक युवक पर बेटी को बहला-फुसला कर अपने संग भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत राय के मुताबिक, क्षेत्र के मुसाहिबगंज मोहल्ले की रहने वाली महिला ने शहजाद के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। महिला ने बताया कि गत 10 फरवरी को बेटी (19) रहस्यमयी ढंग से लापता हो गई। खोजबीन करने के बावजूद उसका कहीं सुराग नहीं लगा। उन्हें आशंका है कि शहजाद बेटी को बहला-फुसलाकर अपने संग कहीं लेकर चला गया। किसी अनहोनी की आशंका पर महिला ने युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए एफआईआर दर्ज कराई है।

### चोरी की साजिश रचते दो गिरफ्तार, तीसरा फरार

**अमृत विचार, लखनऊ:** चार दिन पहले जेल से बाहर आया गैंगस्टर का आरोपी चोरी की साजिश रचते साथी संग गिरफ्तार कर लिया गया। विकास नगर इंस्पेक्टर विपिन सिंह ने बताया रविवार रात सचिवालय कॉलोनी के समीप दो संदिग्धों को दबोचा गया। जबकि तीसरा आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। पकड़े गये आरोपियों की पहचान तालकटोरा निवासी नरेश लोधी व सआदतगंज के सोनू वर्मा के रूप में हुई। गिरोह का सरगना नरेश सब्जी बेचता है। उसके खिलाफ कई थानों में 27 मामले दर्ज हैं। नरेश चार दिन पहले ही चोरी के मामले में जेल छूटा था। फरार आरोपित की पहचान मड़ियांव निवासी अफजल के रूप में हुई। उसे गिरफ्तार करने के लिये टीमें दबिश दे रही हैं।


# तेज रफ्तार एक्सयूवी ने मारी नैनो को टक्कर, महिला की मौत, चार घायल

## अनियंत्रित वैन हाईवे किनारे दीवार से टकराई, साथी की मौत

संवाददाता, लखनऊ/बीकेटी

**अमृत विचार:** पीजीआई थानाक्षेत्र अन्तर्गत वृंदावन योजना के समीप रविवार रात गलत दिशा से आ रही तेज रफ्तार एक्सयूवी ने नैनो को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में वर्षा निगम (45) की मौत हो गई। जबकि चार लोग जख्मी हो गए। वहीं, लखनऊ-सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर देर रात मारुति वैन अनियंत्रित होकर एक दीवार से टकरा गई। इस हादसे में वैन चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जबकि साथी महफूज (21) की मौत हो गई।

**ब्रेक फेल होने की वजह से हुआ हादसा**



बीकेटी थानाक्षेत्र अंतर्गत नगुआमऊ कला गांव निवासी वैन चालक सूर्योदय प्रताप साथी महफूज (21) के साथ रात ढाई बजे सीएनजी गैस भरवाने के लिए जा रहे थे। लखनऊ-सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक हनुमान मंदिर के पास वैन का ब्रेक फेल हो गया। इसके बाद वैन मंदिर की दीवार से टकरा गई। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो टक्कर की तीव्रता इतनी तेज थी दीवार भरभरा कर वैन पर ढह गई। वैन का अगला हिस्सा मलबे में दब गया। इस मलबे में वैन चालक सूर्योदय साथी महफूज के संग अंदर ही फंस गया। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से वैन को काटकर दोनों को बाहर निकला। फिर उन्हें सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां, डॉक्टरों ने महफूज को मृत घोषित कर दिया।

**देवर की मौत पर ससुराल जा रही थी महिला**-पीजीआई प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक, सआदतगंज के रहने वाले जितेंद्र निगम के भाई श्रवण निगम की बीमारी के चलते अस्पताल में मौत हो गई थी। वह परिजनों के साथ नैनो कार से अस्पताल से तेलीबाग स्थित अपने पैतृक घर जा रहे थे। उनका शव एंबुलेंस से पैतृक निवास स्थान जा रहा था। वृन्दावन पुलिस चौकी के सामने रोड पर विपरीत दिशा से आ रही एक एक्सयूवी ने नैनो में टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में कार सवार सभी लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने नैनो का दरवाजा तोड़ सभी को बाहर निकला। जिसमें वर्षा निगम गंभीर रूप से जख्मी हो गई। उन्होंने पीजीआई के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत हो गई। वहीं, एक्सयूवी सवार बिहार निवासी रवि प्रकाश, अनिल सिंह और अलोक चंद्र पाण्डेय को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। पुलिस पीड़ित पक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई कर रही है।

# एटीएम बदल खातों से रुपये पार करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पुलिस ने तीन को गिरफ्तार कर 69 एटीएम कार्ड बरामद किये
- लखनऊ समेत कई जिलों में लोगों को बनाते थे निशाना

**अमृत विचार:** बूथ में बुजुर्गों से मदद के बहाने उनके एटीएम कार्ड बदल कर रुपये निकालने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से चोरी किये गये 69 एटीएम कार्ड, 1.6 लाख रुपये और कार बरामद की गयी है। आरोपी लखनऊ समेत आसपास के कई जिलों में लोगों को निशाना बनाते थे। गोमतीनगर पुलिस ने गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

गोमती नगर इंस्पेक्टर दीपक कुमार पांडेय ने बताया विरामखंड निवासी मीनाक्षी चन्द्रन पत्नी पीएम चन्द्रन से 4 फरवरी को बूथ में मदद के बहाने युवक ने एटीएम कार्ड बदल कर उनके खाते 14 बार में 1.14 लाख रुपये निकाल लिये थे। तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही थी। सीसीटीवी फुटेज से आरोपी की पहचान कर ग्वारी चौराहा के पास से तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों की पहचान आलोक कुमार कोरी उर्फ भोले निवासी ग्राम पूरे पाण्डेय, थाना लीलापुर, प्रतापगढ़, सूरज सिंह उर्फ छोटू और स्वपनिल सिंह उर्फ विशाल सिंह निवासी ग्राम पूराचान्द थाना औरास, उन्नाव के रूप में हुई। इंस्पेक्टर ने बताया आरोपियों के कब्जे से 69 एटीएम कार्ड और 1,02600 रुपये व कार बरामद की गयी है। तीनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न थानों में 10 मुकदमे दर्ज हैं।

### पत्नी पर देह व्यापार करने का डाला दबाव

**अमृत विचार, लखनऊ:** ठाकुरगंज थाने में एक महिला ने ससुराल पक्ष वालों पर गंभीर आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। महिला का आरोप है कि ससुराल में उससे देह व्यापार किए जाने का भी दबाव डाला गया, लेकिन उसने मना कर दिया। तब उसे कई तरह की यातनाएं भी झेलनी पड़ी। प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत राय के मुताबिक, क्षेत्र की रहने वाली महिला ने पति शावेज उर्फ राजा समेत तीन परिवारिक सदस्यों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है। लिखित शिकायत में महिला ने बताया कि वर्ष 2021 में कानपुर नगर के थाना चकेरी पूर्वी निवासी शावेज उर्फ राजा से उसका निकाह हुआ था। आरोप है कि कुछ माह बाद महिला को पति के एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर की जानकारी मिली थी। इसको लेकर वह विरोध करने लगी। तब महिला का शौहर उस पर देह व्यापार करने का दबाव बनाने लगा। इंकार करने पर आरोपी ने मुंह बंद रखने की धमकी दी। मायके आने पर महिला ने परिजनों को आपबीती सुनाई। थाने में रिपोर्ट दर्ज न होने पर महिला ने मुख्यमंत्री शिकायत प्रकोष्ठ में मदद की गुहार लगाई। अधिकारियों के आदेश पर ठाकुरगंज पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामला दंपति के आपसी विवाद से जुड़ा है।

# लोन लिए बिना ही युवक दो-दो कंपनियों का बन गया कर्जदार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गुडम्बा इलाके का रहने वाला है पीड़ित, पुलिस से की शिकायत

**अमृत विचार:** गुडम्बा थाना अंतर्गत खोजे का पुरवा निवासी रिजवान सिद्दीकी ने बताया उसका पैन कार्ड गायब हो गया था। कुछ दिन पहले उसके मोबाइल नंबर पर दो अलग-अलग कंपनियों का मैसेज आया। जिनमें उस पर लोन बकाया दिख रहा है। रिजवान ने जालसाज द्वारा उसके पैन का दुरुपयोग कर लोन मंजूर करा कर निकालने का आरोप लगाया है।

रिजवान ने बताया कि उसके मोबाइल पर आये मैसेज में 10758 रुपये लोन दिखा रहा है। इसकी दो ईएमआई अक्टूबर और नवम्बर 2021 में जमा दिखा रही हैं। पता चला कि पैन कार्ड का गलत इस्तेमाल कर 8917738788 नंबर से लोन लिया गया है। इसी तरह दूसरी कंपनी में 7676 रुपये का लोन दिखा रहा है। इसकी एक ईएमआई दिसम्बर 2021 में जमा दिखा रही है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। इंस्पेक्टर नीतेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया मोबाइल नंबर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की है।

# महिला और युवक का फंदे से लटका मिला शव

संवाददाता, लखनऊ/काकोरी

- पारा और गोमतीनगर क्षेत्र से सामने आए खुदकुशी के मामले
- दोनों ही मामलों में पुलिस को नहीं मिला सुसाइड नोट

**अमृत विचार:** पारा थानाक्षेत्र अन्तर्गत ग्रीन सिटी बुद्धेश्वर में बीमारी से तंग आकर सरिता देवी (47) ने घर में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। वहीं, गोमतीनगर के ग्वारी गांव में घरेलू कलह के चलते अशोक यादव (45) ने आत्मघाती कदम उठा लिया। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से बातचीत कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल, दोनों ही मामलों में पुलिस को घटनास्थल से किसी भी प्रकार का सुसाइड नोट नहीं मिला है।

पारा प्रभारी निरीक्षक बृजेश वर्मा के मुताबिक, ग्रीन सिटी बुद्धेश्वर निवासी संतोष कुमार ऑटो चालक है। वह पत्नी सरिता व दो बच्चों के संग रहते हैं। पीड़ित ने बताया कि लम्बे समय से सरिता बीमार चल रही थी। इलाज कराने पर भी फायदा नहीं मिला। बताया कि जिस वक्त पत्नी सरिता खुदकुशी की, वह ऑटो चलाने गए थे। वापस लौटने पर पत्नी का शव फंदे से लटका मिला। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा।

वहीं, गोमतीनगर प्रभारी निरीक्षक दीपक पांडे के मुताबिक, जौनपुर निवासी अशोक यादव कानपुर में रहकर वकालत करते थे। काम से उनका लखनऊ आना जाना था। चार दिन पहले ही चचेरे भाई राजेश के घर आए थे। राजेश सोमवार सुबह वह कुछ सामान लेने निकले, वापस लौटे तो अशोक का शव गमछे से सहारे पंखे से लटक रहा था। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस का कहना है कि आत्महत्या का सही कारण स्पष्ट नहीं हो सका।

# नगर निगम अफसरों ने ई-रिक्शा चालक के घर की सील हटाई

लखनऊ संवाददाता/ठाकुरगंज

- एडीसीपी ने कहा, मामले में जांच कर करवाई जाएगी

**अमृत विचार:** नगर निगम की तरफ से मृतक शीतल कश्यप के घर की सील सोमवार को खोल दी गई। कई घरों पर चस्पा नोटिस भी फाड़ दी। एडीसीपी पश्चिमी विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया मामले में क्लीन चिट नहीं दी गई। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

बैरागी टोला में नगर निगम ने मृतक ई रिक्शा चालक शीतल कश्यप के मकान को बीते शुक्रवार गृहकर बकाया होने सील कर दिया था। शीतल ने परेशान होकर फंदा लगा लिया था। घटना से नाराज परिजन ने नगर निगम की टीम पर कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन कर तहरीर दी थी। मामले में सोमवार को नगर निगम जोन 6 से राकेश प्रताप सिंह ने टीम के संग शीतल के घर पहुंचकर नोटिस हटाकर सील घर खोल दिया। पड़ोसी संजू के मकान की सील भी खोली, रामभरोसे व भीखा के घर पर गृहकर बकाया की चस्पा नोटिस भी फाड़ दी।



प्रदेश पार्टी कार्यालय में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्षा अल्का लांबा का स्वागत करतीं पार्टी कार्यकर्ता। अमृत विचार

### जमीन की पैमाइश रुकवा चोरी से जोता खेत

**अमृत विचार, लखनऊ:** सरोजनीनगर थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र गिरी के मुताबिक, चौक कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत खुनखुन जी मार्ग निवासी सुनीता यादव ने गौरी गांव के छेदी लाल और उसके कुछ साथियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़िता ने बताया कि गौरी गांव में उनकी जमीन पर है। जिस पर छेदी लाल कब्जा करना चाहता है। हालांकि, उनका मामला न्यायालय में विचाराधीन है। आरोप है कि छेदी लाल ने जमीन की पैमाइश रुकवा चोरी से उनका खेत जोत लिया। इस बात की जानकारी मिलते ही वह विरोध करने लगी। तब आरोपी अपने कुछ साथियों के संग महिला को जान से मारने की धमकी देने लगा। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की गहनता से जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# चारागाह पर कब्जे के विरोध में किसान यूनियन का धरना

संवाददाता, मलिहाबाद

**अमृत विचार:** माल क्षेत्र में चारागाह की सुरक्षित भूमि पर अवैध रूप के प्लाटिंग करने व बाउंड्री बनाने व नियम विरुद्ध बनाई गई विद्युत लाइन से विजली उपयोग किये जाने का आरोप लगाते हुये भारतीय किसान यूनियन लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश सिंह चौहान की अगुवाई में ग्राम समाज की सुरक्षित भूमि को मुक्त कराए जाने को लेकर यूनियन के कई दर्जन कार्यकर्ताओं ने थरी पंचायत के बख्खाखेड़ा चौराहे पर सोमवार से अनिश्चित कालीन धरना शुरू कर दिया। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस भी मुस्तैद नजर आयी।




बख्खाखेड़ा चौराहे पर धरना देते किसान यूनियन के कार्यकर्ता व पदाधिकारी। अमृत विचार

पूर्व निर्धारित कर्यक्रम के तहत सोमवार से भारतीय किसान यूनियन लोकतांत्रिक के कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश सिंह चौहान व अन्य पदाधिकारियों के साथ ग्राम समाज की भूमि को अवैध कब्जेदारों से मुक्त कराने की मांग को लेकर अनिश्चित कालीन धरने पर बैठ गये। उल्लेखनीय है कि विकास खण्ड की थरी पंचायत के बख्खाखेड़ा मे खसरा संख्या 1636 (6) रकबा 18.8230 हेक्टेयर जमीन जो सरकारी अभिलेखों में चरागाह के रूप में दर्ज है। उस पर कब्जा कर खेती करने के साथ प्रापर्टी डीलरों द्वारा प्लाटों की बिक्री की जा रही है। वहीं बनाये गये आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज की बाउंड्रीवाल वाल का अवैध निर्माण कर भूमि पर कब्जा किये जाने का जिक्र किया है। यूनियन का आरोप यह भी है चरागाह भूमि तक विद्युत लाइन भी अवैध रूप से पहुचाई गयी है। भारतीय किसान यूनियन लोकतांत्रिक ने समस्त आरोपों की जांच व भूमि को कब्जा मुक्त कराने के लिये तहसील प्रशासन को प्रेषित पत्र में रविवार तक का समय दिया था।

इस मौके पर संगठन के जिलाध्यक्ष अतुल कुमार, प्यारेलाल, व तहसील अध्यक्ष अर्जुन सिंह सहित संगठन के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# छात्रा से छेड़खानी कर धारदार हथियार से किया सिर पर हमला

संवाददाता, लखनऊ/काकोरी

- छात्रा को धमकी देकर मनचले घटनास्थल से भाग खड़े हुए

**अमृत विचार:** पारा थानाक्षेत्र अन्तर्गत मायापुरम की एक कॉलोनी में घर के बाहर खड़ी छात्रा से मनचलों ने छेड़खानी की। विरोध करने पर मनचलों ने धारदार हथियार से उसके सिर पर वार कर दिया। इसके बाद आरोपी छात्रा को धमकी देते हुए घटनास्थल से भाग निकले। हालांकि, देर रात पुलिस ने मनचलों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पारा प्रभारी निरीक्षक बृजेश वर्मा के मुताबिक, क्षेत्र की रहने वाली युवती (25) बीए में पढ़ती है। सोमवार शाम वह घर के दरवाजे पर खड़ी थी। आरोप है कि उसे अकेला खड़ा देख आदर्श अपने कुछ साथियों को साथ उसके पास पहुंचा और उस अश्लील फब्तियां कसते हुए छेड़खानी करने लगा। छात्रा के विरोध करने पर आरोपी अपशब्द कहने लगा। जब तक वह कुछ भांप पाती तब तक शोहदों ने उसके सिर पर धारदार हथियार से वार कर दिया। पड़ोसियों की अपनी तरह आता देख शोहदे धमकी देते हुए घटनास्थल से भाग खड़े हुए। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि छात्रा को मेडिकल कराया गया है। मेडिकल रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है।

# भागने की फिराक में था हत्यारोपी

मलिहाबाद, संवाददाता

- हिमांशु हत्याकांड का चौथा हत्यारोपी गिरफ्तार, महिला की तलाश जारी



**अमृत विचार:** कार की चाभी न देने पर दोस्तों ने ही हिमांशु (27) की हत्या कर शव को गोमती नदी में फेंक दिया था। मृतक की पत्नी ने पांच लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें माल पुलिस ने तीन हत्यारोपियों को गिरफ्तार जेल भेज दिया। जबकि महिला समेत दो आरोपी फरार चल रहे थे। रविवार देर रात माल पुलिस ने वारदात में शामिल चौथे हत्यारोपी बलराम यादव की गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया है। साथियों की गिरफ्तारी के बाद आरोपी शहर छोड़ने की फिराक में था।



पकड़ा गया हत्यारोपी बलराम यादव

गौरतलब है कि बीती 6 जनवरी की शाम बीकेटी थानाक्षेत्र अन्तर्गत बंझी घाट पर एक युवक का शव पानी में उतराता मिला। उसकी शिनाख्त माल के नारु गांगन निवासी हिमांशु के रूप में की गई थी। पत्नी खुशबू ने बताया कि 5 जनवरी की शाम हिमांशु घरेलू सामान की खरीदारी गए थे। उसके बाद वह वापस घर नहीं लौटे। अगले दिन हिमांशु का शव गोमती नदी में उतराता मिला।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि होने पर खुशबू ने रामपुर निवासी वीरपाल, अंजनी, बलराम, ग्राम मसीढ़ा निवासी दीपक कुमार यादव उर्फ शेरा व मृतक के चचेरे भाई की पत्नी रामकुमारी पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। माल प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि हिमांशु की हत्या में नामजद वीरपाल यादव, अंजनी और दीपक कुमार यादव उर्फ शेरा की पूर्व में गिरफ्तारी की जा चुकी है। देर रात पुलिस ने चौथे हत्यारोपी बलराम यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जबकि रामकुमारी की तलाश जारी है।

### प्रशासनिक अधिकारी के चालक ने लगाया फंदा

**अमृत विचार, लखनऊ:** विभूतिखंड थानाक्षेत्र अन्तर्गत ओमेक्स अपार्टमेंट में सोमवार दोपहर कानपुर के एक प्रशासनिक अधिकारी के निजी चालक हिमांशु (35) ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को हादसे की जानकारी देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक सुनील सिंह के मुताबिक, मूलरूप से कानपुर नगर के गोविंदनगर निवासी हिमांशु प्रशासनिक अधिकारी केके सिन्हा की गाड़ी चलाता था। रविवार को वह उनके साथ लखनऊ आया था। सोमवार दोपहर हिमांशु का शव ओमेक्स अपार्टमेंट में फंदे से लटका मिला। शिनाख्त के बाद परिजनों को जानकारी देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## सार-संक्षेप

### एसडीएम कोर्ट में हंगामा, 200 मुकदमों की नहीं हुई सुनवाई

**अमृत विचार, मोहनलालगंज:** सोमवार को एसडीएम कोर्ट में सुनवाई के दौरान मुकदमे में स्टे को लेकर दो पक्ष आमने-सामने हो गए। हंगामा होता देख एसडीएम न्यायालय से उठकर चले गए। वहीं हंगामे को लेकर करीब 200 मुकदमों में तारीख देकर वादकारियों को बैरंग वापस भेज दिया। सोमवार को एसडीएम न्यायालय में शांतिपूर्ण मुकदमों की सुनवाई चल रही थी। काजलिस्ट में 91वें नम्बर पर लगे अपील के मुकदमे की पुकार हुई। इस दौरान दोनों पक्ष हाजिर रहे। सुनवाई के दौरान एक पक्ष ने एसडीएम से स्टे करने के लिए कहा। इस पर दूसरे पक्ष ने इसका विरोध किया। बात बढ़ी तो हंगामा शुरू हो गया। न्यायालय के अंदर हंगामा बढ़ता देख एसडीएम बृजेश कुमार कोर्ट से अपने चेम्बर चले गए। कुछ वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं को समझा बुझाकर मामला शांत कराया। कुछ देर बाद एसडीएम ने दोनों पक्षों को अपने केबिन में बुलाकर बहस सुनी। एसडीएम ने बताया कि लोवर कोर्ट में एक मुकदमे का आदेश हुआ था उसी की अपील मेरे न्यायालय में हुई थी। उसी को लेकर दोनों पक्ष के अधिवक्ता बहस कर रहे थे। फिलहाल मुकदमे को आदेश हेतु सुरक्षित रख लिया। हंगामे की वजह से 200 मुकदमों की सुनवाई नहीं हो सकी।

### पीडब्ल्यूडी के प्रधान सहायक अधिकारी से 82 हजार की ठगी

**अमृत विचार, लखनऊ:** शीतल रेजिडेंसी अपार्टमेंट में रहने वाले मनोज कुमार दुबे पीडब्ल्यूडी में प्रधान सहायक अधिकारी हैं। उनके मोबाइल पर जालसाज ने एआई का इस्तेमाल कर परिचित की आवाज में बात की। बताया दोस्त अस्पताल में भर्ती है। डॉक्टर ने उसके ऑपरेशन की बात कही है। इसमें काफी रुपये खर्च होने हैं, उसके खाते में रुपये हैं, लेकिन निकल नहीं पा रहे हैं। झांसे में आये मनोज कुमार ने जालसाज के बताये बैंक खाते में 82 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिये। जालसाज ने अगले दिन रुपये लौटाने को कहा था, लेकिन इसके बाद से उसका नंबर बंद हो गया। ठगी का एहसास होने पर मनोज ने अपने परिचित को कॉल की, तब धोखाधड़ी का खुलासा हुआ। इंस्पेक्टर इंदिरानगर ने बताया अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### फोटो वायरल करने की धमकी देकर वसूले 2.49 लाख

**अमृत विचार, लखनऊ:** गोसाईंगंज थाना थाना अंतर्गत महुरा खुर्द निवासी अभिषेक वर्मा ने बताया उसके मोबाइल फोन पर अनजान नंबर से कॉल आयी। उधर से बोलने वाले की आवाज परिवार के सदस्य की लगी। उधर से जरूरी काम बता अभिषेक का आधार, पैन कार्ड और फोटो व्हाट्सअप पर मंगा ली। इसके बाद जालसाज ने एडिट करके उसकी आपत्तिजनक फोटो भेजीं, जिसे वायरल करने की धमकी देकर उससे 2 .49 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिये। पीड़ित ने बताया कि अब आरोपी लगातार कॉल कर अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी दे रहा है। पीड़ित ने तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इंस्पेक्टर महेंद्र कुमार शुक्ल ने बताया अज्ञात के खिलाफ आईटी एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

### स्कूल के किचन में लगी आग, ट्रक व बाइक भी जले

**अमृत विचार, लखनऊ:** जानकीपुरम इलाके के तिवारी चौराहे के पास के स्थित कॅरियर पब्लिक स्कूल में सोमवार को आग लग गई। स्कूल के प्रधानाचार्य मो. सलीम खान ने बताया दोपहर 1 बजे स्कूल बंद हो गया था। तभी स्कूल के किचन से लपटें निकलती दिखीं। आसपास के लोगों ने सूचना अग्निशमन कर्मियों को दी। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने 15 मिनट में आग पर काबू पाया। उधर, कृष्णा नगर इलाके में बाराबिरवा नहर चौराहे के समीप सोमवार तड़के ट्रक के टायर में आग आग लग गई। चालक फिरोज की सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। इधर, शहीद पथ कमता चौराहे के समीप सुबह 11:30 बजे बाइक में आग लग गई।

**कबाड़ गोदाम मामला** — विस्फोट किस सामग्री से हुआ था, अब तक नहीं हो सका खुलासा

# फोरेंसिक एक्सपर्ट करेंगे क्राइम सीन का रिक्रिएशन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**फॉलोअप**

- कैंट क्षेत्र के लकड़ी मोहाल में कबाड़ गोदाम में विस्फोट से हुई थी युवक की मौत

**अमृत विचार:** कैंट सदर के लकड़ी मोहाल स्थित कबाड़ गोदाम में हुए विस्फोट की जांच के लिए आगरा से फोरेंसिक एक्सपर्ट बुलाये गये हैं। टीम के सदस्य क्राइम सीन का रिक्रिएशन कर जानने का प्रयास करेंगे कि किस सामग्री से विस्फोट हुआ था। टीम की रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

कबाड़ गोदाम में धमाके से मजदूर की मौत हो गयी थी। बम स्क्वायड व फोरेंसिक टीमों ने घटना स्थल की जांच की थी, लेकिन विस्फोट किस सामग्री से हुआ था, यह सामने नहीं आया था। बम निरोधक दस्ते ने भी अपनी रिपोर्ट कैंट थाने को सौंप दी थी।

कैंट इंस्पेक्टर गुरुप्रीत कौर ने बताया कि बीडीएस टीम की रिपोर्ट में विस्फोट में एक्सप्लोसिव की पुष्टि नहीं हुई थी। तब फोरेंसिक की विशेष टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया था। एसीपी कैंट पंकज कुमार सिंह ने विधि विज्ञान प्रयोगशाला को पत्र लिखा था। ऐसे में फोरेंसिक विभाग ने आगरा से एक्सपर्ट को बुलाया है। टीम उच्चाधिकारियों के निर्देश पर क्राइम सीन रिक्रिएशन करेगी।

बता दें कि अब तक घटना स्थल का दमकल, बीडीएस, फोरेंसिक समेत अन्य टीमें निरीक्षण कर चुकी हैं। किसी को भी मौके से कोई ऐसी सामग्री नहीं मिली, जिससे पता लगता कि किसी एक्सप्लोसिव से विस्फोट से हुआ था। प्रथम दृष्टया किसी चीज में केमिकल भरा होने व चिंगारी या आग लगने से विस्फोट होने की चर्चा है।

**यह है मामला**

लकड़ी मोहाल स्थित कबाड़ के गोदाम में 6 फरवरी को विस्फोट से हरदोई निवासी 34 वर्षीय कृष्ण कुमार की मौत हो गई थी। कबाड़ गोदाम लक्ष्मीकांत गुप्ता उर्फ पप्पू का है। विस्फोट से कृष्ण कुमार के शरीर के चीथड़े उड़ गए थे। कई अंग काफी दूर जा गिरे थे। शव पूरी तरह क्षत-विक्षत हो गया था। धमाके की गूंज से आसपास के लोग थर्रा गये थे। गोदाम के पीछे रह रहे परिवार के सदस्य काफी देर तक सदमे की हालत में रहे थे। उनका कहना था कि जीवर में पहली बार इतनी तेज धमाका सुना।

# सिलाई मशीन के पटरे बनाने वाली फैक्ट्री में लगी आग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सरोजनीनगर के नादरगंज की घटना
- एक घंटे में आग पर पाया जा सका काबू

**अमृत विचार:** सरोजनीनगर इलाके में रविवार को सिलाई मशीन के पटरे बनाने वाली फैक्ट्री में आग लग गई। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने दो टैंकर से आग पर काबू पाया।

नादरगंज में राहुल जायसवाल की मृत्युंजय इंटरप्राइजेज नाम से सिलाई मशीन के पटरे बनाने की फैक्ट्री है। रविवार को फैक्ट्री बंद थी। आसपास के लोगों ने रात 8 बजे फैक्ट्री से निकलता धुआं देख दमकल व फैक्ट्री मालिक को सूचना देकर आग पर काबू पाने का प्रयास करने लगे। लेकिन लकड़ी भरी होने से आग भड़क गई। तब तक दमकल कर्मी पहुंच गये। करीब घंटे भर की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। प्रभारी अग्निशमन अधिकारी सुमित प्रताप सिंह ने बताया आग से जनहानि नहीं हुई है। फैक्ट्री में अग्नि सुरक्षा उपकरण नहीं लगे थे। मालिक के पास एनओसी थी। उपकरण नहीं होने से आग पर काबू पाने में मशक्कत करनी पड़ी।

## एक नजर

### टी-20 क्रिकेट में लखनऊ ने दर्ज की खिताबी जीत

**अमृत विचार, लखनऊ :** उरई में हुई मुन्नी देवी सिरोठिया उत्तर प्रदेश महिला टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब लखनऊ ने जीत लिया। लखनऊ ने फाइनल में आगरा को छह विकेट से हराया। आगरा ने पहले बल्लेबाजी कर 20 ओवर में 136 रन बनाए। जवाब में लखनऊ ने 20वें ओवर की अंतिम गेंद पर कप्तान आरजू सिंह के चौके की बदौलत टीम को रोमांचक जीत दिलाई।

### बसंत पंचमी पर कवि गोष्ठी और सम्मान समारोह

**अमृत विचार, लखनऊ :** अखिल भारतीय काव्यधारा की रामपुर इकाई ने सोमवार को राजधानी की पुरानी जेल रोड स्थित इक्षुपुरी कालोनी में कवि गोष्ठी और सम्मान समारोह का आयोजन किया। यह आयोजन बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में किया गया। सुष्मिता सिंह की वाणी वंदना से शुरू हुए इस समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ गीतकार डॉ. शिवभजन कमलेश ने की, जबकि मुख्य अतिथि भूपेन्द्र सिंह होश और विशिष्ट अतिथि कमल किशोर भावुक, विनोद भावुक और कृपाशंकर श्रीवास्तव थे। इस मौके पर हिन्दी की उत्कृष्ट सेवा के लिए सुष्मिता सिंह, डॉ. आलोक यादव, श्वेता शुक्ला, उपमा आर्य सहर, जितेन्द्र पाल सिंह दीप, सुरेखा अग्रवाल, श्याम जीत सिंह, प्रिया सिंह और प्रेम शंकर शास्त्री को सम्मानित किया गया। लखनऊ इकाई के महामंत्री शैलेन्द्र सक्सेना ने सभी को बसन्त पंचमी की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन संजय सागर ने किया।

### उर्वरक का नमूना फेल स्पष्टीकरण गोलमोल

**अमृत विचार, लखनऊ :** बीकेटी की एक दुकान से लिया गया उर्वरक का नमूना जांच में अधोमानक मिलने पर विक्रेता ने स्पष्टीकरण गोलमोल दिया। उल्टा परीक्षण में विभाग की गलती बता दी। इस पर जिला कृषि अधिकारी ने दोबारा नोटिस जारी कर साक्ष्य समेत किसानों की सूची मांगी है। जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह ने सीतापुर रोड स्थित एक दुकान में उर्वरक का नमूना लिया था। जो परीक्षण में अधोमानक निकला। इस पर नोटिस जारी कर साक्ष्य समेत कारण पूछा और किसानों की सूची मांगी। जवाब में विक्रेता ने कहा उर्वरक परीक्षण करके ही लाते हैं। जो अधोमानक नहीं हो सकती है। लैब में परीक्षण के दौरान गलती हो सकती है। साक्ष्य और किसानों की सूची नहीं दी। दोबारा परीक्षण की बात कही। इस पर जिला कृषि अधिकारी ने जवाब गलत बताकर दोबारा नोटिस जारी कर तीन दिन में साक्ष्य और किसानों की सूची मांगी है। जो न देने पर लाइसेंस निरस्त करने की चेतावनी दी है। वहीं, बीकेटी, तालकटोरा व मोहनलालगंज में जनवरी में टॉप 20 के तहत किसानों को मानक से अधिक उर्वरक बेचने पर नोटिस जारी किया है।

# नई तकनीक से अपराध नियंत्रण करने में जुटी पुलिस

## जगजीवन राम अकादमी में 67वीं आल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट शुरू, एनआईए के महानिदेशक ने किया उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** तकनीक का तेजी से विकास हो रहा है। इसने जीवन यापन के तरीकों को बदल दिया है। तकनीक का कुछ लोग दुरुपयोग भी कर रहे हैं। अपराध के बदलते स्वरूप में पुलिस लगातार प्रयास कर नई तकनीक से नियंत्रण करने में जुटी है। ये बातें एनआईए के महानिदेशक दिनकर गुप्ता ने कहीं। वह सोमवार को जगजीवन राम अकादमी में 67वीं आल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। इसमें देश के 20 राज्यों की पुलिस और नौ अर्द्धसैनिक बल शामिल हैं। जो अपराध की वैज्ञानिक तरीके से जांच पर आधारित प्रतिस्पर्धा में भाग ले रहे हैं।



जगजीवन राम आरपीएफ अकादमी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुस्तक का विमोचन करते डीजी एनआईए दिनकर गुप्ता, आरपीएफ डीजी मनोज यादव व अन्य।



जगजीवन राम आरपीएफ अकादमी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान परेड की सलामी लेते अधिकारी।

एनआईए महानिदेशक ने आरपीएफ महानिदेशक मनोज यादव के साथ स्मारिका का विमोचन करते हुए कहा कि आल इंडिया पुलिस डयूटी मीट सभी राज्यों की पुलिस के बीच वैज्ञानिक तरीके से जांच, फोटोग्राफी जैसी कई प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपने कौशल को निखारने में मदद प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि हर संपर्क एक निशान छोड़ जाता है। जब दो वस्तुएं संपर्क में आती हैं तो उनमें आपस में कुछ आदान-प्रदान होता है। इस युग में डिजिटल इनवेस्टिगेशन भी महत्वपूर्ण है। अखिल भारतीय पुलिस डयूटी मीट की प्रतियोगिताओं का विश्लेषण करें तो हमें पता लगता है कि उनमें साइंटिफिक तरीके से क्राइम सीन को सूक्ष्मता से जांच करने की क्षमता, फिंगर प्रिंट आदि का एग्जाम भी लिया जाता है। इसी प्रकार से वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी के स्कील्स को भी परखा जाता है। क्राइम सीन में उपस्थित प्रत्येक वस्तु साक्ष्य के परिदृश्य से महत्वपूर्ण हैं। अपनी उपस्थिति के निशान छोड़े बिना अपराध को अंजाम देना किसी भी अपराधी के लिए लगभग असंभव है। यह सिद्धांत डिजिटल जांच में भी स्वाभाविक रूप से लागू होता है कि आज की डिजिटल दौर में लोग कहीं भी जाते हैं, वहां डिजिटल फुटप्रिंट्स के निशान छूट जाते हैं। यह सिद्धांत फोरेंसिक पर भी लागू होता है। यही कारण है कि सुरक्षा बल, पुलिस पर्सनल डेटा माइनिंग पर ध्यान रखते हैं। पुलिस में भी कंप्यूटर में कुशलता प्राप्त करने पर इतना अधिक जोर दिया जा रहा है। संसद में लागू भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 को लागू करने के लिए इस आल इंडिया पुलिस डयूटी मीट में काम हो रहा है।

### श्वानों को दी जाने वाली ट्रेनिंग की कसौटी को परखा

**लखनऊ :** आल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट में शामिल देश के 20 राज्यों की पुलिस व नौ अर्धसैनिक बल के श्वानों को दी जा रही ट्रेनिंग को भी परखा गया। सोमवार को तीन आरपीएसएफ बटालियन में निर्णायक मंडल ने सभी श्वानों की ट्रेनिंग की परीक्षा ली। प्रतियोगिता में श्वानों को छोड़कर उनके ट्रेनर को वहां से हटा दिया गया। हर श्वान को पहले मांस का टुकड़ा दिया गया। उसके बाद दूध व सोयाबीन और आखिरी में पानी दिया गया। श्वानों की सूंघने की शक्ति कितनी सटिक है? इसका पता उस समय चला जब एक के बाद एक कई श्वान ने उनके सामने अजनबी के हाथ से परोसे गए मांस के टुकड़े और सोया-दूध को खाने से मना कर दिया। उन्होंने पानी तक नहीं पिया, लेकिन झारखंड पुलिस का लेब्राडोर श्वान लिपंसी मांस के टुकड़े को खाने से मना करने के बाद दूध सोयाबीन देखकर खुद को रोक नहीं सका। उसने जैसे ही दूध और सोयाबीन को अजनबी के हाथ से परोसे गए बर्तन को देखा खा लिया, तुरंत ही हाथ उठाकर इशारा होते ही उसकी माइनस मार्किंग भी हो गई। दिन भर चली प्रतियोगिता में चार राज्यों के श्वान इस परीक्षा में फेल हो गए। इससे पहले जगजीवन राम आरपीएफ अकादमी में पहली बार मीट में हिस्सा ले रहीं एसपीजी सहित 20 राज्यों के पुलिस और नौ अर्द्धसैनिक दल ने मार्च पास्ट किया। मार्च पास्ट की सलामी एनआईए के महानिदेशक दिनकर गुप्ता ने ली। आरपीएफ अकादमी में आतिशबाजी से आल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट शुरुआत हुई। प्रतियोगिता में 1100 पुलिसकर्मी हिस्सा ले रहे हैं। सिग्नेचर बिल्डिंग में प्रतिभागियों ने कंप्यूटर प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।

### मांगों को लेकर एनएचएम कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री को भेजे डाक पत्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ उप्र. की ओर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को प्रदेश से करीब 10 हजार डाक पत्र भेजे जाने की शुरुआत सोमवार से की गई। डाक पत्र के जरिए एनएचएम कर्मचारी अपनी वेतन विसंगति समेत तमाम मांगों को मुख्यमंत्री तक पहुंचाने के लिए जुटे हैं। संघ के जिला अभियान प्रभारी आनंद कौशल ने बताया कि लखनऊ से मुख्यमंत्री को 1500 पत्र भेजना शुरू किया गया है। यह डाक पत्र 22 फरवरी तक सीएम को भेजे जाएंगे। साथ ही 21 जनवरी से एक्स पर हैस टैग भी किए जाएंगे। संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों का कहना है कि डाक पत्र मुख्यमंत्री को भेजे जाने के पीछे उद्देश्य है कि वर्ष 2016 से हर साल केंद्र सरकार द्वारा दिए जाने वाले तीन फीसदी अतिरिक्त बजट से वेतन विसंगति दूर की जाए। केंद्र सरकार की ओर से दिए जा रहे इस तीन फीसदी अतिरिक्त बजट का उपयोग हरियाणा, मध्य प्रदेश, बिहार समेत दूसरे राज्य एनएचएम कर्मचारियों के वेतन नीति का निर्धारण में करते हुए संविदा कार्मिकों की मांग पूरी कर रहे हैं। लेकिन उप्र. में विभागीय अधिकारियों की लापरवाही से आठ साल होने के बाद भी वेतन विसंगति समेत एनएचएम कर्मचारियों की दूसरी समस्याओं का निराकरण नहीं हो रहा है। इससे एनएचएम कर्मचारियों का आक्रोश बढ़ रहा है। बैठक में संघ के प्रदेश महामंत्री योगेश उपाध्याय, आनंद कौशल, अभयानंद, संजय वर्मा, सचिन यादव, संजय मिश्रा, अजीम और सतेंद्र आदि मौजूद रहे।

# दूधिया रोशनी से नहा उठा बाबू स्टेडियम



केडी सिंह बाबू स्टेडियम में लगी फ्लड लाइट का जायजा लेते अधिकारी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** समय शाम को सात बजे। अभ्यास करने वाले खिलाड़ी थक कर चूर थे। तकरीबन सभी घर जाने की तैयारी में थे। तभी केडी सिंह बाबू स्टेडियम रोशनी में डूब गया। पहली बार यहां पर फ्लड लाइट जलाई गई, जिसके चलते वॉलीबाल मैदान से लेकर बॉक्सिंग रिंग तक हर तरफ रोशनी ही रोशनी थी। फ्लड लाइट के जलने से खिलाड़ियों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। तमाम खिलाड़ी दौड़ कर मैदान में पहुंच गए और फिर थोड़ी देर अभ्यास किया।

बाबू स्टेडिय में पहली बार स्टेडियम प्रबंधन और कार्यदायी संस्था के अधिकारियों की मौजूदगी में फ्लड लाइट की क्षमता का परीक्षण किया गया। इस टेस्टिंग से सभी संतुष्ट दिखे। अधिकारियों

▶▶ पहली बार यहां किया गया फ्लड लाइट क्षमता का परीक्षण

के अनुसार, चार से पांच चरण की टेस्ट प्रक्रिया के बाद स्टेडियम में अगले माह से दूधिया रोशनी में मैच खेले जा सकेंगे। क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अजय सेठी के अनुसार, सोमवार को फ्लड लाइट का टेस्ट पहली बार किया गया। फ्लड लाइट को सही दिशा में सेट करने के लिए चार से पांच चरण के टेस्ट होंगे। बताते चलें कि स्टेडियम में 50 मीटर की ऊंचाई वाले चार पोल लगाए गए हैं। हर पोल में 51 और कुल 204 एलईडी फ्लड लाइट लगाई गई है, जिसकी कुल क्षमता 1700 लक्स है। फ्लड लाइट के संचालन के लिए तीन जनरेटर लगाए गए हैं। इसमें दो काम करेंगे और एक बैकअप में रहेगा। एक के खराब होने पर अतिरिक्त जनरेटर का उपयोग किया जाएगा।

# स्पोर्ट्स हॉस्टल लखनऊ, झांसी और साई ने दर्ज की जीत



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते खेल निदेशक डॉ. आरपी सिंह, साथ में अन्य। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** पहली पंडित राम औतार मिश्र राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता के पहले दिन स्पोर्ट्स हॉस्टल लखनऊ, स्पोर्ट्स हॉस्टल झांसी और साई लखनऊ की टीमों ने अपने-अपने मुकाबजे जीत कर पूरे अंक बटोरे। मो. शाहिद हॉकी स्टेडियम में सोमवार से शुरू हुई प्रतियोगिता का उद्घाटन खेल निदेशक डॉ. आरपी सिंह ने किया। इस मौके पर अर्जुन पुरस्कार विजेता एमपी सिंह भी मौजूद रहे।

स्पोर्ट्स हॉस्टल लखनऊ ने दमदार प्रदर्शन करते हुए स्पोर्ट्स हॉस्टल रामपुर को एकतरफा मुकाबले में 6-0 गोलों से हराया। शाहरुख अली और हर्ष सिंह ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए दो-दो गोल दागे। नीतीश कुमार और आकाश यादव को एक-एक गोल करने में सफलता मिली। भारतीय जूनियर टीम के कप्तान उत्तम सिंह की अगुवाई में साई लखनऊ ने स्पोर्ट्स कॉलेज पर 5-3 गोलों से जीत दर्ज की। साई के लिए उत्तम सिंह, जय प्रकाश, मिथलेश राजभर, सुमित कुमार और अक्षय दुबे ने एक-एक गोल दागे। स्पोर्ट्स कॉलेज के लिए आकाश पाल ने दो और धीरज पाल ने एक गोल किया।

आखिरी मुकाबले में स्पोर्ट्स हॉस्टल झांसी ने एसएसबी पर 2-1 से रोमांचक जीत दर्ज की। झांसी के लिए करन और अजय ने एक-एक गोल किए।

▶▶ पं. रामऔतार मिश्रा राज्य हॉकी प्रतियोगिता

### खिलाड़ियों ने किया गुरु को याद

देश को अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर कई खिलाड़ी देने वाले पं. राम औतार मिश्रा को श्रद्धांजलि देने के लिए कई नामी-गिरामी खिलाड़ी गोमती नगर के मो. शाहिद स्टेडियम में एकत्र हुए। प्रतियोगिता के संयोजक राकेश टंडन ने बताया कि हॉकी प्रतियोगिता के अतिरिक्त उनको याद करने का कोई अन्य तरीका नहीं हो सकता। ओलंपियन एमपी सिंह सैयद अली के अलावा भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान आरपी सिंह, रजनीश मिश्रा, अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी आदिल रिजवी, एमएस बोरा, अर्जुन सिंह, देवेंद्र सिंह, मंजू बिष्ट, निशा मिश्रा क्रिकेटर भूपेंद्र सिंह सहित तमाम अन्य लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।



महानगर चौराहे पर लखनऊ वासियों से वार्ता करते सीरियल कयामत से कयामत तक के कलाकार। अमृत विचार

# राजपाल और तृप्ति ने समझाई प्यार की अहमियत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ धारावाहिक कयामत से कयामत तक का प्रमोशन करने लखनऊ पहुंचे कलाकार

**अमृत विचार :** कलर्स चैनल पर चल रहे धारावाहिक कयामत से कयामत तक के प्रमुख कलाकार राजपाल करम और तृप्ति मिश्रा सोमवार को लखनऊ वासियों से मुखातिब हुए।

महानगर के गोल चौराहे पर उन्होंने प्यार की मशाल जलाई और दर्शकों से अपना धारावाहिक देखने का अनुरोध किया। दोनों कलाकार उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और गुजरात के विभिन्न शहरों के नागरिकों से मुलाकात कर रहे हैं। राजपाल और तृप्ति ने लखनऊ के लोगों से टुंडे कवाबी और यहां की बिरयानी की बात की। नवाबों के शहर के अदब और तहजीब के बारे में अपनी जानकारी का खुलासा किया। उन्होंने कहा कि राज और पूर्णिमा एक दूसरे से बहुत प्यार करते हैं। यह पुनर्जन्म की कहानी है। कलाकारों के पहुंचने से पहले गोल चौराहे पर नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। इसके जरिये भी कलाकारों ने प्यार की बात की। दोनों कलाकारों ने बताया कि इस धारावाहिक में प्यार एक जीवन दर्शन के रूप में नजर आता है। प्यार को उम्र, समाज और यहां तक की मौत की बाधाओं से भी जूझना पड़ता है।

### भटके हुए लोग ही सेलिब्रेट करते हैं वैलेंटाइन डे: राजपाल

शबाहत हुसैन विजेता, लखनऊ

**अमृत विचार :** वैलेंटाइन डे पर राजपाल ने कहा कि यह तो शोक का दिन है। प्यार की परिभाषा गढ़ने वाले की मौत इसी दिन हुई थी। भटके हुए लोग ही इसे सेलिब्रेट करते हैं। समाज में रिश्तों की अहमियत खत्म होती जा रही है। सोशल मीडिया ने रिश्तों में दरार डाल दी है। ये बातें धारावाहिक कयामत से कयामत तक के कलाकार राजपाल करम और तृप्ति मिश्रा ने अमृत विचार से खास मुलाकात में कहीं। राजपाल ने कहा कि टेलीविजन पर प्यार-मोहब्बत के धारावाहिकों की भरमार है पर, समाज में उसी तेजी से खत्म हो रहा है। नयी पीढ़ी परिवार से ज्यादा फोन और सोशल मीडिया के करीब पहुंच गई है। मां-बाप तो छोड़िए लोगों के पास अपने लाइफ पार्टनर के लिए भी टाइम नहीं है। दोनों अपने-अपने मोबाइल फोन में व्यस्त रहते हैं। रिश्तों की अहमियत खत्म होती जा रही ही है। राजपाल ने कहा कि प्यार बहुत खूबसूरत चीज है बशर्ते इसे ऋषि-मुनियों से सीखा जाए। प्यार किया जाए तो अपने बारे में नहीं अपने रिश्ते के बारे में सोचा जाए। तृप्ति मिश्रा ने कहा कि लोगों के बीच धैर्य खत्म हो रहा है, संस्कार भूलते जा रहे हैं। मां-बाप से दूरियां बढ़ने लगी हैं। उन्होंने कहा कि जो मां-बाप अपने बच्चों के हाथों गैजेट्स सौंप रहे हैं उन्हें सावधान हो जाना चाहिए। बेहतर है कि वह यह जानें कि उनका बच्चा क्या देख रहा है। इसका उन पर क्या असर पड़ रहा है।

▶▶ गैजेट्स के साथ बच्चों पर निगरानी जरूरी कि वह क्या देख रहे हैं : तृप्ति

# पूर्व सैनिकों को मिला उद्यमिता का अवसर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** पुनः रोजगार की तलाश में आए पूर्व सैनिकों को रोजगार मेला में उद्यमिता का अवसर मिला। कई पदों पर प्रदाताओं ने साक्षात्कार और स्क्रीनिंग करके नियोजन किया। जो दोबारा अपनी तकनीकी और क्षमता का प्रदर्शन करेंगे।

सोमवार को छावनी के सूर्या खेल परिसर में पूर्व सैनिक कल्याण विभाग के पुनर्वास महानिदेशालय द्वारा रोजगार मेला लगाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया। उन्होंने कहा कि पुनः रोजगार चाहने वाले पूर्व सैनिकों को प्रदाताओं को एक मंच दिया है। सभी में उत्साह रहा और लंबी कतार लगाई। प्रदेश भर से आए थल, वायु व नौसेना से 5,700 से अधिक पूर्व सैनिकों ने रोजगार के लिए पंजीकरण कराया। मेले में 39 कंपनियों ने प्रतिभाग किया और विभिन्न क्षेत्रों में 1630 से अधिक नौकरी के लिए 450 उद्यमिता के अवसर पेश किए।



रोजगार मेले में स्टॉल का अवलोकन करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

▶▶ सूर्या खेल परिसर में मिला मंच, उप मुख्यमंत्री हुए शामिल

▶▶ 1630 से अधिक को नौकरी, 39 कंपनियों ने किया प्रतिभाग

साक्षात्कार व स्क्रीन के बाद पूर्व सैनिकों को वरिष्ठ पर्यवेक्षक, मध्य/वरिष्ठ स्तर के प्रबंधक से लेकर रणनीतिक योजनाकारों और परियोजना निदेशक पदों पर नियोजित किया गया। जो काफी समय बाद सेना में हासिल तकनीकी और क्षमता का इस्तेमाल करेंगे। यह आयोजन कॉर्पोरेट और पूर्व सैनिकों दोनों के लिए फायदेमंद था। वहीं अनुभवी, अनुशासित और प्रशिक्षित पूर्व सैनिकों के समूह की स्क्रीनिंग से कॉरपोरेट्स को लाभ हुआ। आगे मुंबई और इंदौर में भी इसी तरह भूतपूर्व सैनिक रोजगार मेला लगाया जाएगा।

इस अवसर पर एमएलसी मुकेश शर्मा, लेफ्टिनेंट जनरल मुकेश चड्ढा चीफ ऑफ स्टाफ (सीओएस) मध्य कमान समेत अन्य उपस्थित रहे।

### साई सेंटर के चार ताइक्वांडो खिलाड़ी जायेंगे चीन

**अमृत विचार, लखनऊ :** साई सेंटर के चार ताइक्वांडो खिलाड़ी ताईआन (चीन) में 17 मार्च से शुरू होने वाली एशियन क्वालिफकेशन राउंड में हिस्सा लेंगे। इसके अंतर्गत सामान्य वर्ग में सानिया खान (57 किग्रा) और पैरा वर्ग में अरुण तंवर (47 किग्रा), मुस्कान (52 किग्रा) और सद्दाम हुसैन (63 किग्रा) चयनित हुए हैं। हाल ही में जयपुर में आयोजित इन खिलाड़ियों ने ताइक्वांडो चैंपियनशिप में दमदार प्रदर्शन करके चीन का टिकट हासिल किया। जयपुर में आयोजित इस प्रतियोगिता में सानिया ने लगातार चार मुकाबले खेलकर देश के लिए खेलने का मौका हासिल किया। अरुणा, मुस्कान और सद्दाम ने एक-एक मुकाबले जीतकर भारतीय टीम में जगह बनाई। चीन में होने वाले एशियन क्वालिफकेशन राउंड में शीर्ष दो में जगह बनाने वाले खिलाड़ी को ओलंपिक और पैरालंपिक में खेलने का मौका मिलेगा। ऐसे में चारों खिलाड़ी इस सुनहरे मौके को भुनाना चाहेंगे। लखनऊ साई के डायरेक्टर आत्मप्रकाश के अनुसार, सेंटर के चार खिलाड़ियों का चयन एशियन क्वालिफिकेशन राउंड के लिए होना बड़ी उपलब्धि है। जयपुर से लौटकर सभी खिलाड़ी तैयारियों में जुट गए है।

# महोत्सव में नाटक बात का बतंगड़ ने खूब हंसाया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गोमती तट पर चल रहे मुनाल महोत्सव का छठा दिन सूबेदार बुध सिंह बिष्ट और बसंती देवी को समर्पित किया गया। पं. गोविन्द बल्लभ पंत स्मृति उपवन में चल रहे महोत्सव की सांस्कृतिक संध्या का नंदन सिंह बोरा और मुनाल के निदेशक विक्रम बिष्ट ने दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया।

महोत्सव में विभिन्न क्षेत्रों की विभूतियों को सूबेदार बुध सिंह बिष्ट और बसंती देवी सम्मान से अलंकृत किया गया। सम्मानित होने वालों में डॉ. अमर सिंह बिष्ट, मेजर विवेक नैथानी, भोजपुरी लोक गायक संतोष कुमार, नाखूनी चित्रकार रजनीश डोबरियाल और समाजसेवी नम्रता अनिल प्रतीक चिन्ह, प्रशस्ति पत्र व अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया गया। महोत्सव की छठी संध्या पर



दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत करते अतिथि व अन्य। अमृत विचार

▶▶ सूबेदार बुध सिंह बिष्ट और बसंती देवी को समर्पित रहा महोत्सव का छठा दिन

बिम्ब सांस्कृतिक समिति ने नाटक बात का बतंगड़ का मंचन किया। तमाल बोस द्वारा लिखित और महर्षि कपूर द्वारा निर्देशित इस नाटक ने लोगों को खूब हंसाया। इस मौके पर पर्वतीय महापरिषद के अध्यक्ष गणेश जोशी, सनातन महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र शुक्ला, डॉ. प्रवीन, संतोषी बिष्ट, संध्या रावत, उर्मिला बिष्ट और डॉ. सुभाष सुन्द्रियाल आदि मौजूद रहे।

महोत्सव में अनुपमा श्रीवास्तव के नृत्यांगन डांस इन्स्टीट्यूट ने भरतनाट्यम शैली में गणेश वंदना प्रस्तुत की। भानवी श्रीवास्तव के निर्देशन में संचियता, सान्वी, श्रुति, किशिका, समृद्धि, अलका, अनामिका, त्वरति, निहारिका, पीहू दिव्यंका लाल, मित्तल शस्तीका, तारा, नवीषा, आर्या सिंह, प्रगति तिवारी, शुभी अग्रवाल, प्राची झा और अन्विका वर्मा ने उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश के नृत्यों के अलावा शास्त्रीय नृत्य कथक को भी अच्छे अंदाज में प्रस्तुत किया।

## सार-संक्षेप

### प्रतिभागियों ने दक्ष कला गुरुओं से सीखे रंगों के प्रयोग के गुर

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य संग्रहालय में संस्कृति विभाग के सहयोग से कला अभिरुचि पाठ्यक्रम के तहत पहाड़ी चित्रकला पर कार्यशाला चल रही है। 7 फरवरी को शुरू हुई यह कार्यशाला 14 फरवरी तक चलेगी। आठ दिवसीय कार्यशाला के छठे दिन प्रख्यात चित्रकार पद्मश्री विजय शर्मा, भुवनेश्वर कुमार शर्मा और दीपक भंडारी ने प्रतिभागियों को चित्रकारी के कई महत्वपूर्ण टिप्स दिए। प्रतिभागियों ने इस कार्यशाला में गणेश, सूर्य, रामलला, राधाकृष्ण और नायक-नायिका के चित्र तैयार किए हैं। प्रशिक्षकों ने सोमवार को प्रतिभागियों को कलाकृतियां रंगने का सही तरीका समझाया।

### हजरत इमाम हुसैन के जन्मदिन पर दस्तरख्वान कल

**अमृत विचार, लखनऊ :** पैगम्बर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन के जन्मदिन (तीन शाबान) पर 14 फरवरी को शिया हुसैनी फंड की ओर से विक्टोरिया स्ट्रीट स्थित शिया पीजी कालेज में दस्तरख्वान (भंडारे) का आयोजन किया जायेगा। दोपहर 12 बजे से होने वाले कार्यक्रम की तैयारियां शुरू हो गई हैं। शिया हुसैनी फंड की बैठक सोमवार को मोहम्मद जकी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आयोजन के लिए 35 सदस्यीय समिति का गठन किया गया। इस आयोजन में वरिष्ठ शिया धर्मगुरु मौलाना हमीदुल हसन, मौलाना सायम मेहदी, मौलाना सैफ अब्बास, मौलाना मुस्तफा अली खां, मौलाना यासूब अब्बास, मिर्जा जाफर अब्बास और मौलाना फरीदुल हसन आदि शिरकत करेंगे।

### चूड़ामणि ने हंसाने के साथ सिखाया... हर साधू पहुंचा हुआ नहीं होता

**अमृत विचार, लखनऊ :** उमंग फाउंडेशन और उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में नाटक हास्य चूड़ामणि का मंचन किया गया। वत्स राज द्वारा लिखित, ऋतु शर्मा द्वारा अनिदित और रोजी मिश्रा द्वारा निर्देशित इस नाटक से जादू टोने के पाखंड पर रोशनी डाली गई है। यह नाटक हंसाता भी है और यह भी बताता है कि टोना-टोटका करने वाला जरूरी नहीं की पहुंचा हुआ साधू हो, वह ठग भी हो सकता है। नाटक में रामकृष्ण शुक्ल, ज्योति सिंह, प्रियंका नेगी, शशांक मिश्रा, गुरुदत्त पाण्डेय, पीहू गुप्ता, ओमकार पुष्कर, आकाश कुमार और अभिषेक पाल ने उल्लेखनीय भूमिकाएं निभाईं।

### इंजीनियरिंग कार्य के चलते राप्ती-सागर समेत कई ट्रेनें प्रभावितकार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोरखपुर-गोंडा रेल खंड पर स्थित मसकनवा रेलवे स्टेशन पर अप एवं डाउन लाइन पर इंजीनियरिंग कार्य के लिए ब्लॉक दिए जाने के कारण राप्ती-सागर एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनों को नियंत्रित कर चलाया जायेगा। इन ट्रेनों को नियंत्रित कर चलाया जाएगा : 14 और 21 फरवरी को ट्रेन नंबर 12592 यशवन्तपुर-गोरखपुर राप्ती-सागर एक्सप्रेस मार्ग में 70 मिनट और ट्रेन नंबर 15212 अमृतसर-दरभंगा एक्सप्रेस मार्ग में 25 मिनट। 18 फरवरी को ट्रेन नंबर 12522 एर्नाकुलम-बरौनी एक्सप्रेस मार्ग में 50 मिनट और ट्रेन नंबर 15212 अमृतसर-दरभंगा एक्सप्रेस मार्ग में 10 मिनट। 25, 27, 29 फरवरी और 3 मार्च को ट्रेन नंबर 15707 कटिहार-अमृतसर एक्सप्रेस मार्ग में 35 मिनट, 27 और 29 फरवरी ट्रेन नंबर 12512 कोचुवेली-गोरखपुर एक्सप्रेस मार्ग में 65 मिनट। 25 फरवरी और 3 मार्च को ट्रेन नंबर 12522 कोचुवेली-गोरखपुर एक्सप्रेस मार्ग में 65 मिनट। 25, 27, 29 फरवरी और 3 मार्च को ट्रेन नंबर 15212 अमृतसर-दरभंगा एक्सप्रेस मार्ग में 20 मिनट। 16 फरवरी को ट्रेन नंबर 12512 कोचुवेली-गोरखपुर एक्सप्रेस मार्ग में 75 मिनट। 16 फरवरी को ट्रेन नंबर 15212 अमृतसर-दरभंगा एक्सप्रेस मार्ग में 30 मिनट

**इन ट्रेनों को री-शेडयूल कर चलाया जाएगा**

15 फरवरी को आनन्द विहार टर्मिनस से चलने वाली ट्रेन नंबर 15530 आनन्द विहार टर्मिनस-सहरसा एक्सप्रेस आनन्द विहार टर्मिनस से 2 घंटा। 17 फरवरी को आनन्द विहार टर्मिनस से चलने वाली ट्रेन नंबर 14010 आनन्द विहार टर्मिनस-बापूधाम मोतीहारी एक्सप्रेस आनन्द विहार टर्मिनस से 1 घंटा 45 मिनट। 25, 27 फरवरी को ट्रेन नंबर 14,010 आनन्द विहार टर्मिनस-बापू धाम मोती हारी एक्सप्रेस मसकनवा स्टेशन पर पायलेटिंग कर और 14, 16, एवं 18 फरवरी को ट्रेन नंबर 15707 कटिहार-अमृतसर आम्रपाली एक्सप्रेस मसकनवा स्टेशन पर पायलेटिंग कर चलायी जायेगी।

## एक नजर

### होम्योपैथिक फार्मासिस्ट के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को दिए प्रमाण पत्र

**अमृत विचार, लखनऊः** उप्र. राजकीय होम्योपैथिक फार्मासिस्ट सेवा संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। जवाहर भवन, इंदिरा भवन महासंघ के कार्यालय में सोमवार को आयोजित हुए कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद महासंघ के अध्यक्ष सतीश कुमार पांडेय ने सभी पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र दिया। होम्योपैथिक फार्मासिस्ट सेवा संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में संरक्षक राम अवध, अध्यक्ष संतोष कुमार रावत, महासचिव अरविंद कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष कृपा शंकर, संयुक्त सचिव अनिरुद्ध प्रताप व अमित कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह आदि शामिल रहे। इसके अलावा सांस्कृतिक प्रचार सचिव अरविंद कुमार रावत, संगठन सचिव कृष्ण मुरारी मद्धेशिया व मनीष कुमार सिंह, कार्यालय सचिव धर्मेंद्र कुमार कुशवाहा व संजय कुमार, मंडल अध्यक्ष पंकज कुमार वाजपेयी को प्रमाण पत्र दिया गया। इस मौके पर मुख्य चुनाव अधिकारी रमेश कुमार मिश्र, सचिन कुमार श्रीवास्तव, अतुल यादव, शेखर इकबाल और अनूप सिंह मौजुद रहे।

### लेखपाल से मारपीट करने वाले को पुलिस ने भेजा जेल

**लालगंज रायबरेली।** तहसील लालगंज में कार्यरत लेखपाल ऋषिकांत और राजस्व टीम के साथ मारपीट करने वाले धनंजय पुत्र लल्लू प्रसाद निवासी पूरे मधई मजरे लालू मऊ को पुलिस ने जेल भेज दिया है। वहीं एक अन्य आरोपी महिला गीता को जमानत मिल गई है। बताते चले कि शनिवार को धनंजय और अन्य लोग बंजर भूमि पर निर्माण कर रहे थे ,तभी मौके पर पहुंची राजस्व टीम ने जब निर्माण कार्य रोका तो अतिक्रमणकारियों ने राजस्व टीम पर हमला बोल दिया था। मामले में लेखपाल ऋषिकांत की तहरीर पर कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत हुआ था। सोमवार को पुलिस ने दो अभियुक्तों को पड़कर एसडीएम कोर्ट भेजा था जहां पर एसडीएम ने महिला को जमानत दे दी और धनंजय को जमानत न देकर जेल भेज दिया।

# मायके से 10 लाख लेकर आओ, वर्ना घर छोड़कर जाओ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ मदेयगंज पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू की जांच**

**अमृत विचार :** मदेयगंज थाने में एक महिला ने ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज प्रताड़न और घरेलू हिंसा का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। महिला का आरोप है कि दहेज में अतिरिक्त 10 लाख रुपये न मिलने पर उसे घर से निकाल दिया गया। फिलहाल, पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह के मुताबिक, त्रिवेणीनगर प्रथम, ब्रह्मनगर निवासी विशाखा जायसवाल की शादी वर्ष 2020 में बरेली जनपद के ग्रीनपार्क निवासी शेखर जायसवाल से हुई थी। महिला का आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग मायके वालों से 10 लाख रुपये की मांगकर दबाव बनाते थे। कई बार महिला ने मायके से पैसा लाकर भी दिया। फिर भी रुपयों की मांग कम नहीं हुई। रुपयों की मांग पूरी न होने पर उसे यातनाएं देकर घर से निकाल दिया गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर महिला के पति समेत सात परिवारिक सदस्यों के खिलाफ गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

# अब एक क्लिक पर घर बैठे ऑनलाइन मिलेंगी नागरिक सेवाएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ कार्यक्रम, शूटिंग, धरना, प्रदर्शन आदि की अनुमति लेने के लिए नहीं करनी पड़ेगी भागदौड़**

**▸▸ आमजन की सुविधा के लिये लखनऊ पुलिस की वेबसाइट पर जोड़ा गया नया कॉलम**

**अमृत विचार :** धार्मिक कार्यक्रम, शूटिंग, धरना-प्रदर्शन समेत अन्य आयोजनों की अनुमति के लिये अब भाग-दौड़ नहीं करनी पड़ेगी। घर बैठे ही सिस्टम पर एक क्लिक करते ही अनुमति के लिये ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। आमजन की सुविधा के लिये नागरिक सेवाएं नाम से शीर्षक लखनऊ पुलिस की साइट से जोड़ा गया है। खास बात यह है कि आवेदनकर्ता आवेदन के बाद कार्रवाई की प्रक्रिया की स्थिति भी ऑनलाइन जान सकेंगे।

गौरतलब है कि लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट अंतर्गत धरना, प्रदर्शन, दौड़, शूटिंग, धार्मिक कार्यक्रम, यात्राएं आदि होती रहती हैं। इन आयोजनों की अनुमति अलग-अलग स्तर पर अधिकारियों द्वारा दी जाती है। वर्तमान में आवेदकों को आवेदन व शपथ पत्र भरकर संबंधित अधिकारी के कार्यालयों में जमा करना पड़ता है। यहां से आवेदन पत्र संबंधित थानों को भेजा जाता है। प्रक्रिया पूरी होने में कई बार काफी देरी होती है, इससे आवेदक को अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर लगाने में भाग दौड़ कर परेशान होना पड़ता है। आवेदन की वर्तमान स्थिति भी पता नहीं चलती है। संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था उपेंद्र कुमार अग्रवाल ने बताया कि वर्तमान में आवेदकों को अनुमति के लिये कई बार भागदौड़ कर परेशान होना पड़ता है। कई बार थाना स्तर पर ही देरी हो जाती है। इस तरह की समस्या को संज्ञान में लेते हुये आयोजनों की अनुमति के लिये ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू की गई है।

**ऑनलाइन डाउनलोड कर सकेंगे अनुमति पत्र**

आवेदन के बाद साइट पर वर्तमान स्थिति भी देख सकेंगे। मंजूरी मिलने पर ऑनलाइन स्वीकृति पत्र भी डाउनलोड किया जा सकेगा। जिसका रिकॉर्ड लखनऊ पुलिस की साइट पर उपलब्ध होगा। फर्जी अनुमति पत्र का मिलान पुलिस की साइट से किया जा सकता है।

**28 तक दोनों तरह से कर सकते हैं आवेदन**

नयी व्यवस्था ट्रायल के तौर पर 12 फरवरी से लागू की गयी है। ऐसे में 28 फरवरी तक ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीके से आवेदन कर सकते हैं। परेशानी या सुझाव के लिये हेल्प लाइन नंबर 7309979797, 9454405396, 8887979187 पर संपर्क कर सकते हैं।

### ऐसे कर सकते हैं आवेदन

लखनऊ पुलिस की बेबसाइट lucknowpolice. up. gov. in पूर्व से ही बनी है। इस पेज को खोल ने पर नागरिक सेवाएं पेज पर नागरिक सेवाओं पर क्लिक करते ही विभिन्न सेवाएं सामने आ जाती हैं। इसमें वर्तमान में मुख्यतः किरायेदार सत्यापन, चरित्र सत्यापन का अधिकतम प्रयोग किया जा रहा है। इन्हीं नागरिक सेवाएं के अन्तर्गत अनुमति संबंधी एक शीर्षक जोड़ा गया है। जिसपर क्लिक कर आवेदक की प्रक्रिया पूरी कर आवेदन कर सकते हैं।

# अब एक टच से लें विधानसभा कार्यवाही की जानकारी

## प्रथम बैठक से लेकर अब तक की विधान सभा की पूरी कार्यवाहियां हुईं ऑनलाइन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश के 137 साल के विधानसभा की कार्यवाही अब स्मार्ट फोन पर एक टच में सामने होगी। प्रथम बैठक से लेकर अब तक की विधान सभा की पूरी कार्यवाहियां ऑनलाइन कर दीं गईं हैं।

सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने विधानभवन के तिलक हॉल में उप्र. विधान सभा का एक एप लांच किया गया जिसमें अंग्रेजों के शासनकाल से लेकर स्वतंत्र भारत में उप्र. की हर सरकार में सदन में गूंजी आवाजों, बदलावों, बने कानूनों का पूरा विवरण दर्ज है।

इस एप में 8 जनवरी, 1887 को इलाहाबाद के थार्नहिल मेमोरियल हाल में 'नार्थ वेस्टर्न प्रोविन्सेज एण्ड अवध लेजिस्लेटिव कांउसिल की सम्पन्न हुई पहली बैठक से लेकर फरवरी, 2023 तक की विधान सभा की पूरी कार्यवाहियां ऑनलाइन दर्ज हैं। जल्द ही इस साल अब तक की कार्यवाही भी फीड कर दी जाएगी।

ऐप में केन्द्र व उप्र. सरकार के सरकारी एवं असरकारी गजट, महत्वपूर्ण विषयों पर न्यूजपेपर की क्लिपिंग्स और वर्तमान में निर्वाचित सदस्यों का जीवन परिचय भी है।


विधानभवन के तिलक हॉल में उत्तर प्रदेश विधान सभा का एप लांच करते विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, साथ में अन्य। अमृत विचार

**▸▸ विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने उप्र. विधान सभा का एप किया लांच**

पहले विधानसभा की कार्यवाही की जानकारी मिलने में लंबा समय लगता था लेकिन अब 24 घंटे में जानकारी मिल जाती है। इस ऐप के उपयोग से शोध कर रहे छात्रों को उनके शोध कार्य में भी मदद मिलेगी जो कि समाज पर एक सकारात्मक प्रभाव डाल सकता है।
**–सतीश महाना,** विधानसभा अध्यक्ष

UPVS Intelligent Search App नाम के इस ऐप को एन्ड्रॉयड के गूगल प्ले स्टोर या ऐप्पल के ऐप स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है।

# क्षेत्र पंचायत की बैठक में विकास के मुद्दे पर हंगामा

संवाददाता, महराजगंज, रायबरेली,

**अमृत विचार :** क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक ब्लाक सभागार में बैठक हुई। इसमें विकास कार्यों पर खूब हंगामा हुआ। हालांकि अध्यक्षता कर रहे ब्लाक प्रमुख राजकुमार पासी ने किसी तरह सबको शांत कराया। साथ ही बिना भेदभाव के विकास कार्य कराने का भरोसा दिलाया।

बैठक में स्वच्छ भारत मिशन, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, बाल विकास परियोजनाओ, पूर्ति विभाग सहित मनरेगा एवं क्षेत्र निधि की कार्य योजनाओं पर वृहद चर्चा की गई। इस दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा योजनाओं कों धरातल पर उतारने में आ रही समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। प्रधान प्रतिनिधि पुरासी गंगासागर पांडेय द्वारा जल जीवन मिशन के तहत गांवों में खोदी जा रही सड़कों की मनमानी का मुद्दा उठाया।

वहीं मनरेगा में समय से भुगतान ना होने के मुद्दे पर सभी प्रतिनिधियों ने नाराजगी व्यक्त की। बैठक के दौरान क्षेत्र पंचायत सदस्यों द्वारा अपनी मांगों कों लेकर हंगामा भी किया गया।

**महिला जनप्रतिनिधियों ने बनाई दूरी**

क्षेत्र पंचायत की बैठक में बीडीओ वर्षा सिंह की मौजूदगी में महिला जनप्रतिनिधियों के बजाय उनके पति मौजूद रहे। इसको लेकर खूब चर्चा हुई। क्षेत्र में कई ग्राम सभाओं में महिला प्रधान और बीडीसी हैं। बैठक में उनके बजाय पति मोर्चा संभालते नजर आए।

# विरासत में मिली थी जनता का दर्द समझने की ताकत

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**▸▸ किसान प्रेरणा दिवस के रूप में आयोजित हुई अजित चौधरी की जयंती**

**अमृत विचार :** चौधरी अजित सिंह ने किसानों को उनकी राजनैतिक ताकत का अहसास कराया था।उन्हें जनता का दर्द समझने की ताकत विरासत में प्राप्त थी। वह, ग्रामीण विकास के केंद्रीय मॉडल के वकील थे। यह बात सोमवार को राष्ट्रीय लोकदल( रालोद ) के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने किसान प्रेरणा दिवस के रूप में मनाए जा रहे रालोद संस्थापक व पूर्व मंत्री चौधरी अजित सिंह की 85 वीं जयंती के अवसर पर संपन्न संगोष्ठी में कही।

रालोद संस्थापक के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उन्होंने कहा कि चौधरी अजित सिंह को भारतीय राजनीति में किसानों व वंचित वर्ग को उनका हक दिलाने वाले राजनेता के रूप में याद किया जायेगा। पूर्व विधायक शिव करन सिंह ने कहा कि चौधरी अजित सिंह ने चीनी मिलों की दूरी 25 किमी से घटाकर 15 किमी करने का कार्य किया जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ।

राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा ने कहा कि चौधरी अजित सिंह के आदर्शों पर चलकर प्रदेश और देश को खुशहाल बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में डॉ.सुरेश यादव, वसीम हैदर, संतोष यादव, मनोज सिंह चौहान, रजनीकांत मिश्रा समेत दर्जनों पदाधिकारी शामिल हुये। प्रदेश प्रवक्ता अंकुर सक्सेना ने बताया कि किसान प्रेरणा दिवस के अवसर पर सभी जिलों में संगोष्ठी, अस्पतालों में फल वितरण कार्यक्रम संपन्न हुए।

**महिला अस्पताल में फल वितरण**

युवा रालोद द्वारा झलकारी बाई महिला चिकित्सालय में मरीजों, तीमारदारों व गरीबों को फल वितरण किया गया। जिसमें रमावती तिवारी, बीएल प्रेमी, बिपिन द्विवेदी, ऋषभ गुप्ता, मुकेष कुमार वर्मा आदि ने अपने हाथो से वितरित किया।

# जनस्वास्थ्य के मामले में 'माननीय' डॉक्टर नहीं मानते दलीय बंदिशें

पदमाकर पाण्डेय, लखनऊ

**अमृत विचार :** जनप्रतिनिधि बने चिकित्सक, दलीय बंदिशों को तोड़ जनस्वास्थ्य को लेकर एक जुट नजर आ रहे हैं। विधायक बनने के बाद इनकी चिकित्सीय शिक्षा जीविकोपर्जन के लिए नहीं बल्कि प्रदेश को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने में उपयोगी हो रही है। इन्हीं की सलाह से सरकारी अस्पतालों में मन चाहे वेतन पर प्राइवेट प्रैक्टिस करने वाले डॉक्टरों को जोड़ा जा चुका है। ऐसे विधायकों की इच्छा है कि जिले में होने वाली हेल्थ केयर मैनेजमेंट की बैठकों में उन्हें भी बुलाया जाना चाहिए, ताकि हर क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं पर फोकस हो सकेगा।

प्रदेश की 403 विधायकों की विधानसभा 2022 में 19 विधायक पेशे से चिकित्सक हैं। जो प्रदेश की चिकित्सकीय सेवाओं की बेहतरी के लिए न केवल सलाह दे रहे हैं साथ ही सरकार व डॉक्टर्स के मध्यम सामंजस्य बैठाने की भूमिका निभा रहें हैं। बजट सत्र खत्म होने के बाद रविवार को डिनर देने वाले लखनऊ के डॉ.नीरज बोरा ने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की पहल पर पहली बार चिकित्सकों का ग्रुप बनाया गया था। डॉक्टर ग्रुप में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने पर ही चर्चा होती हैं। प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं के साथ ही अपने-अपने क्षेत्र में चिकित्सकीय सेवाओं की बेहतरी में काम करते हैं। जैसे मैने अपने क्षेत्र में कई प्राइमरी हेल्थ सेंटर शुरू कराने के साथ ही 50 बेड का नया अस्पताल बनावाया है।

डाक्टर्स विद एमबीए, कायमगंज फर्रुखाबाद की विधायक डॉ.सुरभि सिंह का स्पष्ट कहना है डॉक्टर होने के नाते हम लोग मरीजों की जरूरत और अपनी बाध्यताओं को अच्छे से समझते हैं, जिससे क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाएं सरकार के सहयोग से बेहतर कराने में सफल होते हैं। उन्होंने बताया की उप मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री ने खुद मुझसे मेरे क्षेत्र के अस्पताल का दौरान करने और जरूरतों की जानकारी ली थी, जिसके बाद अस्पताल में ईएनटी विशेषज्ञ के साथ ही एक सीएचसी में डॉक्टर्स की तैनाती हुई थी। हम विधायक डॉक्टर्स में दलीय बाध्यता नहीं है, स्वास्थ्य सेवाओं पर खुलकर चर्चा करते हैं और अमल करने के लिए एक दूसरे को सलाह देते हैं।

विधायक निधि से अपने क्षेत्र के सीएचसी में अल्ट्रासाउंड व एक्स-रे मशीनें उपलब्ध कराने वाले कुशीनगर में तमकुहीराज विधानसभा क्षेत्र के डॉ. असीम कुमार का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग में डॉक्टरों की कमी को दूर करने के लिए चर्चाएं होती रहती हैं। अगर स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टरों का नॉन प्रैक्टिस एलाउंस बंद कर, प्राइवेट प्रैक्टिस की छूट होनी चाहिए, इससे विभाग में डॉक्टर्स स्वेच्छा से स्वास्थ्य विभाग में नौकरी करने को आएंगे। जैसे बिहार में अस्पताल की सेवाओं के बाद प्राइवेट प्रैक्टिस की छूट मिली है।

बिजनौर के मछलीशहर की सपा विधायक व नेत्र विशेषज्ञ डॉ. रागिनी सोनकर ने बताया कि डॉक्टर होने की वजह से चिकित्सकों की अपेक्षाएं बहुत होती हैं, हर संभव प्रयास होता है कि स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर की जा सके।


विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना के साथ विधायक बने चिकित्सक। अमृत विचार

**▸▸ विधान सभा में जनमानस का प्रतिनिधित्व कर रहे 19 विशेषज्ञ डॉक्टर**

**चिकित्सक विधायक**

- ▸▸ डॉ.नीरज बोरा, लखनऊ उत्तर
- ▸▸ डॉ.सुरभि सिंह, कायमगंज
- ▸▸ डॉ.अरूण कुमार सक्सेना, (मंत्री)
- ▸▸ डॉ. राघवेन्द्र शर्मा, बिठारी चैनपुर
- ▸▸ डॉ. एम पी आर्या, नवाबगंज बरेली
- ▸▸ डॉ. डीसी वर्मा, मीरगंज बरेली
- ▸▸ डॉ. मंजू शिवास, मोदीनगर
- ▸▸ डॉ. रागिनी सोनकर, मछलीशहर
- ▸▸ डॉ. आर के पटेल, मरियाहु जौनपुर
- ▸▸ डॉ.मुकेश वर्मा, फिरोजाबाद
- ▸▸ डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी,बहराइच
- ▸▸ डॉ. एच एन सिंह पटेल, आजमगढ़
- ▸▸ डॉ. अमित चौहान, अयोध्या
- ▸▸ डॉ. विमलेश पासवान
- ▸▸ डॉ. केपी त्रिपाठी, प्रयागराज
- ▸▸ डॉ. असीम कुमार, तुमकुहीराज
- ▸▸ डॉ. विनोद कुमार बिंद, भदोही
- ▸▸ डॉ. जी सी धर्मेश, आगरा
- ▸▸ डॉ. सरोजनी अग्रवाल, विधान परिषद सदस्य

### पति पर प्रताड़ना का आरोप

**ऊंचाहार, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के गांव रामसांडा निवासी प्रीति का कहना है कि रविवार को वह वापस ससुराल आई तो उसके पति ने गाली गलौज करते मारपीट की। महिला का कहना है कि उसका पति अक्सर उसके साथ मारपीट करता है, जिससे उसका जीवन मुश्किल में पड़ा हुआ है।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0 पारेषण भवन, कक्ष संख्या 212, एस0एल0डी0सी0 परिसर, निकट मंत्री आवास, विभूति खण्ड-2, गोमती नगर, लखनऊ**

ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना: अनुभवी फर्मो/ठेकेदारों/अधिकृत विक्रेताओं/ निर्माताओं से निम्नलिखित कार्य के सम्पादन हेतु सीलबन्द ई-निविदायें दो भागों में ई-टेण्डरिंग वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर आमन्त्रित की जाती है। अति अल्प कालीन ई-निविदा संख्या-18-विपाखद्वि(ल)/2023-24 वि0पारे0 खण्ड-II, लखनऊ के अधीन 220 केवी उपकेन्द्र गोमती नगर पर स्थापित 220 केवी सर्किट ब्रेकर जी0ई0 मेक के बी फेज हेतु सामग्री आपूर्ति, स्थापना सर्विसिंग एवं अन्य सम्बन्धित कार्य- धरोहर राशि रू0 2000.00 ई-निविदा भाग-1 खुलने की तिथि 19.02.2024, समय 13:00 बजे, ई-निविदा भाग-2 (प्राइज पार्ट) खुलने की तिथि हेतु तदोनुसार बेवसाइट पर सूचित किया जायेगा। ई-निविदा प्रपत्र मूल्य रु0 590.00 (18 प्रतिशत जी0एस0टी0 सहित)। ई-निविदा का भाग प्रथम व द्वितीय-प्राइज बिड (दरें एंव शर्तें) www.etender.up.nic.in पर भरी जायेगी। भाग-1 में धरोहर धनराशि व निविदा प्रपत्र मूल्य जोकि अधिशासी अभियन्ता, विद्युत पारेषण खण्ड-द्वितीय, लखनऊ के खाता संख्या- **0758002100009361, IFSC code - PUNB0691100** पंजाब नेशनल बैंक, शाखा विजयन्त खण्ड, लखनऊ में RTGS/NEFT के माध्यम से स्थानान्तरण कर यू0टी0आर0 संख्या तथा पे-स्लिप की प्रति www.etender.up.nic.in web site पर निविदा प्रपत्रों के साथ स्व प्रमाणित पैन एवम जी0एस0टी0 में पॅजीकरण प्रमाण-पत्र, कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र व अर्हकारी शर्ते एवम अन्य सम्बन्धी प्रपत्र तथा निविदाओं के द्वितीय भाग में मूल्य/ दरें www.etender.up.nic.in पर दिनाँक 17.02.2024 को 04.00 बजे तक ही Up- Load की जानी है। ई-निविदा के प्रथम भाग के प्रपत्र निर्धारित तिथि पर 12.00 बजे अथवा उसके उपरान्त ही Down- Load किये जायेगें। निविदाओं के प्रथम भाग के मूल्याँकन के उपरान्त उपयुक्त पायी गयी निविदाओं के ही द्वितीय भाग Down-Load/ खोला जायेगा। निविदा सम्बन्धी समस्त जानकारी, नियम व अर्हकारी शर्ते निविदा प्रपत्र में अंकित है जो www.etender.up.nic.in द्वारा Down-Load या अवलोकित की जा सकती है। ई-निविदा खुलने की तिथि पर अवकाश होने की स्थिति में ई-निविदा अगले कार्य दिवस पर निर्धारित समय तक स्वीकार की जायेगी एंव निर्धारित समय पर खोली जायेगी। ई-निविदाओं को बिना कोई कारण बताये ई-निविदा/ ई-निविदाओं को अस्वीकार/विभाजित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा। **''राष्ट्र हित में बिजली बचायें'' अधिशासी अभियन्ता, विद्युत पारेषण खण्ड-द्वितीय, Letter No. 190/ETD-II (L)/ Dated: 12.02.2024**

# 45 जिलों में शुरू होंगे 3500 उद्योग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ यूपीसीडा ने 19 फरवरी के लिए 1.5 लाख करोड़ के निवेश को दिया अंतिम रूप**

**▸▸ जीबीसी में 16 देशों के प्रतिनिधि और 304 बड़े उद्योगपतियों को भेजा न्योता**

**▸▸ 10 लाख करोड़ रुपये का निवेश लक्ष्य साधने में अन्य विभाग भी तेजी से जुटे**

**अमृत विचार :** प्रदेश के जिलों में धरातल पर उतरने वाले उद्योगों की तस्वीर सोमवार को यूपीसीडा ने साफ कर दी है। एक ही दिन 19 फरवरी को 45 जिलों में 1.5 लाख करोड़ पूंजी से 3500 से अधिक उद्योग शुरू होंगे। अन्य विभाग बाकी बचे 8.5 लाख करोड़ निवेश से करीब 12 हजार उद्योगों की सूची को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। इसी के साथ राज्य सरकार ने 16 देशों के प्रतिनिधि और 304 बड़े उद्योगपतियों को न्योता भेजने के साथ उनकी आवभगत में होटलों की बुकिंग भी शुरू कर दी है।

पिछले साल इसी माह में उप्र ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान देश-विदेश के उद्योगपतियों ने लखनऊ आकर राज्य में कुल 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले थे। इसे धरातल पर उतारने के लिए पहली ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की तैयारी अंतिम दौर में है।

19 फरवरी को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सभी ईकाइयों की स्थापना में ऑनलाइन एक साथ भूमि पूजन में हिस्सा लेंगे। जबकि कार्यक्रम में जीआईएस के 16 पार्टनर देशों नीदरलैंड, डेनमार्क, सिंगापुर, जापान, दक्षिण कोरिया, आस्ट्रेलिया, यूएई, इटली, यूनाइटेड किंगडम, मारीशस, संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा, जर्मनी और संयुक्त अरब अमीरात आदि के एएमयू करने वाले निवेशकों को न्योता भेजा गया है।

साथ ही निवेशक सम्मेलन के दौरान विदेश की 304 कंपनियों के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए थे, इनमें यूएस की 53, यूएई की 16, फ्रांस व दक्षिण अफ्रीका की 13-13, जर्मनी की 15, बेल्जियम की 10, दक्षिण कोरिया की 10, कनाडा की 7, नीदरलैंड की 12, स्वीडन व मॉरीशस की 8-8, ब्राजील की 14, मैक्सिको की 9, इजरायल की 14 तो ऑस्ट्रेलिया की 15 कंपनियां के प्रतिनिधि भी आमंत्रित किए जा रहे हैं।

उद्घाटन सत्र को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्य के औद्योगिक मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी के साथ ही उद्योगपति मुकेश अंबानी, के. चंद्रशेखरन, कुमार मंगलम बिड़ला और आनंद महिंद्रा संबोधित करेंगे। पिछली बार देश के बड़े उद्योगपति गौतम अडानी नहीं आ सके थे, इस बार कार्यक्रम को संबोधित करने वालों में उनका भी नाम प्रमुखता से है।

प्रदेश के 45 से अधिक जिलों में लगभग 1.5 लाख करोड़ के एमओयू जीबीसी के लिए तैयार किए हैं। इसमें 3500 से अधिक इकाइयां अपना उद्योग स्थापित करेंगी, जिनमें मथुरा के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में 6660 करोड़ का निवेश प्राप्त होगा। वहीं, बुलन्दशहर में 3915 करोड़, अमेठी में 1693 करोड़, मेरठ में 1455 करोड़, गौतमबुद्ध नगर में 1129 करोड़, और अलीगढ़ में 213 करोड़ का निवेश प्राप्त होगा।
**–मयूर माहेश्वरी,** सीईओ, यूपीसीडा

### भाजपा किसान मोर्चा की गांव परिक्रमा यात्रा शुरू

**बछरावां, रायबरेली :** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के गांव परिक्रमा यात्रा के कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत कार्यालय बछरावां में हुआ। कार्यक्रम के संयोजक जिला मंत्री किसान मोर्चा अखिलेश पटेल ने मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवध क्षेत्र राकेश शर्मा और जिला महामंत्री भारतीय जनता पार्टी शरद सिंह का स्वागत किया। किसान मोर्चा के जिला महामंत्री शैलेंद्र चौधरी, किसान मोर्चा के जिला महामंत्री विक्रांत अकेला, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष कमलेश चौधरी, जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा जीपी पटेल, किसान मोर्चा के जिला कार्य समिति सदस्य अशोक रावत, सोशल मीडिया प्रभारी विक्रम पासवान आदि मौजूद रहे।

### पूर्व प्रधान के निधन पर शोक

**संवाददाता, रायबरेली :** राही विकास खंड के जरौला ग्राम सभा के पूर्व प्रधान राम बहादुर यादव का एम्स में निधन हो गया। वह पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। 12 फरवरी की सुबह उनका देहांत हो गया। अंतिम संस्कार गांव में भी किया गया। राही ब्लॉक प्रमुख धर्मेंद्र बहादुर यादव ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि राम बहादुरजी सदैव सबके साथ सुख दुख में खड़े रहते थे। स्वराज इंडिया पार्टी के जिलाध्यक्ष राम विलास यादव ने कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में क्षेत्र के लोगों की हमेशा सहायता की।

### गैंगस्टर अरुण की 6.24 लाख की संपत्ति कुर्क करने का आदेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** गैंगस्टर अरुण कुमार राय की 6.24 लाख की संपत्ति कुर्क कराने का आदेश पारित किया गया है। लखनऊ पुलिस आयुक्त के न्यायालय में मुकदमा की सुनवाई चल रही थी। मूलत: आजमगढ़ के गंभीरपुर थाना अंतर्गत अछीछि निवासी अरुण कुमार पर आपराधिक वारदात को अंजाम देकर अवैध तरीके से संपत्ति अर्जित करने का आरोप लगा था। बताया गया था कि आरोपी साथियों संग कई राज्यों के व्यापारियों को उत्तर प्रदेश में सरकारी विभागों से ठेका टेंडर दिलाने के नाम पर जाल में फंसाता था। भय के कारण पीड़ित उसके खिलाफ शिकायत नहीं करते थे। उसके खिलाफ कई थानों में रिपोर्ट दर्ज हैं।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज, जनपद-कन्नौज**

संख्या- 919 / न0पा0प0 गुरसहायगंज /2023-24 दिनांक 09/2/2024

**ई-निविदा सूचना**

ई-निविदा हेतु निकाय में पंजीकृत ठेकेदार, बिडर्स/कान्ट्रेक्टर्स, वेण्डर्स एवं शासनादेश संख्या-3/2017/ 1067/ 78-2-2017-42 आईटी/2017 अनुभाग-2 दिनांक 12.05.2017 के क्रम में यू0पी0 इलेक्ट्रॉनिक्स कार्पोरेशन लिमिटेड में रजिस्टर्ड बिडर्स/कान्ट्रैक्टर्स/वेण्डर्स को प्रतिभाग करने हेतु अवसर प्रदान करते हुये ई-निविदायें, ई-टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in के माध्यम ई-निविदाएं निम्न कार्यक्रम के अनुसार आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र0 | नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज / ANN Stage | Vendor Stage | प्रारम्भ तिथि व समय | अन्तिम तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Tender Release | | 13.02. 2024 06.00PM | |
| | | Tender Download | 13.02. 2024 06.00PM | 21.02. 2024 10.00AM |
| | | Bid Submission | 13.02. 2024 06.00PM | 21.02. 2024 10.00AM |
| | Close of Bid | | | 21.02. 2024 10.00AM |
| | Technical Bid Opening | | | 21.02. 2024 10.00AM |
| | Financial Bid Opening | | After Approval of Technical Bid | |

नोट :- निविदा सम्बन्धी नियम व शर्तो की विस्तृत जानकारी http://etender.up.nic.in पर निर्धारित समय पर या कार्यालय अवधि में उपस्थित होकर देखी जा सकती हैं।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद
गुरसहायगंज-कन्नौज।

**अध्यक्ष**
नगर पालिका परिषद
गुरसहायगंज-कन्नौज।

# विशाल पार्क के बीच स्थापित होगा सप्तऋषि धाम

**कवायद**

- श्रीराम के गुरुधाम को संवारने के प्रयास में जुटा प्रशासन
- बड़ी देवी मंदिर व चन्द्रप्रभु के मंदिरों को मिलेगा नया आकार

सतीश श्रीवास्तव, बाराबंकी



आश्रम में स्थापित सप्तऋषियों की प्रतिमाएं। अमृत विचार


**अमृत विचार :** जिला प्रशासन की कार्ययोजना यदि सफल रही तो अयोध्या जाने वाले पर्यटक प्रभु श्रीराम के गुरुधाम यानी सप्त ऋषि आश्रम आए बिना नहीं रह सकेंगे। यहां स्थित मंदिरों को भव्यता प्रदान करने के साथ-साथ रेठ नदी के तट पर एक विशाल पार्क के निर्माण की तैयारी है। इसके लिए फिलहाल आसपास की जमीन का ब्योरा तैयार कराया जा रहा है।

कार्ययोजना में जो जमीन शामिल की जा रही है उनमें तीन अलग-अलग ट्रस्ट दावेदार हैं। एक ट्रस्ट बड़ी देवी मंदिर का है जिसे सप्त ऋषि धाम के नाम से भी जाना जाता है। दूसरा ट्रस्ट उदासीन अखाड़े का है, जहां अत्यंत प्राचीन मूर्तियां स्थापित हैं। चंद्र प्रभु मंदिर के रूप में यह स्थान जाना जाता है। जहां सप्तऋषि धाम का भी बैनर तक लगा हुआ है। तीसरा ट्रस्ट एक जड़ी-बूटी के जरिए आयुर्वेदिक दवाओं का निर्माण करने वालों का है। तीनों ट्रस्टों के पास मिलाकर लगभग 70 बीघा एकड़ से अधिक जमीन है। जिला प्रशासन ने संबंधित ट्रस्टों के पदाधिकारियों से बातचीत भी शुरू कर दी है। इन तीनों ट्रस्टों से यदि समझौता हो जाता है तो इससे सटकर बहने वाली रेठ नदी के पास भी काफी जमीन है। रेठ नदी की ओर जाने वाले रास्ते पर बड़ी देवी का मंदिर स्थापित है। इसी मंदिर में सप्त ऋषियों गुरु वशिष्ठ, गौतम ऋषि, विश्वामित्र, जमदग्नि, भारद्वाज, कश्यप ऋषि व अत्रि मुनि की प्रतिमाएं स्थापित हैं। मंदिर के पुजारी बाबा विशाल दास बताते हैं प्रतिमाएं 500 साल से अधिक पुरानी हैं। मां बड़ी देवी की प्रतिमा भी अति प्राचीन है। इसे बाद में पुनः स्थापित किया गया। उदासीन आश्रम पहले मिट्टी से ही बना था। बाद में मंदिर का कुछ हिस्सा ईंटों से बनाया गया। जो जीर्ण-शीर्ण हो चुका है। मंदिर में बैठे पूर्व प्रधान मिश्री लाल यादव बताते हैं कि यही असली सप्त ऋषि आश्रम है। यहां अत्यंत प्राचीन कई मूर्तियां दबी हुई हैं। कुछ मूर्तियां रखी हैं। चन्द्रप्रभु की मूर्ति तो बाद में आए एक संत ने स्थापित की थी। वैद्य केपी तिवारी बताते हैं कि एसडीएम का फोन आया था, अभी सही स्थिति सामने नहीं आई है।

**धाम को पर्यटन केंद्र बनाने की है योजना**

> सप्तऋषि धाम के आसपास जो जमीन स्थित है, उस पर तीन अलग-अलग ट्रस्टों का मालिकाना हक है। हम उनसे बातचीत कर रहे हैं। बातचीत सफल रही तो हमारी योजना इस धाम को विकसित कर भव्य पर्यटन केंद्र के बनाने की है। एक विशाल पार्क का निर्माण कर रेठ नदी के तट तक जोड़ा जाएगा। इसके लिए जरूरी होगा कि तीनों ट्रस्ट राजी हों।
> –सत्येंद्र कुमार, जिलाधिकारी

## अशरफ की पत्नी जैनब का मकान गिराने की तैयारी



**प्रयागराज, अमृत विचार :** माफिया अशरफ की पत्नी के मकान के साथ तीन अन्य मकानों पर प्रयागराज विकास प्राधिकरण बुलडोजर चलाने की तैयारी में है। पुरामफ्ती में बने वक्फ बोर्ड की जमीन पर बने आलीशान मकान में अतीक के भाई अशरफ की बीवी जैनब फातिमा रह रही थी। इस आलीशान मकान के साथ अन्य तीन मकानों को भी ध्वस्त किया जाएगा। प्रशासन व प्राधिकरण ने इसकी तैयारी कर ली है, मगर इस मामले में अभी कोई कुछ बोलने के लिए तैयार नहीं है। अतीक के भाई खालिद अजीम उर्फ़ अशरफ ने वक्फ बोर्ड की जमीन पर कब्जा कर अवैध तरीके से एक आलीशान बंगला बनवाया था जिसमें अशरफ की बीवी जैनब फातिमा रहती थी।

# सड़क हादसों में वृद्ध समेत दो लोगों की मौत

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में सोमवार को हुईं सड़क दुर्घटनाओं में एक वृद्ध समेत दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक युवक घायल हो गया।

**सिद्धौर:** कोठी थाना क्षेत्र के हैदरगढ़-बाराबंकी मार्ग पर भटपुरा गांव स्थित सावित्री ब्रिक फील्ड के पास इसी ईंट भट्ठे पर कारेदेवन मजरे इब्राहिमाबाद निवासी राजकिशोर का ट्रैक्टर कच्ची ईंटों की ढुलाई करता है। सोमवार सुबह मुबारकपुर गांव निवासी रोहित वर्मा (22) पुत्र दृगपाल वर्मा अपनी बाइक से जैदपुर थाना क्षेत्र निवासी अपने साथी प्रदीप रावत के साथ भट्ठे के समीप से गुजर रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक में टक्कर मार दी। रोहित की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, दूसरा हादसा सोमवार सुबह करीब 9 बजे सफदरगंज थाना क्षेत्र में रसौली के पास हुआ। फतेहपुर थाना क्षेत्र के दानिश नगर, बसारा निवासी खलील मोहम्मद अंसारी (80) साइकिल से एक वैवाहिक समारोह में शामिल होने आए थे। लखनऊ-अयोध्या हाइवे पर रसौली के समीप तेज रफ्तार कार की टक्कर से साइकिल सवार वृद्ध सड़क पर गिर गया। इससे उसकी मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों को सूचना दी।

**एक नजर**

### दुष्कर्म के दोषी को 10 साल की सजा

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिला एवं सत्र न्यायालय ने सोमवार को दुष्कर्म के आरोप में दोषी पाए गए एक अभियुक्त को 10 साल की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 15 हजार का अर्थदंड भी लगाया है। 5 जुलाई 2013 को बड्डूपुर थाने में पिता ने अपनी बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने व दुष्कर्म के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। अभियुक्त राजकुमार निवासी ग्राम बोहारा मजरे खिझना को नामजद किया गया था।

### दुष्कर्म का फरार आरोपी दबोचा गया

**बाराबंकी, अमृत विचार :** देवा कोतवाली की पुलिस टीम ने दुष्कर्म के मामले में फरार कचेहरान मोहल्ला निवासी दिनेश कश्यप को सोमवार को गिरफ्तार किया। घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था।

### उप निरीक्षक के पद पर मिली प्रोन्नति

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जहांगीराबाद थाने में तैनात मुख्य आरक्षी अब्दुल हुसैन खां को उप निरीक्षक के पद पर प्रोन्नति दी गई है। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने सोमवार को अब्दुल हुसैन खां को उप निरीक्षक के पद पर प्रोन्नति होने पर स्टार लगाए।

### सामूहिक विवाह 15 व 25 को

**बाराबंकी, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव से पहले जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के हाथ पीले कराने के लिए समाज कल्याण विभाग तेजी से लगा हुआ है। आचार संहिता लागू होने से पहले दो बार सामूहिक विवाह का आयोजन कराने की तैयारी है। प्राप्त आवेदनों की जांच कराते हुए वर-वधूओं को चिह्नित किया जा रहा है। 15 फरवरी को फतेहपुर तो 25 को शहर के जीआईसी ऑडिटोरियम में आयोजन की तैयारी की गई है।

# अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के बाद राममय हुआ देश: स्वतंत्रदेव

## बाराबंकी की जैदपुर विधानसभा क्षेत्र में जलशक्ति मंत्री ने किया प्रवास

**गांव चलो अभियान**

- घर-घर संपर्क कर गिनायीं मोदी व योगी सरकार की उपलब्धियां
- बोले- प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व में बढ़ाया भारत का मान

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



दौलतपुर में ग्रामीणों से बातचीत करते जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह।

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने सोमवार को यहां कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अयोध्या में श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा किए जाने के बाद देश राममय हो गया है। देश-विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु रोजाना रामलला के दर्शन को आ रहे हैं।

जलशक्ति मंत्री सोमवार को जैदपुर विधानसभा क्षेत्र के दौलतपुर में चलो गांव की ओर अभियान के दौरान आयोजित चौपाल में बतौर प्रवासी बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने राम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रमत्रण अस्वीकार करके करोड़ों सनातनियों का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि सनातन का विरोध कांग्रेस की खानदानी बीमारी है। पंडित नेहरू ने भी सोमनाथ मंदिर का बहिष्कार किया था। जलशक्ति मंत्री ने कहा कि मोदी-योगी सरकार की नीतियों को घर-घर पहुंचाने व लाभार्थियों से संपर्क करने के लिए भाजपा ने गांव चलो अभियान की शुरुआत की है। जलशक्ति मंत्री ने इसके पूर्व बूथ संख्या 163 के अध्यक्ष सोनू वर्मा व समस्त कार्यकारिणी के साथ चर्चा की। लोकसभा चुनाव को लेकर पन्ना प्रमुखों की भूमिका पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इसके बाद घर-घर संपर्क किया। लाभार्थियों से उनका हालचाल पूछा। पहली बार वोट डालने जा रहे युवा मतदाताओं से भी भेंट की। उन्होंने गांव के 8 लाभार्थियों को पंप सेट वितरित किए। जल शक्ति मंत्री ने बूथ अध्यक्ष के घर पर चाय तथा रामशरण वर्मा के घर पर भोजन किया। सपा के इमरान व कांग्रेस के विश्वनाथ वर्मा के नेतृत्व में कई लोगों को उन्होंने भाजपा की सदस्यता दिलाई। भाजपा के जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य ने बताया कि जलशक्ति मंत्री ने सोमवार को रात्रि विश्राम गांव में ही किया। वह मंगलवार की सुबह धार्मिक स्थलों की सफाई अभियान में हिस्सा लेंगे। अवधेश श्रीवास्तव, शशांक कुसुमेश, हर्षित आदि रहे।

### सिंचाई के विवाद में दंपति को पीटा

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम वाजिदपुर में खेत की सिंचाई के विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गयी। संजू देवी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि पति खेत की सिंचाई कर रहे थे। इसी बीच गांव के ही रीकू व अम्बरीष गालियां देते हुए आए और इंजन बन्द कर दिया। इसके बाद पाइप को बहा दिया। साथ ही धमकी दी कि यदि दुबारा जीन पाइप से सिंचाई की तो जान से मार देंगे। उसका आरोप है कि पति इंजन लेकर घर पहुंचे ही थे कि विपक्षीजन आ गये तो वे दोनों घर में घुस गए। विपक्षियों ने घर में घुसकर दोनों को लात-घूंसों से मारा पीटा। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। कोतवाली बदोसरांय क्षेत्र के ग्राम सहनीमऊ निवासी 22 वर्षीय उत्तम कुमार पुत्र राम अधार रविवार की रात किसी से बात करने के बाद लेट गया। इसके बाद अचानक उसकी हालत बिगड़ी और वह बेहोश हो गया। परिजनों ने उसे संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया। डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। बताते हैं कि उत्तम की शादी होने वाली थी। रविवार की रात उत्तम ने किसी से मोबाइल पर बात की थी। थाना प्रभारी प्रफुल्ल कुमार यादव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# पॉलिटेक्निक को उद्घाटन का इंतजार

**हीलाहवाली**

- 2016 में तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश ने रखी थी आधारशिला
- शुरुआत से पहले ही झाड़ियों से पट गया है पूरा परिसर

फतेहपुर, बाराबंकी



राजकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज का भवन। अमृत विचार

**अमृत विचार :** राजकीय महिला पॉलिटेक्निक करीब 17 करोड़ की लागत से बनकर पूरी तरह से तैयार है लेकिन अभी तक उसका संचालन शुरू नहीं हो सका है। पॉलिटेक्निक के परिसर में हर तरफ झाड़ियां ही दिखाई पड़ रही है। क्षेत्र की छात्राओं का इस पॉलिटेक्निक में पढ़ना अब सपने जैसा लगने लगा है।

सपा सरकार में तीन जून 2016 को तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कस्बे की कांशीराम कॉलोनी के निकट राजकीय महिला पॉलिटेक्निक का शिलान्यास किया था। जब पॉलिटेक्निक का निर्माण शुरू हुआ तो क्षेत्र की पढ़ने वाली छात्राओं को आस जगी थी कि उनको इसमें पढ़ाई कर आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। सपा सरकार जाते ही निर्माण कार्य की प्रगति काफी धीमी हो गई। निर्माण पूर्ण होते-होते छह वर्ष बीत गए। करीब 17 करोड़ की लागत से पढ़ाई कक्ष, प्रैक्टिकल कक्ष, आवास, कैंटीन सहित अन्य निर्माण कार्य कराये गए थे। इस समय पॉलिटेक्निक परिसर में बड़ी-बड़ी झाड़ियां उग गई हैं, जो कि दीवारों से भी ऊपर निकल रही है। करोड़ों खर्च होने के बाद भी क्षेत्र की छात्राओं को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। इतने लंबे अंतराल के बाद भी पॉलिटेक्निक का संचालन शुरू न होने के कारण इंटर पास करने वाली कई छात्राओं को दूरदराज जाने को विवश होना पड़ रहा है। अब इसका संचालन कब शुरू होगा इसका कोई पुख्ता प्रमाण नही दे पा रहा है। सूत्रों की मानें तो पॉलिटेक्निक कॉलेज का भवन हैंडओवर भी किया जा चुका है। क्षेत्रीय लोगों ने प्रशासन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए पॉलिटेक्निक कालेज को संचालित कराने की मांग की है।

# सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**फॉलोअप**

रामनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार:** विवाहिता को घर में बंधक बनाकर गैंगरेप करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दूसरे आरोपी की सरगर्मी से तलाश कर रही है।

ज्ञात हो कि थाना क्षेत्र रामनगर के एक गांव में मायके में रह रही एक विवाहिता गत 4 फरवरी को जब बाजार जा रही थी तो रास्ते में अनवारुल उर्फ बाबा खान व अरमान ने रास्ते में बहला फुसला कर उसे अपने घर ले गए। जहां पर बंधक बनाकर छह दिनों तक उससे सामूहिक दुराचार किया। किसी तरह 10 फरवरी की शाम दरिंदों की चंगुल से निकल कर पीड़ित विवाहिता अपने घर पहुंची और अपनी मां से आपबीती बतायी। पीड़िता की मां द्वारा दी गई तहरीर पर स्थानीय पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तत्परता दिखाते हुए एक आरोपी अनवारुल उर्फ बाबा खान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दूसरे फरार आरोपी अरमान की पुलिस तलाश कर रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक रत्नेश पांडेय ने बताया कि शीघ्र ही फरार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

**सार-संक्षेप**

### 15 बड़े बकाएदारों के काटे गए बिजली कनेक्शन



देवा क्षेत्र के सलारपुर गांव में लगे बिजली विभाग के शिविर में मौजूद कर्मचारी।

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** देवा क्षेत्र के सलारपुर गांव में सोमवार को विद्युत विभाग द्वारा कैंप लगाया गया। इसमें बकाया बिजली बिल जमा करने के साथ ही बड़े बकायेदारों के बिजली कनेक्शन भी काटे गए। बिजली उपकेंद्र देवा के अवर अभियंता शैलेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि सलारपुर गांव में आयोजित विद्युत कैंप में लोगों के गलत बिल के संशोधन करने के अलावा 15 बड़े बकायेदारों के कनेक्शन काटे गए है और 10 बकायेदारों ने अपना बिल भी जमा किया है। जेई ने बताया कि उपभोक्ताओं को समय से बिल जमा करने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर राकेश कुमार, दिलीप, धनीराम, ओम प्रकाश मौर्य, सुरेंद्र कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### कुक्कीवोन पिन अवॉर्ड से किया सम्मानित



गौरव सिंह चौहान को सम्मानित करते डॉ. ग्रैंड मास्टर जिम्मी आर. जगतियानी।

**लखनऊ, अमृत विचार :** अखिल भारतीय ब्लैक बेल्ट प्रमाणन, राष्ट्रीय रेफरी और कोच सेमिनार के सफल समापन अवसर पर भारत में ताइक्वांडो के संस्थापक डॉ. ग्रैंड मास्टर जिम्मी आर. जगतियानी ने ग्रैंड मास्टर गौरव सिंह चौहान को प्रतिष्ठित 'कुक्कीवोन पिन' से सम्मानित किया। उन्हें ये सम्मान भारत में ताइक्वांडो खेलों में योगदान देने और प्रचार व पिछले तीन दशक से अधिक समय से मार्शल आर्ट के क्षेत्र में उनके समर्पण के लिए दिया गया। बता दें कि साउथ कोरिया स्थित कुक्किवोन ताइक्वांडो का विश्व मुख्यालय है जो वैश्विक स्तर पर ताइक्वांडो से संबंधित हर चीज को नियंत्रित, विनियमित और लाइसेंस देता है। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को समर्पित अपने मिशन के तहत ग्रैंड मास्टर गौरव ने भारत, रूस, नेपाल, थाईलैंड और कई अन्य देशों में 4,50,000 से अधिक महिलाओं व बच्चों को अकेले प्रशिक्षण दिया है। उन्हें डिफेंस, एनसीसी और कई अन्य देशों से कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। उन्हें 2022 में सर्वश्रेष्ठ आत्मरक्षा और कमांडो प्रशिक्षण मेंटर के टाइटल से भी सम्मानित किया गया था। सम्मान समारोह में कई लोग व पदाधिकारी मौजूद रहे।



लखनऊ में सोमवार को राष्ट्रीय लोकदल के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अजित सिंह की जयंती के अवसर पर उन्हें नमन किया गया। उनकी स्मृति में रालोद के राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा ने वीरांगना झलकारी बाई अस्पताल जाकर मरीजों को फल वितरित किए। ये जानकारी रालोद के मीडिया प्रभारी ने दी।

# महिला की हत्या में आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



**अमृत विचार:** एक दशक पहले महिला की कुदाल से हमला कर हत्या करने के दोषी को विशेष न्यायाधीश ईसीएक्ट की अदालत ने आजीवन कारावास और 25 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

मामला देवा कोतवाली क्षेत्र के देवकलिया बंशी का है। यहां के निवासी अमित वर्मा ने 25 फरवरी 2013 को थाने में दी तहरीर में बताया कि गांव के ही राम सिंह वर्मा ने उसकी मां की कुदाल से हमला कर हत्या कर दी। इस मामले में पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर आरोपी को जेल भेजा। उसके बाद वैज्ञानिक साक्ष्यों का संकलन कर अदालत में आरोप-पत्र दाखिल किया। मामले की सुनवाई कर रही विशेष न्यायाधीश ईसी एक्ट की अदालत ने गवाहों के बयान व साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त राम सिंह को हत्या का दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और 25 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

### गैंगरेप में दो अभियुक्तों को 20-20 वर्ष की कठोर कैद

**बाराबंकी, अमृत विचार :** युवती से सामूहिक दुष्कर्म के दो अभियुक्तों को दोषी मानते हुए विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट की अदालत ने 20-20 वर्ष के कठोर कारावास और पांच-पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। मामला बदोसराय थाना क्षेत्र के एक गांव का है। करीब दो वर्ष पहले 21 सितंबर 2022 को थाना क्षेत्र की निवासिनी एक युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके साथ सहरी गांव निवासी देवीदीन उर्फ चर्रा, वासिद जमशेद उर्फ फारेस्टर, श्यामू और बाबूलाल ने सामूहिक दुष्कर्म किया। इस पर पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म और एससीएसटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया। मामले की विवेचना तत्कालीन सीओ रामनगर डा. बीनू सिंह ने करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। साक्ष्यों को संकलित कर अदालत में आरोप-पत्र दाखिल किया। सुनवाई कर रही विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्टी की अदालत ने गवाहों के बयान व साक्ष्यों के आधार पर देवीदीन उर्फ चर्रा व वासिद जमशेद उर्फ फारेस्टर को सामूहिक दुष्कर्म का दोषी मानते हुए सजा सुनाई।

# आंगनबाड़ी केंद्र से हटा अतिक्रमण

**खबर का असर**

दरियाबाद, बाराबंकी




अमृत विचार में प्रकाशित समाचार




जारमऊ स्थित आंगनबाड़ी केंद्र।

**अमृत विचार :** जारमऊ में नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र से विभाग ने अतिक्रमण हटवा दिया है। इस संबंध में अमृत विचार ने रविवार के अंक में तबेले में तब्दील आंगनबाड़ी केंद्र शीर्षक से प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी। इस समाचार का संज्ञान लेते हुए विभाग ने आंगनबाड़ी केंद्र को अतिक्रमण मुक्त करा दिया है।

दरियाबाद विकास खंड के जारमऊ ग्राम पंचायत स्थित नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र के कमरे में ग्रामीणों द्वारा कब्जा कर कटी पुआल रखी गयी थी। वहीं केंद्र के सामने पशु बांधने का अड्डा व उपले बनाने का काम किया जा रहा था।

अमृत विचार में खबर प्रकाशित होने के बाद विभाग आंगनबाड़ी केंद्र को खाली कराकर साफ सफाई करवा दी गई है। वहीं जमीना ग्राम पंचायत में दो केंद्र संचालित हैं। जबकि जारमऊ केंद्र पर कोई संचालिका तैनात नहीं है। वहीं कार्यवाहक सीडीपीओ प्रेम शीला ने बताया कि केंद्र का निर्माण करने के दौरान स्थान का चुनाव गलत किया गया है। जिससे केंद्र को संचालित करने में दिक्कत आ रही है। पूर्व प्रधान राम फेर ने बताया कि राजस्व गांव जारमऊ है। जबकि दोनों गांव की दूरी जारमऊ से लगभग डेढ़ से दो किलोमीटर है।

**नहीं हुआ आवंटन** — चावल की मात्रा में कटौती कर मार्च माह से वितरण करने की है योजना

# बाराबंकी में 26 लाख लोगों की थाली से दूर रहेगी बाजरे की रोटी

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी



**अमृत विचार:** जिले में करीब 26 लाख लोगों को मार्च माह से बाजरे का मुफ्त वितरण होगा कि नहीं इस पर अभी संशय बना हुआ है क्योंकि खाद्य एवं रसद विभाग को अभी जिले का आवंटन नहीं मिला है। वहीं शासनस्तर से अंत्योदय कार्ड पर सात किलो और पात्र गृहस्थी की प्रत्येक यूनिट पर एक-एक किलो बाजरा देने की व्यवस्था की गई है। गेहूं व चावल के साथ बाजरे के वितरण को लेकर तैयारी करने के निर्देश पूर्व में दिए गए थे।

मोटे अनाज का प्रयोग तेजी से बढ़ा है। सरकार भी मोटे अनाज को बढ़ावा दे रही है। इसके लिए जिले स्तर पर अब तक कई बड़े आयोजन भी हो चुके हैं। लंबे समय बाद बाजार में मोटा अनाज भी आसानी से मिलने लगा है। करीब 50 साल पहले कोटे की दुकानों से जरूरतमंदों में मोटे अनाज का ही ज्यादा वितरण किया जाता था, लेकिन बाद में उत्पादन ठप होने के कारण गेहूं, चावल का ही वितरण जरूरतमंदों में किया जा रहा है। सरकार ने अब सभी जरूरतमंदों की थाली में मोटा अनाज परोसने का निर्णय लिया है। अगले महीने से जिले में बाजरे का वितरण कार्डधारकों में होगा लेकिन इस पर अभी संशय बना हुआ है। क्योंकि खाद्य एवं रसद विभाग को जिले में इसका आवंटन ही नहीं मिला है। ऐसे में अगले माह बाजरे का वितरण होगा कि नहीं यह कहना जल्दबाजी होगी। वहीं चावल और गेहूं का आवंटन होने की बात कही गई है।

**आंकड़ों पर एक नजर**

राशनकार्डों की संख्या व लाभार्थी

| | |
|---|---|
| पात्र गृहस्थी | 5,25,324–22,68,851 |
| अंत्योदय | 1,13,803–3,59,678 |
| कुल | 6,39,127–26,28,529 |

### पात्र गृहस्थी के कार्डधारकों के चावल में होनी थी कटौती

पात्र गृहस्थी के कार्डों की प्रत्येक यूनिट को अब तक तीन किलो चावल व दो किलो गेहूं मिलता था, लेकिन मार्च माह से प्रत्येक यूनिट को एक किलो बाजरा के साथ दो किलो चावल व दो किलो गेहूं मिलने की व्यवस्था की गई है लेकिन बाजरे का आवंटन न होने से ऐसी स्थिति में चावल की मात्रा में कटौती होगी कि इस पर भी तस्वीर साफ नहीं है। अधिकारी अभी कुछ भी बताने से परहेज कर रहे हैं।

### फरवरी के राशन का इंतजार

फरवरी माह के राशन का वितरण अभी शुरू नहीं हुआ है। ऐसे में लाभार्थी अभी अनाज पाने के इंतजार कर रहे हैं। विभाग का कहना है कि जल्द ही वितरण की तिथि जारी की जाएगी। इसके बाद सभी कोटे की दुकानों से नियमानुसार राशन का वितरण कराया जाएगा। कोटे की दुकानों पर राशन पहुंच रहा है।

> जिले में मार्च माह से अंत्योदय व पात्र गृहस्थी के राशन कार्डधारकों में गेहूं और चावल के साथ बाजरे का वितरण को लेकर अभी कुछ कहा नहीं जा सकता है क्योंकि बाजरे का आवंटन अभी नहीं मिला है। जैसे निर्देश होगा उसके अनुसार पालन कराया जाएगा। **–राकेश तिवारी, जिला पूर्ति अधिकारी।**

### गांव-गांव पहुंचाएं सनातन संगम की पुनीत विचारधारा

**लखनऊ, अमृत विचार :** सनातन संगम न्यास के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को इंदिरानगर में सनातनी धम्मायोजन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेविका नम्रता पाठक व विशिष्ट अतिथि यूपी भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक विनीत अग्रवाल शारदा रहे। अपने संबोधन में नम्रता पाठक ने कहा कि सनातन संगम के इस पुनीत विचारधारा को ना केवल शहरों तक सीमित किया जाए बल्कि इसे गांव-गांव तक पहुंचाया जाए। इस काम में सनातम संगम न्यास के साथ मैं सदैव कंधे से कंधा मिलाकर चलने को लिए तैयार हूं। सनातन संगम न्यास, लखनऊ शाखा के प्रभारी देवेश दीक्षित ने कहा कि लखनऊ में जो सनातन ज्योति प्रज्जवलित की गयी है, वो पूरे प्रदेश में प्रकाश पुन्य के रूप में तीव्रता के साथ फैलेगी, शीघ्र ही कानपुर, बनारस आदि प्रमुख नगरों में भी कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

अङ्‌गणवेदी वसुधा कुल्या जलधि : स्थली च पातालम् ।
वल्मीकश्च सुमेरु : कृतप्रतिज्ञस्य वीरस्य ।

दृढ़ संकल्पित योद्धा के लिए संपूर्ण वसुधा कुटुंब रूपी आंगन के समान है। सागर नदी के समान है। सुमेरु जैसा पर्वत भी चीटियों का धाम ही है।

## संपादकीय

# कूटनीतिक सफलता

कतर में मौत की सजा पाने वाले भारतीय नौसेना के आठ पूर्व जवानों की सकुशल घर वापसी को मुमकिन बनाने के कतर के अमीर के फैसले की सराहना की जानी चाहिए। ध्यान रहे कतर की एक अदालत ने 26 अक्टूबर, 2023 को भारतीय नौसेना के 8 पूर्व अधिकारियों को मौत की सजा सुनाई थी। साल 2022 में कतर की एक कंपनी में काम करने वाले इन अधिकारियों पर जासूसी का आरोप लगाकर वहां की सरकार ने गिरफ्तार कर लिया था। ये सभी पूर्व अधिकारी वहां की 'अल दहरा ग्लोबल टेक्नोलॉजीज एंड कंसल्टेंसी सर्विसेज' नाम की कंपनी के लिए काम कर रहे थे। सवाल उठा कि क्या सरकार इन्हें बचा पाएगी, वो क्या रास्ता निकालेगी और उन्हें लाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर क्या कदम उठाएंगे? इन पर जासूसी के आरोप लगे थे। इनकी वापसी नामुमकिन सी थी, लेकिन भारत सरकार की कूटनीति और रणनीति काम आई। इन्हें रिहा कराने के लिए भारत सरकार ने अंतरराष्ट्रीय और घरेलू स्तर पर मजबूत रणनीति बनाई। दरअसल भारत और कतर के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध हैं। कतर में आठ लाख से भी ज्यादा भारतीय रहते और काम करते हैं। भारत अपनी 40 फीसदी तरल प्राकृतिक गैस या एलएनजी कतर से हासिल करता है। पैट्रोनैट द्वारा 2029 से 20 साल के लिए कतर से सालाना 75 लाख टन तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) खरीद अनुबंध का नवीकरण संभवतः दुनिया में इस ईंधन की खरीद का सबसे बड़ा सौदा है। ऐसे में भारत ने शुरू से ही इस मामले को लेकर कतर से बातचीत जारी रखी। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल दिसंबर में कतर के अमीर शेख तमीम बिन हम्द अल-थानी से दुबई में हुए सीओपी 28 सम्मेलन से इतर मुलाकात की थी।

इस बैठक में पीएम मोदी ने पूर्व भारतीय नौसैनिकों की रिहाई के मसले पर बात की। जानकारों के मुताबिक कतर एक ऐसा देश रहा है जो हमेशा मध्यस्थता करके दो देशों के विवादों को सुलझाने में मदद के लिए जाना गया है। इजराइल और हमास के बीच भी कतर ने मध्यस्थता की। इस पूरे घटनाक्रम के बीच 2014 की संधि को भी नजरंदाज नहीं किया जा सकता, जिसमें तय किया गया था कि अगर किसी कारण से दोनों देशों के नागरिकों को सजा मिलती है तो वो अपने देश में सजा काट सकते हैं। चर्चा इस बात की थी कि भारत सरकार ने इस मामले को कूटनीतिक नजरिए से उठाते हुए अमेरिका और तुर्किए से भी बातचीत की थी। वैश्विक स्तर पर भारत की इस ऐतिहासिक कूटनीतिक सफलता के पीछे दुनिया में भारत का बढ़ता कद भी रहा। भारत ने जिस तरह मामले को उठाया, उसके आगे कतर को कैदियों को राहत देनी पड़ी।

# आईसीएआर की पृष्ठभूमि में स्वामीनाथन की भविष्य दृष्टि



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

हरित क्रांति को सफल बनाने के लिए विभिन्न प्रान्तों के किसानों का सहयोग मिला। अनेक सूबों की सरकारों के 'लैंड रिवेन्यु' विभागों ने हरित क्रांति से पहले कृषि भूमि का 'कंसोलिडेशन' कर लिया था। छोटी-जोतों को तोड़कर कृषि जोत का न्यूनतम आमाप एक एकड़ किया गया।

98 वर्ष की उम्र में प्रो.मन्कोम्बू संबाशिवम स्वामीनाथन जिन्हें हम एमएस स्वामीनाथन कहते हैं का देहांत 28 सितंबर 2023 को हुआ। चार महीने बाद 9 फरवरी 2024 को प्रो.स्वामीनाथन को मृत्योपरांत भारत रत्न देने की घोषणा भारत सरकार ने की तब इनके बारे समाचार माध्यमों में चर्चा पुनः शुरू हुई। स्वामीनाथन भारत में कृषि क्षेत्र में पोस्ट-कॉलोनियल रिसर्च इम्प्लीमेंटेशन के जरिए 'हरित क्रांति का पितामह' कहे जाने के कारण लोकस्मृति का स्थायी हिस्सा बन चुके हैं। भारतीय कृषि को कम उत्पादन, मानसून पर ही निर्भरता संबंधी कठिनाई, कृषि भूमि की गिरती हुई उर्वरता, छोटी और अनुत्पादक जोत, फसलों की सिंचाई के लिए पानी और तकनीकि संसाधनों की कमी, कीट-पतंगों के प्रबंधन और इनकी भूमिका के बारे में निम्न स्तर की समझ, कृषि शिक्षा और वैज्ञानिक शोध के स्तर का स्थिर हो जाना, नए बीजों के रचनाक्रम और इनके अभाव, पुराने एवं पारंपरिक बीजों (फार्मर्स वेरायटीज) का संरक्षण किये जाने और इनके जैव-द्रव (जर्मप्लाज्म) को सुरक्षित करने की व्यवस्था के अभाव, कृषि शोध कार्य की कमी की वजह से प्रकाशन की मात्रा का कम होने और किसान कल्याण के लिए प्रबंधकीय, वित्तीय और प्रशासकीय व्यवस्था के भीतर उपेक्षाभाव दूर करने संबंधी निर्णयों के अभाव जैसे संकटों से निकालने के लिए जो नेतृत्व प्रदान किया इस वजह से उन्हें श्रृद्धापूर्वक याद किया जाएगा। साफ़ तौर से कहें तो इनके नेतृत्व में और राजनैतिक और वित्तीय संसाधनों की आश्वत मदद और इंटर-मिनिस्टीरियल सपोर्ट, जैसे कि मिनिस्ट्रीज़ ऑफ़ फाइनेंस, ट्रांसपोर्ट एंड रेलवेज़, बिजली और सिंचाई, इंडस्ट्रीज, केमिकल्स, पेट्रोकेमिकल्स, फर्टिलायिज़र्स एंड फार्मास्यूटिकल्स, हेल्थ और एग्रीकल्चर फारेस्ट एंड एनिमल हसबेंडरी के अनेक सहायक इंस्टिट्यूट्स और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के नीचे सन 1965 के बाद विशिष्ट सेवा के लिए स्थापित किए गए अनुसंधान संस्थानों के बिना 'हरित-क्रांति' संभव ही न थी। यह तो नहीं कह सकते कि देश में सन 1967 से 1978 के बीच चालू रहे 'ग्रीन रेवलुशन' अर्थात हरित क्रांति का प्रारंभ और सफल आयोजन प्रो.स्वामीनाथन के बिना संभव ही न था लेकिन राजनैतिक इच्छाशक्ति

आईसीएआर की स्थापना को अब से पांच साल बाद एक सदी का समय होने को है। ब्रिटिश राज में देश भर में अनेक स्थानों पर एग्रीकल्चरल रिसर्च स्टेशंस भी स्थापित हुए थे, जैसा कि पंजाब के लायलपुर में जिसमें काम करते हुए जिला रोहतक के डॉ. रामधन हूडा ने गेहूं की अनेक किस्मों का विकास किया था।

और विज्ञान के अद्भुत मेल को लेकर अगर इसे एक ऐतिहासिक दृष्टि से गहरे और समीक्षात्मक नज़रिए से परखा जाए तो किसी को तो भारत से भूख का निर्वासन करने के लिए नेतृत्व देना ही था। संयोगवश इस नेतृत्व के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने राष्ट्रव्यापी काम के लिए प्रो. स्वामीनाथन को पहचाना और इन्हें इसका जिम्मा सौंपा ताकि देश को अनाज उत्पादन में आत्म निर्भर बनाया जा सके। इंदिरा जी की उम्मीदों को पूरा करने के लिए वे एक तेज़ जज्बे और उत्साह से जुटे और खरे उतरकर अगले दस साल में यह काम कर दिखाया। उन्हें भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) की समस्त वैज्ञानिक तकनीकी प्रतिभाओं की बौद्धिक क्षमता का समर्थन प्राप्त हुआ था। प्रोग्राम इम्प्लीमेंटेशन और इसकी मॉनिटरिंग के मामले में प्रो. स्वामीनाथन की ही अग्रणी भूमिका रही। इसके अलावा देश के लोगों के न्यूट्रीशनल स्टेटस को सही स्तर पर रखने के लिए जिस प्रकार के अनाज उगाना जरूरी समझा गया उन्हीं 'हाई ईल्डिंग हाइब्रिड सीड्स' को विकास करके उच्च पोषक मान वाली किस्मों की खेती को लोकप्रिय बनाया गया। हरित क्रांति के दौरान अधिकतर जोर पंजाब-हरयाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य और दक्षिण भारत के सिंचित कृषि क्षेत्रों पर रहा। फसल उत्पाद के सुरक्षित भंडारण और वितरण का काम कैसे छोड़ा जा सकता था। इसकी जिम्मेवारी सन 1965 में स्थापित फूड कारपोरेशन ऑफ़ इंडिया और पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम को क्रमशः दी गई थी। कुल मिलाकर हरित क्रांति का प्रभाव आशातीत रहा क्योंकि पंच-वर्षीय योजनाओं के दौरान पूंजी के भारी निवेश और प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग के अलावा देश के किसानों के अपेक्षित सहयोग से भारत की स्थिति एक अकाल पीड़ित, कुपोषित और क्षुधाग्रस्त लोगों की भीड़ से ऊपर उठकर सन 1990 तक एक अन्न निर्यातक देश के रूप में प्रतिष्ठित हुई। सन 1947 में 50 मिलियन टन से भी कम अनाज का उत्पादन करने वाला देश सन 2021 तक सालाना 290 मिलयन टन विभिन्न प्रकार के अनाज का उत्पादन करने में सक्षम हो चुका था। हरित क्रांति को सफल बनाने के लिए विभिन्न प्रान्तों के किसानों का सहयोग मिला। अनेक सूबों की सरकारों के 'लैंड रिवेन्यु' विभागों ने हरित क्रांति से पहले कृषि भूमि का 'कंसोलिडेशन' कर लिया था। छोटी-जोतों को तोड़कर कृषि जोत का न्यूनतम आमाप एक एकड़ किया गया। इसके आधार पर कंसोलिडेशन का काम तीव्र गति से हुआ। हरितक्रांति के लिए यह सब तैयारी जरूरी थी।

प्रो.स्वामीनाथन को कृषि क्षेत्र में अनुसंधान और विकास कार्य में नेतृत्व प्रदान करने के लिए जो इज्ज़त भारत और विदेश में हासिल हुई उसके पीछे की कहानी कॉलोलियल भारत में अंग्रेजों द्वारा खेतीबाड़ी और सिंचाई के मामले में सन 1830 के बाद से दी गई तवज्जो से शुरू होती है। सन 1927 में 'रॉयल कमीशन ऑन एग्रीकल्चर' ने भारत में बैठकें की। इसकी सिफारिश पर सन1929 में 'इम्पीरियल कौंसिल ऑफ़ एग्रीकल्चरल रिसर्च' की स्थापना बिहार के पूसा में की गई थी। बिहार में आये भीषण भूकंप से हुई तबाही के बाद इसे दिल्ली रिज़ के पश्चिमी ओर टोडापुर गांव की जमीन पर स्थापित किया गया। देश में कृषि अनुसंधान का काम धीरे-धीरे विशाल आकार लेता रहा और जैसे-जैसे अनुसंधान की जरूरतें बढ़ी और हरित क्रांति जैसी प्राथमिकताएं बनीं, कृषि अनुसंधान के लिए नए संस्थान बनाए जाने की जरूरत महसूस की गई। आईसीएआर की स्थापना को अब से पांच साल बाद एक सदी का समय होने को है। ब्रिटिश राज में देश भर में अनेक स्थानों पर एग्रीकल्चरल रिसर्च स्टेशंस भी स्थापित हुए थे, जैसा कि पंजाब के लायलपुर में जिसमें काम करते हुए जिला रोहतक के डॉ. रामधन हूडा ने गेहूं की अनेक किस्मों का विकास किया था। यही किस्में दुनिया के गेहूं उत्पादक देशों में अब सर्वाधिक बोई जाती हैं और इनसे प्राप्त अनाज ही प्राथमिकता से खाया जाता है। मुद्दा यह बताना है कि ग्रीन रेवलुशन से बहुत पहले ही भारत में कृषि और पशुओं के बारे आधुनिक तरीके से अधिक उपज देने वाली और रोगरहित फसलों के अनुसंधान और विकास का रास्ता प्रशस्त हो चुका था। हरित क्रांति का आगाज़ एक ऐसे कार्यक्रम के रूप में शुरू किया गया जिसके लिए एक नई दृष्टि और तकनीकों का अपनाया जाना अर्थात अपग्रेड या उन्नत करना अपरिहार्य हुआ। मध्य 18 वीं सदी से लेकर सन 1943 तक देश में दसियों बार–अधिकतर अनावृष्टि के कारण, भीषण दुर्भिक्ष पड़े जिसके असर से करोड़ों मनुष्य और पशु कालकलवित हुए थे। परंपरा से प्रचलित कृषि ज्ञान और प्रौद्योगिकी से देश में बढ़ती हुई आबादी के लिए पर्याप्त मात्रा में अन्न सुलभ करा पाना मुश्किल हो गया था।

इस कारण से अमरीका के पब्लिक लॉ-480 के अंतर्गत, आस्ट्रेलिया और रूस से देश में गेहूं का बड़ी मात्रा में आयात किए जाने से सम्मान को जो ठेस पहुंच रही थी उसे हरित क्रांति के द्वारा दूर कर दिया गया। देश में फ़ूड सिक्यूरिटी और जनसंख्या में पोषण को उचित स्तर को बनाए रखने के लिए न केवल गेहूं बल्कि धान, दालों और तिलहनों की खेती और हॉर्टिकल्चर को नई सोच से विकसित किया गया। इसमें भी प्रो.स्वामीनाथन और हज़ारों अन्य वैज्ञानिकों की दूर-दृष्टि ने काम किया। अब सवाल यह कि प्रो.स्वामीनाथन और हरित क्रांति के बाद आईसीएआर के अंतर्गत काम करने वाले संस्थान आईएआरआई की शोध दृष्टि अब किस ओर गई है और अगले 30-50 साल के लिए किस सोच से काम करने को यह उद्धत है? जाहिर है इस बारे में आईसीएआर का विज़न डॉक्यूमेंट तैयार है जिसमें फोकस रहेगा फसलों को जहर मुक्त रखना, क्लाइमेट चेंज के अनुसार फसलों को ढालने की टेक्नोलॉजी विकसित करना। हरित क्रांति के जो दुष्प्रभाव बाद में पैदा हुए उनसे बचाव करते हुए देश के किसानों को सजग रखना और उत्पादन एक स्तर से नीचे न चला जाए इस प्रकार से कुदरती खेती के उपाय भी करना। इस पूरे परिप्रेक्ष्य में महत्त्व का ऐतिहासिक दस्तावेज़ है डॉ.महेंद्र सिंह रंधावा द्वारा चार खंडों में लिखी गई 'हिस्ट्री ऑफ़ इंडियन एग्रीकल्चर'।

## व्यंग्य

# गाय मार कर जूता दान

पूर्व प्रधानमंत्री नरसिंह राव को मृत्योपरांत भारत रत्न सम्मान दिया गया। श्री राव, गांधी परिवार के बाहर शास्त्री जी के बाद दूसरे कांग्रेसी प्रधानमंत्री थे और उस परिस्थिति में उन्होंने अपने वित्त मंत्री मनमोहन सिंह के साथ आर्थिक उदारीकरण की योजना लाकर देश की आर्थिक स्थिति में जो सुधार किया, वह प्रशंसनीय था और आज की भाजपा सरकार भी उदारीकरण की उसी नीति को आगे बढ़ा रही है।

अभी पांच महानुभावों को देश का सर्वोच्च सम्मान "भारत रत्न" प्रदान किया गया। इस पुरस्कार को देने तथा पाने वालों से क्षमा मांगते हुए निवेदन कर रहा हूं। लालकृष्ण आडवाणी देश के भूतपूर्व गृहमंत्री होने के साथ जनसंघ तथा भाजपा के शीर्ष पुरुष रहे एवं रामजन्म भूमि मुक्ति के लिए उन्होंने अथक प्रयास किया है। भाजपा सरकार ने उन्हें यह सम्मान देकर उत्कृष्ट कार्य किया है। लेकिन आडवाणी को अधिक आयु का हवाला देकर जिस तरह से उन्हें सक्रिय राजनीति से दूर किया गया तथा अयोध्या में राम मंदिर के शिलान्यास व प्राण प्रतिष्ठा आयोजन से अलग किया गया, उसकी शायद ही कोई प्रशंसा करेगा। प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर राम जन्मभूमि न्यास के सचिव चंपत राय ने उनके न आने के लिए जिस भाषा का प्रयोग किया था, शायद ही कोई आडवाणी जी जैसों के लिए वैसी भाषा का प्रयोग करना चाहेगा। बेहतर होता, आडवाणी विनय पूर्वक इस सम्मान को अस्वीकार कर देते क्योंकि इसके मिलने या न मिलने से उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त आईजी पुलिस, उप्र.


पूर्व प्रधानमंत्री नरसिंह राव को मृत्योपरांत भारत रत्न सम्मान दिया गया। श्री राव, गांधी परिवार के बाहर शास्त्री जी के बाद दूसरे कांग्रेसी प्रधानमंत्री थे और उस परिस्थिति में उन्होंने अपने वित्त मंत्री मनमोहन सिंह के साथ आर्थिक उदारीकरण की योजना लाकर देश की आर्थिक स्थिति में जो सुधार किया, वह प्रशंसनीय था और आज की भाजपा सरकार भी उदारीकरण की उसी नीति को आगे बढ़ा रही है। संसद में वित्तमंत्री जी ने श्वेतपत्र जारी कर पिछली कांग्रेस सरकारों को जिस तरह धोया है, उससे यह सम्मान मेल नहीं खाता। इसी तरह श्वेत पत्र में 10 वर्ष तक लगातार प्रधानमंत्री रहे मनमोहन सिंह को भी निशाना बनाया गया जबकि राज्यसभा के कार्यकाल की समाप्ति पर उनकी प्रशंसा स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुक्तकंठ से किया है।

पूर्व प्रधानमंत्री स्व.चौधरी चरण सिंह भी अब भारत रत्न हो गए हैं। किसानों के नेता कभी दलबदल के मसीहा हुआ करते थे तथा वह ऐसे एकमात्र प्रधानमंत्री रहे हैं जिन्होंने एक दिन भी सदन को नहीं झेला। आसन्न चुनावी वैतरणी पार करने में संभवतः वह पतवार का कार्य करेंगे। कर्पूरी ठाकुर भी भारत रत्न हो गए, मरणोपरांत ही सही। सामाजिक न्याय के पुरोधा को यह पुरस्कार पहले ही मिलना चाहिए था लेकिन आगामी चुनाव में पिछड़ों को साधने हेतु विलंब से ही सही,यह कार्य कर दिया गया। डा. स्वामीनाथन को भी यह सम्मान परणोपरांत ही दिया गया।

विरोध प्रदर्शन के समय व्यक्ति की भर्त्सना करना तथा आवश्यकता पड़ने पर उसी की प्रशंसा करना या सम्मानित करना राजनीति का एक दांव है और यह साम, दाम, दंड, भेद नीति का एक हिस्सा है, इसे इसी रूप में देखा जाना चाहिए। आवश्यकता पड़ने पर बाला साहब ठाकरे, नीतीश कुमार, शरद पवार, लालू यादव आदि को भी ऐसे सम्मानित किया जाए तो आश्चर्य की बात नहीं होनी चाहिए।

कभी विचार आता है कि योग्य व्यक्तियों को उनके जीवन काल में उचित सम्मान क्यों नही मिलता, उनके दिवंगत होने की प्रतीक्षा क्यों की जाती है? देश में हरित क्रांति के पुरोधा डाक्टर स्वामीनाथन को पुरस्कृत करने में सभी सरकारों ने इतना विलंब क्यों किया? शायद उनके पास किसी जाति, धर्म का वोट बैंक नहीं था। देश में ऐसे बहुत से सपूत रहे हैं जो अशोभनीय, असम्मानित और अगाथा चले गए या अंतिम गति की प्रतीक्षा कर रहे हैं। मृत्योपरांत पुरस्कृत करना सेना एवं सुरक्षाकर्मी के लिए तो उचित है लेकिन जीवित व्यक्तियों को उनके जीवनकाल में उपेक्षित करना उनका अनादर है। यदि सरकार साहस कर ऐसे व्यक्तियों को उचित सम्मान दे सके तो राष्ट्र और समाज हित में होगा।

# विवेकवाद बनाम मज़हबों का अयुक्तिवाद



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

औद्योगिक क्रांति के बाद यूरोप ने मज़हब के विस्तार के बजाय, आर्थिक और सैन्य शक्ति से सत्ता प्राप्त करने, उसे बनाये रखने और उसका विस्तार करने का रास्ता खोज निकाला।

सभी मज़हबों और संप्रदायों में अयुक्तिवाद का तत्व अपरिहार्य रूप से मौजूद है। यूरोप के लोगों ने बहुत क़ीमत चुकाकर, कई विद्वानों और जिओर्दनो ब्रूनो जैसे वैज्ञानिकों को चौराहों पर ज़िंदा जलाकर, पोप और बिशप की निरंकुश, अमानवीय मनमानी बर्दाश्त कर, व्यर्थ के क्रूसेड चलाकर, एक हज़ार साल के मध्ययुगीन अंधकार में डूबे रहने के बाद, इस चीज़ को समझा और पुनर्जागरण, धर्म सुधार तथा ज्ञानोदय की आग में तपकर औद्योगिक क्रांति की यात्रा की जिसने दुनिया बदल दी।

हर मज़हब मूलतः सत्ता-संगठन है। मनुष्य के जीवन में गुणात्मक उत्थान लाने से अधिक उन्हें अपने अनुयायियों की संख्या बढ़ाने में संलग्न देखा जाता है। मनुष्य का चरित्र और स्वभाव कैसा भी हो, उसे अपने मज़हब में दीक्षित करने को मज़हबी कर्तव्य माना जाता है। माना जाता है कि पूरी दुनिया को संबंधित मज़हब में दीक्षित करने में सफल होने तक यह कर्तव्य प्रासंगिक बना रहेगा। यह इस प्रमेय पर आधारित है कि संबंधित मज़हब में दीक्षित होते ही मनुष्य स्वभाव व चरित्र से कैसा भी हो, उसका उद्धार हो जाएगा। जीवन का सीधा और सही मार्ग एक ही है, जैसे दो बिंदुओं को जोड़ने वाली सीधी रेखा एक ही हो सकती है। संबधित मज़हब को ही वे एकमात्र सीधी रेखा और इसलिए एकमात्र सही मज़हब मानते हैं। तर्कणा बात सही होती अगर मज़हब मनुष्य के स्वभाव और चरित्र को बदलकर उसे बेहतर मनुष्य बना देता। किंतु व्यवहार में ऐसा होता दिखाई नहीं पड़ता। मज़हब कोई भी हो, उसके अनुयायी एक से चरित्र और स्वभाव के नहीं पाए जाते। हर मज़हब में अच्छे-बुरे, ईमानदार-बेईमान, भांति-भांति के इंसान दिखाई पड़ते हैं। यहां तक कि कोई भी दो अनुयायी स्वभाव और चरित्र में हूबहू एक-से नहीं होते। यह तथ्यात्मक सच्चाई है जिससे कोई इन्कार नहीं कर सकता। अस्तु, सीधी रेखा सिर्फ़ इंसानियत की हो सकती है, किसी मज़हब की नहीं।

औद्योगिक क्रांति के बाद यूरोप ने मज़हब के विस्तार के बजाय, आर्थिक और सैन्य शक्ति से सत्ता प्राप्त करने, उसे बनाये रखने और उसका विस्तार करने का रास्ता खोज निकाला। आज ईसाई मज़हब के सिद्धांत केवल उन पुजारियों और धर्म-प्रचारकों तक सीमित हैं जो पिछड़े देशों में मज़हब के प्रचार-कार्य में लगे हैं। उनका वित्त-पोषण करने वाली संस्थाएं भी वस्तुतः सत्ता-विस्तार के ही काम में लगी हैं। भौतिक सत्ता से ही विश्व-शक्ति बने अमेरिका ने तो इस चीज़ को सबसे स्पष्ट तरीक़े से समझ लिया है। रिपब्लिकन पार्टी अपेक्षाकृत अनुदार है तो उसमें कभी-कभी ईसाइयत के प्रति राजनीतिक क़िस्म का आग्रह झलक उठता है। बस राजनीतिक क़िस्म का। जैसे हमारे यहां वर्तमान में 'हिंदुत्व' के प्रति 'राजनीतिक क़िस्म' का आग्रह सफलता का रामबाण बना हुआ है। जो अपने को घोषित तौर पर विवेकवादी मानते हैं, कभी-कभी कट्टरता की मात्रा या तीव्रता के आधार पर मज़हबों की परस्पर तुलना करने लगते हैं। एक मज़हब के अयुक्तिवाद को दूसरे मज़हब के अयुक्तिवाद से ज़्यादा खतरनाक बताने लगते हैं। अयुक्तिवाद की ऐतिहासिक व्याख्या करने, किसी को सही तो किसी को ग़लत बताने लगते हैं। अरे भाई, जब आधार ही अयुक्तिवाद है तो सारा खेल अविवेक और सत्ता का हो जाता है। सत्ता के स्रोत क्या हैं? शक्ति-आक्रामक और सुरक्षात्मक-संपत्ति और संख्या। जिसके पास तीनों का समंजित योग ज्यादा होगा उसका अयुक्तिवाद जीत जाएगा। सच और झूठ की लड़ाई में सच के जीतने की संभावना कितनी भी क्षीण हो, रहती तो है। किंतु दो झूठ की लड़ाई में ज़्यादा शक्तिशाली झूठ जीत जाएगा। और ज्यादा शक्तिशाली झूठ प्रायः वही होता है जो ज्यादा बड़ा झूठ होता है। बिल्कुल सीधी बात है। तो विवेकवाद के आधार पर किसी मज़हब को सही या ग़लत ठहराने का क्या तुक?

जो जैसा है, वैसा है। विवेकवाद भी कहीं न कहीं लड़खड़ा ही जाता है। उसमें भी तो बहुत कुछ अस्तित्ववाद संबंधी मानकर चलना पड़ता है। विवेकवादी को सदा यह कहने को तत्पर रहना पड़ता है-इसके बारे में फ़िलहाल मैं कुछ नहीं जानता क्योंकि सर्वगम्य रूप से, निश्चित तौर पर अभी कुछ भी ज्ञात नहीं है। जब सर्वगम्य और सुनिश्चित रूप से ज्ञात हो जाएगा, बता दूंगा। जो अभी इस तरह ज्ञात नहीं है, वह आगे ज्ञात हो भी सकता है, नहीं भी हो सकता। लेकिन अज्ञात के साथ भी ठाट से जिया जा सकता है। तो विवेकवादी नास्तिक नहीं हो सकता। नास्तिक होना और उसे घोषित करना या तो दंभ का परिचायक होता है, या व्यापक परिप्रेक्ष्य की उपेक्षा का द्योतक। अस्तु, विवेकवादी नास्तिक के बजाय तत्वतः अज्ञेयवादी होने के लिए नियतिबद्ध है।

## सोशल फोरम

# कहानी त्रेतायुग से जुड़ी है

उन दिनों चोरी के लिए मृत्युदंड का विधान था। हमारे गांव में तो आज भी ताला लगाने का रिवाज कम ही है। फैले खेतों से आलू मूली या फल चुराने की कुछ घटनाएं होती हैंलेकिन घर फिलहाल डौणूं में सुरक्षित ही मिलते हैं। राजा सुरथ के राजमहल में ब्राह्म मूहुर्त में चोरों ने करामात दिखा दी लेकिन जाग हो जाने से पहरेदारों ने चोरों का पीछा शुरू कर दिया। झिटपुट अंधेरे में तो चोर भागते रहे लेकिन ज्यों ही प्रकाश का प्रभाव हुआ वे महामुनि मांडव्य के आश्रम में छुप गए।



रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

माण्डव्य उस समय अष्टांग योग की आठवीं स्थिति अर्थात समाधि लगाए बैठे थे। पहरे दारों ने चोरों को खोज निकाला और यह समझ कर कि मुनि इन चोरों का मुखिया है समाधिस्थ ही उठा ले गए। चोरों को एक-एक करके शूली पर चढ़ा दिया गया। माण्डव्य की समाधि (बंध) यथावत ही रहा और शूली उनके अपामार्ग में किंचित मात्र घुस तो गई लेकिन शरीर छेदन नहीं कर पाई। दंडाधिकारियों को समझ में नहीं आया तो राजा को बुलाया और राजा समझ गए कि अनर्थ हो गया आनन-फानन में त्रृषि के शरीर को शूली से उतारने का उपक्रम किया गया लेकिन शूली की नोंक नहीं निकल सकी और उसे काट दिया गया। समाधि अवस्था समाप्त होने के बाद जब मुनि जागे तो राजा ने पैर पकड़कर क्षमा मांगी और पूरा प्रसंग बताया। त्रृषि ने कहा राजन दोष तुम्हारा नहीं है इसलिए क्षमा करता हूं लेकिन धर्मराज से पूछूंगा कि यह नोंक घुसी रहने का दंड क्यों? प्राण त्याग कर जब धर्म राज के पास पहुंचे तो वहीं प्रश्न। धर्मराज ने कहा कि बाल्यकाल में आप छोटे पतंगों के शरीर में कांटा चुभाकर छोड़ दिया करते थे इसलिए यह दंड देना पड़ा।'बाल्यकाल में पाप पुण्य की जानकारी न होने पर किए गए कार्य का इतना कठोर दंड देकर आपने क्षुद्रबुद्धि का कार्य किया है, इसलिए आप शूद्र बनकर मृत्यु लोक में स्थान प्राप्त करोगे'। आगे की कहानी लंबी है। द्वापर युग में धर्मराज को जन्म लेना पड़ा। इस कलियुग में जो आईएएस अधिकारी समाधि लगाए बैठे रहते हैं उनको ध्यान रखना चाहिए कि उनके आश्रम में चोरों का शरणस्थल तो नहीं बन गया है ताकि दंड का भागी न होना पड़े।

-फेसबुक वॉल से

# लखनऊ की सुधि कब



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

वाल्मीकि रामायण में लक्ष्मण जी को राम के 'बाहर विचरते हुए प्राण' कहा गया है, और गोस्वामी तुलसीदास ने उनके लिए कहा है, "रघुपति कीरति विमल पताका। दण्ड समान भयउ जस जाका"।। वहां मंदिर भी है, जिसमें अब पूजा भी बंद है और एक कुंवा , जिसका संबंध पाताल से बताया जाता है, क्योंकि लक्ष्मण जी शेषावतार थे, जिनका मूलस्थान पातालपुरी है।

इन दिनों प्रकट कारणों वश मुग़ल काल में बनाई गई कतिपय मस्जिदों को हटाकर वहां स्थित हिंदू पवित्र स्थलों को मुक्त कराने का अभियान चल रहा है। इस क्रम में अयोध्या खूब खबरों में रहा और अभी रक्खा जायगा, जहां बाबरी मस्जिद ध्वंस तो बहुत पहले ही हो चुका था, किंतु मंदिर बनाने का मार्ग सर्वोच्च न्यायालय द्वारा कुछ वर्ष पूर्व ही प्रशस्त किया गया। अब मंदिर निर्माणाधीन है, किंतु गर्भ गृह में मूर्ति स्थापन और प्रधानमंत्री द्वारा प्राण प्रतिष्ठा की संपन्नता हो चुकी है। आगे के भाजपाई एजेंडे में मथुरा की कृष्ण जन्मभूमि और काशी के बाबा विश्वनाथ मंदिर से सटे इस्लामिक स्थापत्यों का हटाया जाना शामिल है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि महाभारत काल में पांडवों ने कौरवों से पांच गांव ही मांगे थे,कितु कौरव 'सुई की नोक बराबर'भी भूमि उन्हें देने को तैयार नहीं हुए, तब महाभारत हुआ था। उनकी (भाजपा की) तो मांग केवल तीन स्थलों की ही थी, जिनमें एक वाया अदालत मिल पाया, अब दो बाकी हैं। यदि ये न मिले तो महाभारत होगा। अर्थात् अब केवल मथुरा और काशी बाकी है।

इस प्रसंग में मुझे यह कहना है कि मांग इतनी सीमित क्यों है? फिलहाल मैं लखनऊ को इसमें शामिल करने पर जोर दे रहा हूं, जहां राम के अनुज और सदा साथ रहे लक्ष्मण जी के महल के ध्वंसावशेषों पर औरंगज़ेब ने मस्जिद बनवाई। वाल्मीकि रामायण में लक्ष्मण जी को राम के 'बाहर विचरते हुए प्राण' कहा गया है, और गोस्वामी तुलसीदास ने उनके लिए कहा है, "रघुपति कीरति विमल पताका। दण्ड समान भयउ जस जाका"।। वहां मंदिर भी है, जिसमें अब पूजा भी बंद है और एक कुंवा , जिसका संबंध पाताल से बताया जाता है, क्योंकि लक्ष्मण जी शेषावतार थे, जिनका मूलस्थान पातालपुरी है। कहा जाता है कि एक मंदिर वर्तमान मस्जिद के अंदर भी था, जिसे तोड़ा गया था। निकट ही सूर्यकुंड है, जो इस बात का पुष्ट प्रमाण है कि यह स्थान सूर्यवंशी राजावों की पीठिका रहा है। मालूम हो की श्रीराम सूर्यवंशी ही थे। इस टीले का नाम लक्ष्मण टीला आदि से ही विख्यात है, जिसका विस्तार मेडिकल कालेज और बिरहाना तक था। कथित सेकुलर सरकारों ने इसकी पुरातात्विक खुदाई नहीं करवाई, लेकिन अब तो राम वाली ही सरकार है। न तो लक्ष्मण का महत्व कम है और न लखनऊ का। मुस्लिम लेखक भी इस टीले की संबद्धता लक्ष्मण से बताते हैं। अब्दुल हलीम शरर कहते हैं 'उस टीले पर एक गहरा गार या कुंवा था, जिसकी किसी को थाह न मिलती थी, और लोगों में मशहूर था कि यह शेषनाग तक चला गया है। इस ख़याल ने जज़बाते अकीदत को हरक़त दी और हिंदू लोग खुश एतिदाती से आ आकर इसमें फूल पानी डालने लगे"(गुजश्तः लखनऊ-पेज 28)। ऐसा होते हुए भी राजधानी की सुधि न लेना तो चिराग़ तले अंधेरा है। नगरों और स्थानों के नाम परिवर्तन श्रृखला में भी यह नगर उपेक्षित रहा। कई वर्ष पूर्व जब मंत्री और गवर्नर रहे, भाजपा के वरिष्ठ नेता स्व.लालजी टण्डन की पुस्तक 'अनकहा लखनऊ' प्रकाशित हुई थी, तब कुछ आस बंधी थी कि अब नगर का नाम भी बदलेगा और लक्ष्मण टीला मस्जिद मुक्त होगा तथा यहां बने मंदिर और हिंदू धर्म प्रतीकों का जीर्णोद्धार होकर पूजा अर्चना प्रारंभ होगी, किंतु निराशा ही हाथ लगी। अब इस पर ध्यान दिया जाएगा।

# बिंब और भाषा

कोई संदेह नहीं कि चिंतन एक आंतरिक प्रक्रिया है परंतु यह भी सही है कि जिन बिंबों की भाषा से यह प्रक्रिया चलती है, वे बिंब बाह्य परिवेश में प्राप्त होते हैं। मनुष्य जिस परिवेश में रहता है, उसका बिंब उसके मन पर अंकित हो जाता है। दूसरे शब्दों में यह भी कहा जा सकता है कि मनुष्य बाह्य परिवेश को संवेदना शक्ति के द्वारा (पंच ज्ञानेन्द्रिय और मन के द्वारा :देखकर, सुनकर, सूंघकर, चखकर, छूकर तथा अनुभव करके) आंतरिक बना लेता है। इस प्रकार वह परिवेश स्मृति के द्वारा मनुष्य की चेतना का अंग और अंश बन जाता है। जिस प्रकार जलाशय के तट पर स्थित वृक्ष-आदि का बिंब जलाशय में दृश्यमान होकर जलाशय का अंग और अंश बन जाता है, उसी प्रकार मनुष्य अपने चारों ओर के संसार को जो चित्र मन में बनाता है, वह उसका आधारभूत ज्ञान या अनुभव होता है। आधारभूत इसलिए कि मनुष्य जब भी कोई नया अनुभव करेगा, तो वह पूर्व-अर्जित-अनुभव, उस नए अनुभव का माध्यम बनेगा। उदाहरण के लिए बालक ने गरम दूध पिया तो उसका मुंह और जीभ झुलस गए, यह उसका आधारभूत-अनुभव हुआ। इसके बाद कभी किसी दिन उसे मठा (छाछ) दी गई, तो उसका दूध पीने का आधारभूत-अनुभव स्मृति के द्वारा सजीव हो गया। कहावत है कि 'दूध का जला छाछ को फूंक- फूंककर पीता है।' जब उसे दूध और छाछ का अंतर ज्ञात हो गया तो यह उसका नया ज्ञान हुआ। इस प्रकार पूर्वार्जित बिंब आगे के चिंतन और ज्ञान का माध्यम बन जाता है।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

## एक नजर

### खाकी वाले गुरुजी को सोशल फाइटर अवॉर्ड

**अयोध्या, अमृत विचार :** जनपद में तैनात और खाकी वाले गुरुजी के नाम से चर्चित उपनिरिक्षक रणजीत यादव तीसरी बार सोशल फाइटर अवार्ड से सम्मानित होंगे।



नई दिल्ली के गोल मार्केट स्थित मुक्त धारा ऑडिटोरियम में लिप्स एंड बाउंड फाउंडेशन, द ह्यूमन कनेक्ट और विद्या सेवा भारती के संयुक्त तत्वधान में 15 फरवरी को आयोजित 'एक शाम समाजसेवियों के नाम' कार्यक्रम में पुलिस महानिरिक्षक कार्यालय में नियुक्त उपनिरीक्षक रणजीत यादव समेत देश भर के 37 पुलिस कर्मियों को सराहनीय कार्य के लिए यह सम्मान प्रदान किया जाएगा।

### रामोत्सव में मिले 68 हजार से अधिक मरीज, 121 रेफर

**अयोध्या, अमृत विचार :** रामोत्सव में अब तक लाखों की संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पहुंच चुके हैं। इन श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए सरकार की ओर से जगह-जगह पर स्वास्थ्य शिविर लगाए गए हैं। शिविरों में अब तक 68 हजार से भी अधिक मरीज एलोपैथिक व आयुर्वेद चिकित्सकों से अपना इलाज करा चुके हैं। इसके अलावा 200 से अधिक पहुंचे गंभीर मरीजों में से 121 को रेफर किया गया है। राहत की बात यह है कि इतनी बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं के बीच कोई जनहानि सामने नहीं आई है।

### गोंडा में पुजारी पर हमला तीन के खिलाफ केस दर्ज

**गोंडा, अमृत विचार :** देहात कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित सोनवरसा आश्रम मंदिर के पुजारी रघुवीर को रविवार देर रात बग्गी रोड बाजार में कुछ असामाजिक तत्वों ने मार पीट कर लहूलुहान कर दिया। घायल पुजारी अस्पताल में भर्ती है। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। सोनवरसा आश्रम मंदिर पर टेढ़िया गांव के रहने वाले रघुवीर दास पुजारी हैं। वह रविवार की शाम को सब्जी व अन्य सामान खरीदने के लिए बग्गी रोड बाजार गए थे। बाजार से वापस लौटते समय तीन युवकों ने उन पर हमला बोल दिया और उन्हें पीट पीटकर लहूलुहान कर दिया।

# जातियों के ध्रुवीकरण में भी भाजपा अव्वल, साधे तीर

**अरुण कुमार मिश्र, गोंडा**

**अमृत विचार:** आम चुनाव की रणभेरी में कूदने को सभी दलों ने कमर कस लिए हैं। जातीय आंकड़ों के आधार पर सभी दल अपने हित साधने में लगे हैं। लेकिन अन्य सभी दलों को पीछे छोड़ भारतीय जनता पार्टी ने अपनी सधी रणनीति के तहत जातियों के ध्रुवीकरण में अव्वल दिख रही है।

यूपी में विधानसभा की 403 सीटे हैं, जबकि लोकसभा की 80 सीटें हैं। समाजवादी पार्टी अभी इंडिया गठबंधन की डोर में बंधी दिख रही है, जबकि इंडिया गठबंधन के करीब दिख रहे जयंत चौधरी भाजपा के पाले में जाने की हामी भर चुके हैं। प्रदेश में करीब 52 प्रतिशत पिछड़ा वर्ग की बहुलता है। इसमें कुर्मी, यादव सहित अन्य के खाते में 151 विधानसभा सीटे हैं। पिछड़ों की संख्या अधिक होने के बावजूद ब्राह्मण व क्षत्रिय विधायकों की संख्या जनसंख्या के अनुपात में सबसे अधिक है। प्रदेश में करीब 79 जातियां ऐसी हैं जो पिछड़ा वर्ग में आती हैं। इनमें करीब 19 प्रतिशत यादव, करीब 16 प्रतिशत कुर्मी वोटर हैं। यह आंकड़ा 2001 में गठित सामाजिक न्यायिक समिति की रिपोर्ट के आधार पर है। वर्ष 2001 में तत्कालीन संसदीय कार्यमंत्री रहे हुकुम सिंह की अध्यक्षता में सामाजिक न्याय समिति का गठन किया गया था। उसकी रिपोर्ट के आधार पर प्रदेश में यादवों की अनुमानित संख्या 19.04 प्रतिशत थी। कुर्मी या पटेल की आबादी ओबीसी में 7.4 प्रतिशत थी जो मौजूदा समय बढ़कर करीब 16 प्रतिशत तक मानी जा रही है।



कुर्मी विधायकों व सांसदों में सबसे अधिक बीजेपी के पाले में हैं। ओबीसी की कुल जनसंख्या में 4.3 प्रतिशत निषाद, मल्लाह, केवट है। इसे बीजेपी ने पहले से साध रखा है। 2.4 प्रतिशत भर/राजभर हैं। भर व राजभर समाज के अगुवा कहने वाले ओम प्रकाश राजभर भी बीजेपी के पाले में हैं। पूर्व मुख्यमंत्री स्व कल्याण सिंह लोध समाज से आते थे और यह समाज उनके जमाने से ही बीजेपी के साथ है। प्रदेश में 4.8 प्रतिशत लोध हैं।

प्रदेश के पश्चिम में जाट व जाटव की संख्या अधिक है। किसान नेता पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देकर तथा उनके पौत्र जयंत चौधरी को अपने पाले में लाकर बीजेपी ने 3.6 प्रतिशत जाट विरादरी को भी खुश कर दिया है। यह सभी आंकड़े न्याय समिति की रिपोर्ट के आधार पर हैं। हालांकि मंडल आयोग ने देश की कुल जनसंख्या में ओबीसी की भागीदारी 52.2 प्रतिशत मानी थी। इतना ही नहीं 2018 में न्यायमूर्ति राघवेंद्र कुमार की अध्यक्षता में एक और सामाजिक न्याय समिति का गठन किया था। इस समिति ने 400 पन्नों की रिपोर्ट सरकार को सौंपी थी। जातियों के आधार पर गणना की जाए तो 52 सीटों पर ब्राह्मण, 49 सीटों पर क्षत्रिय, 41 सीटों पर कुर्मी, 27 पर यादव, 34 पर मुस्लिम, 86 सीट पर एससी/एसटी, एक सीट पर सिख, एक सीट पर बाल्मीकि, तीन पर कायस्थ, चार पर धोवी, चार पर राजभर, पांच पर भूमिहार, सात पर गुर्जर, सात पर कलवार, तेली व सोनार, आठ सीटों पर निषाद, कश्यप व बिंद, आठ पर कोरी, 15 पर जाट, अन्य एससी एसटी के 12, मौर्य/कुशवाहा/शाक्य 14 सीटों पर तथा जाटव के 29 सीटों पर विराजमान हुए थे।

# सुलतानपुर में रामभक्त पर उपद्रवियों ने किया पथराव

**संवाददाता, सुलतानपुर**

▸▸ छत्तीसगढ़ से उल्टे पांव अयोध्या जा रहे हैं मेहुल लखानी, जिलाधिकारी से मिलकर सुनाई आपबीती

**अमृत विचार।** प्राण प्रतिष्ठा के बाद से लाखों की संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ का एक युवक उल्टे पांव चलकर अयोध्या धाम की यात्रा कर रहा है। उसके सुलतानपुर जिले की सीमा में प्रवेश करते ही कुछ अराजक तत्वों ने पथराव कर उसके साथ अभद्रता की। जिसकी शिकायत श्रद्धालु ने जिले की डीएम से मिलकर की है। डीएम ने सीओ सिटी शिवम मिश्र को आगे की यात्रा में समस्या न आए इसके लिए विशेष बंदोबस्त करने के निर्देश दिए हैं। युवा मेहुल कहते हैं कि ऐसा नहीं है कि मैं बचपन से उल्टा चल रहा हूं। समाज में आज विचार, सामाजिक कृत्य काफी उल्टे हो रहे हैं। समाज की नकारात्मकता को दूर करने के लिए एक संदेश देना चाहता हूं। 900 किमी उल्टे यात्रा का संकल्प लिया था। अब तक 880 किमी पूरा कर चुका हूं। भगवान राम का दर्शन पाकर जीवन धन्य हो जाएगा।

# केजरीवाल बोले- विश्व के लिए सौभाग्य की बात राम मंदिर

## दिल्ली और पंजाब के मुख्यमंत्री ने परिवार के साथ किये रामलला के दर्शन

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचार :** पूरे विश्व, देश और समाज के लिए, सौभाग्य की बात है कि रामलला का इतना भव्य और सुंदर मंदिर बनकर तैयार हुआ है। आज रामलला के दर्शन कर असीम शांति की अनुभूति हुई। इसका शब्दों में वर्णन नहीं किया जा सकता है। ये बातें सोमवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहीं।

वो अपनी पत्नी, माता-पिता और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, उनकी पत्नी व मां के साथ श्रीराम के दर्शन करने के बाद पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। आराध्य के दर्शन कर अभिभूत दिखे केजरीवाल ने कहा कि यहां रोज दर्शन करने आ रहे लाखों रामभक्तों को देखकर दिल गदगद हो गया। आज मैं ने भी सुख, शांति और देश की तरक्की की प्रार्थना की है।

इससे पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सोमवार दोपहर करीब 1:50 बजे महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पहुंचे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान का पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इसके बाद उनका काफिल राम मंदिर के लिए रवाना हो गया। राम मंदिर पहुंचे दोनों मुख्यमंत्रियों के काफिले को वीवीआईपी गेट नंबर 11 से मंदिर में प्रवेश कराया गया। दोनों मुख्यमंत्रियों ने अपने-अपने परिवार के साथ रामलला का दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने श्रीराम जन्मभमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय व ट्रस्ट सदस्य डॉ. अनिल से मंदिर निर्माण को लेकर विस्तार से जानकारी भी ली। यहां करीब एक घंटे बिताने के दौरान सभी ने परिसर में फोटो भी खिंचवाई। इस दौरान आप आदमी पार्टी के नेता सभाजीत सिंह भी मौजूद रहे।



श्रीराम जन्मभूमि परिसर में परिवार के साथ मौजूद दिल्ली व पंजाब के मुख्यमंत्री व साथ में ट्रस्ट महासचिव। अमृत विचार

**बोले- रामलला का दर्शन कर हुई असीम शांति की अनुभूति, भक्तों की आस्था देख दिल गदगद हो गया**

### एयरपोर्ट पर पार्टी के कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

रामनगरी पहुंचे दिल्ली व पंजाब के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व भगवंत मान का यहां एयरपोर्ट पर जिलाध्यक्ष अनिल कुमार प्रजापति के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर अयोध्या प्रभारी संजीव निगम, महानगर अध्यक्ष कुलभूषण साहू, जिला उपाध्यक्ष सूरज प्रधान, शुभम श्रीवास्तव, महासचिव सुनील मौर्य, संदीप पटेल आदि मौजूद रहे।

### रामलला का दर्शन कर मन आह्लादित हो गया : भगवंत मान

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि लंबे समय से यहां आने की इच्छा थी, जो आज पूरी हुई। परिवार के साथ रामलला का दर्शन मन आह्लादित हो गया। यहां आकर बहुत अच्छा लगा। रामलला से एक ही प्रार्थना की है कि सभी लोग खुश रहें। आपस में भाईचार बना रहे और देश की तरक्की हो। उन्होंने कहा कि भारत धार्मिक आस्था वाला देश है। यहां कोई पर्व और त्योहार जब मनाया जाता है तो हम लोक एकत्र होकर उसे मनाते हैं। भारत एक गुलदस्ता है और गुलदस्ते में अलग-अलग रंग हैं फल-फूल की अपनी सुगंध है।

## सद्गुरु जग्गी वासुदेव ने किया रामलला का दर्शन-पूजन



एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करते आध्यात्मिक गुरु सद्गुरु जग्गी वासुदेव

**अयोध्या, अमृत विचार:** आध्यात्मिक गुरु सद्गुरु जग्गी वासुदेव ने सोमवार को यहां पहुंच रामलला का दर्शन-पूजन किया। दर्शन के उपरांत उन्होंने कहा कि 500 वर्षों के बाद यह दिन आया है। कहा कि राम भूतकाल के प्रारूप है और भविष्य के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि मुझे यहां आने का अवसर मिला। रामनगरी पहुंचे आध्यात्मिक गुरु सद्गुरु जग्गी वासुदेव का महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विशाल सिंह ने स्वागत किया। सुरक्षा व्यवस्था के बीच उन्हें वीवीआईपी गेट नंबर 11 से जन्मभूमि परिसर में प्रवेश कराया गया। जहां श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने उनका अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। उन्हें मंदिर के दक्षिण द्वार मंदिर के गर्भगृह में ले जाया गया, जहां उन्होंने रामलला का दर्शन-पूजन किया।

# पूर्व विधायक गरिमा सिंह के मामले में सुनवाई टली

**संवाददाता, सुलतानपुर**

▸▸ आचार संहिता उल्लंघन का मामला, अब 21 को होगी सुनवाई

**अमृत विचार।** भाजपा की पूर्व विधायक गरिमा सिंह व उनके पुत्र अनंत विक्रम सिंह के आचार संहिता उल्लंघन के मामले में वकीलों के प्रस्ताव के कारण सुनवाई नही हो सकी। कोर्ट ने सुनवाई के लिए 21 फरवरी की तारीख अभियोजन साक्ष्य के लिए नियत की है।

अमेठी जिले के थाना क्षेत्र गौरीगंज में छह वर्ष पूर्व आचार संहिता की उल्लंघन के मामले में भाजपा की पूर्व विधायक गरिमा सिंह व उनके पुत्र अनंत विक्रम सिंह पर एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट ने आरोप तय किया था। विशेष लोक अभियोजक के मुताबिक 6 फरवरी 2017 को तत्कालीन एसओ आरपी शाही ने आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप था कि उन्होंने बिना अनुमति जुलूस निकाला था। केस में दरोगा आरपी शाही का साक्ष्य होना है। अधिवक्ता आजाद अहमद हत्याकांड में सोमवार को वकीलों की हड़ताल के कारण आरोपियों पर आरोप नहीं तय हो सका।

### कानपुर में फरार गैंगस्टर पर एनबीडब्ल्यू

**कानपुर।** अपना दल एस की रैली में हमला करने के मामले में फरार 50 हजार के इनामी गैंगस्टर अजय ठाकुर व उसके गुर्गों के खिलाफ कोर्ट ने गैर जमानती वारंट (एनबीडब्लू) जारी किया है। बर्रा पुलिस ने कोर्ट में अन्य मामलों की जमानत निरस्त करने की भी अपील की है। अजय ठाकुर पर 25 से अधिक मामले दर्ज हैं। बर्रा थानाक्षेत्र निवासी डाक्टर दंपति की बेटी के साथ दुष्कर्म के मामले में अजय ठाकुर व उसके साथियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई भी की गई थी। 28 जनवरी को गैंगस्टर ने अपने गुर्गों संग मिलकर जरौली से निकाली गई अपना दल एस की रैली पर हमला कर दिया था। पुलिस ने अजय ठाकुर, शिवांग ठाकुर, अभय भदौरिया, आकाश द्विवेदी, साहिल सोनकर उर्फ शेरा व गौतम मोगा पर हत्या के प्रयास सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था।

# लोकतंत्र में जनप्रतिनिधि वोटर की आवाज

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव**

**अमृत विचार।** लोकतंत्र में मतदाता सर्वोपरि होते हैं। वे अपने अमूल्य मत से जिसे चुनते हैं वह सदन में जनता की आवाज बन कर जनहित और देश हित में काम करता है। यह बात विधानसभा क्षेत्र भगवंतनगर के दो दर्जन से अधिक गावों में जनसंपर्क के दौरान पूर्व सांसद व सपा से लोकसभा प्रत्याशी अन्नू टंडन ने आमजन से कही। सपा प्रत्याशी ने विधानसभा क्षेत्र के गांव ओसियां, अरम, राजापुर, पिपरहा, अकबरपुर कुम्भी, दुबाई, मानपुर, बेहटा ससान, मगरायर, मेहरबान खेड़ा का दौरा कर नुक्कड़ सभाएं की। कहा कि बाबा साहब भीमराव आंबेडकर ने शिक्षित बनो संगठित हो और संघर्ष करो का नारा दिया था।



जो आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना बाबा साहब के जमाने में था। वर्तमान की भाजपा सरकार सरकारी शिक्षा, सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं और प्रशासनिक व्यवस्था को धीरे-धीरे ध्वस्त कर गरीबों को शिक्षा, स्वास्थ्य और कानूनन हक हासिल करने की व्यवस्था ध्वस्त कर रही है। यदि आपने सपा को जिताया तो देश में बाबा साहब के बनाए संविधान का शासन होगा। आज रामराज्य का नारा देकर भाजपा सरकारें रावण राज्य चला रहीं हैं। प्रशासन निरंकुश होकर सीमा विहीन घूसखोरी और भ्रष्टाचार में लिप्त है। हर ओर जंगल राज कायम है। अन्नू टंडन ने कहा कि भाजपा अयोध्या में राम मंदिर का प्रचार अपने नाम पर कर रही है जबकि यह फैसला सुप्रीमकोर्ट ने दिया था। बावजूद अपना श्रेय ले रही है। वे बोलीं, राम सबके हैं, राम के नाम पर राजनीति करना ठीक नहीं है। इस दौरान अंकित परिहार, धर्मेन्द्र यादव पूर्व जिलाध्यक्ष, ओम प्रकाश पासवान, उदय प्रताप सिंह, शिव नारायण समेत कई मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### आकाश में उड़ते हुए करें अयोध्या धाम का दर्शन

**गोंडा, अमृत विचार :** गोंडा से अयोध्या जाने वाले पर्यटकों को सरयू नदी पार जाने के लिए किसी वाहन या नाव की जरूरत नहीं होगी। अब पर्यटक बैलून के जरिए न सिर्फ सरयू नदी को पार कर सकेंगे बल्कि आसमान में उड़ते हुए अयोध्या धाम का भ्रमण करते हुए राम मंदिर का दर्शन भी कर सकेंगे। एडवन टैक्स एडवेंचर्स एलएलपी कंपनी मंगलवार से पर्यटकों को मंगलवार से यह सुविधा उपलब्ध कराने जा रही है। सोमवार को नवाबगंज के दुर्गागंज माझा गांव से इस हार्ट एंड बैलून का रिहर्सल किया गया।



### बुजुर्ग ने किशोरी से किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**सुलतानपुर, अमृत विचार। :** गोसाईगंज थाना क्षेत्र में रिश्ते को कलंकित करने वाला एक मामला प्रकाश में आया है। रिश्ते में बाबा लगने वाले 62 वर्षीय बुजुर्ग ने किशोरी को जंगल में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पिता की तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और अदालत के जरिए उसे जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया आरोपी व्यक्ति पीड़िता की फूफी (बुआ) का ससुर है। मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अदालत के जरिए आरोपी को जेल भेज दिया है।

### सीतापुर में नदी में बहते दिखे गोवंशों के शव, रास्ता जाम



नदी में गोवंशों के शव मिलने से नाराज लोगों की जुटी भीड़। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, सिधौली :** सोमवार को कोनीघाट पुल पर अचानक हड़कंप मच गया, जब कमलापुर थाना क्षेत्र की ओर से दर्जनों गायों के शव नदी में बहते हुए दिखाई दिए। लोगों की भीड़ जमा होने लगी और उत्पन्न आक्रोश को देखते हुए मौके पर पुलिस पहुंची और मामले से आला अधिकारियों को अवगत कराया। वहीं हिंदू संगठनों ने सिधौली-मिश्रिख मार्ग जाम कर दिया। ऐसे में एडीएम नीतीश कुमार सिंह व एडीशनल एसपी डॉ. प्रवीन रंजन सिंह सहित तमाम अधिकारी मौके पर पहुंच गये और प्रशासन को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

### भाजपा कार्यकर्ता को फोन पर धमकी, ऑडियो वायरल

**बछरावा, रायबरेली।** भाजपा कार्यकर्ता हरिओम चतुर्वेदी को अज्ञात व्यक्ति के द्वारा फोन पर जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित का आरोप है कि संबंधित व्यक्ति ने सूबे के मुखिया मुख्यमंत्री को भी अपशब्द कहे। भाजपा कार्यकर्ता द्वारा इसकी लिखित शिकायत बछरावां कोतवाली मे दी गई है। पीड़ित ने बताया कि बीते रविवार की रात तकरीबन 11:00 बजे के आसपास मेरे मोबाइल पर एक फोन आया और मुझे अपशब्द के साथ-साथ जान से मारने की धमकी देते हुए प्रदेश के मुखिया को भी अपशब्द कहे।

### पिता ने की थी गला घोंटकर छात्रा की हत्या, गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** 17 वर्षीया छात्रा की हत्या किसी और ने नहीं बल्कि ऑनर किलिंग में उसके पिता ने ही बेटी का गला घोंट दिया था। एसओजी और शोहरतगढ़ थाने की पुलिस ने घटना के करीब 48 घंटे के अंदर आरोपी को गिरफ्तार कर खुलासा किया है। सोमवार को पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने प्रेस वार्ता कर घटना की जांच व खुलासे की जानकारी दी। एसपी ने बताया कि 10 फरवरी को शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के गांव खरगवार निवासी प्रह्लाद की बेटी संध्या का शव गांव के बाहर पेड़ पर फंदे से लटका मिला था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

### गोरखपुर में प्लेटफार्मों से तीन किशोर बरामद

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे ने गाड़ी संख्या-11059 में 11 वर्ष का एक लड़का लावारिस हालत में मिला जिसे रेलवे सुरक्षा बल, भटनी चौकी पर लाया गया। लड़के को चाइल्ड लाइन, भटनी को सुपुर्द किया गया। रेलवे सुरक्षा बल भटनी को प्लेटफार्म संख्या-03 पर 11 वर्ष का एक लड़का लावारिस हालत में मिला। जिसे चाइल्ड लाइन भटनी को सुपुर्द किया गया। रेलवे सुरक्षा बल, लखनऊ जं. को प्लेटफार्म संख्या 1 पर 13 वर्ष का एक लड़का लावारिस हालत में मिला।

### स्कूल में शिक्षक ने छात्र को पीटा, बर्खास्त

**कानपुर।** सेंट एलोयसिस स्कूल शिक्षिका और छात्र के लव चेटिंग के मामले के बाद एक बार फिर चर्चा में आ गया है। इस बार शिक्षक ने होमवर्क को लेकर कक्षा पांच के छात्र को बुरी तरह से पीटा। जिससे बच्चे के कान से खून आ गया। दर्द से तड़पते बच्चे को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजनों ने स्कूल पहुंचकर जमकर हंगामा काटा। एसीपी कैंट ने बताया कि आरोपी शिक्षक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। उधर स्कूल प्रबंधन ने आरोपी शिक्षक को बर्खास्त कर दिया। बेकनगंज थानाक्षेत्र के दादामियां के रहने वाले मोहम्मद फैसल अकील का 11 वर्षीय बेटा अब्दुल्ला फैसल सेंट एलोयसिस स्कूल में कक्षा पांच का छात्र है।

# चित्रकूट में 50 लाख के लिए किशोर की हत्या

**चित्रकूट कार्यालय**

**अमृत विचार।** रैपुरा में एक किशोर की अपहर्ताओं ने पचास लाख की फिरौती के लिए हत्या कर दी। पुलिस को उसका शव देवांगना घाटी में मिला तो घरवालों में हाहाकार मच गया।

रैपुरा में कालोनी निवासी राजधर कोटार्य किराना व्यवसायी हैं। उनका 16 वर्षीय बेटा सुधांशु, जो कक्षा नौ का छात्र था, दो दिन पहले से घर से गायब हो गया था। घरवाले उसे ढूंढते रहे पर पता नहीं चला। राजधर ने बताया कि सोमवार की सुबह अपहर्ताओं का उनके पास फोन आया कि सुधांशु उनके पास है। पचास लाख की फिरौती भी मांगी। इस पर घरवालों को सहज विश्वास नहीं हुआ। हालांकि अपहर्ताओं ने बेटे से बात कराई तो सब सन्न रह गए। दोबारा दोपहर में फोन आया तो घरवालों को अपहरण का विश्वास हुआ। इस पर मां मंजू देवी ने थाना पुलिस को जानकारी दी।

पुलिस ने नंबर को ट्रेस किया और कुछ लोगों को पकड़ा भी पर शायद तब तक देर हो चुकी थी। देर शाम अपहृत का शव कर्वी कोतवाली अंतर्गत देवांगना घाटी से सटे गढ़ीवा के जंगल में बरामद हो गया। एसपी अरुण सिंह, एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ सिटी हर्ष पांडेय, राजापुर निष्ठा उपाध्याय आदि अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछतांछ कर रही है। बताया जाता है कि जल्द ही इसका खुलासा कर दिया जाएगा और पुलिस को अपहर्ताओं का सुराग लग गया है। माना जा रहा है कि अपहर्ताओं को पुलिस की सक्रियता की भनक मिल गई और इसलिए किशोर की हत्या कर दी।

# रायबरेली में दिनदहाड़े सराफा व्यवसायी से 25 लाख लूटे

**ऊंचाहार, रायबरेली**

**अमृत विचार।** रायबरेली-प्रतापगढ़ जनपद की सीमा पर ऊंचाहार के सराफा व्यवसायी के साथ बड़ी लूट हुई है। ऊंचाहार से अपनी दुकान जा रहे बाइक सवार व्यवसायी को राजमार्ग पर सरेआम रोककर तीन सशस्त्र लुटेरों ने आभूषणों से भरा उसका बैग छीन लिया और फरार हो गए। यह वारदात सोमवार की सुबह करीब साढ़े दस बजे हुई है। ऊंचाहार नगर के निवासी सर्राफ विजय कुमार की प्रतापगढ़ जनपद के परियावा बाजार में दुकान है।

वह नित्य दुकान बंद करके रात में सारे आभूषण लेकर ऊंचाहार चले आते हैं और सुबह आभूषणों के साथ अपनी दुकान पर जाते हैं। सोमवार की सुबह करीब साढ़े दस बजे ऊंचाहार से वह बैग में करीब 25 लाख रुपये कीमत का सोना, चांदी का आभूषण भरकर अपनी दुकान पर जा रहे थे। रायबरेली-प्रतापगढ़ की सीमा पर जैसे ही उन्होंने प्रतापगढ़ जनपद की सीमा में प्रवेश किया, तभी बाइक सवार तीन सशस्त्र लुटेरों ने उनको घेर लिया। दिनदहाड़े अचानक लखनऊ-प्रयागराज मार्ग पर हुई घटना से वह अवाक रह गए। तभी लुटेरे ने उनकी कनपटी पर तमंचा लगाते हुए उनका बैग छीन लिया और तेजी के साथ भाग गए।

अचानक हुई इस घटना से विजय कुमार काफी भयभीत हो गए। आसपास के लोगों ने चीखना चिल्लाना शुरू किया। स्थानीय लोग जब तक लुटेरों को लोग घेरते, तब तक सभी फरार हो चुके थे। उसके बाद पीड़ित व्यवसायी ने ऊंचाहार कोतवाली और प्रतापगढ़ जनपद कोतवाली के नवाबगंज थाना क्षेत्र को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा यह तय किया गया कि घटनास्थल प्रतापगढ़ जनपद की सीमा में है। दिनभर प्रतापगढ़ जनपद के पुलिस अधिकारी घटनास्थल की छानबीन करते रहे। सोमवार की देर शाम मामले की प्राथमिकी दर्ज की गई है। ऊंचाहार कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि घटना सीमा क्षेत्र के पार प्रतापगढ़ जनपद में हुई है। मामले में कार्रवाई प्रतापगढ़ पुलिस द्वारा की जा रही है।

### सराफा लूटकांड में फरार बदमाश को जेल भेजा

**नसीराबाद, रायबरेली।** पुलिस ने सर्राफा लूटकांड के फरार आरोपी और 25 हजार के इनामियां को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उसने 15 जनवरी 2024 को दिनदहाड़े थाना क्षेत्र के बिरनाव-दयालपुर के बीच हुए सर्राफ लूट कांड को अंजाम दिया था। इस शातिर बदमाश पर रायबरेली, प्रतापगढ़ और कानपुर कमिश्नरेट के विभिन्न थानों में 22 अभियोग पंजीकृत हैं। मामले का खुलासा करके चार अभियुक्तों को पहले ही जेल भेज दिया है।

सीतापुर में मां संकटा देवी धाम में चल रहे धार्मिक महाआयोजन के अंतिम दिन पहुंचे राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा बोले-

# संस्कारों को चुनौती देने वालों को जनता सिखाएगी सबक

**महमूदाबाद, सीतापुर**

**अमृत विचार।** सनातम संस्कृति व संस्कारों को चुनौती देने वालों को जनता आम चुनाव में सबक सिखा देगी। असत्य पर सत्य की जीत, परोपकार व एकता तथा पारिवारिक समर्पण का नाम राम है। कभी कांग्रेस ने राम को काल्पनिक बताया था, जिसके चलते आज भी वे सत्ता के लिए भटक रहे हैं। मंदिर निर्माण इस शताब्दी का परम सौभाग्य है।



मंदिर में पूजन-अर्चन करते राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा। अमृत विचार

ये बातें महमूदाबाद स्थित मां संकटा देवी धाम में चल रहे धार्मिक महा आयोजन के अंतिम दिन शतचंडी महायज्ञ के पूर्णाहुति के साथ छह मंदिरों की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर कथा पंडाल में आयोजित संत, भक्त सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व डिप्टी सीएम व राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा ने कही। सपा के एक नेता हिंदू धर्म को धोखा बताने के साथ पवित्र श्रीराम चरित मानस का अपमान करते हैं। विधायक आशा मौर्या ने कहा कि भाजपा नेतृत्व वाली डबल इंजन की सरकार में क्षेत्र विकास की ओर अग्रसर है।

पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री डा. अम्मार ने कहा कि आदमी बड़े पद पर हो सकता है किंतु यदि मानवता नहीं है तो समझो कुछ भी नहीं है। उन्होंने मंदिर विकास के लिए समिति के लोगों की जमकर प्रसंसा की। नैमिषारण्य धाम के दिव्यानंद जी महराज ने कहा कि अयोध्या धाम में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होने से पूरा देश एक सूत्र में बंध गया है।

## एक नजर

### छात्रा ने तमंचे से गोली मारकर की आत्महत्या

**बदायूं।** थाना वजीरगंज क्षेत्र के एक गांव में हाईस्कूल की छात्रा ने तमंचे से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। उस दौरान घर पर कोई नहीं था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा है। आत्महत्या की वजह सामने नहीं आई है।

गांव इटौआ निवासी वेदपाल सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि सोमवार को वह और परिवार के अन्य लोग घर पर नहीं थे। उनकी पत्नी रजनी काम करने के लिए घर पर गई थीं। कुछ समय के बाद पत्नी घर पर पहुंचीं तो हाईस्कूल में पढ़ने वाली बेटी सहजल का शव कमरे में पड़ा था। पास में ही तमंचा पड़ा था। सीने में गोली लगी थी। वह चिल्लाईं। मोहल्ले के लोग एकत्र हो गए। सीओ सुनील कुमार और इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार सिंह गांव पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, जहां वेदपाल सिंह विलाप करते रहे। उन्होंने बताया कि उनके दो बेटे और सबसे छोटी बेटी सहजल थी, जो गांव बगरैन के ओपी सिंह इंटर कॉलेज में पढ़ती थी।

### खड़े ट्रक से टकराई मैजिक महिला की मौत

फतेहगंज पूर्वी। फतेहगंज पूर्वी क्षेत्र में खड़े ट्रक में पीछे से तेज रफ्तार मैजिक टकरा गई, जिससे उसमें सवार एक महिला की मौके पर मौत हो गई। जबकि उसका पति और पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। सोमवार की सुबह हाईवे पर ग्राम टिसुआ फ्लाईओवर पर एक ट्रक खराब खड़ा था। अचानक बरेली की तरफ आ रही मैजिक पीछे से ट्रक में घुस गई, जिससे उसमें सवार चांदनी (36) वर्ष निवासी ग्राम लालपुर थाना मंडी जिला मुजफ्फरनगर की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसका पति प्रकाश राय, पुत्र आकाश और चालक रोहित गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए घायलों को उपचार के लिए भेजा।

# संतों व आगंतुकों को न हो कोई दिक्कत : योगी

## मुख्यमंत्री ने श्री कल्कि धाम के लिए बनने वाले गर्भगृह और हेलीपैड का किया निरीक्षण, 19 को प्रधानमंत्री करेंगे शिलान्यास

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचारः** संभल के ऐंचोड़ा कम्बोह में कल्कि धाम शिलान्यास कार्यक्रम में 19 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को देखते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आयोजन स्थल पर पहुंचकर तैयारियों को देखा। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को हिदायत दी कि सभी तैयारियों को समय से पूरा कर लिया जाये। यह भी ध्यान रखें कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने वाले लोगों को कोई परेशानी न झेलनी पड़े।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को सुबह 11 बजकर 18 मिनट पर हेलीकॉप्टर से ऐंचोड़ा कम्बोह पहुंचे। यहां कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम व भाजपा पदाधिकारियों के साथ प्रमुख सचिव दुर्गाशंकर मिश्रा व डीजीपी प्रशांत कुमार आदि अधिकारियों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल्कि धाम शिलान्यास का कार्यक्रम स्थल पर गर्भगृह, सभा मंच और हेलीपैड का निरीक्षण किया। उन्होंने आयोजन के लिए की जा रही सभी तैयारियों को समय से पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि आयोजन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद होनी चाहिए। भ्रमण के बाद मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में प्रधानमंत्री के दौरे की तैयारियों के बारे में विस्तार से जाना साथ ही अधिकारियों से गर्भगृह और वीवीआईपी सहित अन्य आगंतुकों के प्रवेश व्यवस्था की जानकारी ली। सीएम योगी ने साफ कहा कि आगंतुकों खासकर संतों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। कमिश्नर आन्जनेय कुमार सिंह व डीएम मनीष बंसल आदि अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि शिलान्यास कार्यक्रम की तैयारियां तेजी से पूरी की जा रही हैं। कार्यक्रम स्थल व आसपास के इलाके को समतल करा लिया गया है। साथ ही मिट्टी से गड्ढे भरवा लिए गए हैं। इसके अलावा छह हेलीपैड भी बनाए जा रहे हैं। इस दौरान कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी, कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम, डीआईजी मुनिराज, डीएम मनीष बंसल, एसपी कुलदीप सिंह गुनावत, भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल व भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू आदि मौजूद रहे।



संभल के ऐंचोड़ा कम्बोह में डीएम मनीष बंसल को निर्देश देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ साथ में हैं कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम, मंत्री बल्देव सिंह औलख। अमृत विचार

**हिदायत**

- मुख्यमंत्री ने की अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक, कहा, समय से पूरे कराएं काम

### तारकशी में छोड़े गए करंट से किसान की मौत

**बदायूं।** फसल की सिंचाई करने गया किसान तारकशी में छोड़े गए करंट की चपेट में आ गया। मौके पर ही किसान की मौत हो गई। परिजनों में चीत्कार मच गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

थाना हजरतपुर क्षेत्र के गांव बघौरा निवासी हाकिम (28) पुत्र सोहन खेती करके परिवार का पालन पोषण करते थे। रविवार रात वह फसल की रखवाली करने गए थे। साथ ही सिंचाई भी कर रहे थे। इसी दौरान वह पास मथुरी के खेत में तारकशी करके छोड़े गए करंट की चपेट में आ गए। करंट लगने से मौके पर ही उनकी मौत हो गई। सुबह तक घर न पहुंचने पर परिजन तलाश करने के लिए खेत पर गए। जहां उनका शव पड़ा मिला। कोहराम मच गया।

# साइबर फ्रॉड और महादेव बेटिंग एप से 21 करोड़ से भी अधिक की ठगी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- लखनऊ का धीरज राठौड़ फरार, छत्तीसगढ़ के सात अभियुक्त गिरफ्तार

**अमृत विचार :** साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने टेलीग्राम एप से 21 करोड़ की ठगी करने वाले सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त मोबाइल व तीन लैपटॉप, फर्जी इंडसइंड बैंक की दो किट (एटीएम, मोबाइल नंबर, चेक बुक आदि) और 15,650 रुपये भी बरामद किए हैं।

गिरफ्तार अभियुक्तों में सूरज कुमार वर्मा पुत्र विष्णुलाल वर्मा, अंकित चौधरी पुत्र श्रीकृष्ण चौधरी, जयशंकर राव पुत्र जय जगदीश, पंकज शाहू पुत्र छगनलाल शाहू, भूपेन्द्र सिंह चौहान पुत्र ईश्वर सिंह चौहान, पवन कुमार यादव पुत्र पंचम यादव और जय कुमार विश्वकर्मा पुत्र विनोद शर्मा हैं। ये सभी छत्तीसगढ़ के रहने वाले हैं। इनका एक साथी धीरज राठौड़ अभी फरार है, जो लखनऊ का रहने वाला है। गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया है कि उन्होंने अब तक साइबर फ्रॉड और महादेव बेटिंग एप से 21 करोड़ से भी अधिक धनराशि लोगों से ठगी है।

साइबर क्राइम थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि जानकारी मिली कि अभियुक्त गैर राज्य के हैं। , सबसे पहले अभियुक्त सूरज कुमार वर्मा की लोकेशन पता चली, लेकिन उसकी भी लोकेशन कुछ घंटे में बदलती रहती थी। इस बीच पुलिस ने सूरज कुमार वर्मा को दबोच लिया। सूरज से पूछताछ कर छह अन्य अभियुक्तों को भी गिरफ्तार किया , लेकिन शातिर धीरज राठौड़ अभी फरार है। पूछताछ में सूरज ने बताया है कि वह और उसका साथी धीरज राठौड़ गुड़गांव सेक्टर-57 में महादेव बेटिंग एप पर आइडी बनाकर गेम खिलवाकर ठगी करते थे। पुलिस के छापे पड़ने लगे तो ठिकाना बदलकर छत्तीसगढ़ आ गए थे।

# तौकीर से न डरे जनता, इस बार जरूर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- भाजपा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ने कहा- लखनऊ में हो गई है बात, कार्रवाई के लिए बन रही है योजना
- बोले- चुनाव से पहले हर बार होती है उछलकूद वरिष्ठ नेताओं से की है जांच की मांग
- कार्रवाई कराने के लिए ही आया हूं दिल्ली से अल्पसंख्यकों को भड़काते हैं मौलाना

**अमृत विचार :** भाजपा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने कहा है कि मौलाना तौकीर रजा की धमकियों से जनता को डरने की जरूरत नहीं है। तौकीर पर इस बार कार्रवाई जरूर होगी। वह इसीलिए दिल्ली से आए हैं। लखनऊ में बात हो गई है, प्लान भी बन रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले जब भी राजनीतिक घटनाक्रम शुरू होते हैं, मौलाना की ओर से यह उछलकूद शुरू हो जाती है।

उन्होंने वरिष्ठ नेताओं को इससे अवगत कराकर इसकी जांच कराने को कहा है। राजेश अग्रवाल ने सोमवार को भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह बात कही। उन्होंने कहा कि 2010 और 2012 का वह मंजर बरेली की जनता नहीं भूल सकती, जब कर्फ्यू होने के बावजूद मौलाना तौकीर ने इस्लामिया ग्राउंड पर हजारों की भीड़ इकट्ठी कर ली थी। तब कालीबाड़ी, फाल्तूनगंज और सिकलापुर के लोगों ने सड़क पर आकर तौकीर रजा की योजना को फेल कर दिया था। तब सरकार ने मौलाना पर केस तो दर्ज किया था लेकिन कार्रवाई नहीं की।

वरिष्ठ भाजपा नेता ने खुलासा किया कि 2010 के दंगे के बाद मौलाना तौकीर रजा पर दर्ज केस वापस लिया जा चुका है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, पार्टी प्रवक्ता बंटी ठाकुर और उमेश कठेरिया भी मौजूद रहे।

### तौकीर अगर दोषी हैं तो पहले मुझे गिरफ्तार करें सुहैब मियां

बरेली। खानकाह-ए-तहसीनिया के प्रबंधक और इत्तेहाद-ए-अहले सुन्नत मिशन के अध्यक्ष मौलाना सुहैब रजा खां ने एक बयान में कहा है कि अगर किसी को लगता है कि तौकीर मियां दोषी हैं तो पहले उन्हें गिरफ्तार किया जाए। क्योंकि पुराना शहर की कयादत उनके जिम्मे थी। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को अपशब्द कहने का भी आरोप निराधार हैं। शुक्रवार को मौलाना की ओर से प्रदर्शन संविधान के दायरे में रहकर किया गया। प्रदर्शनकारियों की ओर से किसी भी हिंसा की शुरुआत नहीं की गई। जो लोग मौलाना पर आरोप लगा रहे हैं, उन्हें सच्चाई का पता लगाना चाहिए। सुहैब मियां ने कहा कि वह खुद शहामतगंज में मौजूद थे और प्रशासन के कहने पर उन्होंने धरना स्थगित करने का एलान किया था। इसके बाद लोग चौराहा खाली करके शांति से अपने घर चले गए थे। पत्थरबाजी की शुरुआत गुड़मंडी की तरफ से हुई। इसमें प्रदर्शन से लौट रहे छह लोगों को गंभीर चोट भी आई हैं। झूठे मुकदमे लगाने के बजाय असल दोषियों को चिह्नित किया जाना चाहिए।

# पत्नी-बच्ची की हत्या की, खुद को चाकू मारा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कानपुर की चकेरी कांशीराम कॉलोनी फेज-1 में हुई घटना
- सूदखोरों से परेशान होने की बात एक नोट में लिखी

**अमृत विचारः** चकेरी कांशीराम कालोनी स्थित फेज-1 में सोमवार दोपहर पत्नी और बेटी की गला दबाकर हत्या करने के बाद पति ने खुद को चाकू मार लिया। उसे गंभीर हालत में हैलट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हत्यारोपी जीवन और मौत से संघर्ष कर रहा है। वारदात को अंजाम देने से पहले लिखे नोट में उसने सूदखोरों से परेशान होने की बात कही है।

कांशीराम कालोनी स्थित फेज-1 में 40 वर्षीय अर्जुन जायसवाल अपनी 36 वर्षीय पत्नी निशा और इकलौती 4 वर्षीया बेटी आशवी के साथ रहता थे। चकेरी पुलिस के अनुसार वह पहले मेडिकल रिप्रजेंटेटिव थे। कर्जा होने के कारण उन्होंने नौकरी छोड़ दी थी। इसके बाद कॉलोनी के पास आशवी जनरल स्टोर खोल लिया था। कई लोगों से कर्जा लेने के कारण वह काफी परेशान था। पड़ोसियों ने पुलिस को बताया कि अर्जुन रविवार रात घर के बाहर बैठकर दहाड़ मारकर रो रहा था। फिर घर के अंदर चला गया।

सोमवार दोपहर बाद तक जब परिवार का कोई सदस्य नहीं दिखा तो लोगों को शंका हुई। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने किसी तरह दरवाजा खोला तो घर के अंदर अर्जुन हाथ में चाकू लिए खून से लथपथ पड़ा था। पास में ही निशा और आशवी का शव जमीन पर गद्दे पर पड़ा था। आरोपी अर्जुन की हालत हैलट में बेहद गंभीर बताई गई है। पुलिस अर्जुन के परिजनों के बारे में जानकारी जुटा रही है। पुलिस को मौके से चाकू मिला है। वहीं पंखे में दुपट्टा लटका मिला है। पुलिस ने बताया कि मां-बेटी की हत्या गला दबाकर करने की आशंका है।

### नोट में लिखा- कर्ज ने जीने नहीं दिया...

अर्जुन ने घटना को अंजाम देने से पहले एक नोट में लिखा कि मैं जीना चाहता था, पर कर्ज ने जीने नहीं दिया। कर्जा था, पर इतना नहीं कि मैं दे ना पाऊं पर सूदखोरों ने समय नहीं दिया। मैं मजबूर होकर परिवार के साथ आत्महत्या कर रहा हूं। इसमें किसी कि गलती नहीं। भगवान सबको खुश रखे। मैं सिर्फ अपनी पत्नी और बेटी का दोषी हूं।

### रिपोर्ट दर्ज कराने पर पति ने वायरल किए अश्लील फोटो

**बरेली।** बारादरी क्षेत्र में दहेज प्रताड़ना से परेशान होकर महिला ने पति और ससुराल वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। इससे नाराज पति ने महिला के अश्लील फोटो वायरल कर दिए। भाइयों को अश्लील फोटो भेजकर पांच लाख रुपयों की मांग की। बारादरी पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।महिला के मुताबिक नवाबगंज निवासी युवक से उसकी शादी वर्ष 2021 में हुई थी। शादी के बाद ससुराल पक्ष के लोग दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। उसने बारादरी थाना में वर्ष 2023 में पति और ससुराल वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी।

# फिरोजाबाद में एक साथ जलीं तीन चिताएं

संवाददाता आगरा

- पत्नी का रो रोकर बुरा हाल, सास, सुहाग और गोद एक साथ उजड़ी
- रविवार को आगरा में मां-बेटे की हत्या करने के बाद फांसी के फंदे पर झूला था कारोबारी

**अमृत विचारः** लायर्स कॉलोनी में मां-बेटे की हत्या के बाद आत्महत्या करने वाले तरुण चौहान का गमगीन माहौल में उनके फिरोजाबाद स्थित उनके पैतृक गांव में अंतिम संस्कार कर दिया गया। एक साथ एक ही परिवार के तीन लोगों की चिता उठी तो पूरे गांव में माहौल गमगीन हो गया।

तरुण के न्यू आगरा कॉलोनी निवासी पड़ोसी और जानने वाले भी अंतिम संस्कार में शामिल होने और परिजनों को ढांढस बंधाने फिरोजाबाद उनके पैतृक गांव पहुंचे। वहां मौजूद प्रत्येक व्यक्ति के मुंह पर एक ही सवाल था कि आखिर तरुण ने इतना घातक कदम क्यों उठाया। क्यों उन्होंने अपने मासूम बेटे के बारे में नहीं सोचा। क्यों उन्होंने अपनी जननी को इतनी दर्दनाक मौत दी।

चर्चाओं के बीच लोगों ने यह भी आरोप लगाए की तरुण जहां काम करता था, वहां पर बनाए जा रहे अत्यधिक मानसिक दबाव के चलते उसने यह कदम उठाया। उस पर डेढ़ करोड़ रुपये का कर्ज था तो उसके पास इतनी संपत्ति थी, उसे बेचकर पैसे चुका देता। वहीं कई लोगों का यह कहना था कि तरुण एक लैविश लाइफस्टाइल व्यतीत करने वाला व्यक्ति था। भले ही वह कर्जे में था, लेकिन उसके खर्चों में कोई कमी नहीं थी। और जब वह चारों ओर से दबाव में आ गया और अपने खर्चों और कमाई के बीच सामंजस्य न बैठा पाया तो उसने इस आत्मघाती घटना को अंजाम दिया।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का समय आठ बजे के आसपास का आया है। उसकी पत्नी रजनी का रो रोकर बुरा हाल है।

## उत्तराखंड

# बनभूलपुरा में जहां था अतिक्रमण अब सरकार बनाएगी पुलिस थाना

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार में आयोजित एक जनसभा में की घोषणा
- देवभूमि में उपद्रव बर्दाश्त नहीं करने की चेतावनी दी, कहा- दंगाइयों से सख्ती से निपटेंगे

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बनभूलपुरा के मलिक के बगीचे में अतिक्रमण मुक्त कराई गई भूमि पर पुलिस थाना बनाने की घोषणा की है। सोमवार को हरिद्वार में एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि बनभूलपुरा के मलिक का बगीचा में जिस भूमि पर अतिक्रमण था, अवैध निर्माण हटाने के बाद कई एकड़ भूमि सरकार को मिली है। इस भूमि पर पुलिस थाना बनाया जाएगा। हिंसा प्रभावित क्षेत्र में पुलिस थाना बनने से कानून की सुरक्षा में मदद मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हल्द्वानी में जिस तरह अराजक तत्वों ने पुलिस, प्रशासन, महिला पुलिस कर्मचारियों पर हमला किया, उसकी जितनी निंदा की जाए कम है। इस देवभूमि में इस तरह के कृत्यों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उपद्रवियों को पुनः चेतावनी देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड शांति प्रिय राज्य है और उसकी आबोहवा को खराब करने वालों को कतई बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि उपद्रव के दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

धामी ने कहा कि गंगा के किनारे पवित्र भूमि से मैं घोषणा करता हूं कि जिस भूमि से अतिक्रमण हटाने के दौरान उपद्रवियों ने आगजनी और हिंसा की उस भूमि पर उनकी सरकार थाना का निर्माण करेगी। गौरतलब है कि दंगाइयों ने हमला कर बनभूलपुरा थाना को भारी नुकसान पहुंचाया था। उसे आग के हवाले कर पूरी तरह से नष्ट कर दिया था। यही नहीं दंगाई असलहा भी लूट कर ले गए थे। इसी के मद्देनजर मुख्यमंत्री ने यह घोषणा की है।

### बलवे के बाद 127 शस्त्रों के लाइसेंस निलंबित किए गए

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा बलवे के बाद डीएम वंदना सिंह ने इस क्षेत्र के 127 शस्त्रों के लाइसेंस निलंबित कर दिए हैं। उन्होंने एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा को 24 घंटे के भीतर इन शस्त्रों को कब्जे में लेने के लिए कहा है। बनभूलपुरा उपद्रव की पुलिस जांच में सामने आया है कि पुलिस-प्रशासन की टीम पर अवैध तमंचों के साथ ही लाइसेंसी शस्त्रों से भी फायरिंग की गई थी। इसके बाद डीएम वंदना सिंह ने बनभूलपुरा के 120 शस्त्र लाइसेंसधारकों के 127 शस्त्रों के लाइसेंस निलंबित कर दिए हैं। साथ ही पुलिस को 24 घंटे में इन शस्त्रों को कब्जे में लेने के निर्देश दिए हैं।

### मलिक की गिरफ्तारी को ऑपरेशन तेज

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा दंगे का मास्टर माइंड अब्दुल मलिक को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस ने सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया है। मलिक के गिरफ्तार होने की कई बार अफवाहें भी उड़ती रहीं लेकिन एसएसपी ने अफवाहों पर विराम लगा दिया था।बनभूलपुरा दंगा प्रकरण में अब्दुल मलिक की कब्जाई जमीन पर ही नगर निगम अवैध कब्जा हटाने गया था। वह शुरू से ही कार्रवाई का विरोध कर रहा था। जमीन पर उसका कई दशकों से अवैध कब्जा था। वह आसपास की सरकारी जमीन को अवैध तरीके से बेचकर करोड़ों रुपये कमा चुका था। पहले अफवाह उड़ी कि मलिक को दिल्ली में गिरफ्तार कर लिया गया है।

# हल्द्वानी हिंसा के मुख्य आरोपी के खिलाफ 2.44 करोड़ रुपये की वसूली का नोटिस

संवाददाता, हल्द्वानी

**सख्ती**

- नगर निगम ने नष्ट किए वाहनों के विवरण के साथ भेजा नोटिस
- 15 फरवरी तक धनराशि जमा करने के आदेश

**अमृत विचारः** बनभूलपुरा में अवैध मदरसा और धार्मिक स्थल ढहाए जाने के दौरान भड़की हिंसा के चलते नगर निगम के कर्मचारियों को दंगाइयों ने घायल कर दिया था तो वहीं नगर निगम के करोड़ों रुपये के वाहन और उपकरण फूंक दिए गए थे। अब नगर निगम ने दंगे के मुख्य आरोपी अब्दुल मलिक को नष्ट किए गए वाहनों और उपकरणों की सूची के साथ करीब ढाई करोड़ का वसूली नोटिस भेजा है।

आठ फरवरी को बनभूलपुरा में अवैध मदरसा और धार्मिक स्थल ढहाने के लिए नगर निगम भारी संख्या में वाहनों को लेकर गया था। बवाल होने के साथ ही नगर निगम को वाहनों को नुकसान पहुंचाना शुरू कर दिया गया। वाहनों को जलाया गया। नगर निगम के अपने 12 वाहन पूर्ण रूप से और एक वाहन आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गया। जिसमें ट्रॉली, ट्रैक्टर, टिप्पर, बोलेरो शामिल हैं। इनकी कीमत 1.67 करोड़ रुपये बतायी है। साथ ही किराये पर लिये गये दो बैकहो लोडर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिये गय। इनकी कीमत 74 लाख है। दंगे के दौरान उपद्रवियों ने साढ़े तीन लाख के उपकरण भी नष्ट कर दिये। नगर निगम ने सभी वाहन और सामान का आकलन करके अब्दुल मलिक को 2.44 करोड़ की भरपाई करने का आदेश दिया है। जिसकी तिथि 15 फरवरी तय की है।

### मुख्य न्यायाधीश जस्टिस रितु बाहरी ने कार्यभार ग्रहण किया

- उत्तराखंड हाईकोर्ट की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश

**नैनीतालः** उत्तराखंड हाईकोर्ट की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी ने सोमवार को फुल कोर्ट रैफरेंस के साथ ही कार्यभार ग्रहण कर किया। इस मौके पर हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल ने कार्यक्रम शुरू करने की अनुमति मांगी और महाधिवक्ता के साथ हाईकोर्ट बार के अध्यक्ष ने उनका स्वागत किया। वरिष्ठ न्यायमूर्ति मंनोज कुमार तिवारी ने मुख्य न्यायाधीश के साथ साथ न्यायालय में मौजूद सभी लोगों का स्वागत किया।

जस्टिस रितु बाहरी ने बीते 4 फरवरी को देहरादून में राज्यपाल के सम्मुख पद और गोपनीयता की शपथ ली थी। हाईकोर्ट बार अध्यक्ष डीसीएस रावत ने कहा कि राज्य में महिला सशक्तिकरण का दौर है। राज्य में पहली महिला मुख्य सचिव, विधानसभा अध्यक्ष के बाद अब हाईकोर्ट की मुख्य न्यायाधीश भी महिला हैं। इससे प्रदेश में महिला सशक्तिकरण को और बल मिलेगा।

# अब्दुल मलिक पर 26 साल पूर्व भी लगी थी रासुका

## वर्ष 1998 में बरेली के भोजीपुरा थाने में विभिन्न धाराओं दर्ज हुई थी एफआईआर, शहर की राजनीति में बनायी थी पहचान

अंकुर शर्मा, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा दंगे के मास्टर माइंड अब्दुल मलिक का आपराधिक इतिहास काफी लंबा-चौड़ा है। राजद्रोह, हत्या, बलवा, हत्या का प्रयास और कानून की धज्जियां उड़ाना आदि अपराधों की कई धाराओं में वह पहले भी नामजद रह चुका है। उस पर लगभग 26 वर्ष पूर्व पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) में भी एफआईआर दर्ज हो चुकी है।

शहर के पुराने जानकारों के अनुसार, सपा नेता अब्दुल मतीन सिद्दीकी का छोटा भाई अब्दुल रऊफ राजनीति में उभर रहा था। जुझारू और मिलनसार रऊफ ने कम समय में ही शहर की राजनीति में अपनी अलग पहचान बना ली थी। उसकी लोकप्रियता को देखते हुए समाजवादी युवजन सभा का जिलाध्यक्ष बनाया गया था। इस वजह से वह राजनीति में कइयों, खासकर बनभूलपुरा के कुछ मुस्लिमों नेताओं की आंखों की किरकिरी बन गया था। 19 मार्च 1998 को रऊफ सिद्दीकी अपने साथी चन्द्रमोहन सिंह और त्रिलोक बनौली के साथ कार से लखनऊ जा रहा था। बरेली के समीप भोजीपुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक वाहन से उसकी कार को टक्कर मारी गई। जैसे ही कार पलटी वैसे ही भाड़े के शूटर्स ने रऊफ पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। हमले में रऊफ की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दोनों साथी घायल हो गए थे। रऊफ हत्याकांड की भोजीपुरा थाने में अब्दुल मलिक समेत सात के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई थी। इनमें हत्या, रासकुा समेत कई संगीन धाराओं में एफआईआर दर्ज हुई थी।

**गिरफ्तारी से बचने को मलिक ने अपने रसूख से सीबीसीआईडी ट्रांसफर करा दी थी जांच :** रऊफ की हत्या के बाद पुलिस ने अब्दुल मलिक की गिरफ्तारी के शिकंजा कसना शुरू कर दिया था। अब्दुल मलिक ने सत्ता में अपनी ऊंची दखल से इस प्रकरण की जांच पुलिस से सीबीसीआईडी को ट्रांसफर करा दी थी। सीबीसीआईडी जांच के आदेश के बाद अब्दुल मलिक समेत सभी भूमिगत आरोपी हल्द्वानी आ गए थे।

### अब्दुल मलिक का आपराधिक इतिहास

1. वर्ष 1983 में आईपीसी की धारा 147, 148, 307, 323 में केस दर्ज
2. वर्ष 1986 में आईपीसी की धारा 452, 427, 323, 504, 506 में केस दर्ज
3. वर्ष 1991 में आईपीसी की धारा 323, 504 में केस दर्ज
4. वर्ष 1998 में आईपीसी की धारा 307 में केस दर्ज
5. वर्ष 1998 में बरेली के भोजीपुरा थाने में आईपीसी की धारा 147, 148, 149, 302, 307, 427 में केस दर्ज

### जब गवर्नर के साथ हेलीकॉप्टर में उड़कर लखनऊ पहुंचा था मलिक

अब्दुल मलिक की राज्य ही नहीं, केंद्र की सत्ता में दखल बताई जाती है। जब सूरजभान उत्तर प्रदेश के राज्यपाल बन पहली बार लखनऊ पहुंचे तो मलिक भी उनके साथ हेलीकॉप्टर में सवार था। अमौसी हवाई अड्डे पर तत्कालीन मुख्यमंत्री कल्याण सिंह ने राज्यपाल का स्वागत किया था। मलिक की राज्यपाल और मुख्यमंत्री के साथ फोटो अखबारों में प्रकाशित हुई थी। इसके बाद पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया था। शासन ने तुरंत ही सीबीसीआईडी जांच करने का आदेश निरस्त कर दिया था।

# लोअर पीसीएस के परिणाम घोषित, वैभव जोशी रहे टॉपर

**देहरादून।** उत्तराखंड लोक सेवा आयोग ने उत्तराखंड सम्मिलित राज्य (सिविल) अवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा-2021 के परिणाम घोषित कर दिए हैं। यह परीक्षा विभिन्न विभागों के रिक्त नायब तहसीलदार, डिप्टी जेलर, पूर्ति निरीक्षक, विपणन निरीक्षक, आबकारी निरीक्षक, कर निरीक्षक आदि के 191 पदों पर सीधी भर्ती के लिए आयोजित की गई थी। इस परीक्षा को जन सामान्य में लोअर पीसीएस के नाम से जाना जाता है।


परीक्षा परिणामों में नायब तहसीलदार के 36 पदों में वैभव जोशी ने टॉप किया है, जबकि अविनाश सिंह देव दूसरे और अनुराग शर्मा तीसरे स्थान पर रहे। डिप्टी जेलर के लिए आदित्य तिवारी टॉपर एवं अनुराग सिंह भंडारी दूसरे स्थान पर रहे। पूर्ति निरीक्षक पद के लिए पुष्कर सिंह रावत टॉपर रहे, जबकि मार्केटिंग इंस्पेक्टर के लिए कु. नेहा का प्रथम स्थान रहा। श्रंम प्रवर्तन अधिकारी के लिए रजत शर्मा, आबकारी निरीक्षक में स्नेहल बलोनी, कर अधिकारी में तृप्ति गोयल, गन्ना विकास अधिकारी में अंगरा सिंह और खांडसारी निरीक्षक में राकेश सिंह मेहता टॉपर रहे।

# धर्म दर्शन

जीवात्मा के स्वरूप का वर्णन करते हुए श्रुति कहती है जो गुणों से सम्बद्ध, फलप्रद कर्म का कर्ता और उस किए हुए कर्म का उपभोग करने वाला है, वह विभिन्न रूपों वाला, त्रिगुणमय, तीन मार्गों से भ्रमण करने वाला प्राणों का अधिष्ठाता जीव अपने कर्मों के अनुसार गमन करता है।



## जीवात्मा का स्वरूप



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

यहां पर गुणों से बंधे हुए जीव के स्वरूप का वर्णन किया गया है, गुणातीत का स्वरूप इससे भिन्न है। जीवात्मा सत्व, रज, तम इन तीन गुणों में बंधा हुआ है, अतः वह नाना प्रकार के कर्म भोगरूपी फल की प्राप्ति के लिए करता है और अपने किए हुए उन कर्मों का फल भोगने के लिए नाना योनियों में जन्म लेकर विभिन्न रूपों में प्रकट होता है। मृत्यु के अनंतर उसकी कर्मानुसार तीन गतियां होती हैं अर्थात् शरीर छोड़ने पर वह तीन मार्गों से देवयान, पितृयान और तीसरा निरंतर जन्ममृत्यु के चक्र से जाता है। जब तक प्राणों का अधिपति यह जीवात्मा मुक्त नहीं हो जाता, तब तक अपने किए हुए कर्मों से प्रेरित होकर नाना लोकों में भिन्न-भिन्न योनियों में घूमता रहता है।

यह जीवात्मा अंगूठे के बराबर प्रमाणवाला, सूर्य के समान ज्योतिस्वरूप, संकल्प और अहंकार से युक्त तथा बुद्धि और शरीर के गुणों से भी युक्त है। मनुष्य का हृदय अंगूठे के नाप का माना गया है। हृदय में ही जीवात्मा का निवास है इसलिए उसे अंगूठे के माप का कहा जाता है। जीवात्मा का वास्तविक स्वरूप सूर्य की भांति प्रकाशमान (विज्ञानमय) है। उसे अज्ञान रूपी अंधकार छू तक नहीं गया है। संकल्प और अहंकार से युक्त होकर ममता, अहंता आदि से आबद्ध होने के कारण ही यह सूजे की नोंक के समान सूक्ष्म आकार वाला है और इसी कारण परमात्मा से भिन्न है। जीव के तत्व को जानने वाले ज्ञानी पुरुषों ने गुणों से युक्त हुए जीवात्मा का स्वरूप ऐसा ही देखा है।


वालाग्रशतभागस्य शतधा कल्पितस्य च।
भागो जीवः स विज्ञेयः स चानन्त्याय कल्पते।।

जीव की सूक्ष्मता को आगे स्पष्ट करते हुए कहते हैं कि सौ भागों में विभक्त किया हुआ जो केश के अग्रभाग का सौवां भाग है, उस जीव को उसके बराबर जानना चाहिए किंतु वही अनंत रूप हो जाता है।

एक बाल की नोंक के हम सौ टुकड़े कर लें फिर उनमें से एक टुकड़े के पुनः सौ टुकड़े कर लें। यह एक टुकड़ा जितना सूक्ष्म हो सकता है अर्थात् बाल की नोंक के दस हजारवें भाग के समान जीवात्मा को सूक्ष्म समझना चाहिए। यह उसकी सूक्ष्मता का लक्ष्य कराने के लिए केवल उदाहरण स्वरूप ही है। वास्तव में चेतन और सूक्ष्म वस्तु का स्वरूप जड़ और स्थूल वस्तु की उपमा से नहीं समझा जा सकता। यह सूक्ष्म होने पर भी स्थूल वस्तु में सर्वत्र व्याप्त रह सकता है। इसीलिए कहा गया है कि वह इतना सूक्ष्म होने पर भी अनंत भाव से युक्त होने में अर्थात असीम होने में समर्थ है। वह जड़ जगत में सर्वत्र व्याप्त है लेकिन बुद्धि के गुण संकल्प और अपने गुणरूप अहंकार से युक्त होने के कारण ही एकदेशीय बन रहा है।

यह जीवात्मा वास्तव में न तो स्त्री है, न पुरुष है और न नपुंसक ही है। वह जब जिस शरीर को ग्रहण करता है उस समय उससे संयुक्त होकर वैसा ही बन जाता है। जीवात्मा सर्वभेदशून्य है, सारी उपाधियों से रहित है।

## सुसंगत है मां सरस्वती का पुत्री और पत्नी होना



सलिल पांडेय
मिर्जापुर



मां सरस्वती के संबंध में अनेक धर्मग्रंथों में प्रसंग आता है कि वह त्रिदेवों में सृजन के देवता ब्रह्मा की पत्नी और पुत्री दोनों थीं। इस प्रसंग की गहराई में उतरने के पहले लौकिक जीवन में मां सरस्वती की पत्नी और पुत्री की स्थिति पर गौर करने की जरूरत है। जहां एक नारी पत्नी बनकर जीवन-यात्रा में सहधर्मिणी होती है वहीं पुत्री के रूप एक नारी का पोषण पिता करता है। इस भाव पर दृष्टि डालने से स्थिति स्पष्ट हो जाती है। जब ज्ञान से अबोध शिशु विद्या को अर्जित करता है तब विद्या पुत्री के रूप में होती है क्योंकि नवजात शिशु की तरह विद्या और ज्ञान को संजो-संजो कर मस्तिष्क में संचित करना पड़ता है। जब विद्या शिशु रूप से पुष्ट हो जाती है तब वही विद्या जीवन-संचालन में सहधर्मिणी बन जाती है और उसी ज्ञान एवं विद्या से जीविकोपार्जन होता है। यानी मस्तिष्क और विद्या का रूप समयानुसार बदल जाता है।

पंच भौतिक तत्वों के सम्मिलन से जीव की संरचना होती है और वह इस संसार-सरोवर में जन्म लेता है तो इस सरोवर में तैरने और प्रवाहित होने की क्षमता पंच ज्ञानेन्द्रियों से संचालित मन-मस्तिष्क, बुद्धि, ज्ञान और विवेक से ही संभव है। इनमें जो जिस स्तर तक प्रखर होता है, उसकी छलांग उतनी ही ऊंचाई पर होती है। सरस्वती शब्द में सर (सरोवर, नवनीत आदि) शब्द 'सृ धातु (जिसका अर्थ गतिशील या प्रवहमान होना है) और अच् प्रत्यय से मिलकर बना है। सरस्वती शब्द में 'सर' शब्द सरोवर का सूचक है। सरोवर शब्द 'सरस्' शब्द+असुन' प्रत्यय से निर्मित है। वाणी एवं ज्ञान की देवी के अर्थ में सरस्वती शब्द की व्युत्पत्ति सरस्वत्+ङीप् प्रत्यय से हुई है। इस तरह सरस्वती का अर्थ सरोवर, प्रवाह होता है। यह प्रवाह वैचारिक और मानसिक स्तर पर मनुष्य को कितनी ऊंचाई तक ले जा सकता है, उसका द्योतक है। क्योंकि मनुष्य पशु के नजदीक का प्राणी है। सनातन संस्कृति के 10 अवतारों में भी जलकर-थलचर पशु अवतार का वर्णन है। मनुष्य पशु ही रहना चाहता है या वह देवता बनना चाहता है, यह उसकी साधना पर निर्भर है। इस साधना में विवेक के देवता प्रथम देव गणेश जी होते हैं तथा विद्या की देवी मां सरस्वती होती हैं। माघ माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को गणेश-चतुर्थी का पर्व इसीलिए रखा गया क्योंकि अंधकार में ही विवेक के प्रकाश की जरूरत पड़ती है। माता पुत्र के विवेक के लिए ही व्रत-पूजा करती है तो इसी महीने के शुक्ल पक्ष में पंचमी तिथि को माता की पूजा की व्यवस्था ऋषियों ने की। गणेश की चतुर्थी तिथि की पूजा चतुर्दिक दिशाओं में विवेक-युक्त जीवन यात्रा के साथ पुरुषार्थ चतुष्टय धर्म-अर्थ-काम-मोक्ष के लिए सकारात्मक प्राप्ति की कामना परिलक्षित होती है। मां सरस्वती की पूजा पंच ज्ञानेन्द्रियों का उस विवेक से आबद्ध रहने का सूचक है।

सरस्वती के हाथ में प्रमुख रूप से वीणा विद्यमान है। इसका तुम्बा नीचे की ओर है। वीणा सात तारों से बजने वाला वाद्य यंत्र है। मनुष्य यदि पंच ज्ञानेन्द्रियों के सात द्वारों को नियंत्रित करने के लिए यदि भौतिक-कामनाओं के विलोम में जीने की शक्ति अर्जित कर ले तो श्रेष्ठता की ओर कदम स्वतः ही बढ़ने लगेंगे। क्योंकि इंद्रियां लौकिक सुख के पीछे दौड़ती हैं और अधोगामी बनाने में सहायक होती हैं। वीणा का तुम्बा मनुष्य के सिर की तरह नीचे और पैर वाला हिस्सा ऊपर है। इसी वीणा के बल पर नारद हर लोक की सुध-बुध ही नहीं लेते थे बल्कि त्रिदेव तक उनकी बातों और सूचनाओं को तरजीह देते थे। नारद कभी माया के अधीन नहीं बल्कि मायाधीश नारायण के अधीन रहे। जब विश्वमोहिनी पर अनुरक्त हुए और उससे विवाह करने की कामना जागी तब वे नारायण के पास जाकर यह नहीं कहते कि मेरा विवाह विश्वमोहिनी से हो ही जाए बल्कि 'जेहिं विधि होहि नाथ हित मोरा' कहते हैं। मन में जागी किसी अवांछित कामना को विवेक की कसौटी पर कसने से अवांछित कामनाएं विनष्ट हो जाती हैं। इस स्थिति में मां सरस्वती मनुष्य भवसागर में डूबने नहीं देती। विद्या और ज्ञान के पतवार के सहारे मनुष्य श्रेष्ठतम मानव बन जाता है।

## ब्रह्म और जीव दोनों चेतन



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

संन्यासी बनने के बाद रामानुजाचार्य अथवा यतिरामानुजम् की शिष्य मंडली बड़ी तेजी से बढ़ने लगी। उनकी कीर्ति यहां तक बढ़ी कि उनके पूर्व गुरू यादव प्रकाश ने भी, इनका शिष्यत्व स्वीकार किया और "यतिसमुच्चय" नामक ग्रंथ की रचना की। उनके अधीन वैदिक शिक्षा ग्रहण करने के लिए दूर-दूर से शिष्य आने लगे। एक दिन उनके गुरू यमुनाचार्य के पुत्र वरदरंगम् आचार्य के पास आ पहुंचे और उनसे श्रीरंगपुरम चल कर वहां के अध्यक्ष पद को स्वीकार करने को सहमत किया। श्रीरंगम् आकर रामानुजम् ने वहां के मंत्रों के ख्याति प्राप्त आचार्य गोष्ठी पूर्ण से दीक्षा ली। गोष्ठी पूर्ण के मना करने पर भी रामानुज ने मंत्रों का रहस्य जन सामान्य के हित में मान उद्घाटित करना शुरू कर दिया। गोष्ठी पूर्ण से यह मंत्र रहस्य जान कर कि मंत्रों में वह सामर्थ्य है कि इनका श्रद्धापूर्वक नियमित पाठ, मनुष्य के मोक्ष या मुक्ति में सहायक हो सकता है, उन परम गोपनीय मंत्रों को खुले आम सार्वजनिक करना शुरु कर दिया। उन्होंने जनहित में मंत्र रहस्य को सार्वजनिक करने के लिए गुरू गोष्ठी पूर्ण को सहमत कर लिया। प्रसन्नता पूर्वक गुरू गोष्ठी पूर्ण ने उनको आशीष दिया कि, "आज से विशिष्टाद्वैत मत तुम्हारे नाम पर 'रामानुजदर्शन' के नाम से विख्यात होगा।" मैसूर के तत्कालीन नरेश राजा विट्टिदेव की सहायता से आचार्य श्री रामानुजने, "श्रीवैष्णवमत" के चतुर्दिक प्रचार के लिए अपने 74 सुयोग्य शिष्यों को नियुक्त किया। इस प्रकार अपना सारा जीवन भजन-साधन तथा वैष्णव धर्म एवं विशिष्टाद्वैत मत के चतुर्दिकसुप्रचार में लगा कर अंततः विक्रम संवत् 1194 में श्री हरि षिष्णु के दिव्य धाम के लिए प्रस्थान किया।

यतिराराज रामानुजम् या रामानुजाचार्य ने अपने मत की पुष्टि के लिए जिन अनेक ग्रंथों की रचना की, उनमें उनके सुख्यात् "श्रीभाष्य" के अति रिक्त, वेदान्त संग्रह, वेदान्त प्रदीप, वेदान्तसार, वेदान्ततत्वसार, गीताभाष्य, गद्यत्रय, भगवदारा धनक्रम बहुत लोकप्रिय हुए। इसके अतिरिक्त अष्टादशरहस्य, कंटकोद्धार, कूटसंदेह, ईशावास्योपनिषदभाष्य, गुणरत्नकोश, चक्रोल्लास, दिव्यंसूरिप्रकाश दीपिका, देवतास्वारस्य, नारायणमंत्रार्थ, न्यायरत्नमाला, मुंडकोपनिषदव्याख्या, दिव्यसंरिपूरभावदीपिका, योगसूत्रभाष्य, रामपाल, नित्यपद्धति, रामपद्धति, रामपूजापद्धति, रेमरहस्य, राममंत्रपद्धति, विशिष्टाद्वैतभाष्य, विष्णुसहस्रनामभाष्य, शतदूषणी, वेदार्थसंग्रह, संकल्प सूर्योदय टीका, श्वेताश्वतरोपनिषद्व्याख्या, सच्चरित्ररक्षा आदि। दुर्भाग्य वश, इन रचनाओं का कालक्रम निर्धारण असंभव है। इनकी सभी कृतियां संस्कृत में हैं। रामानुज ने गुरू यमुनाचार्य के सिद्धांतों की विस्तृत और बोधगम्य प्रस्तुति को लोक प्रिय बनाया यह भी तीन ही मौलिक पदार्थों का अस्तित्व मानते हैं - चित् (जीव), अचित् (जड़जगत या समूह) तथा ईश्वर या पुरूषोत्तम।

इनके अनुसार स्थूल-सूक्ष्म, चेतन-अचेतन विशिष्ट ब्रह्म ही ईश्वर है। अनंत जीव और जगत उनका शरीर है। वही इस शरीर की आत्मा है। ब्रह्म अशेष गुणों का आलय या आवास है। उसमें निकृष्ट या हेय कुछ भी नहीं है। सर्वेश्वरत्व, सर्वग्यत्व, सर्वनियनतृत्व आदि इसके गुण या लक्षण हैं। यह सूक्ष्म चिंतन और अचेतन रूप में जगत का उपादान (प्राप्ति या प्राप्त करना) कारण है। संकल्प विशिष्ट रूप से निमित्त कारण है। जीव और जगत इसका शरीर है। यही सृष्टि का निर्माता और संहारकर्ता है। यही अंतर्यामी और पूजनार्थ अवतार भेद से शंख, चक्र, गदा, पद्मधारी चतुर्भुज है। श्री, भू और लीला देवी सहित किरीट आदि आभूषणों से अलंकृत है। जड़जगत, ब्रह्म का शरीर है। ब्रह्म ही जगत का उपादान और निमित्त कारण है। यह जगत रूप में प्रकट होकर भी विकार (दोष रहित या निर्दोष) है। यह जगत सत्य है, मिथ्या नहीं है। जीव भी ब्रह्म का शरीर है। ब्रह्म और जीव दोनों चेतन हैं ब्रह्मविभु (सर्वव्यापक) तथा जीव अणु है। ब्रेक पूर्ण तथा जीव खण्डित है। प्रत्येक शरीर में जीव भिन्न या पृथक् है।

# प्रदेश

## यमुना एक्सप्रेस-वे पर बस से भिड़ी कार, पांच युवक जिंदा जले

### डिवाइडर से टकराकर क्षतिग्रस्त हुई बस, पीछे से आ रही कार बस से भिड़ी

- दोनों वाहनों में लगी आग, मरने वाले युवक आपस में थे दोस्त

संवाददाता, मथुरा/ फिरोजाबाद



दुर्घटना के बाद जलती बस और कार। अमृत विचार

**अमृत विचार:** सोमवार सुबह करीब सात बजे मथुरा में यमुना एक्सप्रेस-वे पर भीषण हादसा हो गया। यहां स्लीपर बस डिवाइडर से टकरा गई। इसी दौरान पीछे आ रही कार भी बस से भिड़ गई। इसी बीच धमाका हुआ और दोनों गाड़ियां जलने लगीं। इस हादसे में कार सवार पांचों लोगों की जलने से मौत हो गयी। ये हादसा थाना महावन क्षेत्र माइल स्टोन 116 पर हुआ।

हादसे के बाद बस की सवारियों ने आनन- फानन में बस से कूदकर अपनी जान बचाई। कार में जले पांचों युवकों की पहचान अंशुमान पुत्र मनोज यादव निवासी ककरारा थाना खैरगढ़, अतिन कुमार यादव निवासी एटा चौराहा शिकोहाबाद और फिरोजाबाद निवासी शिव किशन रावत, जायद खान, सरवर हुसैन के रूप में हुई है। पांचों आपस में दोस्त थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) शैलेश कुमार पांडेय ने बताया कि बस में सवार किसी भी यात्री को कोई चोट नहीं आई और सभी यात्रियों को अलग-अलग वाहनों से उनके गंतव्य के लिए भेज दिया गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे का संज्ञान लेते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना की व्यक्त। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।


### 12 मार्च को थी अतिन की शादी

अतिन दिल्ली में रहकर परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। अतिन की 12 मार्च की शादी थी। पूरा परिवार शादी की तैयारियों में जुटा हुआ था। जैसे ही उनकी मौत की खबर परिवार को लगी तो शादी वाले घर में कोहराम मच गया। घर से ड्यूटी के लिए निकले थे। अंशुमान की मौत पर उसकी पत्नी विशाखा के अलावा पिता मनोज कुमार, बड़ी बहन अंशिका यादव तथा मां पुष्पा देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। शिकोहाबाद से अंशुमान अपनी स्विफ्ट डिजाइर कार को लेकर नोयडा नौकरी के लिए सोमवार सुबह घर से निकले थे। उसके साथ दोस्त अतिन समेत पांच लोग थे। अंशुमान अपने पिता की इकलौती संतान थे। उसकी एक साल पूर्व शादी हुई थी। जैद सईद खान दिल्ली एनसीआर में कॉल सेंटर पर नौकरी करते थे। सरवर हुसैन और शिव किशन सुहाग गुड़गांव में जॉब करते थे।

## ज्ञानवापी मामले में सुनवाई 15 तक के लिए टली

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में स्थित व्यास जी के तहखाना में हिंदुओं को पूजा की अनुमति वाले वाराणसी की अदालत के आदेश के खिलाफ अपील पर सुनवाई सोमवार को टाल दी और अगली तारीख 15 फरवरी तय की। वाराणसी की अदालत के आदेश के खिलाफ अपील करने वाली अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी के वकील एसएफए नकवी और पुनीत गुप्ता की दलीलें सुनने के बाद नकवी के अनुरोध पर न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने सुनवाई टालने का आदेश पारित किया। अंजुमन इंतेजामिया की ओर से पेश एफएफए नकवी ने दलील दी कि विवादित संपत्ति पर वादी (व्यास परिवार) का क्या अधिकार है, इस पर निर्णय नहीं किया गया और इस प्रकार से वादी का अधिकार निर्धारित किए बगैर पूजा की अनुमति देने का आदेश अवैध है। सोमवार को मुस्लिम पक्ष ने अदालत के आदेशों की प्रमाणित प्रतियां भी दाखिल कीं जो पूर्व में दाखिल नहीं की गई थीं और इन प्रतियों को रिकार्ड में दर्ज किया गया। विवादित संपत्ति पर हिंदू पक्ष का कब्जा दर्शाने वाले कुछ परिपत्र हिंदू पक्ष की ओर से दायर किए गए।

## वर्ग पहेली-341



**बाएं से दाएं**

4.1. वह जो बहुत वीर हो 2. पवनपुत्र हनुमान 3. चौबीसवें और अंतिम जैन तीर्थंकर 4. गौतम बुद्ध 5. सिंह, शेर 6. गरुड़ 7. बाज़ नामक पक्षी 8. वज्र 9. घोड़ा।

5.1. उत्कृष्ट कार्य हेतु किसी को उपहारस्वरूप दिया जाने वाला सोने, चांदी, तांबा आदि धातु का वह टुकड़ा जिसपर प्राय: देने वाले का नाम अंकित रहता है, तमगा, (मेडल) 2. पूजा हेतु निर्मित किसी देवता के चरण की प्रतिमूर्ति 3. आभूषण के रूप में पहना जाने वाला वह धातुखंड जिसपर किसी देवता के चरण-चिह्न अंकित हों 4. वैदिक पद-पाठ का ज्ञाता 5. एक प्रचीन गोत्र प्रवर्तक ऋषि।

7.1. कक्षा-प्रतिनिधि, कक्षानायक 2. कंप्यूटर सूचना-सामग्री प्रदर्शित करने वाला परदा, कंप्यूटर का वह इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जिसके परदे पर किसी प्रक्रम या प्रॉसेस को देखा जाता है।

10. शराब, मदिरा,मद्य।

11.1. मैदे से बनी एक प्रकार की प्रसिद्ध मिठाई 2. एक जंगली वृक्ष और उसका फूल 3. पक्षियों का खाद्य पदार्थ।

**ऊपर से नीचे**

1.1. एक झाड़ी जिसकी पत्तियां दवा बनाने के काम आती हैं और जिसके बीजों से लाल रंग भी निकलता है 2. इस झाड़ के बीजों से निकलने वाला लाल रंग।

2.1. वस्तुओं के इधर से उधर होने का शब्द 2. कुछ ढूंढने से होने वाली आवाज़।

3.1. अनियमित रूप से व्युत्पन्न, रूढ़ 2. जिसका योग से संबंध न हो 3. जो यौगिक न हो, तत्व या मिश्रण (पदार्थ)।

6.1. स्थान, जगह, ठौर 2. दरवाज़ा, द्वार 3. दहलीज़।, अंदर,में।

8. पैर साफ़ करने का पत्थर, झामक, (प्युमिक स्टोन)।

9. बड़ी बहन का पति, बहनोई।

### वर्ग पहेली - 340का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 रू | | 2 छु | ई | 3 मु | ई |
| ठ | | | | ख़ | |
| ना | | 4 वे | | ता | |
| | 5 फ़ो | ज | दा | री | |
| | | यं | | | 6 फे |
| 7 पो | षि | त | | | ला |
| | | | 8 क | ढ़ा | व |

## सुडोकू -58

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | | | | 4 | | | 8 |
| | | | | | | | 9 | |
| 3 | 5 | | 1 | | | 6 | | |
| | | 7 | | | | | 8 | |
| | | 3 | | | 8 | 9 | | |
| | 9 | | | | 1 | | | 7 |
| | | 6 | | | | | 7 | 9 |
| | 8 | | | | | | 4 | |
| 5 | | | 9 | | | | | 6 |

### सुडोकू - 57 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 1 | 7 | 6 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 4 | 3 | 6 | 1 | 8 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 4 |
| 6 | 2 | 4 | 3 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 |
| 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 2 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 1 | 8 | 6 | 5 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 8 | 7 | 3 | 2 | 9 | 6 | 5 | 4 | 1 |
| 1 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 9 | 6 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 13 फरवरी, मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्थी 14 .41 तक तत्पश्चात पंचमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- उत्तर। **ऋतु**-शिशिर।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तर भाद्रपद 12 .35 तक तत्पश्चात उत्तर रेवती।

**मेष** – आज घर के किसी सदस्य की अस्वस्थता आपको परेशान कर सकती है। आवश्यक कार्यों को दिन के तीसरे पहर में करना लाभप्रद होगा। व्यापार में स्थितियां संभलती हुई प्रतीत होंगी। समय अनुसार अपने व्यवहार में परिवर्तन लाने का प्रयास करें।

**वृष** – आज कोई बड़ा खर्च अचानक सामने आ सकता है। एक साथ दो मामलों को निपटाना पड़ सकता है। ज्यादा आदर्शवादी होने से भी नुकसान होने की संभावना है। किसी के भी सामने स्वयं अपने मुख से अपनी प्रशन्सा न करें।

**मिथुन** – आज रिश्तों में मधुरता बनाए रखने में आपकी बड़ी भूमिका होगी। उधार दिया हुआ धन वापस मिल सकता है। करियर को लेकर काफी गम्भीर रहेंगे। मित्रों के साथ फोन पर बात होगी। सहकर्मी आपकी काफी मदद करेंगे। महत्वपूर्ण व्यक्तियों के साथ मीटिंग कर सकते हैं।

**कर्क** – आज चुस्ती फुर्ती के लिए व्यायाम अवश्य करें। दोपहर के बाद कुछ तनाव में आ सकते हैं। आपके काम धीमी गति से पूरे होंगे। अपनी गलती का ठीकरा दूसरों पर न फोड़ें। आपके व्यवहार में आए परिवर्तन के कारण लोग अचरज में आ सकते हैं।

**सिंह** – आज दांपत्य संबंधों में मधुरता होगी। अचानक से बजट में कमी आ सकती है। नए कार्यों में धन निवेश कर सकते हैं। ऐसे मुद्दों पर चर्चा से दूर रहें, जिसके विषय में आपके पास कम जानकारी है। दूसरे लोगों की मदद करेंगे।

**कन्या** – आज मीडिया से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। अपने लक्ष्यों को लेकर भ्रमित न हों। दोपहर के बाद काम में मन नहीं लगेगा। स्वास्थ्य थोड़ा खराब हो सकता है। धन को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे। दिनचर्या अव्यवस्थित हो सकती है।

**तुला** – आज व्यापारिक गतिविधियों में तेजी आयेगी। अटकी हुई पेमेन्ट आपको वापस मिल सकती है। अविवाहितों को विवाह के उत्तम प्रस्ताव मिल सकते हैं। ननिहाल पक्ष से शुभ समाचार मिल सकते हैं। पारिवारिक वातावरण मधुर रहेगा।

**वृश्चिक** – आज आपको हाल में ही शुरू किए गए कार्यों में आपको सफलता मिलेगी। प्रेम संबंध रोमान्टिक रहेंगे। समय का सदुपयोग करें। किसी भी काम को कल पर न टालें। संतान के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। घर का माहौल सुखद रहेगा।

**धनु** – आज आय में वृद्धि होने की संभावना है। फुटकर व्यापारी नए सामान की खेप मंगवा सकते हैं। आपको भागदौड़ काफी ज्यादा करनी पड़ेगी। आप दूसरों के झगड़ों को सुलझाने का प्रयास कर सकते हैं। कानूनी मामलों को लेकर सावधान रहें।

**मकर** – आज जॉब में उच्चाधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा। समाज में आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी। मन में नए और क्रियेटिव विचार उत्पन्न हो सकते हैं। किसी महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स में हिस्सेदारी मिल सकती है। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता आने के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** – आज नौकरीपेशा लोगों को घर पर भी बहुत कुछ काम करना पड़ेगा। विद्यार्थी अध्ययन को लेकर लापरवाह हो सकते हैं। दोपहर के बाद स्थितियों में सुधार आयेगा। धन को लेकर आ रही समस्याओं का निपटारा होगा।

**मीन** – आज का दिन कुछ प्रतिकूल हो सकता है। शांतिपूर्वक मामलों को सुलझाने का प्रयास करें। अपनी किसी शौक को करियर के रूप में चुन सकते हैं। बड़े आर्थिक निवेश के लिए समय अनुकूल नहीं है। अपनी भावनाओं को नियंत्रण में रखें।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
आज का अर्जुन – सुबह : 09 .00
हम साथ साथ है – रात : 09 .00


**Utsav Gold**
हम दो हमारे दो – सुबह : 07 .00
एक विलन – रात : 07 .30

**Sony Max**
पीके – सुबह : 09 .00
कबीर सिंह – शाम : 06 .00

**Zee Cinema**
हमेशा – दोपहर :12 .40
केदारनाथ – रात : 07 .00

**Colors Cineplex**
नकाब – सुबह : 07 .00
ऐ दिल है मुश्किल – शाम : 06 .58

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात-07 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

दोस्त – तेरी बीवी कुछ कहती नहीं, जब शाम को दारू पीकर घर जाता है?
बब्लू – कहती नहीं, बोलती है...
दोस्त – क्या...?
बब्लू – बोलती है, कीड़े पड़ेंगे तुम्हारे दोस्तों को जिन्होंने तुम्हें बिगाड़ा...!

एक बार पति-पत्नी में जमकर लड़ाई हो गई।
गुस्से में आकर पत्नी (पति से) बोली- अब तो हद हो गई, पानी सिर से ऊपर चला गया है, मैं अपनी मां के घर जा रही हूं और कभी वापस नहीं आऊंगी...
पति- जाने से पहले एक खुशखबरी सुनती जाओ, कल तुम्हारी मां भी अपने पति से लड़कर अपने मायके चली गई है...

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 970 फ्लैग 1095 डीएमओ 815 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल प्रति कुन्तल** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800। |

# श्रीलंका, मॉरीशस में यूपीआई सेवा शुरू

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों देशों के ऐतिहासिक संबंधों के लिए इसे विशेष दिन बताया

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत की यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) सेवाओं की शुरुआत सोमवार को श्रीलंका और मॉरीशस में हो गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे ऐतिहासिक संबंधों को आधुनिक डिजिटल प्रौद्योगिकी से जोड़ने वाला बताया। इस ऑनलाइन कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे और मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जुगनाथ ने भी हिस्सा लिया। अपनी टिप्पणी में मोदी ने उम्मीद जताई कि नई फिनटेक सेवाएं दोनों देशों की मदद करेंगी।

उन्होंने कहा कि यूपीआई भारत के साथ साझेदारी को एकजुट करने की नई जिम्मेदारियों को क्रियान्वित कर रहा है। उन्होंने कहा-आज हिंद महासागर क्षेत्र के तीन मित्र देशों के



लिए एक विशेष दिन है क्योंकि हम अपने ऐतिहासिक संबंधों को आधुनिक डिजिटल तकनीक के साथ जोड़ रहे हैं। मोदी ने कहा-मुझे विश्वास है कि यूपीआई प्रणाली से श्रीलंका और मॉरीशस को फायदा होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि सार्वजनिक डिजिटल बुनियादी ढांचे से भारत में क्रांतिकारी बदलाव आया है। उन्होंने 'पड़ोस प्रथम' नीति पर भारत की केंद्रित नीति को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा-चाहे वह प्राकृतिक आपदा हो, स्वास्थ्य से जुड़ी हो, आर्थिक या अंतर्राष्ट्रीय मंच पर समर्थन, भारत ने सबसे पहले प्रतिक्रिया दी है। भारत आगे भी यह जारी रखेगा।

श्रीलंका और मॉरीशस में भारतीय सेवाओं की शुरुआत दोनों देशों के साथ भारत के बढ़ते द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों की पृष्ठभूमि में हुई है। इससे श्रीलंका और मॉरीशस की यात्रा करने वाले भारतीय नागरिकों के साथ ही भारत की यात्रा करने वाले इन देशों के नागरिकों के लिए यूपीआई की सेवा उपलब्ध होगी।

### यूपीआई को लेकर कई देश दिखा रहे हैं रुचि: दास



आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने सोमवार को कहा कि यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) को लेकर कई अन्य देशों ने रुचि दिखाई है और उनके साथ बातचीत जारी है। दास ने यहां आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की 606वीं बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत में यह भी कहा कि आर्थिक गतिविधियों को देखते हुए अगले वित्त वर्ष में सात प्रतिशत वृद्धि का अनुमान बिल्कुल उपयुक्त है। यूपीआई के बारे में उन्होंने कहा-कई देशों ने यूपीआई और रूपे कार्ड को लेकर रुचि दिखायी है और इस संदर्भ में उनके साथ बातचीत जारी है। हालांकि, दास ने उन देशों के नाम नहीं बताए, जिन्होंने यूपीआई को लेकर रुचि दिखायी है। उन्होंने भारत और मॉरीशस के बीच रूपे कार्ड और यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस सुविधा और भारत और श्रीलंका के बीच यूपीआई कनेक्टिविटी की जानकारी देते हुए यह बात कही। इसके साथ मॉरीशस जाने वाले भारतीय यात्री एक व्यापारी को वहां यूपीआई के जरिए भुगतान कर सकेंगे।

# आरबीआई का पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खिलाफ कार्रवाई की समीक्षा से इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी

आरबीआई के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने सोमवार को पेटीएम पेमेंट्स बैंक (पीपीबीएल) के खिलाफ की गई कार्रवाई की किसी भी समीक्षा से इनकार किया। कहा कि यह निर्णय पीपीबीएल के कामकाज के व्यापक मूल्यांकन और ग्राहकों के हितों को ध्यान में रखकर लिया गया है।

आरबीआई ने 31 जनवरी पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए उसे 29 फरवरी के बाद किसी भी ग्राहक खाते, वॉलेट, फास्टटैग और अन्य उत्पादों में जमा या टॉप-अप स्वीकार करना बंद करने का निर्देश दिया। दास ने यहां आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की 606वीं बैठक के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में कहा-इस समय मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहता

▶▶ केंद्रीय निदेशक मंडल की बैठक में गवर्नर ने दी जानकारी




हूं कि पीपीबीएल मामले में फैसले की कोई समीक्षा नहीं होगी। यदि आप निर्णय की समीक्षा की उम्मीद कर रहे हैं, तो मैं यह साफ कर दूं कि इसकी कोई समीक्षा नहीं होगी। केंद्रीय निदेशक मंडल की इस बैठक को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संबोधित किया। गवर्नर ने कहा कि आरबीआई के नियमन के दायरे में आने वाले वित्तीय संस्थानों के खिलाफ कोई भी निर्णय व्यापक मूल्यांकन के बाद ही किया जाता है। उन्होंने कहा कि आरबीआई वित्त-प्रौद्योगिकी क्षेत्र का समर्थन करता रहा है, लेकिन इसके साथ वह ग्राहकों के हितों की रक्षा और वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए भी प्रतिबद्ध है।

### पेटीएम बैंक की स्वतंत्र निदेशक मंजू अग्रवाल ने दिया इस्तीफा

पेटीएम का संचालन करने वाली कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड ने सोमवार को कहा कि सहयोगी इकाई पेटीएम पेमेंट्स बैंक की स्वतंत्र निदेशक मंजू अग्रवाल ने निजी कारणों से बोर्ड से इस्तीफा दिया है। पीपीबीएल पर रिजर्व बैंक ने 31 जनवरी को कई तरह की पाबंदियां लगा दी थीं। उसे 29 फरवरी के बाद ग्राहक खातों, वॉलेट, फास्टैग और अन्य साधनों में जमा या टॉप-अप स्वीकार करना बंद करने को कहा गया है।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 73,250 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,100 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,800-48,000 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,000 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 40, 500 |
| चांदी (999) | 72,800 |
| चांदी तैयार | 73,400 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 73, 300 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,000 |
| चांदी पक्की | 720(अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,150 |
| चांदी आभूषण | 73,200। |

## अक्टूबर-दिसंबर में बेरोजगारी दर घटकर 6.5% पर

**नई दिल्ली।** भारत के शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधिक उम्र के व्यक्तियों के बीच बेरोजगारी दर अक्टूबर-दिसंबर, 2023 के दौरान घटकर 6.5% रह गई। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले साल की समान अवधि में बेरोजगारी दर 7.2 प्रतिशत थी। समय अंतराल पर श्रमबल आंकड़े उपलब्ध होने के महत्व को ध्यान में रखते हुए एनएसएसओ ने अप्रैल, 2017 में आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) शुरू किया था। कहा गया कि बेरोजगारी दर अक्टूबर-दिसंबर, 2022 के 6.5% से घटकर अक्टूबर-दिसंबर, 2023 में 5.8% रह गई।

## मुनाफा वसूली से शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 523 अंक लुढ़का

मुंबई, एजेंसी

वैश्विक बाजारों में मिले-जुले रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर धातु एवं बैंकिंग शेयरों में मुनाफावसूली से सोमवार को मानक सूचकांक सेंसेक्स 523 अंक लुढ़क गया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 523 अंक यानी 0.73 प्रतिशत की गिरावट के साथ 71,072.49 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 71,756.58 अंक के ऊपरी और 70,922.57 अंक के निचले स्तर को भी छुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का



निफ्टी भी 166.45 अंक यानी 0.76 प्रतिशत टूटकर 21,616.05 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 में से 22 शेयर नुकसान के साथ बंद हुए जबकि निफ्टी के 50 में से 34 शेयरों में गिरावट रही। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा-खासकर छोटे एवं मझोले शेयरों में गिरावट की स्थिति रही।

## भारत का वनस्पति तेल आयात जनवरी में 28% घटकर 12 लाख टन

**नई दिल्ली।** देश का वनस्पति तेल आयात जनवरी में सालाना आधार पर 28 प्रतिशत घटकर 12 लाख टन रह गया है। उद्योग निकाय एसईए ने यह जानकारी दी। जनवरी, 2023 में वनस्पति तेल का आयात 16.61 लाख टन था। भारत दुनिया में वनस्पति तेल का प्रमुख खरीदार है। चालू तेल वर्ष की पहली तिमाही में कुल आयात 23 प्रतिशत घटकर 36.73 लाख टन रह गया, जो इससे पिछले वर्ष की समान तिमाही में 47.73 लाख टन था। एसईए के मुताबिक, आयात किए गए कुल वनस्पति तेलों में लगभग 7,82,983 टन पाम ऑयल और 4,08,938 टन सॉफ्ट ऑयल थे।

## औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दिसंबर में सुस्त पड़कर 3.8 प्रतिशत पर

नई दिल्ली, एजेंसी

देश के औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दिसंबर, 2023 में सालाना आधार पर घटकर 3.8 प्रतिशत रही है। एक साल पहले समान महीने में औद्योगिक उत्पादन 5.1 प्रतिशत बढ़ा था।

सरकार की तरफ से सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, दिसंबर के महीने में औद्योगिक उत्पादन 3.8 प्रतिशत की दर से बढ़ा है। यह आंकड़ा औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के आधार पर जारी किया गया है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ)

▶▶ सरकार की तरफ से जारी किए गए आंकड़े

के आधिकारिक बयान से पता चलता है कि दिसंबर, 2023 में विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन 3.9 प्रतिशत बढ़ा जो एक साल पहले की समान अवधि में 3.6 प्रतिशत था। दिसंबर, 2023 में खनन उत्पादन 5.1 प्रतिशत और बिजली उत्पादन 1.2 प्रतिशत की दर से बढ़ा। इस तरह चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों (अप्रैल-दिसंबर) में आईआईपी की कुल वृद्धि दर 6.1 प्रतिशत रही है जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह आंकड़ा 5.5 प्रतिशत रहा था।

# राष्ट्रीय

# भर्ती की प्रक्रिया को बना दिया पूरी तरह पारदर्शी

## रोजगार मेला: प्रधानमंत्री मोदी बोले-राजग ने डेढ़ गुना अधिक रोजगार उपलब्ध कराए

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के 10 वर्षों की तुलना में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार ने डेढ़ गुना अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए हैं। रोजगार मेले के तहत हाल ही में भर्ती किए गए एक लाख से अधिक कर्मियों को नियुक्ति-पत्र वितरित करने के बाद वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से उन्हें संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने पूर्ववर्ती सरकार पर भी निशाना साधा और कहा कि उस दौरान नौकरी के लिए विज्ञापन जारी होने से लेकर नियुक्ति पत्र देने तक बहुत लंबा समय लग जाता था तथा इसका फायदा उठाकर 'रिश्वत का खेल' भी जमकर होता था।

▶▶ एक लाख से अधिक कर्मियों को नियुक्ति-पत्र वितरित किए



उन्होंने कहा-हमने भारत सरकार में भर्ती की प्रक्रिया को अब पूरी तरह पारदर्शी बना दिया है। इतना ही नहीं, सरकार का बहुत जोर है कि भर्ती प्रक्रिया एक तय समय के भीतर पूरी कर ली जाए। इससे हर युवा को अपनी योग्यता साबित करने का समान अवसर मिलने लगा है। उन्होंने कहा कि आज, प्रत्येक युवा का मानना है कि वे कड़ी मेहनत और कौशल की बदौलत नौकरी हासिल कर सकते हैं। वर्तमान सरकार ने पिछले 10 वर्षों में पिछली सरकारों की तुलना में 1.5 गुना अधिक युवाओं को नौकरी दी है। यह जानकारी देते हुए कि आज रोजगार मेले के माध्यम से रेलवे में भी भर्ती हो रही है, प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि जब यात्रा की बात आती है तो रेलवे आम लोगों की पहली पसंद है।

मोदी ने इस तथ्य की ओर ध्यान आकर्षित किया कि भारत में रेलवे बड़े पैमाने पर बदलाव के दौर से गुजर रही है और अगले दशक में इस क्षेत्र का पूरी तरह कायाकल्प होगा। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले रेलवे पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया गया था जबकि आज रेल लाइनों का विद्युतीकरण और दोहरीकरण बढ़ा है और साथ ही नयी ट्रेनों को हरी झंडी दिखाने और यात्रियों के लिए सुविधाओं में भी वृद्धि हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 में उनके सत्ता में आने के बाद रेलवे के आधुनिकीकरण और उन्नयन पर ध्यान केंद्रित करते हुए पूरे ट्रेन यात्रा अनुभव को फिर से नया बनाने के लिए एक अभियान शुरू किया गया था। उन्होंने बताया कि इस वर्ष के बजट के तहत वंदे भारत एक्सप्रेस जैसी 40,000 आधुनिक बोगियां तैयार कर उन्हें सामान्य ट्रेनों में जोड़ा जाएगा, जिससे यात्रियों के लिए सुविधा और सहूलियत बढ़ेगी।

## गुरुग्राम में बच्चे ने पानी समझकर पेंट थिनर पीया, मौत

**गुरुग्राम।** हरियाणा के गुरुग्राम में पानी समझकर पेंट थिनर पीने से एक बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि रविवार को थिनर पीने से डेढ़ वर्षीय हकशान पेट में तेज दर्द के कारण बेहोश हो गया और जब उसे गुरुग्राम के एक अस्पताल ले जाया जा रहा था तो उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यह घटना सोहना के कोठड़ा रायपुर गांव की है, जहां हकशान का परिवार एक शादी समारोह में शामिल होने आया था। इसने कहा कि समारोह एक घर में हो रहा था, जिसे कुछ हफ्ते पहले पेंट किया गया था और थिनर तब ही खरीदा गया था। पुलिस ने कहा कि बच्चा खेल रहा था और उसने पानी समझकर थिनर पी लिया। हरियाणा के गुरुग्राम में पानी समझकर पेंट थिनर पीने से एक बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

# उत्तर प्रदेश के पश्चिमी जिलों में नहीं जाएगी भारत जोड़ो-न्याय यात्रा

लखनऊ, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अगुवाई में निकाली जा रही 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' का उत्तर प्रदेश में समय घटा दिया गया है और इसके लिए बोर्ड परीक्षाओं का हवाला दिया गया है। अब यह यात्रा 11 दिन के बजाय 6 दिन ही उत्तर प्रदेश में रहेगी। साथ ही कांग्रेस की यात्रा राज्य के पश्चिमी जिलों में नहीं जाएगी। कांग्रेस के एक नेता ने इसकी जानकारी दी।

यह निर्णय उन संकेतों के बाद लिया गया है कि समाजवादी पार्टी की सहयोगी और जयंत सिंह चौधरी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा से हाथ मिला सकती है। हालांकि, कांग्रेस की उत्तर प्रदेश इकाई के प्रवक्ता अंशु अवस्थी ने सोमवार को यहां जारी एक बयान में बताया कि राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश की बोर्ड परीक्षाओं और छात्र-छात्राओं के हितों को देखते हुए राज्य में अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' का समय घटा दिया है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने बताया कि उत्तर प्रदेश में पूरी यात्रा के दौरान राहुल गांधी के साथ उनकी बहन प्रियंका गांधी वाद्रा भी रहेंगी। राय ने कार्यक्रम रद्द किए जाने संबंधी अटकलों को गलत बताते हुए कहा कि रालोद के मामले से इसका कोई लेना-देना नहीं है।

▶▶ राहुल ने यूपी में भारत जोड़ो न्याय यात्रा का समय घटाया

### देश में लोगों को नहीं मिल रही हैं नौकरियां: राहुल



**कोरबा (छत्तीसगढ़)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर सोमवार को निशाना साधा और कहा कि देश में लोगों को रोजगार नहीं मिल रहा है तथा वे महंगाई की मार झेल रहे हैं। गांधी ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए लोगों से जागने को कहा और आरोप लगाया कि जनता की जेबें लूटी जा रही हैं तथा उन्हें गुमराह किया जा रहा है। उन्होंने कहा-पिछड़े वर्ग, दलित और आदिवासी देश की आबादी का 74 प्रतिशत हिस्सा हैं, लेकिन इन समुदायों का एक भी व्यक्ति भारत की शीर्ष 200 कंपनियों का मालिक या प्रबंधन में शामिल नहीं है, जिन्हें 'देश का सारा पैसा' दिया जा रहा है।

## एक नजर

### जयपुर के बाल सुधार गृह से 23 नाबालिग कैदी फरार

**जयपुर।** जयपुर के ट्रांसपोर्ट नगर थाना क्षेत्र स्थित बाल सुधार गृह से सोमवार सुबह 23 नाबालिग कैदी खिड़की तोड़कर फरार हो गए। थानाधिकारी जुल्फीकार ने बताया कि सुधार गृह प्रशासन की ओर से इस संबंध में दी गई शिकायत के आधार पर इन नाबालिग कैदियों के खिलाफ सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने सहित संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस की अलग अलग टीम फरार नाबालिग कैदियों की तलाश कर रही हैं।

### सिसोदिया को तीन दिन की अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली।** आबकारी नीति घोटाले में गिरफ्तार आप के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया को भतीजी की शादी में शामिल होने के लिए दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को तीन दिन की जमानत दे दी। विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल ने क्रमश: केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जांच किए जा रहे भ्रष्टाचार और धनशोधन के मामलों में 13 से 15 फरवरी तक सिसोदिया को राहत दी।

## टीएमसी नेता शाहजहां ईडी के सामने अब तक नहीं हुए पेश

कोलकाता, एजेंसी

**राशन घोटाला**

पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के फरार नेता शाहजहां शेख सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष अबतक पेश नहीं हुए। उन्हें कई करोड़ रुपये के राशन घोटाले के सिलसिले में तीसरा समन जारी किया गया था। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि ईडी के अधिकारी सॉल्ट लेक के सीजीओ कॉम्प्लेक्स में स्थित अपने दफ्तर में सवालों की सूची के साथ टीएमसी नेता का इंतजार कर रहे हैं। ईडी के अधिकारी ने बताया कि हम सुबह से शाहजहां शेख का इंतजार कर रहे हैं। वह अबतक सीजीओ कॉम्प्लेक्स में स्थित हमारे कार्यालय में पेश नहीं हुए हैं। उनकी ओर से कोई भी हमारे अधिकारियों के सामने आज पेश नहीं हुआ है। हम उनकी आज शाम तक प्रतीक्षा करेंगे।" ईडी ने करोड़ों रुपये के राशन घोटाले में कथित संलिप्तता को लेकर टीएमसी नेता को समन जारी किया था।

## राजस्थान से भाजपा ने गरासिया और मदन राठौर को बनाया राज्यसभा उम्मीदवार

**जयपुर।** भाजपा ने राज्यसभा के लिए राजस्थान से दो उम्मीदवारों के नाम के ऐलान किया है। पार्टी ने चुन्नी लाल गरासिया और मदन राठौर को उम्मीदवार बनाया है। केंद्रीय चुनाव समिति ने दोनों के नामों पर मुहर लगाई है। राज्यसभा की सीटों के लिए 27 फरवरी को चुनाव होने हैं। आदिवासी समुदाय से आने वाले गरासिया राज्य सरकार के पूर्व मंत्री हैं, जबकि राठौड़ पूर्व विधायक हैं। मदन राठौर पाली की सुमेरपुर विधानसभा सीट से दो बार विधायक रहे हैं। वह 2003 में पहली बार विधायक बने थे। वहीं 2013 में दूसरी बार विधायक बनकर विधानसभा पहुंचे थे। चुन्नीलाल गरासिया पूर्व मंत्री और संगठन में कई पदों पर रहे है। गरासिया वर्तमान में भाजपा में प्रदेश उपाध्यक्ष है।

## प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत के पालन के बगैर घरों को ढहा देना फैशन बन गया है

इंदौर, एजेंसी

**मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने टिप्पणी**

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने धार्मिक नगरी उज्जैन में दो घरों के कुछ हिस्सों को ढहाए जाने को लेकर कहा कि प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत का पालन किए बगैर किसी भी घर को ढहा देना स्थानीय प्रशासन और स्थानीय निकायों के लिए 'फैशन' बन गया है। अदालत ने दो महिलाओं की याचिका मंजूर करते हुए यह टिप्पणी की और उन्हें सरकारी खजाने से एक-एक लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया।

उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ के न्यायमूर्ति विवेक रुसिया ने दोनों पक्षों की दलीलों पर गौर करने के बाद उज्जैन निवासी राधा लांगरी और विमला गुर्जर की याचिका को स्वीकार किया। अदालत ने याचिकाकर्ताओं को चार हफ्तों की तय प्रक्रिया के तहत सुनवाई का अवसर नहीं दिए जाने के कारण उनके घरों के कुछ हिस्सों को उज्जैन नगर निगम द्वारा ढहाए जाने को अवैध करार दिया। दोनों याचिकाकर्ताओं ने उज्जैन के सांदीपनि नगर में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) की आवास योजना के दो घरों के हिस्सों को स्थानीय प्रशासन द्वारा



13 दिसंबर 2022 को ढहाए जाने को चुनौती दी थी। याचिका में कहा गया कि ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 के प्रावधानों का पालन नहीं किया गया था।

उच्च न्यायालय ने प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत का उल्लंघन कर मकानों को ढहाए जाने की कार्रवाई को लेकर प्रशासन को लताड़ लगाते हुए कहा कि अदालत द्वारा लगातार देखा जा रहा है कि स्थानीय प्रशासन और स्थानीय निकायों के लिए रूप-रेखा बनाकर किसी भी घर को ढहा देना 'फैशन' बन गया है। उच्च न्यायालय ने उज्जैन नगर निगम के आयुक्त को उन अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया जिन्होंने याचिकाकर्ताओं के घरों के कुछ हिस्सों को ढहाए जाने की कार्रवाई के संबंध में मौके पर "फर्जी" पंचनामा बनाया था।

## एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य पर बनेगी समग्र चिकित्सा नीति: राजेश

ब्यूरो, नई दिल्ली

**अमृत विचार:** यूनानी दिवस पर आयोजित एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य विषयक सम्मेलन को संबोधित करते हुए आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने कहा कि यूनानी एवं आयुर्वेद सहित भारत में कई ऐसी चिकित्सा पद्धतियां हैं जो कम खर्चे में शर्तिया इलाज संभव बनाती हैं। पूसा परिसर में आयोजित इस सम्मेलन में कई यूनानी चिकित्सा पद्धति के डॉक्टरों ने भाग लिया।

आयुष मंत्रालय ने केंद्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद (सीसीआरयूएम) द्वारा एपी शिंदे संगोष्ठी हॉल, एनएएससी, पूसा, नई दिल्ली में यूनानी दिवस 2024 और 'यूनानी चिकित्सा: एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में पारंपरिक चिकित्सा में भारत के वैश्विक नेतृत्व की बात की। कार्यक्रम में वैद्य जयंत देवपुजारी, अध्यक्ष, राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा प्रणाली आयोग-नई दिल्ली, प्रो. शकील अहमद रोमशू, कुलपति, इस्लामिक यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी-अवंतीपोरा, जम्मू-कश्मीर, डॉ. नजीर अहमद गनी, कुलपति, एसकेयूएएसटी-कश्मीर, डॉ. सुंचू ग्लोरी स्वरूपा, महानिदेशक, राष्ट्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम संस्थान-हैदराबाद, डॉ. एम. ए. कासमी, सलाहकार (यूनानी), डॉ. एन. जहीर अहमद आदि रहे।

## लोकसभा चुनाव में भाजपा की 370, राजग की 400 से अधिक सीटों पर होगी जीत: शाह

अहमदाबाद, एजेंसी

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के नतीजे को लेकर लोगों के मन में कोई संशय नहीं है क्योंकि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 370 सीट जीतेगी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) 400 से अधिक सीटें जीतेगा।

शाह ने कांग्रेस पर भी कटाक्ष किया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 10 साल के शासन में से पहले पांच साल विपक्षी दल के शासनकाल में खोदे गए ''गड्ढे'' को भरने में चले गए और अन्य पांच (विकास की) नींव रखने में लगाए गए। वरिष्ठ भाजपा नेता ने अहमदाबाद नगर

▶▶ केंद्रीय गृह मंत्री अहमदाबाद में लोस चुनाव नतीजे के बारे में बोले




निगम (एएमसी) की 1,950 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की शुरुआत करने के बाद यहां कहा, ''उन्हें (मोदी को) तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएं। नींव पर एक शानदार इमारत बहुत तेज गति से बनेगी।'' शाह ने कहा, ''मैं कल कर्नाटक में था और मैंने जनवरी में 11 राज्यों का दौरा किया। लोकसभा चुनाव (के नतीजे) के बारे में किसी भी राज्य में कोई संशय नहीं है। पूरे देश में यह माहौल है कि भाजपा को 370 सीट और राजग को 400 से ज्यादा सीट मिलेंगी।'' उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्ष में प्रधानमंत्री मोदी ने कई कार्यों को गति और दिशा दी तथा ऐसे लक्ष्य पूरे किए जिनकी कल्पना करना मुश्किल था। शाह ने कहा कि यह 'गुजरात मॉडल' ही था जिसके कारण लोगों ने 2014 में मोदी को देश का प्रधानमंत्री चुना। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि 10 साल में प्रधानमंत्री ने देश को नई ऊंचाई पर ले जाने का खाका खींचा और लोगों को भरोसा है कि 2047 में भारत दुनिया में अव्वल होगा।

# एकता-सद्भाव के साथ राष्ट्र का निर्माण करें

नई दिल्ली, एजेंसी

**भागवत ने लोगों से अहिंसा के मार्ग पर चलने का किया आह्वान, बोले अब दुनिया हमारी ओर देख रही**



आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने सोमवार को लोगों से एकता, अहिंसा और सद्भाव के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत में दर्शन का उच्चतम स्तर है और दुनिया अपनी समस्याओं के समाधान के लिए हमारी ओर देख रही है।

भागवत ने जैन तीर्थंकर महावीर के 2550वें 'निर्वाण' वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया के विभिन्न हिस्सों में लोग अपनी भौतिकवादी जीवन शैली के कारण पीड़ित हैं। उन्होंने कहा, दुनिया अब अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद से भारत की ओर देख रही है, क्योंकि उन्हें एहसास हो गया है कि उनकी भौतिकवादी जीवन शैली उन्हें वह खुशी नहीं देती जो हर कोई चाहता है। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि भौतिकवादी चीजों में कोई खुशी नहीं है।

भागवत ने कहा कि सभी के साथ सौहार्दपूर्वक रहें, अहिंसा का पालन करें, धैर्य रखें, चोरी न करें, यही जाने का मूल आधार है। उन्होंने कहा कि हमारा समाज पूर्ण सत्य की खोज के लिए अलग-अलग रास्ते चुनता है। रास्ते अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन मंजिल एक ही है।

हमारे समाज में कई तरह के लोग हैं, जैसे जैन, सिख। लेकिन इस देश के लोग होने के नाते हम सब एक हैं और एक रहते हुए, हमें राष्ट्र का निर्माण करना है। भागवत ने कहा कि भारत और दुनिया के अन्य हिस्सों में लोगों ने पूर्ण "सत्य और शाश्वत खुशी" की तलाश में अलग-अलग रास्ते अपनाए, लेकिन भारत की खोज और बाकी दुनिया की खोज के बीच अंतर यह था कि वे इसे बाहर की दृश्य दुनिया में खोजने के बाद रुक गए और हमने, बाहर की खोज के बाद इसे अपने भीतर खोजना शुरू किया और सच्चाई का एहसास किया।



# केवाईसी 28 फरवरी से पहले अपडेट करना जरूरी

*नई दिल्ली। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने कहा है कि 28 फरवरी के बाद बिना केवाईसी वाले फास्टैग बंद हो जाएंगे, इससे पहले केवाईसी की अंतिम तारीख 31 जनवरी थी, लेकिन अब दिनांक बढ़ाकर 28 फरवरी कर दी गई है। बता दें, बिना केवाईसी वाले फास्टैग में बैलेंस होने पर भी बंद हो जाएंगे। इसलिए केवाईसी जरूरी है। आईए जानते है इसके बारे में फास्टैग क्या है, और केवाईसी कैसे करें अपडेट।*




### क्या है फास्टैग

फास्टैग एक इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन सिस्टम है जो रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन टेक्नोलॉजी पर बेस्ड है। ये टैग अधिकृत बैंक द्वारा किया जाता है और ऑनलाइन माध्यम से इसे टोल लिया जाता है। इसके उपयोग के कारण आप टोल टैक्स पर लंबे समय में लाइन में लगे बिना ही टोल चुका देते हैं। राष्ट्रीय राजमार्गों के सभी टोल प्लाजा पर लगे रीडर्स कार की विंडस्क्रीन पर चिपकाए गए टैग को स्कैन करते हैं और लिंक किए गए अकाउंट के माध्यम से चार्ज कट जाता है।

### कितना लगेगा चार्ज

अगर आपने 28 फरवरी तक अपने फास्टैग की केवाईसी बैंक से अपडेट नहीं की तो आपका फास्टैग बंद हो जाएगा। इसके बाद आपको कैश में पेमेंट करना होगा और ये दोगुना वसूला जाएगा। यानी किसी टोल पर अगर 100 रुपये का टैक्स है तो आपको इसके लिए दो सौ रुपये तक देने पड़ सकते हैं।




### फास्टैग क्यों हो रहे अपडेट

एनएचएआई पिछले दिनों एक गाड़ी, एक फास्टैग इनिशिएटिव शुरू किया गया है। मतलब एक गाड़ी के लिए एक ही फास्टैग जारी होगा। ये फास्टैग जिस गाड़ी के लिए जारी हुआ है केवल उसी के लिए इस्तेमाल होना चाहिए। बिना केवाईसी के फास्टैग जारी करना आरबीआई के नियमों का उल्लंघन है। फास्टैग केवाईसी कैसे अपडेट कर सकते हैं?

### सरकार द्वारा अधिकृत वेबसाइट से करें अपडेट

ऑनलाइन अपडेट करने के लिए फास्टैग की वेबसाइट (fastag.ihmcl.com) पर जाएं। पेज पर टॉप में लॉगिन आइकन है। वहां रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर और पासवर्ड से लॉगिन करें। पासवर्ड याद नहीं तो मोबाइल दर्ज कर ओटीपी जेनरेट करके भी लॉगिन कर सकते हैं। फिर माय प्रोफाइल पर जाकर केवाईसी अपडेट कर सकते हैं। इसके लिए आईडी व एड्रेस प्रूफ, वाहन की आरसी और पासपोर्ट साइज के फोटो की जरूरत होगी। दूसरा ऑफलाइन तरीका यह है कि आपका फास्टैग जिस बैंक का है, उसकी ब्रांच में जाकर भी केवाईसी अपडेट करा सकते हैं। किसी भी जानकारी के लिए नजदीकी टोल प्लाजा जा सकते हैं, या टोल फ्री नंबर 1033 पर कॉल कर सकते हैं। केवाईसी कितने दिन में अपडेट होगा? सभी दस्तावेज सही हुए तो आवेदन सबमिट करने के 7 दिन में केवाईसी अपग्रेड हो जाता है। आप 'माई प्रोफाइल' पेज में ही अपने केवाईसी की स्थिति की जांच कर सकते हैं।

## एक नजर

### ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में फारूक अब्दुल्ला को भेजा समन

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ फारूक अब्दुल्ला को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को पूछताछ के लिए तलब किया है। बता दें कि इससे पहले ईडी ने गत 11 जनवरी को भी उन्हें अपने स्थानीय कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन डॉ अब्दुल्ला नहीं गए थे। संबंधित अधिकारियों ने बताया कि डॉ फारूक अब्दुल्ला को जम्मू कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन में हुए घोटाले के मामले में जारी जांच के सिलसिले में बुलाया गया है। जम्मू कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन में जेकेसीए को वर्ष 2001-12 के दौरान बीसीसीआई ने जम्मू कश्मीर में क्रिकेट व संबंधित गतिविधियों के विकास के लिए 112 करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध कराई थी।

### अमेरिका: चर्च में अंधाधुंध गोलीबारी में पांच साल का बच्चा घायल

**वाशिंगटन।** ह्यूस्टन में एक चर्च में गोलीबारी की गई। हालांकि, पुलिस ने गोलीबारी करने वाली महिला को मार गिराया। इस दौरान एक छोटे बच्चे समेत दो लोगों को गोली लगी है। शहर के पुलिस प्रमुख ट्रॉय फिनर ने बताया कि पांच साल के एक बच्चे की हालत गंभीर है, जबकि कूल्हे में गोली लगने से घायल 57 वर्षीय एक व्यक्ति की हालत स्थिर है। वहीं, लेकवुड चर्च ने एक्स पर दोपहर में बताया कि एक हमलावर द्वारा लगातार गोलियां चलाई जा रही थीं। जांच में जुटी पुलिस।

### अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ गिरोह का भंडाफोड़, 9 लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय गिरोह के खिलाफ पिछले महीने शुरू की गई कार्रवाई से जुड़े मादक पदार्थ नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने लुधियाना में मादक पदार्थ बनाने वाली प्रयोगशाला का भंडाफोड़ किया है। नशीले पदार्थों की तस्करी के आरोप में एनसीबी ने मैक्सिको के तीन समेत नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। एनसीबी ने बताया कि जोनल इकाई ने 15 किलोग्राम से अधिक मेथामफेटामाइन और नौ किलोग्राम स्यूडोएफेड्रिन और अन्य रसायन सामग्री जब्त की है। एनसीबी ने कहा- मोहाली का रहने वाला मुख्य सरगना फरार है। एजेंसी ने कहा कि गिरोह दुबई के अलावा दिल्ली-एनसीआर, पंजाब और राजस्थान में संचालित होता है और इसके संचालकों में भारतीयों के अलावा मैक्सिको, कनाडा और ब्रिटिश मूल के नागरिक शामिल हैं।

### पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में छह लोगों के शव बरामद

**कराची।** पाकिस्तान के अशांत प्रांत बलूचिस्तान में सोमवार को गोलियों से छलनी छह शव बरामद किए। शुरुआत में यह संदेह जताया गया कि ये पांच शव उन श्रमिकों के हैं जिनका पिछले महीने तुरबत के होशाब से अपहरण किया गया था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि शवों की पहचान की की जा रही है। पुलिस अधीक्षक अकबर बलूच ने कहा, शव किला अब्दुल्ला के निर्जन इलाके में एक पहाड़ी हिस्से से बरामद किए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रांत में अनसुलझे जनजातीय विवादों के कारण भी कई लक्षित हत्याएं की जाती हैं।

## पाकिस्तान: पीएम बनने की रेस में नवाज, इमरान समर्थित पीटीआई की दो टूक

# विपक्ष में बैठना मंजूर, गठबंधन नहीं करेंगे

इस्लामाबाद, एजेंसी



पाकिस्तान में लगभग तय हो गया है कि नवाज शरीफ के नेतृत्व में गठबंधन सरकार सत्तारूढ़ होगी और इमरान खान की पार्टी- पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ (पीटीआई) विपक्ष में बैठेगी। सत्तारूढ़ गठबंधन में नवाज की पार्टी-पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) के साथ बिलावल भुट्टो जरदारी की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) और मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट (एमक्यूएम) भी होंगी।

पीपीपी का एक वर्ग अभी भी बिलावल के लिए प्रधानमंत्री पद की पैरोकारी कर रहा है। इसलिए पांच वर्ष के सरकार के कार्यकाल में नेतृत्व को लेकर साझेदारी का समझौता संभव है, जिसमें शुरुआती तीन वर्ष पीएमएल एन को और बाद के दो वर्ष पीपीपी को मिल सकते हैं। इस बीच, निर्दलीय सांसदों और विधायकों का पीएमएल एन में शामिल होना जारी है। गठबंधन सरकार की स्थिरता पर शक जताते हुए सोमवार को भी पाकिस्तान के शेयर बाजार में कमजोरी देखी गई और सूचकांक ने एक हजार प्वाइंट का गोता लगाया। पीटीआई प्रमुख गौहर अली खान ने देश में सरकार बनाने के दावे से पीछे हटते हुए सोमवार को कहा कि हम नवाज की पीएमएल एन और पीपीपी के साथ नहीं बैठ सकते। इसलिए हमने उनसे सरकार बनाने के संबंध में बात नहीं की। उनके साथ गठबंधन करके सरकार बनाने से अच्छा है कि हम विपक्ष में बैठें। उन्होंने कहा कि चुनाव में तमाम गड़बड़ियों के बावजूद पीटीआई के सबसे ज्यादा प्रत्याशी जीतकर नेशनल असेंबली (संसद) में आए हैं।

### नवाज शरीफ को पांच और निर्दलीय उम्मीदवारों का समर्थन मिला



रिकॉर्ड पांचवीं बार प्रधानमंत्री बनने का सपना देख रहे नवाज शरीफ की पार्टी पाकिस्तान पीएमएल-एन 75 सीटें जीत कर तकनीकी रूप से सबसे बड़ी पार्टी बनी है। इस बीच, असेंबली में किसी भी पार्टी को पूर्ण बहुमत नहीं होने के कारण पीएमएल-एन गठबंधन की सरकार बनाने में जुटी हुई है। वहीं, पार्टी को पांच और निर्दलीय उम्मीदवारों का समर्थन मिल गया है। पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली पार्टी में सभी पांच सदस्यों ने सोमवार को शामिल होने का फैसला किया। मालूम हो कि कि एक दिन पहले पीटीआई द्वारा समर्थित एक निर्दलीय उम्मीदवार ने पीएमएल-एन में शामिल हो गया था। वहीं, इन पांच सदस्यों के पीएमएल-एन में शामिल होने के बाद पार्टी को समर्थन करने वाले कुल निर्दलीय उम्मीदवारों की संख्या अब छह हो गई है।

### आईपीपी के तरीन और पीटीआई-पी के खट्टक ने छोड़ी राजनीतिग

पाकिस्तान के आम चुनाव के त्रिशंकु परिणाम सामने आ चुके हैं। देश के इतिहास में पहली बार बड़ी तादात में सीट हासिल की हैं। चुनाव में अपनी-अपनी पार्टी की हार की जिम्मेदारी लेते हुए आईपीपी पार्टी के प्रमुख जहांगीर तरीन और पीटीआई-पी के केंद्रीय अध्यक्ष परवेज खट्टक ने सोमवार राजनीति से संन्यास लेने का एलान किया। जबकि, जेआई के प्रमुख सिराजुल हक ने कहा कि वह जल्द ही पार्टी प्रमुख के पद से इस्तीफा देंगे। आईपीपी के तरीन, पीटीआई-पी के खट्टक और जेआई के हक की ओर से यह फैसला ऐसे वक्त में आया है, जब नेशनल असेंबली और चार प्रांतों के चुनाव में उनके दलों की करारी हार हुई है। तरीन ने एक्स पर कहा, इस चुनाव में मेरा समर्थन करने वाले सभी लोगों का धन्यवाद करना चाहता हूं और अपने विरोधियों को बधाई देना चाहता हूं।

# बायकॉट: चिंतित अमेरिका, युद्ध विराम में झोंकी ताकत

वाशिंगटन, एजेंसी

इजराइल और हमास के बीच चल रहे युद्ध को चार महीने से ज्यादा हो चुके हैं। इजराइल का समर्थन करने के कारण अमेरिकी प्रोडक्ट का बहिष्कार हो रहा है। कई अमेरिकी मल्टी नेशनल कंपनियों के उत्पादों का मिडिल- ईस्ट से लेकर एशिया और इंडोनेशिया तक के मुस्लिमों ने बायकॉट किया है।

अपनी कंपनियों को हो रहे नुकसान के चलते अमेरिका ने गाजा में संघर्ष विराम के प्रयास तेज कर दिए हैं। बहिष्कार के चलते अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन कतर और मिस्र के बाद यरूशलम की यात्री। इजराइल हमास युद्ध शुरू होने के बाद चार माह में ब्लिंकन ने पांचवी इजराइल यात्रा की थी, लेकिन ब्लिंकन प्रयासों पर खरे नहीं उतर पाए। इजराइल ने संघर्ष विराम के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। इस पर ब्लिंकन ने कहा हैं कि आतंकी हमले से इजराइल को दूसरों पर क्रूरता का लाइसेंस नहीं मिल जाता है।




### बायकॉट अमेरिका अरब से लेकर इंडोनेशिया तक फैला

**मैकडोनल्ड-** इजराइल समर्थन के कारण बहिष्कार हो रहा है। कंपनी के मुताबिक 2023 की आखिरी तिमाही में मिडिल ईस्ट और एशिया में वृद्धि 0.7% रही। एक साल पहले 3.4% थी। कंपनी ने इजराइली सैनिकों को मुफ्त भोजन बांटा था। स्टारबक्स पिछले सप्ताह कॉफी चेन स्टारबक्स ने कंपनी की ग्लोबल ग्रोथ अनुमान 5 से 7% से घटाकर 4-6% कर दिया है। अमेरिकी में इजराइल विरोधी अभियान के कारण वहां भी ग्रोथ कम हुई है। इंडोनेशिया में भी बहिष्कार हो रहा है।

**कोका कोला-** इजराइल में प्लांट के कारण अरब देशों ने 1967 से 1991 तक कोका कोला का बहिष्कार किया। कोक को मार्केट से हटाने के लिए नवंबर 23 में तुर्किये संसद में वोटिंग हुई। तुर्किये में 2023 की अंतिम तिमाही में बिक्री में 22% कम रही है।

**डोमिनोज-** बहिष्कार करने वालों का दावा है कि डोमिनोज ने भी इजराइली सैनिकों को फ्री फूड दिया। दुनियाभर की फ्रेंचाइजी को झटका लगा है। मलेशिया में डोमिनोज ब्रांड के स्टोर की बिक्री 2023 की दूसरी छमाही में 8.9% कम हो गई।

### इजराइल ने दो बंधकों को मुक्त कराया

**राफा।** इजराइल की सेना ने सोमवार गाजा से दो बंधकों को मुक्त कराया और एक नाटकीय घटनाक्रम में गोलीबारी के बीच बंधकों को सुरक्षित बाहर निकाला। हमास द्वारा क्षेत्र में बंधक बना कर रखे गए 100 से अधिक बंधंकों की देश वापसी की दिशा में इजराइल की यह एक छोटी लेकिन प्रतीकात्मक रूप से महत्वपूर्ण सफलता है। फिलिस्तीनी अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि इस दौरान इजराइल के हवाई हमलों में कम से कम 67 फिलिस्तीनी मारे गए। अभियान दक्षिणी गाजा शहर रफह में चलाया गया था।

## ईडी के खिलाफ हेमंत की याचिका पर सुनवाई टली अब 27 को होगी सुनवाई




**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के खिलाफ गिरफ्तार पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका 27 फरवरी के लिए स्थगित कर दी है। अदालत इस दिन फिर से याचिका पर सुनवाई करेगी।

अदालत ने फेडरल एजेंसी से एक हलफनामा दाखिल करने के लिए कहा है। वकील जनरल राजीव रंजन ने कहा कि उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी को चुनौती दी थी। हाई कोर्ट ने संशोधित आवेदन को प्रस्तुत करने की अनुमति दी है। हेमंत के वकील राजीव रंजन ने बताया, 'ईडी को जवाब देने का आदेश दिया गया है। अदालत ने 27 फरवरी की तारीख तय की है। हमें संशोधित आवेदन को प्रस्तुत करने की अनुमति दी गई है।

### आग के अंगारे...





**आइसलैंड :** प्रिंडाविक आइसलैंड की मुख्य सड़क को पार करते हुए और ब्ल लैगून की ओर जाने वाली सड़क पर बहते हुए लावा का एक दृश्य सामने आया है। दक्षिण-पश्चिमी आइसलैंड में एक ज्वालामुखी तीसरी बार फटा है। ज्वालामुखी फटने से आकाश में धुएं का गुबार छा गया और द्वीपीय राष्ट्र के सबसे बड़े पर्यटक केंद्रों में से एक ब्लू लैगून स्पा को खाली कराना पड़ा। ज्वालामुखी विस्फोटे के बाद 3,800 की आबादी वाले द्वीप से सुरक्षाकर्मियों द्वारा लोगों को सुरक्षति जगह ले जाया गया। ● एजेंसी

# कोचर दंपती को अंतरिम जमानत देने के खिलाफ याचिका का निपटारा

नई दिल्ली, एजेंसी



शीर्ष कोर्ट ने आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) चंदा कोचर और उनके कारोबारी पति दीपक कोचर को अंतरिम जमानत देने के बंबई उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली सीबीआई की याचिका का सोमवार को निपटारा कर दिया।

जज बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मित्तल की पीठ ने याचिका का निस्तारण उस समय कर दिया जब जांच एजेंसी की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने मुख्य मामले में पिछले सप्ताह अपना फैसला सुनाया है लेकिन फैसला अभी तक अपलोड नहीं किया गया है। 6 फरवरी को, बॉम्बे हाईकोर्ट ने सीबीआई द्वारा चंदा कोचर और उनके पति की गिरफ्तारी को अवैध माना और दंपति को जमानत देने के जनवरी 2023 के अंतरिम आदेश की पुष्टि की।

### नायडू की याचिका पर सुनवाई 26 तक स्थगित

आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू को कौशल विकास निगम घोटाला मामले में पिछले महीने अग्रिम जमानत दी थी। इसके खिलाफ राज्य सरकार ने शीर्ष अदालत में याचिका दाखिल की है। याचिका सोमवार को सुप्रीम कोर्ट के सामने सुनवाई के लिए आई और उसने मामले में सुनवाई के लिए अगली तारीख 26 फरवरी तय की। याचिका न्यायमूर्ति बेला एम.त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मित्तल की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आई।

## लखीमपुर हिंसा: आरोपी आशीष की अंतरिम जमानत अवधि बढ़ी

**नई दिल्ली।** लखीमपुर खीरी हिंसा मामले के आरोपी आशीष मिश्रा को एक बार फिर शीर्ष अदालत से राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय मंत्री अजय कुमार मिश्रा के बेटे की अंतरिम जमानत अवधि बढ़ा दी है।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने शीर्ष अदालत रजिस्ट्री को निर्देश दिया कि वह मामले की प्रगति के बारे में निचली अदालत से रिपोर्ट प्राप्त करे और मामले की सुनवाई स्थगित कर दी। गौरतलब है, सुप्रीम कोर्ट ने लखीमपुर खीरी हिंसा मामले के आरोपी आशीष मिश्रा को पिछले साल 26 सितंबर को दिल्ली के अस्पताल में जाने की अनुमति दे दी थी। हालांकि, शीर्ष अदालत ने उन्हें किसी भी सार्वजनिक समारोह में भाग न लेने और मीडिया से बात नहीं करने का आदेश दिया था।

**विज्ञान** | अमेरिका मैरीलैंड के स्पेस टेलीस्कोप साइंस इंस्टीट्यूट के हालिया किए गए शोध से मिली जानकारी

# सूर्य के समाप्त होने के बाद भी सुरक्षित रहेगा बृहस्पति

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** हमारे सूर्य के खत्म होने के बाद ग्रहों का क्या होगा। सम्भव है कि बृहस्पति जैसे बड़े ग्रह सुरक्षित रहेंगे। शेष ग्रह शायद ही बच पाएं। हालिया बाहरी ग्रहों में किए गए शोध से यह जानकारी निकलकर आई है।

पहले समझा जाता था कि सूर्य के खत्म होने के बाद हमारे अन्य ग्रहों का जीवन भी समाप्त हो जाएगा। मगर हाल में हुए शोध में नई जानकारी सामने आई है। अमेरिका मैरीलैंड के स्पेस टेलीस्कोप साइंस इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिक सुसान मुल्ली के नेतृत्व में 34 प्रकाश वर्ष की दूरी पर डब्लू डी 1202-232 और 35 प्रकाश वर्ष दूर डब्लू डी 2105-82 नामक अलग-अलग सफेद बौने सितारों की परिक्रमा करने वाले एक्सोप्लैनेट का अध्ययन किया।



35 प्रकाश वर्ष दूर ग्रह व उसका बौना तारा।

अध्ययन में इनके ग्रहों का द्रव्यमान बृहस्पति के 1 से 7 गुना के बीच पाया गया। जेम्स वेब दूरबीन से देखने पर स्पष्ट पता चल पाया कि अरबों वर्ष पुराने बृहस्पति जैसे यह एक्सोप्लैनेट हैं जो संभवतः अपने सफेद बौने मेजबान सितारों के वायुमंडल को प्रदूषित कर रहे हैं और अपने तारे के खत्म होने के बाद बचे रह गए, जो संभवतः अपने अधिक द्रव्यमान के कारण सुरक्षित रह गए। ज्ञात हो हमारा सूर्य भी खत्म होने के बाद व्हाइट ड्वार्फ बन जाएगा। लिहाजा हमारे सूर्य के सफेद बौने में बदल जाने के बाद बृहस्पति और शनि बचे रह पाएंगे।

### अब तक पांच हजार एक्सोप्लैनेट खोज चुके हैं वैज्ञानिक

ब्रह्मांड के अथाह सागर में वैज्ञानिक अब तक पांच हजार से अधिक एक्सोप्लैनेट खोज चुके हैं। खगोलविद एक्सोप्लैनेट के अपने मेजबान तारे पर पड़ने वाले प्रभावों का निरीक्षण करते आ रहे हैं और इन पर होने वाले प्रभावों के आधार पर अनेक निष्कर्ष निकालते हैं। हाल में की गई यह खोज सौर मंडल के ग्रहों की भविष्य की जानकारी प्रदान करती है। एस्ट्रोनॉमी जनरल में यह खोज प्रकाशित हुई है।

# यूएई: मंदिर के मुख्य गुंबद में पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु को दर्शाया

अबू धाबी, एजेंसी

अरब देश संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अबूधाबी में राम मंदिर जैसा भव्य मंदिर अब पूर्णत की ओर है। इस मंदिर (बीएपीएस) में 14 फरवरी को वसंत पंचमी पर प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उद्घाटन करेंगे। पीमए मोदी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मंगलवार को रवाना होंगे। बता दें, यह मंदिर यूएई की सद्भाव और सह-अस्तित्व की नीति की मिसाल होगा। हिंदू मंदिर का निर्माण अबू शानी के कल्चरल डिस्ट्रिक्ट में 27 एकड़ क्षेत्र में किया गया है।

मंदिर के मुख्य गुंबद में पृथ्वी, जल, अग्नि, आकाश और वायु के साथ अरबी आर्किटेक्चर में चंद्रमा को दर्शाया गया है, जिसका मुस्लिम समुदाय में भी बेहद महत्व है। यह मंदिर सभी धर्मों का स्वागत करेगा और भारत और अरब की संस्कृति के मिलाप की मिसाल होगा। यहां 100 से अधिक भारतीय स्कूली बच्चे पत्थरों को चित्रित करने में लगे हुए हैं। दरअसल, मंदिर उद्घाटन में शामिल होने वाले सभी मेहमानों को उपहार के तौर पर दिया जाएगा। पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था हिंदू मंदिर का उद्घाटन करेंगे, जो संयुक्त अरब अमीरात में पहला पारंपरिक हिंदू पत्थर मंदिर है। बच्चे तीन महीने से हर रविवार को मंदिर स्थल पर पत्थर सेवा कर रहे हैं और अब छोटे खजाने कहे जाने वाले उपहारों को अंतिम रूप देने में लग गए हैं। 12 वर्षीय तिथि पटेल के लिए, पत्थर सेवा एक वीकेंड एक्टिविटी है, जिसमें उन्हें काफी मजा आता है। तिथि पटेल ने बताया, हमने मंदिर स्थल पर बचे हुए पत्थर और छोटी चट्टानें इकट्ठा कीं। फिर हमने उन्हें धोया और पॉलिश किया, उसके बाद प्राइमर की एक परत लगाई और फिर पेंट किया। प्रत्येक चट्टान पर एक तरफ एक प्रेरक उद्धरण है और दूसरी तरफ मंदिर के किसी हिस्से को चित्रित किया गया है। 8 वर्षीय रेवा करिया, जिन्होंने इस रविवार को पत्थरों को उपहार बक्सों में पैक किया है, उन्होंने बताया कि उन्होंने उपहार का नाम "छोटा खजानारखा है क्योंकि बच्चे उन्हें अपने छोटे हाथों से इसे बना रहे हैं।

**14 फरवरी को मंदिर का उद्घाटन करने के लिए आज रवाना होंगे प्रधानमंत्री मोदी**



### मंदिर में अयोध्या नगरी को पत्थरों की संरचना में उकेरा

मंदिर में सात देवी-देवता विराजे है, जिसमें राम-सीता, शिव-पार्वती शामिल हैं। बाहरी दीवारों के पत्थरों पर हैंड क्राफ्ट से महाभारत, गीता की कहानियां दर्शाई गई हैं। दीवारों पर पत्थरों द्वारा पूरी रामायण, जगनाथ बात्रा और शिव पुराण भी उकेरे गए हैं। पूरी अयोध्या नगरी को पत्थर की संरचना में उड़ी प्रारूप में उकेरा गया है, जितनी कहानियां हमने बचपन में सुनी हैं, मंदिर परिक्रमा में नक्काशी के रूप में देख सकेंगे।

### खराब मौसम ने मोदी का कार्यक्रम किया छोटा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम 'अहलान मोदी' को छोटा कर दिया गया है। इस कार्यक्रम की तैयारियों में शामिल एक अधिकारी ने बताया कि यूएई में खराब मौसम की वजह से यह फैसला लिया गया है। दरअसल, रात भर बिजली की चमक के साथ भारी बारिश हुई है, जिसके कारण शहर में ट्रैफिक जाम और जलभराव की स्थिति है। बता दें, लोगों की भागीदारी की संख्या 80 हजार से घटाकर 35 हजार कर दी गई है।